दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :357
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 29 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# एलएसी पर पहली चाल में सैनिकों की वापसी

## ▶▶ सालों से चली आ रही तनातनी लगभग खत्म



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** चीन के साथ लद्दाख में देपसांग और डेमचोक पर सालों से चल आ रही तनातनी लगभग खत्म हो चुकी है। लंबी बातचीत के बाद दोनों देशों ने इस मुद्दे का हल निकाल लिया है। दोनों जगहों से भारत और चीन के सैनिक पीछे हटेंगे। लेकिन अगर आपको भी ये लगता है कि लद्दाख में विवाद सुलझने के बाद भारत और चीन के बीच दोस्ती हो गई है तो ऐसी गलतफहमी पालना बेइमानी होगी। इस बात का संकेत डॉ. एस जयशंकर ने अपने बयान में दिया है। उन्होंने बताया है कि कैसे चीन के साथ भारत का विवाद अभी भी सुलझा नहीं है। भारत ये जानता है कि चीन कितना चालाक है और उसकी चालाकी में भारत नहीं फंसेगा। ये भी वो अच्छी तरह से समझता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिर एक बार चीन को लेकर ऐसा बयान दिया जिसके जरिए पूरी दुनिया तक साफ संकेत पहुंच गया है। ये बयान दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत चीन के साथ दोस्ती वाली चाल में नहीं फंसा है।एलएसी पर पैट्रोलिंग को लेकर भले ही भारत और चीन के बीच बात बन गई है। लेकिन दोनों देशों के बीच मुद्दे अभी भी सुलझे नहीं हैं। चीन के साथ सफल समझौते को लेकर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अपने बयान में कहा कि बहुत ही अकल्पनीय था। ये चतुर कूटनीति का ही परिणाम था। जयशंकर ने पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पीछे हटने का यानी नए कदमों को उठाने का ये समझौता था। दोनों ने तय किया कि देपसांग और डेमचोक पर गश्त होगी। इससे हमें अगले कदम पर विचार करने का मौका मिलेगा। ऐसा नहीं है कि सबकुछ हल हो गया है। लेकिन पीछे हटना जो पहला चरण है, हम उस स्तर तक पहुंचने में कामयाब रहे हैं।यानी ये संकेत साफ बता रहा है कि भारत और चीन के बीच भले ही एलएसी पर पैट्रोलिंग को लेकर विवाद सुलझ गया हो। लेकिन दोनों देशों के बीच जो लंबे समय से आ रहे विवाद हैं वो भी बरकरार हैं। चीन की चालाकी में भारत को अब फंसना नहीं है। रूस के कजान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हाल ही में पीएम मोदी ने मुलाकात की थी। ये तय हुआ कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और सुरक्षा सलाहकार मिलेंगे और देखेंगे कि आगे कैसे बढ़ना है। जयशंकर ने कहा कि आज हम जि मुकाम पर पहुंचे हैं जहां खड़ा हैं। इसका एक कारण हमारी ओर से अपनी बात पर अड़े रहना और अपनी बात रखने के लिए दृढ़ प्रयास हैं। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थिति में मौजूद थी। सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया।

## भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची की जारी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की है।इसमें भाजपा ने वसई से स्नेहा दुबे, बोरीवली से संजय उपाध्याय, वर्सोवा से भारती लावेकर, घाटकोपर पूर्व से पराग शाह, लातूर सिटी से अर्चना चाकुरकर, और कराड उत्तर से मनोज घोरपड़े को चुनाव मैदान में उतारा है।इसके अलावा भाजपा ने नागपुर पश्चिम से सुधाकर कोहले, नागपुर सेंट्रल से प्रवीण दटके, और नागपुर उत्तर से मिलिंद माने को उम्मीदवार बनाया है।इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 146 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा।

# पहले के सभी कुंभों से विराट और भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ - आदित्यनाथ

**कुरुक्षेत्र/लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीसधुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारेसंतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों सेज्यादा विराट और भव्य होगा।आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा किहरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्णके उद्घोष %परित्राणायसाधुनाम, विनाशाय चदुष्कृताम% को सिद्धकरके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप



कैसाहोता है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति कोरसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय औरनिःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला अभ्युदय और दूसरा है निःश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं। इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा।धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे। विकास के लिए सही लोग चुनने होंगे।अच्छे लोगों को चुनेंगे तो परिणाम भी अच्छा आएगा। हरियाणा के लोगों ने अच्छा फैसलाकिया है। ये भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग की धरा है। जिन लोगों ने बुरा किया, उनकापरिणाम भी बुरा ही होगा। दूसरा हेतु है निःश्रेयस का। एक योगी या सद्गृहस्थ अपनेअभ्युदय को विस्मृत करके कभी निःश्रेयस की प्राप्ति नहीं कर सकता। जब सांसारिकउत्कर्ष के लिए निष्काम भाव से काम करेंगे तो परिणाम हमें इसी रूप में देखने कोमिलेगा। ये इस लोक में विकास के साथ लोकमंगल की कामनाओं की सिद्धि का आधार तो तय करेगा ही, इसके बादवह हमारी मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यही धर्म की दो कामनाएं हैं। इन्हीं कामनाओं को लेकर प्राचीन काल से संतों के समागम होते रहे हैं। समय-समय पर इस धरा धाम को उपकृत करने वाले दैवीय महापुरुषों के माध्यम से जो विशिष्ट घटनाएं घटित हुई वही हमारे पर्व और त्यौहार बन गये।

# जम्मू के बट्टल में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**जम्मू, (हि.स.)।** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है।जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एंबुलेस पर हमला किया। अखनूर के बट्टल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगाकर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। इसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। आतंकियों के शवों के साथ हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया गया



है।बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के अखनूर सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में बने एक शिव मंदिर में आतंकियों ने रात के अंधेरे में शरण ली थी। तीनों आतंगी सेना की वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी सीमापार से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में घुसे थे। सोमवार सुबह 06:30 बजे के करीब गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मत्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया।आतंकियों ने बच्चों से फोन मांगा तो बच्चों ने इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास मोबाइल फोन नहीं है, जिस पर आतंकियों ने उनसे मारपीट की। इसके बाद एक ने उन पर बंदूक तान दी और उन्हें मंदिर से भाग जाने को कहा। इन तीनों आंतकवादियों को ट्यूशन सेंटर चला रहे एक मास्टर ने भी देखा। उसने बताया कि वह मंदिर के गेट पर था। जब उसने आतंकियों को देखा तो वह वापस चला गया।


## ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है।केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है।

# आसमान में होगा अब तुर्की का राज

## ▶▶ दुनिया में सशस्त्र ड्रोन बनाने में वर्ल्ड लीडर बना, चीन-अमेरिका परेशान

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** तुर्की सशस्त्र ड्रोन के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक बन गया है और वे उन्हें बहुत तेज़ी से बना रहे हैं। तुर्की ने हथियारों के निर्यात का इतना बड़ा भंडार कैसे बनाया और सैन्य उद्योग के लिए इसका क्या मतलब है? तुर्की की रक्षा प्रौद्योगिकी और औद्योगिक आधार कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्तर पर पहुंच गया है। सामने आ रही परियोजनाओं की सफल प्रगति वायु शक्ति के क्षेत्र में एक नई वास्तविकता को दर्शाती है। बायकर द्वारा निर्मित बायरकटर टीबी-2, जिसे ÷फ्लाइंग कलाश्निकोव÷ भी कहा जाता है, ने सबसे अधिक सुर्खियाँ बटोरी हैं, लेकिन तुर्की का ड्रोन कार्यक्रम केवल इतना ही नहीं है। तुर्की ने उच्च-मूल्य वाली संपत्तियों की विस्तृत श्रृंखला को डिजाइन करने में एक प्रतिष्ठित बढ़त बनाई है। ड्रोन युद्ध क्षेत्र में, बायकर का मानव रहित लड़ाकू



विमान किज़िलेल्मा और कंपनी का उच्च-स्तरीय हथियारों से लैस उच्च-ऊंचाई वाला ड्रोन, अकिंसी, साथ ही तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज का फ्लाइंग विंग, स्टेल्थी मानव रहित लड़ाकू विमान अंका-3 कुछ उदाहरणों के रूप में बड़े हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अंका-3 और किज़िलेल्मा को मानवयुक्त विमानों के साथ-साथ वफादार विंगमैन अवधारणा के भीतर उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो तकनीकी रूप से छठी पीढ़ी की सामरिक सैन्य विमानन सुविधा है, जो तुर्की रक्षा योजना के भविष्य के क्षितिज को दर्शाती है।रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार तुर्की ड्रोन निर्माता बायकर उद्योग आपूर्ति श्रृंखला दबावों के बीच अधिक घटक उत्पादन को घर में लाने के लिए संसाधनों को समर्पित कर रहा है, और जेट इंजन विकसित करने के लिए . 300 मिलियन का निवेश करेगा।तुर्की निर्मित बायकर ड्रोन ने यूक्रेन की सेना द्वारा रूसी सेना के खिलाफ और साथ ही अजरबैजान और उत्तरी अफ्रीका में अभियानों में इस्तेमाल किए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर प्रमुखता हासिल की है।

कंपनी दुनिया भर में सबसे अधिक ड्रोन निर्यातकों में से एक बन गई है, जिसके हल्के टीबी2 और भारी अकिंसी ड्रोन 35 देशों को बेचे गए हैं। बायकर वर्तमान में यथासंभव अधिक से अधिक घटकों का उत्पादन इन-हाउस लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, सीईओ हालुक बायरकटर ने बुधवार को इस्तांबुल में ꣸ रक्षा प्रदर्शनी के दौरान एक साक्षात्कार में कहा, तुर्की के एयरोस्पेस निर्माता ꣸꣸ पर घातक हमले से कुछ समय पहले। ÷पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला निरंतरता एक प्रमुख मुद्दा है, इसलिए हम इन-हाउस विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लापता हिस्सा इंजन है और अब हम अपनी खुद की विकास परियोजना शुरू कर रहे हैं।

## इंजीनियर राशिद ने तिहाड़ जेल में किया सरेंडर, 19 नवंबर तक टली जमानत याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** अवामी इत्तेहाद पार्टी के अध्यक्ष और बारामुल्ला के सांसद शेख अब्दुल राशिद जिन्हें इंजीनियर राशिद के नाम से जाना जाता है, ने सोमवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया। आतंकी फंडिंग मामले में उनकी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त हो गई है और दिल्ली की एक अदालत ने नियमित जमानत पर आदेश की घोषणा 19 नवंबर तक टाल दी है। इंजीनियर राशिद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत दी गई थी, जिसे बाद में उनके पिता के स्वास्थ्य के आधार पर 28 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था।आत्मसमर्पण से पहले इंजीनियर राशिद ने कहा कि हम जनता के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं। हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम जेल में हों या घर में, हम हमेशा लोगों के कल्याण, कश्मीर के कल्याण और शांति की बात करेंगे लेकिन सम्मान और गरिमा के साथ। हम आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। बारामुल्ला के सांसद ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से कहूंगा कि सच्चाई हमारे साथ है, हम गलत नहीं हैं। हम चाहते हैं कि कश्मीर में शांति और विकास हो। लेकिन हमें अपने अधिकार भी वापस चाहिए

## ● ● वक्फ (संशोधन) विधेयक ● ●

# जेपीसी की बैठक में फिर हुआ विवाद, विपक्षी नेताओं ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा प्रस्तुत किए गए विधेयक के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए कई विपक्षी नेताओं ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया। वॉकआउट करने वाले सदस्यों ने कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक, जो पैनल के समक्ष उपस्थित हुए थे, ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रेजेंटेशन में बदलाव कर दिए। बैठक से बाहर निकलने वालों में आप सांसद संजय सिंह, डीएमके के मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद शामिल थे।
उन्होंने दावा किया कि एमसीडी कमिश्नर और दिल्ली वक्फ बोर्ड के



प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री आतिशी की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट में बदलाव किया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने की। समिति ने दिल्ली वक्फ बोर्ड, हरियाणा वक्फ बोर्ड, पंजाब वक्फ बोर्ड और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के लिए बुलाया था।22 अक्टूबर को हुई पिछली बैठक में पैनल की बैठक में भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बीच गरमागरम बहस हुई थी। बनर्जी ने कथित तौर पर गुस्से में कांच की बोतल फेंकी और बाद में कथित तौर पर पाल की ओर कांच फेंका।

इस प्रक्रिया में उनका हाथ चोटिल हो गया। बाद में टीएमसी सांसद को जेपीसी की एक बैठक में भाग लेने से रोक दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 में व्यापक सुधार लाने, डिजिटलीकरण, सख्त ऑडिट, पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे वाली संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कानूनी तंत्र शुरू करने का प्रयास किया गया है।

## एडवोकेट बनने से पहले अब पुलिस वेरीफिकेशन जरूरी

### ▶▶ बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने107 फर्जी वकीलों को हटाया



**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने ईमानदारी और व्यावसायिकता बनाए रखने के अपने चल रहे अभियान के एक हिस्से के रूप में दिल्ली में 2019 और अक्टूबर 2024 के बीच 107 फर्जी वकीलों के नाम हटा दिए हैं। बीसीआई ने कहा कि इस निर्णायक कार्रवाई का उद्देश्य फर्जी अधिवक्ताओं और उन लोगों को खत्म करना है जो अब कानूनी अभ्यास के मानकों को पूरा नहीं करते हैं। ऐसा करके, बीसीआई ने जनता के विश्वास और कानूनी प्रणाली को अनैतिक प्रथाओं से बचाने की कोशिश की है।बीसीआई सचिव श्रीमंतो सेन ने कहा कि कानूनी समुदाय की अखंडता और व्यावसायिकता को बनाए रखने के चल रहे प्रयास के तहत अकेले दिल्ली में 107 फर्जी वकीलों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। 2019 और 23 जून, 2023 के बीच कई हजारों फर्जी अधिवक्ताओं को उनकी साख और प्रथाओं की गहन जांच के बाद हटा दिया गया। ये निष्कासन बड़े पैमाने पर नकली और जाली प्रमाणपत्रों के मुद्दों और नामांकन के दौरान गलत बयानी के कारण हुए हैं। इसके अलावा, सक्रिय रूप से कानून का अभ्यास करने में विफलता, और बार काउंसिल की सत्यापन प्रक्रियाओं का अनुपालन न करने से भी अधिवक्ताओं के नाम सक्रिय अभ्यास से हटा दिए जाते हैं।

# प्रदूषण से निपटने की तैयारी में दिल्ली सरकार

### ● 10,000 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर होंगे तैनात, मुख्यमंत्री आतिशी का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसियाँ।** राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक सक्रिय कदम उठाते हुए, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने विभिन्न एजेंसियों में 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तैनात करने की योजना की घोषणा की। इन स्वयंसेवकों को प्रदूषण नियंत्रण पहलों में सहायता करने के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिससे दिल्ली की खतरनाक वायु गुणवत्ता के स्तर के खिलाफ चल रही लड़ाई को मजबूती मिलेगी, जो आमतौर पर सर्दियों के महीनों में बढ़ जाती है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रदूषण के हॉटस्पॉट की निगरानी, प्रदूषण



नियंत्रण उपायों के बारे में जन जागरूकता फैलाने और प्रदूषण से संबंधित नियमों को लागू करने में सहायता जैसे कार्यों में सहायता करेंगे। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि उन्हें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), परिवहन विभाग और अन्य की टीमों के साथ तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बैठक में अधिकारियों ने वायु प्रदूषण से निपटने में मदद करने के लिए शहर भर में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों और बस मार्शलों की भूमिका की रणनीति बनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले सप्ताह 10,000 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें अगले चार महीनों के लिए ड्यूटी सौंपी जाएगी। बस मार्शल के रूप में काम कर रहे 10,000 सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को पिछले साल नवंबर में हटा दिया गया था। हाल ही में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक में उन्हें चार महीने के लिए विभिन्न प्रदूषण विरोधी उपायों के लिए तैनात करने का निर्णय लिया गया था। इससे पहले 26 अक्टूबर को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उत्तर भारत में वायु प्रदूषण से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर बल देते हुए अगले 15 दिनों को ÷महत्वपूर्ण÷ बताया था।

## दिल्ली में लागू हो सकता है ग्रेप-3

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की हवा दिवाली से पहले बेहद जहरीली हो चुकी है। आज सुबह 6 बजे 24 घंटे का औसत꣸ 264 रहा। यह रविवार की तुलना में 90 अंक कम है, लेकिन सेहत के लिए यह भी बेहद खराब है। पिछले सप्ताह हवा की गति धीमी होने के कारण दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई थी। अब तेज हवा के कारण इसमें सुधार आया है, लेकिन अभी भी यहां हवा का स्तर बेहद चिंताजनक बना हुआ है। दिल्ली में हवा की स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। हालांकि, दिल्ली से सटे गुरुग्राम से बड़ी संख्या में पटाखे दिल्ली के अंदर लाए जा रहे हैं।

# औकात में रहो, वरना रेस्ट एंड पीस कर देंगे

### ▶▶ लॉरेंस बिश्नोई गैंग से पप्पू यादव को मिली धमकी

**पटना , एजेंसियाँ।** बाबा सिद्दकी के बेटे जीशान सिद्दकी से मिलने और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के समर्थन में उतरे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को अब जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से लगातार धमकियां मिल रही हैं। इसके बाद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को भी दो गैंग के सदस्यों से जान से मारने की धमकियां मिली हैं। इस घटना से बिहार पुलिस में हड़कंप मच गया है। यावद ने डीजीपी आलोक राज से शिकायत की, जिन्होंने मामले की जानकारी पूर्णिया आईजी को दी।राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि मुझे लॉरेंस के नाम पर धमकी दी गई है। इस संबंध में बिहार




के डीजीपी और आईजी से शिकायत की गई है। मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मामला साझा किया है। बार-बार मिल रही धमकियों से मैं आहत हूं, क्योंकि मेरे साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। सरकार को मेरी सुरक्षा को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। पप्पू यादव को फोन करने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि संसद के सभी ठिकानों पर उसके पास जानकारी है। पप्पू यादव को फोन करने की कोशिश हो रही है। लेकिन पप्पू यादव फोन नहीं उठा रहे हैं।फोन करने वाले शख्स ने पप्पू यादव को बड़ा भाई कहकर संबोधित किया है। पप्पू यादव को इसमें बार-बार हिदायत दी गई है कि वह इन सब चीजों में ना पड़े। वह इससे दूर रहे। वही मयंक सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट भी किया गया है। इस पोस्ट में लिखा गया है कि मैं पप्पू यादव का स्पष्ट कह देना चाहता हूं कि तुम औकात में रहकर चुपचाप राजनीति करो। ज्यादा इधर-उधर तीन-पांच करके टीआरपी कमाने के चक्कर में मत करो वरना रेस्ट इन पीस कर देंगे। आपको बता दें कि मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी थी। पप्पू यादव ने कहा था कि वह लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह को 24 घंटे के भीतर खत्म कर सकते हैं। उन्होंने गोपालगंज में जन्मे सिद्दीकी को बिहार का बेटा कहा और महाराष्ट्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा। यादव ने कहा, यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठ चुनौती दे लोगों को मार रहा है, सब मूकदर्शक बने हैं। उन्होंने कहा, कभी मूसेवाला, कभी करणी सेना के मुखिया, अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। यादव ने कहा, कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में इस लारेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा।

**महाकुंभ 2025:** महाकुंभ में पुलिस के आंख और कान बनेंगे युवा

# सात स्तरीय सुरक्षा चक्र के साथ सुरक्षित आयोजन के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी दिया जा रहा जोर

## सोशल मीडिया, निजी संस्थानों एवं संगठनों की मदद से युवाओं को सक्रिय भागीदारी के लिए किया जा रहा प्रेरित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** योगी सरकार महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही इसे सभी के लिए सुरक्षित बनाने पर भी जोर दे रही है। इसके लिए विभिन्न कार्ययोजना बनाई गई हैं। महाकुंभ पुलिस की ओर से भी तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में महाकुंभ पुलिस द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। खासतौर पर युवा वर्ग को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वह आसपास होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखें और अगर उन्हें कहीं कोई गड़बड़ दिखाई दे तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करें। इसका मतलब ये है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सिर्फ पुलिस की ही नहीं है, बल्कि प्रयागराज के युवा भी अब पुलिस के आंख और कान बनकर काम करेंगे। महाकुंभ के आयोजन को लेकर यूपी पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। पूरे महाकुंभ को सात स्तरीय सुरक्षा चक्र में विभाजित किया गया है। इसके अलावा आईसीसीसी के माध्यम से एआई से लैस सीसीटीवी कैमरों द्वारा संदिग्धों की निगरानी किए जाने की व्यवस्था की गई है तो वहीं मेला क्षेत्र में 10 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन भी चलाने की तैयारी है। इसी क्रम में सुरक्षा व्यवस्था को फूल प्रूफ बनाने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग का भी सहारा लिया जा रहा है। सोशल मीडिया और अन्य साधनों से प्रयागराज के जनमानस के साथ संवाद स्थापित किया जा रहा है कि उन्हें कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसमें युवाओं को खासतौर पर सम्मिलित किया जा रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में युवाओं का मूवमेंट स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी के साथ-साथ प्रयागराज के विभिन्न स्थानों पर होता है।

एसएसपी महाकुंभ राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन में युवाओं का भी बहुत बड़ा योगदान होगा। वे डिजिटल मीडिया के माध्यम से महाकुंभ को प्रोजेक्ट करने के लिए स्वयंसेवकों के रूप में हमारे साथ जुड़ेंगे और तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की आवाजाही समेत भीड़ प्रबंधन में भी पुलिस की सहायता करेंगे। इसके लिए कार्ययोजना बन चुकी है और जल्द ही इसे अमल में लाया जाएगा।उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन में कम्युनिटी का सहयोग सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होता है। दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक आयोजन महाकुंभ को भी सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस को जनपद के नागरिकों का सहयोग चाहिए। खासतौर पर युवा शक्ति का, जो हर कहीं पर सक्रिय है। सोशल मीडिया से लेकर जनपद के किसी भी हिस्से में उन्हें कुछ संदिग्ध नजर आता है तो वह पुलिस को सूचित कर सकते हैं। इसके लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उन्हें अपनी और आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति किन किन मूल बातों को ध्यान में रखना है, इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न निजी संगठन और संस्थाएं भी इसमें पुलिस का सहयोग कर रही हैं। स्थानीय स्तर पर सेमिनार और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से युवाओं को इसमें पुलिस का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## लोगों को रूला रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** वर्तमान समय में लगभग महीने भर से क्षेत्र में मोबाइल कंपनियों की नेटवर्किंग की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है । जिसके चलते लोग एक दूसरे से संपर्क स्थापित करने में काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं । हैरत की बात है कि किसी भी कंपनी का नेटवर्क सही तरीके से काम नहीं करता नहीं दिख रहा है । जिससे वजह से लोग काफी परेशान हैं ।

चाहे बीएसएनएल , एयरटेल , वोडाफोन या जिओ कंपनी का नेटवर्क हो सब की हालत ही जैसी हो गई है । हालांकि भारत संचार निगम लिमिटेड तो बीते कई सालों से अव्यवस्था की भेंट चढ़ा हुआ है । जिससे उसे कंपनी के उपभोक्ता तो नेटवर्क लिए तरसते हैं । लेकिन जो कंपनियां अपने को बहुत मजबूत एवं बेहतर नेटवर्क देने का वादा लगाकर करती रहती है । उनके नेटवर्क की हालत इतनी खराब है कि लोगों को एक दूसरे से बात करने में कई बार प्रयास करना पड़ता है । इसके अलावा फोन पर बात करते समय कॉल ड्रॉप की समस्या भी काफी तेजी से देखी जा रही है ।

# बहुमत से 100रू के सदस्यता प्रस्ताव पास

## के पी ट्रस्ट मे 150 साल बाद आम कायस्थो को मिली सदस्य बनने का अधिकार



**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बडे ट्रस्ट के पी ट्रस्ट मे आम कायस्थो को 100 रू के सदस्यता के माध्यम से के पी ट्रस्ट मे भागीदारी को लेकर विगत कई माह से पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान मची हुई थी। एक ओर अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार सिन्हा 100 के सदस्यता के प्रस्ताव पास कर लागू करने के निणॅय पर अडिग थे वही दूसरी ओर विपक्ष किसी भी किमत पर 100 के सदस्ता को लागू करने के पक्ष मे नही रहा विपक्ष लगातार बिरोध करता रहा। जिस पर आज ट्रस्ट के आन लाइन गवर्निंग काउंसिल के जूम बैठक के साथ ही मची घमासान थम गया। आन लाइन बैठक मे देशभर से कुल 1700 से उपर गवर्निंग काउंसिल के सदस्य शामिल हुए। सभी सदस्यो ने सभी प्रस्तावो समेत 100 रू के सदस्यता पर भी अपनी सहमति प्रदान की।100 सदस्यता के प्रस्ताव पास होते ही के पी ट्रस्ट मे 150 साल बाद आम कायस्थो के सदस्य बनने का रास्ता साफ हो गया। साथ ट्रस्ट मे आम कायस्थो की भागीदारी सुनिशिचत हो गयी। बैठक समाप्त होने के बाद के पी ट्रस्ट अध्यक्ष डॉं सुशील कुमार सिन्हा ने मिडिया से बात करते हुए कहाँ कि 100 रू के सदस्यता के माध्यम से आम कायस्थो को ट्रस्ट से जोडना तथा भागीदारी दिलाना हमारा चुनावी वादा था। जो हमने आज प्रस्ताव पास कराकर आम कायस्थ जो अभी तक ट्रस्ट के सदस्य नही थे उनको सदस्य बना कर उनमे विशवास जगाने का काम किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ सुशील ने बताया कि कड़ी मेहनत और समाज के पुरजोर सहयोग से यह हो पाया।महामंत्री वीर कृष्ण श्रीवास्तव ने बैठक की संपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 1700 से अधिक न्यासधारी ने बैठक में सहभागिता की जो कि कायस्थ पाठशाला के इतिहास में पहली बार ऐतिहासिक निर्णय के रूप में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सुशील सिन्हा एवं संचालन वीर कृष्ण ने किया। मंच पर उपाध्यक्ष वित्त गोपी कृष्ण श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उक्त बैठक के उपरांत खुशी मनाने वालों में अरुण श्रीवास्तव उपाध्यक्ष सुधांशु श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, प्रो डॉ ऋतुराज श्रीवास्तव, निशीथ वर्मा, दिलीप श्रीवास्तव, योगेंद्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव, अंकितराज, प्रखर श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, शिव मामा, अमित श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव अनुराधा श्रीवास्तव, अलका सक्सेना, डॉक्टर स्मिता श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, प्रवीण चंद्र श्रीवास्तव, प्रवक्ता पवन श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आओ खुशियों के दीप जलायें कार्यक्रम में स्पेशल बच्चों ने मचाया धमाल

## सात्विक संस्था ने दिव्यांग, बच्चो व वृद्धाआश्रम के असहाय बुजुर्गो को किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सामाजिक सांस्कृतिक संस्था ÷सात्विक÷ ने शनिवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में दिव्यांग, निसहाय बच्चों वा वृद्धाश्रम के बुजुर्गो के साथ दिवाली उत्सव आओ खुशियों के दीप जलायें का आयोजन किया। संस्था पिछले 10 वर्षो से सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में काम कर रही है। पूर्व वर्षो की तरह इस वर्ष भी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में दीपावली की खुशियाँ बांटी गई।

ऐसे बुजुर्गो और बच्चो के चेहरों पर खुशियाँ बिखेरने और त्योहारों का आनंद दिलाने के लिए चैरिटेबल म्यूजिकल कार्यक्रम ÷आओ खुशियों के दीप जलायें÷ के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उसके बाद चैताली रॉय द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। सुप्रभात और स्नेह मेंटली रिटार्डेड स्कूल के बच्चों की ग्रुप डांस की प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया, वही सेंट्रल स्पेशल स्कूल के छोटे छोटे बच्चों द्वारा ग्रुप सोंग और डांस की शनदार प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया इस म्यूजिकल कार्यक्रम में मैक्स डांस ग्रुप, एडीसी डांस ग्रुप के बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी, तो वहीं स्लम बस्ती के बच्चों ने ढ़ेडिया नृत्य करके कार्यक्रम मे समा बांध दिया। शहर के जाने माने गायक मनोज गुप्ता ने भजन और गज़ल से कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिया। नयी उभरती सिंगर निकिता सेठी ने भर दो झोली कव्वली गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले अमन सकुजा, सौरभ श्रीवास्तव, प्रमोद बंसल, जय नारायण तिवारी, ज़ीशनुल हक, हाशिम सिद्दीकी, लायन्स क्लब इलाहाबाद सिटी, इलाहाबाद इनरव्हील क्लब को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग के उप निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव, दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी अशोक गौतम, पूर्व ज़िला जज जनार्दन सिंह ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिन्हा ने किया।

# उत्साह और ऊर्जा से मनाया गया भगवान धन्वन्तरि का प्राकट्योत्सव

## नारायण स्वरूप अस्पताल में आरोग्य भारती महानगर ने आयोजित किया कार्यक्रम





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भगवान धन्वंतरि प्राकट्योत्सव कार्यक्रम आरोग्य भारती प्रयागराज महानगर की ओर से पूर्ण उल्लास और ऊर्जा के साथ मुंडेरा स्थित नारायण स्वरूप अस्पताल में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वन्तरी एवं माँ भारती के श्रीचरणों में पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. अजय मिश्रा संगठन सचिव, वैद्य एस के राय, विभाग संयोजक प्रयागराज विभाग एवं काशी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नागेन्द्र, काशी प्रांत उपाध्यक्ष इंजी. उमेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य काशी प्रांत डॉ. राजीव सिंह, कार्याध्यक्ष प्रयागराज महानगर डॉ.प्रकाश खेतान, अध्यक्ष प्रयागराज महानगर उपस्थित थे। कार्यक्रम में न केवल आरोग्य भारती की पूरी टीम ने सहभागिता की बल्कि प्रयागराज के कोने कोने से पहुँच कर लोगों ने अपनी सहभागिता एवं उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित कर दिया। इसमें संगठन के सक्रिय सदस्य आदर्श कुमार बाजपेयी का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने भगवान धन्वंतरि और आयुर्वेद के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर लगभग 250 लोगों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऊर्जामय बना दिया।

परिचर्चा के पश्चात अस्पताल प्रांगण मे स्थित श्री नारायण स्वरूप मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित साक्षात् श्रीमन्नारायण स्वरूप भगवान धन्वन्तरी के पूजन, हवन, आरती, शंखनाद और प्रसाद वितरण ने समस्त कार्यक्रम को आध्यात्मिक भाव से ओत- प्रोत कर दिया। इस अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान धनवंतरी के दर्शन- पूजन के लिए पहुंचे। इसमें भी बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। आधी आबादी की इतनी बड़ी संख्या में सहभागिता का पूरा श्रेय डॉ. सोनिया सिंह के प्रयास से ही संभव हो सका। इसके लिए संगठन उनका आभारी है।

## सोमवार को भी जारी रही अधिवक्ताओं की हड़ताल

**कोराव (प्रयागराज)।** तहसील कोराव मे सोमवार को भी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के विरुद्ध अपनी हड़ताल जारी रखी।बता दे कि तहसील कोराव मे उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार से ही लामबंद होकर उनके न्यायालय के सामने धरना पर बैठ गए हैं एकसुर में अधिवक्ताओं का कहना है कि अब इनसे समझौता नहीं बल्कि जब तक इनका यहां से ट्रांसफर नहीं होता तब तक हम सब इनके खिलाफ हड़ताल जारी रखेंगे अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन कोराव के पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, अरुण मिश्रा बाबा,विनीत मिश्रा, सुनील कुमार पाण्डेय, राघवेंद्र मिश्रा, शशि कांत पाण्डेय भास्कर यादव, रवी प्रकाश तिवारी, इंद्र प्रकाश पाण्डेय, विवेक गौतम, मणि शंकर शर्मा, संतोष कुशवाहा, समय लाल प्रजापति प्रभातेश्वर मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## जलभराव से बढ़ी दुर्गंध एसडीएम से शिकायत

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** स्टेट राजमार्ग मंडी तिराहे के पास बारिश का जल निकासी नहीं होने से जलभराव होने से दुर्गंध एसडीएम से लोगों ने की शिकायत की । जबकि जलनिकासी न होने से तेज बारिश होने पर पानी घरों में प्रवेश किए जाने और चकमार्ग में पानी भर जाने से आवागमन बाधित होने पर मोहल्लों के लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है । नाली का निर्माण कार्य कराया गया था । लेकिन लोगों ने इस नाली को पाटकर चबूतरा बना रखे हैं। जबकि बरसात का पानी भरा हुआ है । वहीं पांडेय , दुबे , निषाद बस्ती के लिए आने - जाने अवरूद्ध उत्पन्न हो रहा है। जबकि इस संबंध में ग्राम प्रधान व राजस्व विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। लेकिन अभी तक पानी निकासी नहीं कराएं जाने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।रमेश चंद्र केशरवानी , जगदंबा प्रसाद दुबे, जान्हवी शंकर द्विवेदी, राम बाबू दुबे ने बताया कि नाले तक खुदाई प्रति वर्ष की जाती है। लेकिन नाली को कुछ लोगों ने उसे पाटकर चबूतरा बना लिया है । जबकि इस नाली के लिए बरसात में प्रति वर्ष उपजिलाधिकारी के आने पर जेसीबी से खुदाई कर भरा पानी की निकासी की जाती हैं । लेकिन इस बार अल्प बरसात होने से नाली की सफाई नहीं की गई। जिससे जलभराव बना हुआ है। बारिश खत्म होने के बाद पुनः लोग नाली में कूड़ा करकट डालकर पाट देते हैं । जिससे प्रत्येक वर्ष समस्या इस तरह से बनी हुई है । इतना ही नहीं जलभराव होने से चकमार्ग में पानी भर जाने से दर्जनों घरों का आवागमन बाधित हो गया है ।जगदंबा प्रसाद ने बताया कि रास्ते में पानी जमा होने से घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है ।

मार्ग पर बसे पड़ोस के लोग उस नाले को पाटकर बालू, सरिया आदि करोबार कर रहे हैं ।

# ज्यादातर युवा महिला आरक्षण की आवश्यकता को नकार रहे हैं- प्रो रीता जोशी



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के उच्च शिक्षण संस्थानों में %क्या महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है?% इस विषय पर संचालित हो रही कमला बहुगुणा स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता आज जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में महाविद्यालय की बौद्धिक क्रियाकलाप समिति के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुई।प्रतियोगिता की आयोजिका पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये छात्राओं को इस प्रतियोगिता के निहितार्थ समझाया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर युवा महिला आरक्षण की आवश्यकता को नकार रहे हैं जो कि एक नए प्रगतिशील समाज को प्रतिबिम्बित कर रहा है। निर्णायक मंडल में डा. प्रभा मिश्रा पीसीएस अधिकारी, डा. प्रतिमा चैतन्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की प्रो. रतनकुमारी वर्मा सम्मिलित रहीं। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन डा. फातिमा नूरी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. प्रमा द्विवेदी ने किया।आयोजन में कमला बहुगुणा समिति के स्वप्निल द्विवेदी, संजय उपाध्याय एवं अंकिता उपाध्याय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में लगभग 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। अत्यंत रोचक मुकाबले के बाद अनन्या सिंह, साक्षी दुबे और सपना मौर्या ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रो काजल देब, डा. अजिता ओझा, डा. माधुरी राठौर, डा. रमा गुप्ता, डा. आशीष मिश्र, डा. अनुज वर्मा, डा. कस्तूरी भारद्वाज, डा. अंजलि शिवहरे इत्यादि उपस्थित रहे।

# दिव्य, भव्य होगा प्रयागराज का महाकुंभ महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां

**प्रयागराज।** विश्व की प्रथम पांच भाषाओं में श्रीमद्भागवद् कथा करने वाली और वाराणसी लोकसभा चुनाव की पूर्व प्रत्याशी किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां मुम्बई से चलकर आज प्रयागराज पहुंची।प्रयागराज के भाजपा के वरिष्ठ नेता डा श्याम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिष्यों ने बमरौली एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि तीर्थराज प्रयागराज में अगले वर्ष लगने वाला महाकुंभ दिव्य, भव्य होगा, देश ही नहीं विदेश से बड़ी संख्या में शिष्य, श्रद्धालु शामिल होंगे और कल्पवास करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि वह तीर्थराज प्रयागराज के विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ में अलग - अलग भाषाओं में श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा का प्रवचन और भजन करूंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में कथा, प्रवचन, विभिन्न सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम, पूजन, हवन और भण्डारा चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में देश, विदेश के शिष्य और श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे और वह लोग परिवार सहित माहभर शिविर में रहकर दोनों वक्त गंगा स्नान और कल्पवास करेंगे।

महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में लगे मेरे शिविर में अमेरिका,जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, रूस, नेपाल सहित अन्य देशों से बड़ी संख्या में शिष्य परिवार सहित आ रहे हैं। यह सभी लोग माहभर संगम की रेती पर कल्पवास करते हुए भगवद् भजन करेंगे। उन्होंने बताया कि जब से श्री अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है तबसे सनातन धर्म और संस्कृति में नयी चेतना आ गयी है, ऐसे में शिविर में आने वाले देश और विदेश से सभी शिष्य अयोध्या धाम जाकर भगवान श्रीराम का दर्शन, पूजन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रयागराज के आसपास के प्रमुख धार्मिक धार्मिक स्थलों वाराणसी, चित्रकूट, कौशांबी, कुशीनगर, मिर्जापुर सहित अन्य स्थानों पर जाकर वह लोग पूजन, अर्चन करेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हिमांगी सखी मां ने कहा कि जिस तरह से केन्द्र और प्रदेश सरकार, मेला प्रशासन महाकुंभ मेला का प्रचार - प्रसार देश और विदेश में कर रहा है उससे बड़ी संख्या में स्नानार्थी और श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज में बड़ी संख्या में एकत्र होंगे।

# खंड शिक्षाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**कोरांव(प्रयागराज)।** बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किए जाने हेतु सोमवार को कोरांव विकास खंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन व खंड शिक्षाधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान के नेतृत्व में कंपोजिट स्कूल खजुरी में किया गया। प्रतियोगिता में विकास खंड के ग्यारहों न्याय पंचायत स्थित परिषदीय स्कूलों के विजेता प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आगाज मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ जहां पर खंड शिक्षाधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में उक्त के अलावा कबड्डी खो-खो लंबी कूद ऊंची कूद गोला फेंक डिस्कस थ्रो जैसी कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जांबाज खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता प्रतिभाओं को निखारने का समुचित अवसर उपलब्ध कराती है जिससे उनकी जीवन यात्रा सुगम बनती है। बीईओ ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से मानसिक और शारीरिक विकार दूर होते हैं। आयोजित प्रतियोगिता का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने भी अवलोकन कर सराहना करते हुए ब्लाक व्यायाम शिक्षक विद्या निवास मिश्र को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रतियोगिता उद्घोषक के रूप में लाल चन्द्र सिंह ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवसर पर उक्त के अलावा अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ महेन्द्र प्रसाद मौर्य , पूर्व अध्यक्ष/वर्तमान संरक्षक धर्मेन्द्र सिंह , एआरपी शैलेश पाण्डेय , आयोजन स्थल स्कूल प्रमुख संजय सिंह , प्रेम शंकर पाण्डेय , कृष्ण शंकर पाण्डेय , विद्या कान्त सिंह , गणेश शंकर तिवारी , भास्कर द्विवेदी , देवेन्द्र सिंह , शौकत अली शिवा कान्त तिवारी गिरेन्द्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिका व अनुदेशक मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय प्रतियोगिता में काशी प्रांत का प्रतिनिधित्व कर रहे सरस्वती शिशु मंदिर अव्वल



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित क्षेत्रीय वैदिक गणित प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दिबियापुर औराई जनपद में संपन्न हुई । जिसमें कुल आठ प्रांत के 49 जनपदों से भैया बहनों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें काशी प्रांत का प्रतिनिधित्व कर रहे सरस्वती शिशु मंदिर लेड़ियारी के भैया बहनों ने वैदिक गणित प्रश्न मंच सहित अन्य विधाओं में स्थान प्राप्त कर विद्यालय तथा प्रांत का नाम रोशन किया है । इस प्रतियोगिता में भैया अंश, प्रियांश तथा भावेश ने क्षेत्र में द्वितीय स्थान, इसी प्रकार वैदिक गणित नवाचारित प्रदर्श किशोर वर्ग में भैया प्रियांशु द्विवेदी ने द्वितीय स्थान, बाल वर्ग में भैया शिवा तिवारी ने तृतीय स्थान, इसी प्रकार बाल वर्ग वैदिक गणित प्रयोग में बहन लक्ष्मी को तृतीय स्थान तथा बहन दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त कर काशी प्रांत (ग्रामीण) को वैदिक गणित शिशु वर्ग में द्वितीय स्थान की ट्रॉफी दिलवाई। जिसका सम्मान विद्यालय के प्रबंधक श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी ने वन्दना सभा दौरान किया तथा अगले वर्ष अखिल भारतीय स्तर तक जाने के लिए और बेहतर तैयारी करने की सलाह तथा अग्रिम बधाई भी दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यह विद्यालय समाज की धरोहर है जो शिक्षा और संस्कार के लिए जाना जाता है, शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर विकास के लिए समाज को आगे हाथ बढ़ाकर विद्यालय का सहयोग करने के लिए हर प्रकार से प्रतिबद्ध रहना चाहिए। प्रधानाचार्य अविनाश राय ने बताया की प्रांत में इन भैया बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर यमुनापार जिले का नाम रोशन किया है । अब क्षेत्र में स्थान प्राप्त कर काशी प्रांत का नाम रोशन किया है । और अगले वर्ष अखिल भारतीय स्तर तक प्रतिभाग करने के लिए विद्यालय परिवार प्रतिबद्ध है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लेड़ियारी विजेता में लोहा के नाम से जाना जाता है। इस दौरान रामलोचन सिंह, राकेश कुमार सिंह हेमंत कुमार मिश्रा, लव कुमार द्विवेदी , राजेश्वर प्रसाद , मुकुंद लाल केशरवानी, विजय कुमार मिश्रा, नीरज कुमार द्विवेदी ,सुशील कुमार ,सुनील कुमार ,सुरेंद्र द्विवेदी ,विश्राम प्रसाद मिश्रा , इंद्रदेव तिवारी, सरोज केशरवानी रेशमा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# कमल पुष्प पर सवार लक्ष्मी की पूजा करें देवव्रत महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** कल्याणपुर के थमहन के पूरा मे आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य देवब्रत जी महाराज ने कहा की माँ लक्ष्मी की पूजा कमल पुष्प पर बैठी प्रतिमा की करनी चाहिए। जो खुश होकर आती हैं और सत्कर्म ,पूजा पाठ और धार्मिक कार्य मे धन खर्च कराती है। कभी जाती भी नहीं। जबकी दूसरी प्रतिमा उल्लू पर विराजमान की है। इनकी पूजा करने से मा आती तो बड़ी तेजी से हैं। मगर उसी गति से वापस चली जाती हैं। और तीसरी मां हांथी पर सवार प्रतिमा की है। जिनकी पूजा से मां भारी भरकम धन के साथ आती तो हैं मगर इलाज आदि मे धन व्यय हो जाता है। आगे बताया कि धन तेरस कि पूजा से घर का कर्ज हट जाता है। साथ ही यम कि पूजा से परिवार मे किसी कि अकाल मृत्यु नहीं होती। इसी बीच साधु और संत के अंतर को विस्तार से बताया। साधु वह है जो लोगों का भला करे। सही मार्ग पर ले जाय। संत वह है जिसमे सांसारिक रागद्वेष न हो। लोगों को बताया की किसी को माता, पिता, भाई, बहन और पत्नी बनना है तो श्रीराम चरित मानस का अध्ययन करें। उनके सभी पात्र चित्त और चरित्र से सुंदर हैं। मुख्य यजमान श्रीमती रामा देवी और हरिबंश नारायण द्विवेदी सपत्नीक रहे। कथा मे प्रेमकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव ओझा, गौरी शंकर ओझा, रमेश प्रताप सिंह, बृजेश मिश्र, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अरविंद नारायण पांडे, भाजपा नेता गुरु ओम मिश्र आदि रहे।

# प्रदेश सरकार की एण्टी भू-माफिया नीति से लाखों वास्तविक भू-मालिकों को मिला हक

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भूमि प्रकृति की निःशुल्क देन है, यह सभी प्राणियों के लिए स्थान आवास प्रदान करती है। भूमि से सभी जीवों को भोजन मिलता है। यह लगातार पोषक तत्वों का चक्रण करती है। भूमि का उपयोग कृषि, वानिकी, खनन, यातायात के साधनों सड़कों, उद्योगों की स्थापना, सुरक्षा आदि के लिए किया जाता है। जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन, विभिन्न गैसों का उत्पादन उपभोग, जल संचयन आदि क्रियाएं भूमि पर ही होती है। इसी लिए भूमि की महत्ता सदियों से रही है। जमीन का विवाद सदियों से रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के खाने के लिए विभिन्न प्रकार के अन्न, पशुओं को चारा उत्पादन करती रही। सदियों से जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आँकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल मे रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। भूमि चाहे खेती की हो, बागवानी की हो या आवासी भूमि हो, आज भी सभी जमीन की आर्थिक महत्ता है। समाज मे हर तरह के लोग रहते है। गरीब मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे-बुरे लोग भी होते है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने पर कई दबंगों, गुण्डों, माफियाओं द्वारा गरीबों, वैधानिक भूमालिकों की जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायत आने लगी। गुण्डें भू-माफियाओं द्वारा गरीबों, कमजोर वर्गों, ग्राम समाज व सरकारी, शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गरीबों कमजोरों और ग्राम पंचायतों, शहरी जमीनों सामाजिक सम्पतियों आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में तहसील, जिलें, मण्डल एवं राज्य स्तर के चार स्तरीय एण्टी. भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी-भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों को आनलाइन दर्ज किये जाने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है, जिसमें दर्ज शिकायतों पर सम्यक कार्यवाही करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में जुलाई, 2024 तक एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 3,87,195 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमे से 3,85,740 शिकायतें निस्तारित करते हुए वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया। प्रदेश में चलाए गए इस अभियान के अन्तर्गत कुल 66,040.91 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि को अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध 24,527 राजस्व वाद, 1,114 सिविल वाद व 4,727 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी हैं। प्रदेश मे 1,555 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमे वर्तमान में 212 भू-माफिया जेल में निरूद्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 1110 अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है। जिसमें 260 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 85 के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 323 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3,140 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। प्रदेश सरकार के एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन से लाखों वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा मिला और लोग सरकार की इस नीति से काफी खुश हैं।

## चोरों ने विद्यालय-आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर सामान किया पार

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव में एक सप्ताह पूर्व चोरों ने प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर हजारों रुपए का सामान पार कर दिया।सुबह कमरों के ताला टूटा देख प्रधानाध्यापिका के होश उड़ गए। उन्होंने ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी थी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने घटना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।संदीपन घाट क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महगांव की प्रधानाध्यापिका निधि श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले सोमवार को वह विद्यालय बंद कर स्टाफ के साथ घर चली गई थीं।इसी दौरान चोर विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर अंदर घुस गये और वहां रखा गैस सिलेंडर और खाद्यान्न समेत लगभग बीस हजार रुपए का सामान उठा ले गए। सुबह विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र के कमरों का टूटा ताला देख कर उनके होश उड़ गए।

## पुरानी पेंशन विकल्प पत्र भरवाने को लेकर अटेवा ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अटेवा के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा को 2005 से पूर्व बेसिक शिक्षा विभाग में काम करने वाले ऐसे शिक्षामित्रों जो सहायक अध्यापक हो गए है। उनका पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र भरवाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। अटेवा के सदस्यों ने बताया की शासन के आदेश पर 2005 के पूर्व विभाग में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों का पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र भरवाया गया है लेकिन ऐसे शिक्षामित्रों को छोड़ दिया गया जो आज सहायक अध्यापक के रूप में कार्य रहे है और विभाग में 2005 से पहले शिक्षामित्र के रूप में नियुक्त होकर कार्य करते रहे है। उन्हे भी पुरानी पेंशन का लाभ लिया जाय और उनका विकल्प पत्र भरवाया जाय। सदस्यों ने बयाया की नियमावली 1961 के नियम 3(8) में उल्लेख है किसी भी विभाग का कर्मचारी अगर उसी विभाग में अस्थाई कर्मचारी होता है या दूसरा पद ग्रहण करता है तो पुरानी पेंशन नियमावली सेवा में अस्थाई सेवा जोड़ा जाएगा और उसे पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाएगा। इसके आधार पर ऐसे सभी शिक्षा मित्रों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकल्प पत्र भरवाएं। इस अवसर पर अटेवा के जिला संयोजक कुशल सिंह, महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा, अभिषेक सिंह, रमेश चंद्र सेन, प्रमोद कुमार, आशीष कुमार सिंह, बलराम सोनकर, योगेंद्र सिंह, बुधराज सिंह, मनमोहन, जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, आशीष त्रिपाठी, लवलेश, लल्लन अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बैठक कर जूनियर शिक्षक संघ से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जूनियर शिक्षक संघ की एक बैठक जिला अध्यक्ष राम प्रताप लाली की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विचार विमर्श के बाद समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की।

जिसमें अवगत कराया गया कि समस्त विकास खण्डों में अभी हाल ही में एमडीएम परिवर्तन लागत अप्रैल एवं जुलाई तक प्रेषित की गई है।लेकिन कुछ विकासखंड में कुछ विद्यालयों के परिवर्तन लागत माह दिसंबर 2023 जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2024 की अभी तक प्रेषित नहीं की गई है।बैठक में विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों द्वारा अवगत कराया गया कि सफाई कर्मी विद्यालयों में सफाई करने बिल्कुल नहीं आते। आते भी है तो केवल खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। उक्त समस्याओं के दृष्टिगत जिला महामंत्री गुणेश त्रिपाठी ने विशेष जोर देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से उक्त समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्रतिशीघ्र निस्तारण करने की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष , ब्लॉक अध्यक्ष कड़ा अरुण मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नेश यादव जिला महामंत्री समेत जनपद कौशांबी के जूनियर शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## चोरों ने सेंध काटकर नकदी -जेवरात समेत लाखों का माल किया पार

लोकमित्र ब्यूरो

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पिपरी गांव में रविवार की रात चोरों ने एक घर की दीवार में सेंध काट कर हजारों रुपये की नकदी समेत लाखों के जेवरात पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर घरवालों के होश उड़ गये। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी संदीप कुमार किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने बताया कि रविवार की रात वह खाना खाने के बाद परिवार के साथ बरामदे में सो रहा था।इसी दौरान चोर उसके घर के पीछे की दीवार में सेंध काट कर कमरे में घुस गए। चोर वहां रखे दो बक्सों का ताला तोड़ कर 40 हजार रुपए नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, कपड़े और बर्तन समेत लाखों का माल उठा ले गए। सुबह कटी सेंध और बिखरा सामान देख कर उसके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## रामनाथ महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय रामनाथ सिंह महाविद्यालय में प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया ) विश्वविद्यालय प्रयागराज अंतर महाविद्यालय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का सोमवार को कैंपस में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक डा. मुन्ना सिंह और महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. श्रीकृष्ण पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से किशन शुक्ला, राजनारायण पांडेय पीजी कॉलेज प्रयागराज, आशीष कुमार बेनी माधव प्रसाद पीजी कॉलेज प्रयागराज, अंकित कौशल्या यशोदा नंदन हरिवंश महाविद्यालय प्रयागराज, विजय कुमार चौधरी यशोदा नंदन हरिवंश महाविद्यालय प्रयागराज, लोकेश मीणा यशोदा नंदन हरिवंश महाविद्यालय प्रयागराज और महिला वर्ग में शिफा हैरिसन, सपना चौधरी, ज्योति कुमारी, उमा सेन, नीतू कुमारी चौधरी इसके अलावा प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी आदि जिलों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय ऑल इंडिया हेतु ईशान शुक्ला 45 से 50 किलोग्राम प्रथम, आशीष कुमार द्वितीय, अजय कुमार यादव 50 से 55 किलोग्राम में प्रथम, विजय कुमार चौधरी 65 से 70 किलोग्राम में प्रथम, 60 से 65 किलोग्राम हेतु अंकित घोषालय और 80 से 85 किलोग्राम हेतु लोकेश मीणा का चयन हुआ। महिला ऑल इंडिया के लिए शिफा हैरिसन 45 से 50 किलोग्राम प्रथम, ज्योति कुमारी 50 से 55 प्रथम, ऊषा 55 से 60 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में राजेश कुमार कुशवाहा, अरविंद कुमार, नायाब खान, शिव प्रकाश, सोनी कुशवाहा, रंजीत कुमार, त्रिवेंद्र पटेल, जगदीश कुमार मौर्या और महाविद्यालय के संचालक प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, संदीप कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार पटेल, राजेश कुमार पटेल, सनी प्रताप पटेल, चंद्रभान सिंह पटेल, अरविंद कुमार मौर्य और युवराज सिंह पटेल आदि उपस्थित रहे।

## वाराणसी में सम्मानित हुई कौशाम्बी की शिक्षिका सुमन कुशवाहा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** बेसिक शिक्षा विभाग वाराणसी व एडूस्टफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चतुर्थ राज्य स्तरीय अविन्या कार्यशाला व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को वाराणसी में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए हुए शिक्षकों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दिया। जिसमें कौशांबी जनपद के नेवादा के प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में कार्यरत प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा ने भी अपने स्कूल में प्रयोग किए जा रहे नवीन शिक्षण विधाओं, मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिका सुरक्षा व स्वावलंबन पर जागरूकता कार्य और नवाचारों की पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की प्रस्तुतिकरण के आधार के पर शिक्षिका के शिक्षण में बेहतर कार्य के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी अरविंद पाठक व मिशन शक्ति फेज पांच के अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित अपर पुलिस उपायुक्त महिला कमिश्नरेट वाराणसी ममता चौधरी के द्वारा प्रशस्तिपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## गणित किट के प्रयोग से बच्चे आसानी से समझ सकेंगे गणित



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में गणित की नवाचारी शिक्षण विधियों व गणित किट के प्रयोग के लिए प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे गणित के शिक्षकों का प्रशिक्षण सात चरणों में पूरा किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया की बच्चे गणित की कठिन विषय मानकर इसमें कम रुचि लेते हैं। ऐसे में उन्हें हम विभिन्न प्रकार की रोचक नवाचारी विधियों और गणित किट का प्रयोग कर गणित विषय की सरल और आसान बना सकते है। इसके साथ ही खेल खेल में बच्चों को गणित सिखाते हुए उनके अंदर गणित सीखने की रुचि को आसानी से बढ़ा सकते है। प्रशिक्षण दे रहे संदर्भदाताओं में इसके लिए कई विधियां और बारीकियां भी बताई जिससे बच्चों की रुचि गणित की तरफ ज्यादा बढ़े। प्रशिक्षण के अंत के डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र का वितरण करते हुए कहा की प्रशिक्षण में सीखे हुए नवाचार का प्रयोग सभी शिक्षक अपने अपने स्कूलों में गणित किट का प्रयोग करते हुए बच्चों के साथ बेहतर रूप से करेंगे और इसकी वीडियो व फोटोग्राफ्स ग्रुप के माध्यम से प्रति सप्ताह प्रेषित भी करेंगे। शिक्षकों को प्रशिक्षण संदर्भदाता संदीप कुमार शर्मा, अभय कुमार सिंह व संपूर्णानंद ने प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्रा, नीतीश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, राजेंद्र भारती, सुरेश कुमार मिश्रा व देवेंद्र कुमार मिश्रा उपस्थित रहें।

## बीमारी के चलते युवती की इलाज के दौरान मौत, डेंगू की आशंका



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई गांव में बुखार से पीड़ित एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई है , मृतका के पिता ने डेंगू की आशंका जताई है। विकास खंड कड़ा के धुमाई गांव में इन दिनों दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित है।

वही राम नरेश की बीस वर्षीय पुत्री प्रीति पाल 20 वर्ष केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कॉलेज में शिक्षिका थी , प्रीति के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री 20 अक्टूबर को बुखार से ग्रसित हो गई जिसको इलाज के लिए सिराथू के एक निजी हॉस्पिटल ले गए जहां हालत में सुधार न होने पर 23 अक्टूबर को प्रयागराज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां बीती रात इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई , युवती के पिता ने डेंगू की आशंका जताते हुए बताया कि वह किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था, उसकी चार बेटियों ने प्रीति सबसे बड़ी थी। युवती की मौत से घर में कोहराम मच गया।

## बलीपुर नारा प्रकरण में आरोपियों के बेटे और भाई से पूछताछ

**● मूर्ति विसर्जन को लेकर गांव में दो वर्गों के बीच हुआ था विवाद**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नवरात्र में मां दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान मंझनपुर के बलीपुर नारा गांव में हुए विवाद को लेकर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। इसे लेकर अब पुलिस ने अभियुक्तों के परिजनों की धर-पकड़ शुरू कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूछताछ के नाम पर पुलिस परिजनों पर भी कार्रवाई करने की धमकी दे रही है।

बलीपुर नारा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दिन दो वर्गे के लोग आमने-सामने आ गए थे। मारपीट में दर्जन भर से अधिक लोगों को चोटें आई थीं। एक पक्ष के 23 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अब तक पुलिस सिर्फ छह आरोपियों को ही गिरफ्तार कर पाई है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए अब परिजनों पर दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस ने नामजद एक आरोपी के बेटे और एक के भाई को रविवार रात पूछताछ के नाम पर पकड़ लिया और कोतवाली लेकर आ गई।

आरोपी कहां हैं और उनके हाजिर होने के लिए परिजनों पर दबाव भी बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस की इस कार्यशैली से ग्रामीण दहशतजदा हैं। ऐसे में गांव के तमाम युवा पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

**वर्जन:-**

जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। किसी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं की जायेगी। बेगुनाह लोग चैन से गांव में रहें। पुलिस गुनहगारों को ही पकड़ेगी।

**- संजय तिवारी, प्रभारी निरीक्षक, मंझनपुर।**

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यालय में किया पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्व धनतेरस, दीपावली व गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर क्षेत्र में भ्रमण कर मंझनपुर चौराहा व पतौना पुल पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस टीम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों को चेक किया गया।

## तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रमेश गुप्ता अध्यक्ष व प्रदेश युवा उपाध्यक्ष कन्हैया साहू मनोनीत



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के बैनर तले रविवार को गांधी भवन लखनऊ में प्रांतीय मासिक बैठक हुई। जिसमें कौशाम्बी से प्रमेश गुप्ता को जिला अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी में कौशांबी से युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार साहू को मनोनीत किया गया।

सूबे के विभिन्न जिलों से आए प्रांतीय पदाधिकारी की मौजूदगी में महासभा की बैठक में कई जिला अध्यक्षों का चयन किया गया। जिसमें कौशाम्बी जिले के अध्यक्ष पद पर प्रमेश गुप्ता का चयन हुआ और प्रदेश कार्यकारिणी में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया कुमार साहू का चयन हुआ। प्रांतीय सम्मेलन में साफकहा गया कि जो भी पार्टी समाज के बन्धुओं को संगठन व सत्ता में प्रतिनिधित्व में प्राथमिकता देगी उसे ही आगामी उपचुनाव व विधानसभा के आम चुनाव तथा लोकसभा चुनाव में समर्थन करने का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में नगर निकाय राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु तथा पूर्व सांसद और संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष राम नारायण साहू विशेष रूप से मौजूद रहें। सूबे के विभिन्न जिलों से आए पार्टी पदाधिकारी की मौजूदगी में बैठक के दौरान महासभा के जिला अध्यक्षों सहित प्रदेश युवा विंग के प्रदेश पदाधिकारीयों का चयन किया गया। चयन के पश्चात युवा प्रदेश अध्यक्ष रामशंकर साहू ने बताया कि उन्होंने चयनित अधिक पदाधिकारी को संगठन को गतिशील बनाने का लक्ष्य दिया गया है इसके लिए सभी अपने अपने जिलों के संपर्क में रहते हुए सामाजिक गतिविधियों को तेज करते हुए।

उनके कल्याण से जुड़े कार्यो को अमली जामा पहनाने में मदद करें इसके साथ ही जरूरी मुद्दों व बिंदुओं पर कार्य योजना बनाकर कार्य करेंगे जिसमें तेली समाज का सर्वांगीण विकास संभव हो सके बैठक में सतीश साहू, राजमणि साहू, मनोज कुमार साहू, डॉक्टर सुमन, साहू कंचन राठौर, डॉक्टर वी के साहू, मनीष प्रसाद गुप्ता, पी पी माथुर, आनंद नारायण साहू, आंचल साहू ,अरुण साहू, नरेन्द्र साहू सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि गणों ने अपने विचार रखें।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर राजेन्द्र यादव उर्फ दद्दुवा निवासी अहिरन का पुरवा थाना महेवाघाट को 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोरके साथ ग्रामअहिरन का पुरवा के पास से गिरफ्तार किया गया।

### वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक सुशील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी पंचा उर्फ पंचम निवासी अलीपुरजीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार



कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक राकेश राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा नैकूला निवासी बरौली थाना पश्चिम शरीरा को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मीरन रानी निवासी बरौली थाना पश्चिम शरीरा को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा पोटुआ निवासी नेवारी थाना करारी को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अनिल कुमार निवासी सालेपुर थाना करारी को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा श्याम दुलारी निवासी लेहदरी खतीब थाना कड़ाधाम को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 82 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 10 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 03, थाना करारी से 01, थाना कौशाम्बी से 04, थाना सराय अकिल से 02) कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## युवती की मौत को लेकर राजफाश में मशक्कत कर रही उदयपुर पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र में खेत में युवती के शव मिलने को लेकर पुलिस घटना के तीसरे दिन कई टीमों के साथ मशक्कत में जुटी बतायी गयी। फोरेंसिक टीम के आकलन के साथ कई फोन काल डिटेल को लेकर पुलिस घटना के लगभग खुलासे के करीब पहुंचती हुई नजर आ रही है। हालांकि उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि घटना के अनावरण के लिए पुलिस का प्रयास तेजी से जारी है। घटना को लेकर जिले के एसपी तथा एएसपी व सीओ लालगंज भी उदयपुर पुलिस के प्रयासों पर लगातार नजर बनाए हुए बताए जाते हैं। थाना क्षेत्र के कुर्मिन का पुरवा गांव निवासी राममिलन वर्मा की पुत्री का शव बगल के गांव मठिया किशुनगढ़ के समीप एक खेत में पड़ा मिला था। घटना के समय मृतका के पिता व भाइयों के सूरत में होने के कारण उसके मौसा ने अंतिम संस्कार किया था। परिजनों की माने तो युवती की हत्या की गयी है। रविवार की देर शाम लालगंज कोतवाली विवेचनाओं की समीक्षा में पहुंचे एएसपी पश्चिमी संजय राय ने उदयपुर एसओ से घटना की छानबीन की प्रगति की जानकारियां भी जुटाई थीं। एसपी ने सीओ लालगंज को भी घटना के खुलासे को लेकर पर्यवेक्षण के निर्देश दे रखे हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस घटना का एक दो दिन में राजफाश कर सकती है।


## अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में युवक की हुई मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जिले के देल्हूपुर थाना अन्तर्गत मदरा निवासी प्रमोद कुमार मिश्र पुत्र बैजनाथ मिश्र के छोटे भाई मनीष मारुत प्रतापगढ़ में अधिवक्ता थे। अधिवक्ता मनीष मारुत नौ सितंबर को सुबह बाइक से रायबरेली स्थित अपनी ससुराल से घर वापस लौट रहे थे। लालगंज कोतवाली में कस्बे से गुजरे हाइवे पर अज्ञात टैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया था। जिससे गंभीर रूप से घायल मनीष मारुत की मौत हो गयी थी। घटना को लेकर मृतक के भाई प्रमोद कुमार मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रविवार की शाम गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हत्या के प्रयास मामले में वांछित 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**देल्हूपुर,प्रतापगढ़।** हत्या का प्रयास, धमकी, मारपीट, गाली गलौज, छेड़खानी के प्रकरण से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है।दिनांक 10.10.2024 को थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मौजा खुशफ्हा में वादिनी के परिवारीजनों के साथ आरोपीगणों द्वारा हत्या का प्रयास, धमकी, मारपीट, गाली गलौज, छेड़खानी के प्रकरण में वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज में मु0अ0सं0 153\24 धारा 74, 191(2), 191(3), 109(1), 115(2), 352, 351(3), 333 बीएनएस का अभियोग बनाम 08 नामजद अभियुक्त\अभियुक्ता व 02 अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना देल्हूपुर के थानाध्यक्ष श्री धनंजय राय के नेतृत्व में उ0नि0 उमाशंकर सिंह मय हमराह हे0का0 शिशुपाल सिंह, का0 अनीश गुप्ता द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना देल्हूपुर के मु0अ0सं0- 153\24 धारा 74, 191(2), 191(3), 109(1), 115(2), 352, 351(3), 333 बीएनएस से संबंधित 02 वाँछित अभियुक्त 1. अतीक अहमद उर्फ अहीद खान पुत्र जमालउद्दीन निवासी ग्राम कुशफ्हा थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़, 2. मो0 वहीद पुत्र जमालउद्दीन निवासी ग्राम कुशफ्हा थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत मान्धाता मोड़ विश्वनाथगंज से गिरफ्तार किया गया ।

## जीत पर खिलाड़ी का स्कूल में हुआ जोर शोर से स्वागत



**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षक विभाग द्वारा आयोजित मंडलीय कुश्ती स्पर्धा में प्रयागराज के पहलवान अरुण भारती को पटकनी देकर जीत दर्ज करने वाले कंपोजिट स्कूल जोगापुर के छात्र शनि पहलवान का सोमवार को छात्रों ने जोर शोर से स्वागत किया। उसे कंधे पर बैठाकर स्कूल परिसर में घुमाया गया। तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा। स्कूल की इंचार्ज हेड मास्टर उमा मिश्रा ने माला पहनाकर शनि का स्वागत किया और मुँह मीठा कराया। इस मौके पर स्कूल के सभी स्टाफने शनि के खेल की तारीफकरते हुए अपना आशीर्वाद दिया। संचालन गेम टीचर राजेश कुमार ने किया।

## अपहरण मामले में महिला गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** अपहरण के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।दिनांक 09.10.2024 को आरोपीगण द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री का अपहरण करने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोहंडौर में अन्तर्गत 137(2), 61(2)(ए) बी0एन0एस0 का अभियोग बनाम 03 नामजद अभियुक्त\ अभियुक्ता पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोहंडौर के थाना प्रभारी श्री राधेश्याम के नेतृत्व में उ0नि0 सीताराम यादव मय हमराह म0का0 हिना दुबे, हे0का0 शिवपूजन चौधरी द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्ता को दिनांक 28.10.2024 को थानाक्षेत्र कोहंडौर के ग्राम पालूपुर से गिरफ्तार किया गया।

## नाबालिग बालिका का अपहरण एवं दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का वांछित आरोपी गिरफ्तार करके पुलिस के हाथ जेल भेजा गया। पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में उ0नि0 अनीश कुमार यादव ने मय हमराह का0 रवि प्रकाश यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आकाश पुत्र मुंशी उर्फराजेन्द्र कुमार गौतम निवासी मुकूनपुर भाटी थाना कोहंडौर को आज 28 अक्टूबर को थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के भूपियामऊ चौराहे से गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही ने बताया कि अपहरण कर नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

# पूर्व भाजपा विधायक और पूर्व प्रमुख समर्थकों में जमकर मारपीट, आधा दर्जन चोटिल







**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पूर्व विधायक धीरज के भतीजे सत्यम ओझा शिवगढ़ के ब्लाक प्रमुख हैं। इस कुर्सी को लेकर धीरज ओझा और विनोद दुबे के बीच कई साल से तनातनी है। सोमवार को विनोद अपने कई समर्थक बीडीसी सदस्यों को लेकर जिलाधिकारी के पास प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कराने के लिए पहुंच गए। कुछ देर में धीरज ओझा भी अपने समर्थकों के साथ डीएम से मिलकर अपनी बात रखने पहुंच गए। वहां पर दोनों पक्ष सामने-सामने हो गए और माहौल गरमा गया। किसी तरह पुलिस ने दोनों पक्षों को वहां से हटाया। वहां से दोनों पक्ष निकले, इसके आधे घंटे बाद शाम करीब छह बजे बाबागंज गुरुद्वारे के सामने दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई। मारपीट हुई व कुछ वाहन भी तोड़े गए। दो वकील समेत पांच लोग घायल हुए हैं। डीएम कैंप कार्यालय से लेकर बाबागंज और राजा प्रताप बहादुर अस्पताल तक हंगामा होता। पुलिस हालात को संभालने के लिए दौड़ती रही। पूर्व विधायक ओझा ने इस घटना को अपनी हत्या का प्रयास बताया है। धीरज ओझा का आरोप है कि विनोद दुबे ने अपने समर्थकों से मेरे ऊपर और मेरे भाई नीरज ओझा सहित समर्थकों पर हमला कराया है। हमको देखकर फायरिंग भी की गई, जिसमें हम बाल बाल बच गए। इधर इस मारपीट के दौरान दो अधिवक्ता जावेद खान और हुशाम खान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका कहना है कि वह रोज की तरह दुकान पर चाय पीने पहुंचे थे कि उनको पीटा जाने लगा। राजनेताओं के समर्थकों में सरेआम भिड़ंत की सूचना मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। कुछ ही देर में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह भारी फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। तब तक अधिवक्ताओं की दो गाड़ियों को तोड़ दिया गया था। पूर्व विधायक के कंधे व भाई नीरज ओझा की नाक पर चोट लगी थी। पूर्व एमएलए धीरज ओझा ने पुलिस के सामने आरोप लगाया कि विनोद दुबे के साथ आपराधिक तत्व रहते हैं। उनको पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता संरक्षण दे रहे हैं। विनोद दुबे व इन्हीं लोगों की साजिश से मेरे और मेरे परिवार पर जानलेवा हमला हुआ। इस बारे में एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। फायरिंग की अभी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।



## जिलाधिकारी ने महिला समूह के उत्पादों की लगायी गयी प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर विकास भवन परिसर के सामने महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी/स्टालों का जिलाधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा व डीसी एनआरएलएम अश्वनी सोनकर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने इस दौरान महिला समूह के उत्पादों की विभिन्न प्रदर्शनी मोमबत्ती, जैविक हल्दी, जैविक खाद, धूपबत्ती, हवन सामग्री, लाइट झालर, दीपक, लाई-चूरा, सजावटी सामान का अवलोकन किया और सम्बन्धित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उत्पाद सम्बन्धी जानकारी भी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण अंचल की महिलायें समूह से जुड़कर स्वरोजगार के माध्यम से समृद्धिशाली बन रही है। जनपद स्तर पर महिलाओं को हर प्रकार की सुविधायें दी जा रही है तथा उन्हें स्वरोजगार को बढ़ाने के लिये प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। महिला समूह के उत्पाद बेहत गुणवत्तापूर्ण है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों, अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करते हुये कहा है कि दिनांक 28, 29 व 30 अक्टूबर को प्रदर्शनी में पहुँचकर महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को खरीददारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुये अपने जनपद का उत्पाद प्राप्त करें।

## आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग ने निकाली जनजागरण रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आयुष मंत्रालय एवं निदेशक आयुर्वेद सेवाएं लखनऊ के निर्देश पर रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन जगत पाल रंगनाथ द्विवेदी इंटर कॉलेज कोहडौर में किया गया, जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सकों ने छात्रों के साथ रैली निकाल कर आयुष चिकित्सा के बारे में लोगों को जागरूक किया।

इस बार आयुर्वेद दिवस वैश्विक स्तर पर ''वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार'' थीम के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा 'आयुर्वेद एवं हमारा स्वास्थ्य' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. त्रिभुवन राम ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य जन कल्याण के लिए



आयुर्वेद को सशक्त चिकित्सा प्रणाली के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। चिकित्साधिकारी डा. रंगनाथ शुक्ल ने बताया कि आयुर्वेद दिवस वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष धनतेरस के अवसर पर मनाया जाता है, आज आयुर्वेद दिवस ने वैश्विक महत्व प्राप्त कर लिया है।

डा. आशीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयुष मंत्रालय ''आई सपोर्ट आयुर्वेद'' अभियान के माध्यम से आयुर्वेद के प्रति 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. अवनीश पाण्डेय ने बताया कि आयुर्वेद दिवस समारोह के माध्यम से गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धावस्था देखभाल सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धवल द्विवेदी ने आयुष विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद आयुर्वेद जनमानस की पहली पसंद बन गया है। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, स्टॉफएवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत भाजपा राज में क्रूरता की पराकाष्ठा- प्रमोद तिवारी

**▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ के लिए गृह मंत्रालय को ठहराया सीधे तौर पर जिम्मेदार**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूपी की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत की घटना को भाजपा राज में क्रूरता की पराकाष्ठा कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पुलिस हिरासत में एक युवा व्यापारी की हुई मौत सीधे तौर पर पुलिस प्रताड़ना के तहत हत्या है। उन्होनें कहा है कि मृतक व्यापारी मोहित पाण्डेय की पीएम रिपोर्ट में उसके सिर समेत चार जगह चोट के निशान पाये गये हैं। उन्होनें कहा कि थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने मृतक व्यापारी के साथ अपराधियों की तरह भयावह बर्ताव कर निरंकुशता की हदें पार कर दी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यूपी में इधर हालिया वर्षो में हर साल आठ से दस निर्दोष लोगों की पुलिस हिरासत में मौत की चिंताजनक घटनाएं हुई हैं। उन्होनें कहा कि इस वर्ष भी लखनऊ की इस घटना के साथ पुलिस हिरासत में मरने वालों की संख्या चार तक आ पहुंचना बेहद चिंताजनक है। उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस हिरासत में मौत के आंकड़ो में देश में सर्वाधिक घटनाओं का केंद्र बन गया है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध के बीच पुलिस हिरासत में मौत की इस प्रकार की घटनाएं आम आदमी में सुरक्षा तथा न्याय की उम्मीद पर गहरा कुठाराघात है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल में रोहगिंया घुसपैठ को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर तगड़ा पलटवार किया है। उन्होने गृह मंत्री से सवाल उठाया कि अगर अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ हो रही है तो भारत सरकार के गृह मंत्रालय की जबावदेही कहा है। उन्होनें कहा कि भाजपा को कुछ बोलने से पहले सोचना चाहिए कि घुसपैठ का मसला किन्ही दो प्रदेशों की सीमा पर नहीं अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा मुददा है। उन्होनें कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय सीमा से इस प्रकार की घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर देश के गृह मंत्री ही जबाबदेह हैं। उन्होनें कहा कि मोदी सरकार मंहगाई, बेरोजगारी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े चिंताजनक हालात पर जबाबदेह होने की जगह सिर्फ मजहबी कार्ड खेला करती है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभी तक प्रधानमंत्री चीन की सीमा पर भी घुसपैठ को दावे भरे अदांज में इंकार करते रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अब जब एक समझौते के तहत चीनी सेना के द्वारा भारतीय भूभाग से वापसी की बात की जा रही है। उन्होनें सवाल उठाया कि ऐसे में मोदी सरकार देश को बताए कि जब हमारी सीमा के अंदर कोई घुसा ही नही था तो चीनी सेना की कहां से वापसी हो रही है। सोमवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि चीन ने 2020 में सीमा पर भारत सरकार के साथ सीमा प्रबन्धन को लेकर गहरा विश्वासघात किया। उन्होनें कहा कि ऐसे में केंद्र सरकार को एलएसी पर सतर्कता को लेकर किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरतनी चाहिए।

## विद्युत कर्मचारियों की छंटनी व्यवस्था को लेकर आक्रोश, किया प्रदर्शन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेन्द्रों पर संविदाकार कर्मचारियों की छंटनी को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के बैनरतले कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर जुटे कर्मचारियों में इस बात का गुस्सा दिखा कि छंटनी व्यवस्था लागू होने से सेवारत कर्मचारियों के सामने रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आक्रोशित कर्मचारियों का कहना है कि संघ और अधीक्षण अभियंता के साथ फर्म के द्विपक्षीय वार्ता में यह तय हुआ कि किसी कर्मचारी को अकारण नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद नाराज कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारी चयन सूची तैयार करने में भिन्नता पायी गयी है। कर्मचारियों ने सूची में संशोधन की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। वहीं प्रदर्शन के दौरान यह भी चेतावनी दिया कि समाधान न हुआ तो अब कर्मचारी पूर्णरूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन के दौरान संघ के खण्ड इकाई अध्यक्ष कमलेशचंद्र तिवारी व जिलाध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा ने शासन और विभाग से कर्मचारियों की छंटनी व्यवस्था में रोक लगाने की मांग उठायी है। इस मौके पर रामसूरत, अब्दुल लतीफ खां, नारेन्द्र बहादुर सिंह, रावेन्द्र मिश्र छोटे, रामसुमेर, दीपक यादव, विमल मिश्र, रामहर्ष यादव, कुलदीप सरोज, श्याम शंकर तिवारी, श्यामू शुक्ला, विभाकर मिश्र आदि रहे।

## अभिमान मानव का सबसे बड़ा शत्रु -सम्पूर्णानंद जी महाराज

**● गोबरा अमांवा में श्रीमद्भागवत कथा की समापन बेला पर हुआ लोगों का सारस्वत सम्मान**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के गोबरा अमांवा गांव में विद्यानंद पांडेय व उमाधर पांडेय के संयोजन में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय कथाव्यास सम्पूर्णानंद जी महराज ने कहा कि भागवत का मूल मंत्र सदाचार है। जो मानव सदाचार को अपना लेता है वह हर जगह सम्मान का पात्र हो जाता है। उन्होंने कहा अति महत्वाकांक्षा और अभिमान मानव का शत्रु है। जो मनुष्य इन दो समस्याओं से ग्रसित है, उसे जीवन में कभी भी प्रसन्नता नही मिल सकती। समाज में अभिमानी व्यक्ति तिरस्कार की नजर से देखा जाता है।कथा व्यास ने कहा कि भागवत भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, कर्मयोग, राजनीति, समाजधर्म, स्त्री धर्म समेत हर प्रकार की नीतियों के ज्ञान का भंडार है। जो मनुष्य भागवत को आत्मसात कर लेता है वह देवतुल्य हो जाता है। उन्होंने समापन अवसर पर सुदामा चरित प्रसंग की व्याख्या करते हुए कहा कि मित्रता का अनुसरण करना है तो श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता का अनुसरण करना चाहिए। कथा व्यास ने भागवत के विविध प्रसंगों पर व्याख्यान देते हुए श्रोताओं को सत्कर्म के पथ चलने का मंत्र दिया। मुख्य यजमान विद्यानंद पांडेय ने सभी का स्वागत व विपिन पांडेय ने आभार व्यक्त किया। संचालन अखिलेश मिश्र ने किया। इस मौके पर एसपी पांडेय, आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, अवधेश नारायण शुक्ल, पवन मिश्र प्रखर, जीत बहादुर सिंह, लाल बृजेश सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, ललन पांडेय, राजेश पाण्डेय, प्रधान पप्पू पांडेय, देवनाथ पांडेय, डा. वीपी यादव, सिंटू मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेश पांडेय, चंचल पांडेय, विकास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## दीपावली के पर्व को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट, बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दीपावली के पर्व को लेकर सोमवार से बाजारों में खरीददारी के लिए चहल पहल बढ़ी दिखने लगी। वहीं प्रशासन खाद्यान्न की दुकानों के साथ पटाखों की बिक्री को लेकर सतर्क अभियान में मशक्कत कर रहा है। पटाखों की बिक्री को लेकर इस बार प्रशासन ने पिछली बार हुई स्वीकृत दुकानों को ही अस्थायी अनुमति प्रदान करने की गाइडलाइन में ही नजर आ रहा है। धार्मिक स्थलों पर दीपावली को लेकर जुटने वाली भीड़ के मददेनजर सुरक्षा व्यवस्था का भी अभी से ही प्रशासन तानाबाना बुनने में भी लग गया दिख रहा है। बाबा घुइसरनाथ धाम समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों पर मिठाईयों की दुकानों में गुणवत्ता के लिए खाद्य विभाग के साथ राजस्व महकमे को भी अभियान के लिए तैनात किया गया है। मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी रखी जाएगी। बाजारों में विद्युत झालर के दामों में दीपावली को लेकर एकाएक बढ़ोत्तरी भी देखी जा रही है। पटाखे की दुकानों की अनुमति के लिए सोमवार को पुलिस थानों व तहसील परिसर में चहलकदमी बढ़ी दिखी। प्रशासन ने हॉट बाजार में पटाखे की दुकान के संचालन को लेकर प्रतिबन्ध को जारी रखने का निर्णय लिया है।

इन दुकानों को बाजार से हटकर रिहायशी बस्ती से दूर लगवाये जाने के स्थल चिन्हित किये गये हैं। एसडीएम नैंनसी सिंह के मुताबिक खाद्यान्न पदार्थो में शुद्धता बनाए रखने के लिए दुकानों पर आकस्मिक चेकिंग सख्ती से जारी रखी जाएगी। वहीं सीओ रामसूरत सोनकर ने सर्किल के थानाध्यक्षों को दीपावली के त्यौहार को देखते हुए प्रमुख बाजारों में सतर्कता के कड़े फरमान जारी किये हैं। इधर दीपावली के त्यौहार को लेकर मंदिरों में रंगरोगन व साजसज्जा की भी तैयारियां जोरों पर आ पहुंची है।

## डिलेवरी वाहन से हजारों की नगदी उड़ायी, हडकंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गैस सिलेण्डर डिलेवरी वाहन में बैग में रखी पचास हजार की नगदी अज्ञात चोर उड़ा ले गये। सूचना पर पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। सांगीपुर थाना के हर्षपुर गांव से सत्यार्थ गैस एजेन्सी का डिलेवरी वाहन लेकर सोमवार सुबह चालक संदीप व कैशियर रवीन्द्र सिंह लालगंज बाजार पहुंचे। यहां एजेन्सी के द्वारा सिलेण्डर की बिक्री की जा रही थी। कस्बा स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के गेट के सामने एक ग्राहक को डिलेवरी वाहन से सिलेण्डर की बिक्री की गयी। इसी बीच किसी राहगीर ने वाहन से मोबिल गिरने की बात चालक को बतायी। यह सुनकर चालक व कैशियर दोनों वाहन के आगे खड़े होकर मोबिल गिरना चेक करने लगे। आरोप है कि इसी बीच वाहन में सीट पर रखा रूपयों का बैग अज्ञात चोर उड़ा ले गये। कैशियर के मुताबिक बैग में चोरी गयी करीब पचास हजार की नगदी थी। कैशियर की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि घटना की छानबीन की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इधर दिनदहाड़े सरेबाजार पचास हजार की नकदी की चोरी की वारदात से बाजार में भी हडकंप का माहौल दिखा।

## संक्षिप्त खबरें

### छेड़खानी का विरोध करने पर पड़ोसी युवक ने विवाहिता के साथ की मारपीट

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक युवक पड़ोस की रहने वाली एक विवाहिता के साथ आएदिन छेड़खानी व अश्लील बातें करता है , विवाहिता के विरोध करने पर आरोपी युवक विवाहिता को धमकी व मारपीट पर अमादा हो जाता है जिससे आजिज विवाहिता ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने सोमवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पति ट्रक चालक जो अक्सर ट्रक में रहते है जिसके कारण वह अपनी नंद के साथ घर में रहती है । विवाहिता का आरोप है कि पड़ोस का रहने वाला एक युवक आएदिन छेड़खानी कर अश्लील बाते करता है , अक्सर घर की कुंडी खटखटाता है , जिसका विरोध करने पर आरोपी युवक धमकी देने लगता है । विवाहिता का आरोप है कि सोमवार की सुबह खेत की ओर जानवरों के लिए चारा लेने जा रही थी तभी पड़ोसी युवक रास्ते में रोककर अश्लील बाते करते हुए छेड़खानी करने लगा विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### पट्टीदारों ने जबरन खेत पर किया कब्जा, दी धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के चिल्ला शहबाजी गांव की धनिया देवी पत्नी भैयालाल ने बताया कि गांव के बाहर मुख्य सड़क पर उसकी कीमती जमीन है। वह अपने हिस्से की जमीन पर खेती करती है। शनिवार को सह खातेदार ने खेत पर जबरन कब्जा करके आलू की बोवाई कर दिया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद महिला ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया। आरोप है कि दबंगों ने गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने सोमवार को मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसडीएम योगेश कुमार गौड़ ने थानाध्यक्ष चरवा को शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया है।

### स्टॉक रूम की खिड़की तोड़कर मारुति शोरूम में चोरी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन में स्थित मारुति शोरूम की खिड़की तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान पार कर दिया, शोरूम के मैनेजर ने मामले की शिकायत पत्र देकर सैनी पुलिस को देते हुए कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन में ब्राइट फेर व्हील मारुति सुजुकी शोरूम है जिसके मैनेजर नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सुबह जब शोरूम गया तो स्टॉक रूम की खिड़की टूटी थी अंदर देखा तो स्टोर से गाड़ी के पार्ट्स, खड़ी गाड़ियों की दो बैटरी व जनरेटर की दो बैटरियां चोरों ने पार कर दिया। मैनेजर ने लगभग एक लाख की लागत की चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### भाभी और छोटे भाई के साथ घर जा रहे युवक के साथ दबंगों ने किया मारपीट, केस दर्ज

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का एक युवक पड़ोस की रहने वाली भाभी व भाई के साथ बाइक से घर जा रहा था रस्ते में बाईक सवार तीन दबंगों ने पीड़ित को रोककर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए , पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दबंगो के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के रूपनारायणपुर गोरियों गांव का रहने वाला मनीष कुमार सोनी पुत्र नरेश चंद्र सोनी रविवार की शाम अपने छोटे भाई व पड़ोस की रहने वाली भाभी के साथ बाइक से सौरई खुर्द के करनपुर चौराहा से अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते में एक मोटरसाइकिल सवार तीन दबंग मनीष कुमार सोनी की बाईक को रोककर गाली गलौच देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे । जिसमे पीड़ित का भाई जख्मी हो गया । पीड़ित ने मामले की शिकायती पत्र सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है ।मामले ने सैनी पुलिस ने आरोपियो के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

### जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने की मारपीट, चार पर केस दर्ज

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव ने जमीनी विवाद को लेकर मोहल्ले के चार लोग पीड़ित के साथ मारपीट कर धमकी देने लगे , पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सुखधरनपुर किठाव गांव के श्याम लाल पुत्र स्व पुनी लाल ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पड़ोस के रहने वाले चार लोग रविवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौच करने लगे जिसका विरोध करने पर दबंग मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे। श्याम लाल की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने आरोपी कुंवारे, रूपा, जयलाल व उसकी पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

### धनतेरस पर गुलजार हुए बाजार, बढ़ी रौनक

**सिराथू, कौशाम्बी।** दीपावली से पहले धनतेरस के अवसर पर बाजार गुलजार हो गए। कई दिनों की खामोशी के बाद बाजार में खासी चहल-पहल दिखने लगी है। लोगों ने धनतेरस पर खरीदारी को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।सिराथू तहसील क्षेत्र के सिराथू, अजुहा, सैनी, देवीगंज, टेढ़ीमोड, अटसराय आदि कई बाजारों में दुकानदार धनतेरस के अवसर पर बाजार में बढ़ी बिक्री को फैस्टिवल सीजन के लिए लाभदायक मान रहे हैं। दीपावली के मद्देनजर दुकानदारों की ओर से अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए दुकानों को खूब सजाया जो था है । दुकानों के बाहर गिफ्ट्स की सजावट भी की गई थी। वहीं धनतेरस के चलते बर्तनों की दुकानों पर खासी रौनक को देखने को मिली। इस बार धनतेरस पर घर में भोजन परोसने के लिए स्टील की फैंसी थालियों, प्रेशर कुकर पैकिंग के लिए लंच बाक्स आदि के अनेक मनमोहक डिजाइन उपलब्ध है। अटसरई के बर्तन व्यवसाई राजू अग्रहरि का कहना है कि धनतेरस पर बाजार में आई गर्मी आने वाले सीजन के लिए शुभ संकेत हैं। इसी तरह अटसराय बाजार में मुकेश सोनी ने बताया की ज्वैलरी की दुकानों से पूजा के लिए सिक्कों के अलावा गहनों की भी बिक्री की तैयारी हो चुकी है । किराना व्यवसाई अरविंद मोदनवाल ने बताया कि किराने की दुकान में अन्य सामानों के अलावा झाड़ू सहित इलेक्ट्रिक की दुकान में लाइट , बल्ब आदि सामानों सहित सिराथू कस्बे के व्यवसाई प्यारे मियां ने बताया कि धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर कुर्सी , अलमारी सहित तमाम सामग्री ग्राहकों की पसंद के अनुरूप रखा गया है।

### आर्यन अनुशासन व परवीन बनी स्वच्छता मंत्री



**सैनी, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के प्राथमिक विद्यालय देवीगंज प्रथम में प्रधानाध्यापक जुबैर अहमद की अध्यक्षता में इको क्लब के गठन के लिए सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित बच्चों को ईको क्लब के गठन और उसके कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उसके बाद क्लब के संचालन के लिए क्लब के सदस्य सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। जिसमें छात्रा परवीन फात्मा स्वच्छता मंत्री, शौर्य पोषण मंत्री, नितिन कैप्टन, आर्यन अनुशासन मंत्री सहित अनेक हरित बालक व बालिकाओं को पद और कार्यभार ग्रहण कराया गया। ईको क्लब का संचालन हरित शिक्षिका श्रेया द्विवेदी ने किया। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# दिशा की बैठक में अनुपस्थित डीएचओ समेत दो अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश

▶▶ सांसद ने जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में जाना विकास कार्यों का हाल

▶▶ शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत वं सड़क संबंधी समस्या के निस्तारण के निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कलेक्ट्रेट के उदयन सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जनपद के बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की। साथ ही शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। यही नहीं, बैठक में अनुपस्थित रहे जिला उद्यान अधिकारी व मंडी सचिव अजुहा पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

समीक्षा के दौरान सांसद ने जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट की समीक्षा की। जिसमें चौरासी एवं नवावां के बीच सैनी पुलिया का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग से अनुमति प्राप्त न होने के कारण प्रगति जीरो थी। जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को जल्द से जल्द अनुमति देने की कार्यवाही कर कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जहां कहीं पर भी सड़कों के निर्माण कार्य कराया जाना है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाय। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानों से समन्वय कर इसका स्टीमेट शासन को भेजें।

उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान कहा कि आवास से सम्बन्धित जो भी सर्वे का कार्य चल रहा है, उसे पारदर्शिता एवं इमानदारी के साथ किया जाय, जिससे सभी पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विशेष सफाई अभियान चलाकर गॉवों में साफ-सफाई एवं फॉगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी एवं मण्डी सचिव, अजुहा के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में निर्मित 448 सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन कराया गया। जिसमें 444 सामुदायिक शौचालय क्रियाशील पाये गये, उन्हें स्वयं सहायता समूहों को हैण्डओवर कर दिया गया है।

सदस्यों द्वारा कई सामुदायिक शौचालयों के बंद होने एवं साफ-सफाई सही न पाये जाने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने सभी सामुदायिक शौचालयों में खुलने एवं बंद होने का समय अंकित कराने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दिये। सांसद ने जल-जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान तोडी गयी सड़क को उसी प्रकार सड़क बनाये जाने के बाद भुगतान किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यो को शीध्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ईओ से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जनता तक पहॅुचाएं तथा नगर निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं संचारी रोगों से बचाव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत जहॉ-जहॉ पर पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया है। उसकी सूची उपलब्ध करायें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि 24 घण्टे के अन्दर नया ट्रान्सफार्मर लगाया जाय। जहॉ कही पर भी बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की समस्यायें आ रहीं हो, वहॉ का सर्वे कराकर उसकी क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजकर जल्द से जल्द अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगायें जाय। सदस्यों द्वारा शिकायत की गई कि गलत तरीके से अधिक विद्युत बिल भेजकर अधिक वसूली की जा रहीं, जिससे आमजन-मानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर सांसद ने प्रत्येक माह विद्युत कैम्प लगाकर गलत विद्युत बिल के समाधान कराने के निर्देश दियें। सांसद ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन से सम्बन्धित सभी लम्बित आवेदनों को बीडीओ के माध्यम से शीघ्र सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन से सम्बन्धित किसी भी आवेदन का सत्यापन 15 दिन से अधिक लम्बित न रहने पाये, 15 दिन से अधिक लम्बित पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान पात्र सभी लोगों को लाभान्वित करने तथा आवेदनों को रजिस्टर पर अंकित कराने के निर्देश दिये। बैठक में सदस्यों द्वारा कई प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन न होने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने उच्चाधिकारियों को सूची तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद में युवक को पीटा, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** कड़ा धाम क्षेत्र के सुखधरनपुर किठांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई की। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सुखधरनपुर किठांव निवासी श्यामलाल को रविवार शाम पड़ोसियों ने बेवजह गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने श्यामलाल को बेरहमी से पीट दिया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर विपक्षी धमकाते हुए भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने घायल श्यामलाल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपी कुंवारे, रूपा पत्नी राम सिंह व जयलाल और उसकी पत्नी समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पिलर गाड़ने के विरोध में पड़ोसी ने पीटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट क्षेत्र के हिनौता गांव में पड़ोसियों ने पिलर गाड़ने के विवाद में युवक की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। हिनौता निवासी सोहनलाल का गांव के ही राममिलन से भूमि विवाद की रंजिश चली आ रही है। पीड़ित के बेटे रमेशचंद्र ने बताया कि राम मिलन अपनी पत्नी संगीता व पुत्र निखिल के साथ 26 अक्टूबर को विवादित जमीन पर पिलर गाड़ रहे थे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर पिता सोहन की पिटाई की। शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# 55 लीटर शराब के साथ महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिले के अलग-अलग क्षेत्र की पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर 55 लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिला समेत चार को गिरफ्तार किया है। कड़ाधाम पुलिस ने रविवार शाम लेहदरी खतीब गांव की श्यामदुलारी पत्नी पितईलाल को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी महिला अपने घर के समीप अवैध शराब बेच रही थी। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब भी बरामद किया गया है। इसी तरह करारी पुलिस ने सालेहपुर चौराहे के समीप से बरलहा निवासी अनिल कुमार को 15 लीटर व नेवारी गांव में छापेमारी कर पोटुआ को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी तरह पश्चिमशरीरा पुलिस ने बरौली गांव की नेकुला पत्नी श्रीपाल के कब्जे से 10 लीटर शराब बरामद किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### दुर्घटना के मामले में मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। सरायअकिल क्षेत्र के कुम्हारन का पूरा (बिरनेर) निवासी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात उसके भाई धीरेंद्र को गांव के समीप ही बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे भाई को गंभीर चोटें आई हैं। एसआरएन प्रयागराज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक के नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बहला-फुसलाकर किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

कौशाम्बी। सरायअकिल क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि पड़ोसी युवक से उसकी 15 वर्षीय बेटी का प्रेम संबंध चल रहा था। आरोप है कि 26 अक्टूबर की रात युवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। इस काम में गांव के तीन अन्य लोगों ने भी आरोपी का सहयोग किया। पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के साथ किशोरी की भी तलाश शुरू कर दी है।

### विपक्षियों ने भाइयों को बेरहमी से पीटा

कौशाम्बी। सैनी क्षेत्र के रूपनारायणपुर गोरियो निवासी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि रविवार की शाम वह अपने छोटे भाई और भाभी के साथ दो बाइक से इलाके के सौरई खुर्द गांव गया था। लौटते वक्त सौरई खुर्द के समीप उसी गांव के हनुमत, उजेश व मनीष बेवजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर भाई को भी पीटा। चीख-पुकार पर जुटे लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# राम-भरत मिलाप की लीला का किया मनमोहक मंचन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** पुरानी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला मंचन में रविवार को राम-भरत मिलाप की लीला का किया मनमोहक मंचन किया जिसे देखकर दर्शकों की आंखों में अश्रु निकलने लगे। रामलीला मंचन राम-भरत मिलाप की लीला का मंचन में अयोध्या का माहौल भगवान श्रीराम के विरह में शोकाकुल है। इस बीच महाराज दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं।अगले दृश्य में भरत और शत्रुघ्न का अयोध्या में प्रवेश होता है। राम,लक्ष्मण व सीता के वनवास व पिता दशरथ के मरण का समाचार पाकर वह दुखी हो जाते हैं। गुरू वशिष्ठ से कहते हैं कि मुझे राज्य नहीं चाहिए। मेरा कल्याण तो भैया राम की चाकरी में है भरत-शत्रुघ्न श्रीराम को मनाने के लिए निकलते हैं। अगले दृश्य में चित्रकूट का दर्शन होता है। यहां राम-सीता व लक्ष्मण के साथ



विराजमान हैं।एक भील आता है और भरत के सेना के साथ आने की जानकारी देता है। लक्ष्मण को संशय होता है, राम उन्हें समझाते हैं। इस बीच भरत पहुंचते हैं और भगवान श्रीराम को देखते ही उनसे लिपट जाते हैं।

राम-भरत मिलाप के इस मार्मिक दृश्य को देखकर सभी की आंखें भर आती हैं। भरत सहित माताएं, गुरुदेव सभी राम को मनाने की कोशिश करते हैं। वशिष्ठ कहते हैं कि आप अपनी चरणपादुका भरत को सौंप दें। जिन्हें राजगद्दी पर रखकर भरतलाल राज करेंगे। भरत श्रीराम की चरणपादुका माथे पर लगाते हैं, इस बीच पार्श्व में शीश पर खड़ाऊं आंखों में पानी, रामभक्त ले चला रे राम की निशानी...भजन बजता है। सभी भावविभोर हो जाते हैं। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष जीतू केसरवानी, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, महामंत्री उपांशु केसरवानी , अमित कुमार वर्मा, मेला संयोजक सुभाष गुप्ता सहित नगर के गणमान्य लोग सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहें।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने से ग्रामीण लामबंद, डीएम से शिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के पाता मुहल्ला में कब्रिस्तान की भूमि पर खुद को भाजपा नेता बताने वाला दबंग कब्जा कर रहा है। विरोध करने पर वह ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच कराये जाने का आश्वासन दिया है।पाता निवासी रामबाबू, श्यामबाबू, शिमला, राजकुमार, छेद्दू आदि ने दिये शिकायती पत्र में बताया कि नगर पालिका में उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान है। इस पर वर्षों से उनका कब्जा है। उसमें शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। बीते कुछ दिनों से सैनी क्षेत्र का एक दबंग खुद को भाजपा नेता बताकर जबरन कब्जा कर रहा है। विरोध करने पर 25 अक्टूबर को विपक्षियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजकुमार को लात-घूंसों से पीटा।

साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। विपक्षी की दबंगई से आहत मुहल्ले के लोग लामबंद हो गये हैं। उन्होंने सोमवार को जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। साथ ही विपक्ष पर कानूनी कार्रवाई कराये जाने की मांग की है।

# केपीएस भरवारी में नए प्रशासनिक भवन का भव्य उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कौशाम्बी प्रेसिडेंसी स्कूल में नए प्रशासनिक भवन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन का यह कार्यक्रम विद्यालय में अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भवन का उद्घाटन विशेष रूप से रिद्धि सिद्धि और देव बाबू के कर-कमलों द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहें। इस नए प्रशासनिक भवन में विद्यालय के प्रमुख कार्यालय जैसे प्रिंसिपल ऑफिस, चेयरमैन ऑफिस और अकाउंट ऑफिस को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। भवन की वास्तुकला और संरचना को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह विद्यालय के प्रबंधन और प्रशासन को अत्यधिक सुविधाजनक और प्रभावी बना सके। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन सर ने अपने संबोधन में विद्यालय के भविष्य और गुणवत्ता में इस भवन की भूमिका को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, यह भवन न केवल हमारे विद्यालय के



प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करेगा, बल्कि छात्रों और अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस नए भवन का उद्देश्य विद्यालय के प्रबंधन को बेहतर बनाने और सभी प्रशासनिक कार्यों को एक ही छत के नीचे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करना है। यह भवन विद्यालय के भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यहाँ आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षको ने भी भाग लिया।

सभी ने इस नई शुरुआत का स्वागत किया और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। इस भव्य उद्घाटन समारोह ने सभी के मन में विद्यालय की प्रगति के प्रति एक नया उत्साह उत्पन्न किया और आने वाले समय में इस प्रशासनिक भवन का महत्व विद्यालय के कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित करने में दिखाई देगा। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन की पुत्रियां रिद्धि, सिद्धि, संस्थान की वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता ,केपीएस फाउंडर देव गुप्ता, डॉयरेक्टर सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र, अकाउंटेंट विपुल पांडे , सुभाष शुक्ला,कॉर्डिनेटर नितेश सिंह,सौरभ सिंह, विकाश पांडे,वीरप्रताप सिंह,सचिन त्रिपाठी,नीरज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहें।

### छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र में किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय पास्को एक्ट ने तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है।शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे के मुताबिक कोखराज क्षेत्र की एक किशोरी 26 मई 2020 की शाम घर में मौजूद थी। परिवार के लोग खेत की तरफ गये थे। इस बीच कांकराबाद निवासी ताराचंद्र घर में घुस गया और किशोरी के साथ छेड़खानी की। शोर मचाने पर युवक भाग निकला। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश अशोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत में मुकदमे का विचारण किया गया। शासकीय अधिवक्ता ने गवाहों के बयान कोर्ट के समक्ष कराये। उभय पक्षों के तर्कों को सुनने और पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी ताराचंद्र को सजा सुनाई।

# दीप सजाओ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** दीपोत्सव पर्व के पूर्व नेवादा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय पेरई में बच्चों के बीच सोमवार को दीपोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार शिक्षक हरिओम सिंह ने हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने वाले दीप पर्व के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता में बच्चों नें मिट्टी की दियों को बहुत ही सुन्दर तरीके से सजाया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यवती देवी ने सभी बच्चों को आगामी दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी। शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने बताया कि यह त्योहार प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अर्चनाकुमारी, चक्रपाणि मिश्र, हुबलाल बर्मा, अन्नू केसरवानी, मनु शर्मा व विजेता कनौजिया सोनी गुप्ता सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### डेंगू से बचाव हेतु सचिव ने सौरई बुजुर्ग में कराया फागिंग



**सैनी, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव में डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग अभियान जारी है। सोमवार को ग्राम पंचायत सचिव विकास शर्मा ने डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग अभियान चलाया। इस दौरान पंचायत सचिव विकास शर्मा ने ग्रामीणों से घर के आसपास साफ सफाई , पुराने टायरों, बर्तनों, वाटर कूलर आदि में पानी एकत्र न करने की अपील करते हुए बताया कि डेंगू मच्छर का लार्वा ठहरे हुए पानी में पैदा होता है। अपने आसपास स्वच्छता रखकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। डेंगू की रोकथाम के लिए वृहद स्तर पर फॅगिंग अभियान चलाया जा रहा है।


लोकमित्र
• प्रतापगढ़, मंगलवार ,29 अक्टूबर 2024



## सम्पादकीय

# फॉर्मूला किस हद तक न्यूनतम

सार यह कि भारतीय आबादी का बड़ा हिस्सा आज भी गरीबी का मारा है। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है। अनेक विशेषज्ञों ने इसे अति न्यूनतम पैमाना बताया है।विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में माना है कि 2020 (यानी कोरोना काल) के बाद से भारत सहित दुनिया में गरीबी घटने की प्रक्रिया ठहर गई है। बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं। विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी- पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है। पीपीपी पर यह रकम फिलहाल लगभग 44 रुपये प्रतिदिन बैठती है। वैसे विश्व बैंक ने चूंकि भारत को मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा हुआ है, इसलिए उसका कहना है कि भारत पर चरम गरीबी का पैमाना 6.85 डॉलर प्रति दिन (पीपीपी में तकरीबन 139 रुपये) लागू होना चाहिए।इस कसौटी पर देखें, तो भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। यह संख्या 1990 में भारत में चरम गरीबी सीमा के नीचे आने वाले कुल लोगों की संख्या से ज्यादा है (तब भारत की जनसंख्या लगभग 88 करोड़ थी)। विश्व बैंक ने भारत सरकार की तरफ से हाल में जारी घरेलू उपभोग एवं खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2022-23 में अपनाए गई विधि की आलोचना की है। इस सर्वे के आधार पर सरकार ने भारत में गरीबी मिटाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति का दावा किया था। यानी कुल सार यह है कि भारत में गरीबी के मारे लोग आज भी बड़ी संख्या में हैं। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है। अनेक विशेषज्ञों ने इसे मनमाने ढंग से तैयार किया गया न्यूनतम पैमाना बताया है। अगर गौर करें कि मध्यम आय श्रेणी वाले भारत जैसे देश में रोज 139 रुपये खर्च क्षमता वाले व्यक्ति को विश्व बैंक गरीब नहीं मानता, तो समझा जा सकता है कि यह फॉर्मूला किस हद तक न्यूनतम है। आखिर इतनी रकम के साथ कोई व्यक्ति किस स्तर का उपभोग कर सकता है? बहरहाल, इस फॉर्मूले के मुताबिक भी %सबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था' की यह सूरत उभरी है, हमारे विकास की दिशा क्या है, यह खुद जाहिर हो जाता है।




# क्या भारत को पाकिस्तान से सिंध प्रान्त वापस लेना चाहिए ?



**अशोक भाटिया**

अज़ब विडम्बना है कि जब भारत के राष्ट्रगान में सिंध है तो भारत की जमीन पर भी तो सिंध होना चाहिए। जब देश का बंटवारा हुआ था तब आधा पजाब , बंगाल भारत को मिला था फिर क्यों पूरे सिंध को पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया ? यह सवाल पाकिस्तान व भारत के सिंधियों के जहन में आज भी उठता है . आज भी भारत के निवासी व पाकिस्तान के सिंध प्रान्त में रह रहे निवासी अलग सिंध देश बनाए जाने व उसे भारत में मिलाए की मांग कर रहे है । पाकिस्तान में अलग सिंधुदेश की मांग को लेकर रेलियों ने आन्दोलन का रूप ले लिया है . हालिया हुई रैली में प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई विश्व के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें नजर आई। प्रदर्शनकारियों ने सिंध प्रांत के अलग देश बनाने की मांग के मामले में विश्व के नेताओं से दखल देने की अपील की है। सिंधु देश की मांग की कहानी 1947 से जुड़ी है। भारत को आजादी मिलने के बाद सिंधु क्षेत्र पाकिस्तान में चला गया और पाकिस्तान के चार प्रांतों में से एक बन गया।बिहार के श्री हेमंत सिंह अपनी एक किताब %आओ हिंद में सिंध बनाएं' में कहते हैं कि परंतु, भारतीय इतिहास में सिंध शायद किसी मेले में उंगली से छूट कर गुमा हुआ बच्चा जैसा है, जिसके मिलने की आस आज भी हर हिंदू सिंधी अपने मन में कर रहा है। सिंध प्रांत में हिंदू सिंधियों ने तेजी से तरक्की की थी, क्योंकि सिंध का लगभग पूरा व्यापार ही हिंदू सिंधियों द्वारा किया जा रहा था। वर्ष 1947 आते-आते अल्पसंख्यक हिंदुओं के पास सिंध की 40 प्रतिशत से अधिक जमीन जमा हो गई थी। हिंदू सिंधियों को यह भी स्पष्ट तौर पर समझ में आ रहा है कि बंटवारे में उन्होंने जमीन के अलावा अपनी भाषा, साहित्य, कला, नृत्य, गीत-संगीत, तहजीब, पहनावा, खान-पान आदि कई प्रिय वस्तुएं भी खोई हैं। 5000 वर्षों से अधिक की संस्कृति के हिंदू सिंधी वारिस आज अपने आप को पूर्ण रूप से लूटा हुआ महसूस कर रहे हैं।इसी संदर्भ में अमेरिका सहित विश्व भर में रह रहे कई सिंधियों द्वारा अब यह मिलाजुला प्रयास किया जा रहा है कि सिंध को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये, इसके लिए सिंध प्रदेश में ही कई प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं जिनमें सिंध प्रांत के नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हालांकि सिंध प्रांत में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय को देखते हुए छिटपुट प्रदर्शन तो लंबे समय से लगातार हो ही रहे हैं। परंतु, अब तो इन प्रदर्शनों को वर्ल्ड सिंधी कांग्रेस, सिंधुदेश लिबरेशन आर्मी, जय सिंधु स्टूडेंट, सिंध नैशनल मूवमेंट पार्टी और सिंध के कई राष्ट्रवादी संगठनों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। अब तो यह वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मांग कर रहा है है कि सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों को पाकिस्तान से अलग कर दिया जाये। कई नागरिक तो अब सिंध प्रांत, बलूचिस्तान तथा खैबर




पख्तूनख्वा प्रांतों को भारत में मिलाने के लिए भी अपने आप को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं। दरअसल सिंधी समुदाय के लोग स्वयं को सिंधु घाटी की सभ्यता के वंशज मानते रहे हैं। सिंधी राष्ट्रवादियों का कहना है कि उनके प्रांत पर अंग्रेजों ने जबरन कब्जा किया हुआ था और वर्ष 1947 में सिंध के नागरिकों की इच्छा के विरुद्ध अवैध तरीके से सिंध प्रांत को पाकिस्तान में मिला दिया गया था।गौरतलब है कि अलग सिंधु देश की मांग 1967 से शुरू हुई जब पाकिस्तान सरकार ने यहां के निवासियों के ऊपर उर्दू भाषा थोप दी। यहां के लोगों ने इसका विरोध किया और इसके फलस्वरूप सिंधी अस्मिता का जन्म हुआ। इन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति की दुहाई दी और लोगों को एकजुट किया। इस मुहिम में सिंधी हिन्दू और सिंधी मुसलमान दोनों शामिल हुए।'सिंधु देश जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सिंधियों के लिए अलग देश। सिंधु देश एक विचार है जो पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बसे और दुनिया भर में फैले सिंधियों का एक सपना है। ये सिंधी दुनिया दूसरे एथनिक समुदायों की तरह अपने लिए एक अलग होमलैंड की मांग करते आ रहे हैं। जैसे कुर्द अपने लिए अलग देश की मांग करते हैं। यहूदी समुदाय के लोगों ने इजरायल नाम का अपना देश बनाया है।

उर्दू को पाकिस्तान की सरकारी भाषा बनाने की घोषणा के साथ ही पाकिस्तान में अलगाववाद के बीज पनपने लगे थे। लोगों पर जबरदस्ती उर्दू भाषा थोपी गई। बांग्लाभाषी बहुल पूर्वी पाकिस्तान इसी फैसले के चलते अब अलग देश बनकर बांग्लादेश के रूप में आपके सामने है। वहीं, पाकिस्तान में अगस्त, 1947 के बाद से अब तक बनी सभी सरकारों ने मानवाधिकारों को एक अलग खूंटी पर टांग दिया। बात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की हो या बलूचिस्तान या फिर सिंधु प्रांत की। पाकिस्तानी सरकारों ने इन सभी जगहों से उठने वाली आवाजों का वर्षों से दमन किया है।पाकिस्तानी फौज के बलूचिस्तान में किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट करीमा बलोच की कनाडा में हुई हत्या इसका एक ताजा उदाहरण है। फिलहाल पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सबसे ज्यादा हिंदू आबादी रहती है। पाकिस्तान की कुल हिंदू आबादी का करीब 95 फीसदी सिंध प्रांत में हैं। पाकिस्तान के उत्पीडन् से त्रस्त इन लोगों ने अब वैश्विक नेताओं से गुहार लगाई है।वहीं, प्रदर्शनकारियों के हाथ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर होने के पीछे एक बड़ी वजह है। कश्मीर की स्थिति को लेकर हुई एक सर्वदलीय बैठक में मोदी ने कहा था कि समय आ गया है, अब पाकिस्तान को विश्व के सामने बलूचिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में लोगों पर हो रहे अत्याचारों का जवाब देना होगा। मोदी के इस बयान के चलते बलोच आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी तवज्जो मिली थी। इसके बाद 2016 में भारत के 70वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से बलूचिस्तान, गिलगित और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों का आभार व्यक्त किया था।दरअसल, पीएम मोदी के बयान के बाद पाकिस्तान में जुल्मो-सितम झेल रहे इन हिस्सों के लोगों ने उनकी आवाज उठाने के लिए मोदी को सोशल मीडिया पर धन्यवाद दिया था। हाल ही में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जमसोरो जिले में जीएम सैयद के गृहनगर सान कस्बे में हुई रैली में लोगों ने आजादी के लिए नारे लगाए गए. प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान दावा सीधे तौर पर कहा- सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है। ब्रिटिश साम्राज्य ने इस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया था।अलग सिंधुदेश की मांग को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है। इन लोगों का मानना है कि पाकिस्तान ने सिंध प्रांत पर जबरन कब्जा कर रखा है। साथ ही पाकिस्तान संसाधनों का दोहन और मानवाधिकारों के जमकर उल्लंघन करताहै। जिये सिंध मुत्ताहिदा महाज़ के चेयरमैन मुहम्मद बरफात ने कहा कि हमारी संस्कृति और इतिहास पर हुए दशकों से जारी हमलों के बावजूद हमने अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाकर रखा है।पाकिस्तान के इन हिस्सों की आवाम अब खुलकर अपना विरोध दर्शा रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत की वर्तमान मोदी सरकार पर इन लोगों का भरोसा बढ़ा है। ऐसे में अलगाववादी रैली में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नजर आने से पाकिस्तान की पेशानी पर फिर सेबल पड़ सकते हैं। अब देखना यह है कि अलग सिंध देश की मांग से क्या पाकिस्तान के टुकडे होंगे? होंगे तो कितने होंगे? सिंध देश यदि अलग बन जाता है तो वहां रहने वाले सिन्धी हिन्दुओं को इसका कितना लाभ मिल सकेगा?कुछ समय पूर्व उत्तर प्रदेश के मुखे यमंत्री योगी आदिते यनाथ ने भी सिन्धु प्रान्त को वापस लेने का समर्थन किया था । उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक सिन्धी सम्मलेन सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया में कहा था कि अगर पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम %सिंधु% (सिंध प्रांत) वापस न ले पाएं. सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया (यूथ विंग) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात कही थी ।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा था कि अगर राम जन्मभूमि के लिए कुछ किया जा सकता है।जब पांच सौ वर्षों के बाद राम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है, तो कोई कारण नहीं कि हम सिंध प्रांत, जो अब पाकिस्तान में है वापस न ले पाएं । **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# अच्छी पहल है सीमाओं से सेना की वापसी



**अशोक मधुप**

भारत चीन दोनों ने दावा किया है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर के डेमचोक और देपसांग में दो टकराव बिंदुओं पर भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हुए समझौतों के अनुसार, भारतीय सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में पीछे के स्थानों पर अपने उपकरण वापस खींचना शुरू कर दिया है।ऐसा होने से पिछले चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया है। चीन ने भी ऐसा ही दावा किया है।सीमा से सेना की वापसी एक अच्छी पहल है। इससे विवाद वाले देशों में शांति होती है।विकास होता है। अब तक तनाव के दौरान सीमा और सेना पर किया जा रहा व्यय देश के विकास पर खर्च होगा। इतना सब होने पर भी चीन के रवैये को देखकर उस पर यकीन नही किया जा सकता। उसके बहुत सावधान रहने की जरूरत है। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे । सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए ।24 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन दोनों देश समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर ÷जमीनी स्थिति÷ बहाल करने के लिए आम सहमति पर पहुंच गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें ÷पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई÷ की बहाली शामिल है। रक्षा मंत्री ने संबंधों में प्रगति का श्रेय ÷निरंतर बातचीत में संलग्न होने की शक्ति को दिया, क्योंकि जल्द या बाद में, समाधान निकलेगा।बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए और आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने चीन के साथ गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई 2020 से पहले जैसी हो जाएगी।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (ऌष्ट) पर पेट्रोलिंग (गश्त) को लेकर हुए समझौता का श्रेय भारतीय सेना और कूटनीति को दिया। पूर्वी लद्दाख में देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच शुक्रवार को डिसएंगेजमेंट (सैनिक वापसी) की प्रक्रिया शुरू हुई, जो 29 अक्टूबर तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद 30-31 अक्टूबर से गश्त फिर से शुरू की जाएगी।पुणे में छात्रों के साथ संवाद करते हुए जयशंकर ने कहा कि संबंधों के सामान्य होने में अभी समय लगेगा, क्योंकि विश्वास और सहयोग को दोबारा स्थापित करना लंबी प्रक्रिया है। विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों देशों के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।जयशंकर ने कहा, ÷अगर आज हम उस मुकाम पर पहुंचे हैं, जहां हम हैं...तो इसका एक कारण यह है कि हमने अपनी जमीन पर डटे रहने और अपनी बात रखने के लिए बहुत दृढ़ प्रयास किया। सेना देश की रक्षा के लिए बहुत ही अकल्पनीय परिस्थितियों में (एलएसी पर) मौजूद थी, और सेना ने अपना काम किया और कूटनीति ने अपना काम किया।÷ उन्होंने यह भी बताया कि भारत अब पिछले एक दशक की तुलना में पांच गुना अधिक संसाधन लगा रहा है, जिससे सेना को प्रभावी ढंग से तैनात किया जा सका है।ओआरएफ में फेलो और चीन मामलों के जानकार कल्पित मणकिकर कहते हैं कि % ऐसा एक लंबी प्रक्रिया के तहत होता है। दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और दोनों देशों के विदेश मंत्री लगातार मुलाकात करते आ रहे हैं। पिछले चार सालों से बॉर्डर मुद्दों को सुलझाने को लेकर कोशिशें लगातार हो रही है। सेना के कमांडर स्तर पर बातें अलग से होती रही हैं।भारत और चीन दोनों की ओर से इस तरह की कोशिशें की जा रही थी। हालांकि अब जो दिख रहा है, उसके मद्देनजर इस तरह की कोशिशें क्या दिशा लेंगी, इसे लेकर अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में ही रहा जा सकता है।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है । अच्छा यह है कि दोनों देश मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटने पर सहमत ही नही हुए, इस प्रक्रिया के लिए कार्य भी शुरू हो गया।सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डेऌसैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है।भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है।हालाकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है।नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।एक बात और सेना की वापसी के बावजूद सीमा क्षेत्र का विकास कार्य अनवरत चलता रहना चाहिए।। सीमा पर विकास कार्य लगातार चलाए रखने होंगे । सीमा तक सेना के अवागमन को सरल करने की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए। सीमा क्षेत्र में सूचना तंत्र विकसित करने का कार्य लगातार चलना चाहिए । सीमा क्षेत्र के गांव वालों को इसके लिए शिक्षित किया जाना चाहिए कि वे दुषमन देश की गतिविधि पर नजर रखें।अपने क्षेत्र में तैनात अधिकारियों और सेना को छोटी ङ्कबड़ी सब सूचना दें। ( **लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## हेल्थ टिप्स

### सीधी सच्ची बात

ग़लत को सही साबित करना बहुत मुश्किल नहीं है रह गया अब दोस्तो,
सही को सही साबित करना मुश्किल
बहुत ही हो गया मगर अब दोस्तो।
दौरे ज़माना ऐसा आ गया है जहाँ में,
इंसान की इंसानियत की नियति भी
जानी जाने लगी उसकी बदनियत से
सच की डगर काँटे बिछे बदस्तूर हैं।
दूसरा कितना ग़लत है इसका
अंदाज़ा हर कोई लगा लेता है,
खुद कितने ग़लत हैं हम अंदाज़ा
लगा पाना मुश्किल है ऐ दोस्तों ।
बेहद सहज बात कि धोखा किसी
को भी देना ही धोखा नहीं होता है,
उसके साथ अपनापन का अभिनय
करना भी बड़ा धोखा होता है दोस्तो।
गलती करना और माफ़ी माँग लेना
गलती का सही सही उपचार नहीं है,
गलती मानकर गलती का सुधार ही
सही राह चलने का उपचार दोस्तो।
बुद्धिमानी कहती हैं जमाने में अरे ओ
रहने वालो, इंसान की इंसानियत को
सच्ची नियति के साथ पहचान लो
आदित्य जियो और जीने दो दोस्तो।




**कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य
लखनऊ**

### दिवाली मेरी होगी ऐसी

दिवाली मेरी होगी जब जन जन को हर्षाए।
सद्ज्ञान मिले सभी को, अंध भक्त के ज्ञान चक्षु खुल जाए...
हां ज्ञान विवेक जो पाए...
दिवाली मेरी होगी जब जन जन को हर्षाए।
दुर्गुण दुष्ट विहीन हो धरती,
हर घर में हो खुशी की इमरती,
रहे न असभ्यता अंधकार कहीं
कोई नफरत द्वेष दुरूह संसार नहीं,
प्रेम ज्ञान भाईचारे की गंगा जमुनी तहजीब कहाए,
दिवाली मेरी होगी जब जन जन को हर्षाए।
जन जन को हर्षाए प्रेम की रोशनी से जग मग हर घर जगमगाए,
जग मग जग मग हो चहुंदिस चौराहे
सब जगह रौशन कर जाए,
दिवाली मेरी होगी जब जन जन को हर्षाए।
कटे अमावस दुखों की
दीप जले सर्व सुखों की,
परिवार के सभी जन खुशी खुशी में
खुश होकर मुस्काए,
कटे तिमिर जग मग हो हर चौराहे,
प्रेम मर्यादा की नगरी राम राज्य कहलाए,
सभी धर्मों में मानवता ही हो,
अमानवीय कृत्यों से जन जन मुक्ति पाए
रमन प्रेम दिया जले एक हर जन के घर उजाला आए,
दिवाली मेरी होगी जब जन जन को हर्षाए।।



**बेकस रमन
गोरखपुर
उत्तर प्रदेश**




## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज आर्थिक पक्ष को मजबूत बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आज दिन भर घर की व्यवस्था और सुधार संबंधी कामों में व्यस्तता रहेगी। बच्चों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से उनमें खुशी और आत्मबल बढ़ेगा। |
| वृष | आज का दिन आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आज आपकी मानसिक और आत्मिक सुख शांति बनी रहेगी। इच्छित कार्य समय पर पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा। आज जीवन में सब कुछ होते हुए भी कुछ खालीपन सा महसूस होगा। अपने ऊपर नकारात्मकता ना हावी होने दें और स्वयं को व्यस्त रखें। |
| मिथुन | आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज परिवार में किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा वातावरण रहेगा। डिनर और मनोरंजन से रिलेटेड कोई यादगार प्रोग्राम भी बन सकता है। आज थोड़ी-सी कोशिश से आप ऊंचे पद पर पहुंच सकते हैं। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं |
| कर्क | आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फ्रूट्स खाएं। |
| सिंह | आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी किसी अनजान व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जोकि आपके लिए लाभदायक साबित होगी। आज संतान की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान देंगे। |
| कन्या | आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की समस्या हल करने में आपकी विशेष भूमिका रहेगी। इससे आपकी छवि और व्यक्तित्व में और अधिक निखार आएगा। घर की जरूरत संबंधी आवश्यकताओं को लेकर मार्केटिंग में भी समय बीत सकता है। ऑफिस के सहकर्मी के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श कर सकते है। |
| तुला | आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नये कार्यो को सीखने का करेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। |
| वश्चिक | आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपने लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनायेंगे। शुरू किये हुए कार्यों को आज ही पूरा कर लेंगें। आज आप अपने रहन-सहन में बदलाव करने की सोचेंगें जिससें आपको फायदा होगा। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उनकी आज समाज में काफी प्रशंसा होगी। परिवारिक रिश्ते बेहतर होंगे घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। |
| धनु | कई दिनों से चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में परिवार के लोगों से मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। |
| मकर | आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाए आज घर के कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद उपहार दे सकते हैं । आज कोई भी फैसला सोचङ्कसमझकर लें। |
| कुम्भ | आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा। |
| मीन | आज का दिन फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासील होगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है। |

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन,डीएम को सौंपा ज्ञापन

## ▶▶ रामधुन गाते हुये पहुंचे कांग्रेसियों ने डीएम को दिया गुलाब का फूल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में आज कांग्रेस जनों ने भारी संख्या में फूल माला व गुलाब का फूल भेंट कर जिलाधिकारी का इस बात के लिए स्वागत किया कि विगत एक वर्ष के दौरान कांग्रेस जनों ने जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जो भी ज्ञापन दिया, उन्होंने उनपर कोई कार्यवाही नहीं की। इस अनोखे स्वागत की जिले में आज चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को 18 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी कांग्रेस जन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों के अनुयायी है, इसी वजह से आज गांधी वादी तरीके से हमने अपनी बात कहने की कोशिश की है। आज सुबह से ही जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठा होने लगे थे, वहां से सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में रामधुन गाते हुए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पहुंच कर यह अनोखा स्वागत किया। इस स्वागत से नाराज होकर जिलाधिकारी महोदय ने थ्स् दर्ज कराने की धमकी भी दी।18 सूत्रीय ज्ञापन में भंगवा चुंगी से नई माल गोदाम रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने, ओवर ब्रिज न बनने से जाम की समस्या से मरीजों की मौत व महिलाओं की डिलीवरी हो जाने, इस मार्ग की सड़क पर गड्ढे होने की समस्या, गो- शालाओं में चारे के अभाव में गायों के मरने व चारा घोटाले की ओर ध्यानाकर्षण, प्रतापगढ़ नगर की सीवर समस्या व उसमे हुए घोटाले, नगर के विभिन्न वार्डों में जलभराव की समस्या, दहिलामऊ में नाले पर ढक्कन न होने से लोगों को हो रही परेशानी, दीवानी न्यायालय में बने पावर हाउस को न चलाने, जनपद में साधन सहकारी समितियों में खाद की अनुपलब्धता, छुट्टा जानवरों की समस्या, च्ॅक् की सड़कों की जर्जर हालत, जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकियों से वाटर सप्लाई न होने, स्थानीय मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों के न होने की समस्या, एक्स-रे मशीन खराब रहने, ब्ज् बंद लगने के बावजूद चालू न होने से मरीजों को हो रही परेशानी, 100 बेड के महिला अस्पताल में डिलीवरी के नाम पर 3 से 4 हजार की वसूली करने, जैसी जनहित की अनेक मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी,नगर अध्यक्ष इरफान अली,कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान,पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, राम शिरोमणी वर्मा,विजय प्रताप त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्रा, करुण पांडेय,ओम प्रकाश सरोज, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, पृथ्वी राज गौतम,सुभाष तिवारी, विवेक पांडेय,अश्वनी उपाध्याय, मो वसीम,राधेश्याम दूबे,राजमणि पांडे,फतेह बहादुर सिंह, भवानी शंकर दुबे, अशोक सिंह, प्रवीण कुमार ,प्रकाश पांडे ,बैद्यनाथ यादव ,अरबाज आलम, सक्षम पांडे ,सोनी तिवारी, सुरेश कुमार मिश्रा ,मातादीन वर्मा, नीरज पाल, मतीन अहमद ,अनवर अली, शर्मिला पांडे, सुशीला देवी चतुर्वेदी, राममिलन, राम मनोहर, मीरा देवी, रवि प्रताप सिंह, सद्दाम, सलमान खान, चंद्रनाथ शुक्ला ,प्रदीप द्विवेदी, हरीश कुमार ,राजकुमार पटेल, पुष्पराज सिंह ,मोहम्मद उस्मान ,अदनान अहमद, सुनील शुक्ला, शुभम शुक्ला, मुजम्मिल हुसैन, आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# लंका निशिचर निकरि निवासा, इहाँ कहाँ सज्जन कइ वासा

## ● लंका-दहन तथा अंगद रावण संवाद के मंचन ने मन मोहा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेरगंज- प्रतापगढ़ ।** अवध रामलीला समिति चमरूपुर सुकल के तत्वावधान में चल रही श्री रामलीला के सातवें दिन का शुभारंभ प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य सुशील कुमार द्विवेदी द्वारा माँ दुर्गा की आरती व प्रार्थना के साथ हुआ। जिसमें समिति के कलाकारों द्वारा विभीषण-हनुमान संवाद,सीता-रावण संवाद,अक्षय कुमार का मारा जाना,मेघनाथ द्वारा हनुमान को बंदी बनाकर रावण की राजसभा में लाना,हनुमान- रावण संवाद उसके पश्चात लंका दहन तथा रामादल द्वारा समुद्र पर पुल का निर्माण,विभीषण शरणागति, मंदोदरी द्वारा रावण को समझाना,रामेश्वरम स्थापना एवं अंगद-रावण संवाद का मनोहारी एवं भावपूर्ण प्रस्तुति करके दर्शकों का दिल जीत लिया।पात्रों के संवाद के बीच में दर्शकों द्वारा जय श्री राम का उद्घोष करते हुए तालियाँ बजाकर पात्रों का उत्साह पूरे समय तक बढ़ाया जाता रहा। रामलीला में अभिनय करने वाले पात्रों में प्रमुख तौर पर विभीषण-मुन्नू प्रजापति, हनुमान-राजू पांडेय,अक्षय कुमार-रोहित शुक्ला,मेघनाद- संतोष शुक्ल,रावण-राम मनोहर पाल मंत्री-भारत प्रजापति,सेनापति-मन्ना प्रजापति, राम की भूमिका में शुभम शुक्ला,लक्ष्मण-अतुल ओझा,सीता-आशीष मिश्रा-त्रिजटा-बद्री मिश्रा,सुग्रीव-आशुतोष ओझा,अंगद-शिवम पांडेय,निकुंभ-विकास पांडे,जामवंत-सत्यम गुप्ता, अनूप धुरिया,आदि पात्रों ने निर्देशक श्री विनय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व मेंअपने अभिनय से रामलीला को ऐतिहासिक बना दिया। रामलीला के दर्शकों में मुख्य रूप से रामराज पांडेय,आशुतोष शुक्ला,शिवम तिवारी,सिंटू पांडे,अमितओझा,अनुज शुक्ला,जवाहरलाल मौर्य,मेवालाल मौर्य,पुनीत मिश्रा,श्रीपति मिश्रा आ उपस्थित रहे। संचालन प्रेमनाथ पांडेय ने किया।

# करंट की चपेट में आने से सफाई कर्मी झुलसा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** महेशगंज थाना क्षेत्र के रायगढ़ गांव निवासी मोतीलाल का 55 वर्षीय बेटा रामचंद्र बाबागंज ब्लॉक के मीरापुर ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी के रूप में सेवारत है। सोमवार को वह मीरापुर इलाके के मनगढ़ ग्राम पंचायत में सफाई कर रहा था। सफाई कर कचड़ा फेंकने गया तो बगल से गुजरे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से झुलस गया। उसकी चीख सुनकर दौड़े साथियों ने उसे करंट से बचाया और उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# वीएस मेमोरियल स्कूल में दीपावली उत्सव का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** चकवंतोड़ स्थित वीएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने बच्चों को दीपावली के महत्त्व और भगवान श्री राम के अयोध्या आगमन के बारे में बताया। प्राचार्य श्रीमती जया रॉय ने बच्चों को भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र से प्रेरणा लेने और सम्मान एवं आदर का भाव बनाए रखने का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरुआत राम भजन से हुई, जिसके बाद विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विद्यालय की बालिकाओं नौना मिश्रा, परी आलम, खुशबू सरोज, रीत मौर्य, अनुष्का, अंशिका यादव और रक्षिता ओझा, प्रतिष्ठा तिवारी , सहिना कुमारी ने रंगोली बनाकर दीपावली के त्योहार को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।अंत में, बच्चों ने इस त्योहार के माध्यम से आपसी भाईचारे और समाज में खुशहाली बनाए रखने का संकल्प लिया।

# रानीगंज के भरत मिलाप में उमड़ा जनसैलाब

## ● झंकियों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मुग्ध





**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज (प्रतापगढ़)।** रविवार को रानीगंज बाजार में आयोजित भरत मिलाप में कलात्मक झंकियों के दृश्य को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। भरत मिलाप में एक से बढ़कर एक कलात्मक झंकियों ने खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत किया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग जमा थे। भरत मिलाप में डीजे की धुन पर लोग मदमस्त दिखे और लखनऊ - वाराणसी राजमार्ग पर झांकी देखने वालों की कतार लग गयी थी। प्रशासन ने रात्रि में मेला क्षेत्र में कोई वाहन घुसने नही दिया। पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी व एंटी रोमियों दल सुरक्षा ब्यवस्था की निगरानी में लगा रहा।

वंही कई समितियों एवं संस्थाओं द्वारा पंडाल लगाए गए और पंडालों पर भी आकर्षक झांकी व नृत्य प्रस्तुत किए गए। राम दल,भरत दल, हनुमान दल, शिव तांडव के साथ कृष्ण सुदामा की झंकियों ने लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। रानीगंज के जामताली चौराहा पर मीडिया मंच का आयोजन किया गया था, जिसमें शंकर पार्वती व राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गयी। मीडिया मंच पर पंहुचे रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज ओझा ने कहा कि वर्ष 2016 में प्रथम बार आयोजित इस भरत मिलाप का आयोजन मेरे द्वारा कराया गया जो निरंतर चला आ रहा है और आगे भी चलता रहेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता अलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि भरत मिलाप का यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसका समय समय पर आयोजन सराहनीय है। सुबह रानीगंज के स्टेशन रोड पर राम और भरत का मिलाप हुआ।

संरक्षक व मीडिया अध्यक्ष बच्चा मिश्रा ने मीडिया मंच पर पधारे सभी लोगों का आभार ब्यक्त किया और सामाजिक कार्यो में भागीदारी लेने वाले क्षेत्र के प्रमुख लोगों व मीडिया के साथियों को सम्मानित भी किया।

# श्री कृष्ण - रुक्मिणी विवाह का मोहक दृश्य देख श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

## ▶▶ श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर उमड़ी भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेरगंज- प्रतापगढ़ ।** ग्राम सभा - काछा शुकुलपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक पं0 विद्याभूषण जी महराज ने विभिन्न कथाओं के माध्यम से लोगों को भावविभोर कर दिया। लगातार सातवें दिन श्रद्धालुजन महराज जी के मुखारविंद से कथा का आनंद प्राप्त कर अपना सौभाग्य मान रहे हैं।

आज की कथा का मुख्य आकर्षण श्री कृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह रहा। सुदामा चरित्र का वर्णन सुन भक्तों को विशेष आनंदित होते देखा गया। सुंदर झाँकी देख भक्तों का मन बाग बाग हो गया। कथा के बीच बीच सुंदर भजन भक्तों को आनंदविभोर कर रहे थे।महराज जी ने लोगों को ऐसे आयोजन करते रहने का संदेश देते हुए कहा कि आज सनातन धर्म की रक्षा हेतु इस प्रकार के आयोजनों का महत्व और बढ़ जाता है। मुख्य यजमान के रूप में राम कृपालु सिंह और उनकी धर्मपत्नी पूर्णिमा सिंह जी रहीं। संयोजक राम बहोर सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चंद्र भूषण सिंह, वंशराज सिंह, धीरेन्द्र सिंह,राम शिरोमणि, बालेन्दु भूषण, जितेन्द्र बहादुर सिंह, भूपेंद्र सिंह , कार्तिकेय सिंह, दिव्यांश सिंह , शिवेंद्र, करुणेश सिंह आदि रहे।

# जन सहयोग से भयहरणनाथ धाम के प्रशासनिक कार्यालय का होगा जीर्णोद्धार

● भव्यता से मनाया जायेगा 25वां महाकाल महोत्सव

● भयहरणनाथ धाम में निहित स्वार्थ के लिए कोई स्थान नही प्रबन्ध समिति



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध संस्था भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान की प्रबन्ध समिति की बैठक श्री श्री रविशंकर ज्ञान मन्दिर में स्थित प्रशासनिक कार्यालय में हुई। बैठक में तय हुआ कि प्रबन्ध समिति द्वारा जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से प्रशासनिक कार्यालय का जीर्णोद्धार 15 नवम्बर से प्रारम्भ किया जायेगा। प्रबन्ध समिति सदस्यों ने स्पष्ट किया कि धाम में सार्वजनिक तथा सामाजिक धार्मिक महत्व का स्थान है यहां स्वार्थ व लोभ तथा निजी हित का कोई महत्व नही है सभी भक्त व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से ही अपनी सेवायें दें।बाबा भयहरणनाथ धाम में हुई बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह ने किया तथा संयोजन व संचालन धाम के महासचिव समाज शेखर ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में अखिल प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया। बैठक में सबसे पहले चर्चा हुई कि प्रशासनिक परिसर में स्थित कार्यालय की दशा काफी जर्जर है जिसे महाशिवरात्रि से पूर्व ठीक किया जाना नितांन्त आवश्यक है। अतिथि गण व सुरक्षाकर्मी तथा अन्य कार्य संचालन हेतु यही एक स्थान है। गहन विचारोपरान्त तय हुआ कि 15 नवम्बर से उक्त पुनीत कार्य प्रारम्भ किया जाए। जिसके क्रियान्वयन हेतु कार्यवाहक अध्यक्ष लालजी सिंह के संयोजन में उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष संगठन डा0 अमर बहादुर सिंह तथा प्रबन्ध समिति सदस्य प्रभाकर पाण्डेय व शत्रुघ्न सिंह को जिम्मेदारी दी गई। सचिव के रूप में उपाध्यक्ष वित एवं लेखा राजीव नयन मिश्र को जिम्मेदारी दी गई। समन्वय व सहयोग हेतु कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र को जिम्मेदारी दी गई। तय हुआ कि उक्त कार्य हेतु संस्था के खाते में ही सहयोग राशि ली जायेगी। जिसमें सभी सदस्य तथा क्षेत्रीय भक्त गण अपना आर्थिक व संसाधन का सहयोग कर सकेगें। महासचिव समाज शेखर को जिम्मेदारी दी गई की उक्त कार्य की नियमानुसार योजना बनाकर सार्वजनिक रूप से जनसहयोग तथा लोकभागीदारी हेतु दिशा निर्देश 30 अक्टूबर तक अवश्य जारी कर दें जिससे जन सामान्य जागरूक हो अपनी भूमिका निभा सके। उपस्थित सदस्यों ने अपनी अपनी सहयोग राशि व संसाधन का सार्वजनिक रूप से घोषित कर संकल्प व्यक्त किया।बैठक में आगामी महाशिवरात्रि के पर्व पर होने वाले 25 वें महाकाल महोत्सव के आयोजन पर चर्चा हुई। तय हुआ कि रजत जयन्ती वर्ष होने तथा कुम्भ मेला के दृष्टिगत इस बार भव्यता के साथ 25वें महाकाल महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें सरकारी तथा गैर सरकारी विभागों व स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से भव्य मेला व महोत्सव आयोजित होगा। इस सम्बन्ध में सभी पहलुओं पर सम्यक विचार करके जल्द प्रभावी कदम उठाने का निर्णय हुआ। प्रबन्ध समिति सदस्यों ने अवगत कराया कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व धाम की गतिविधियों में निरन्तर अनाधिकार प्रयास कर रहे है। जिस पर सर्वसम्मति से तय हुआ कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर पुलिस के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जाए। आवश्यकतानुसार स्थानीय समाज की भी भागीदारी की जाए। धाम की सम्पूर्ण प्राचीन व वर्तमान भूमि को राजस्व विभाग के माध्यम से भौतिक रूप से उपलब्धता हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु महासचिव को अधिकृत किया गया। वहीं कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र द्वारा बताया गया कि कुछ फर्जी संस्थाएं व व्यक्ति व व्यवसायिक संगठन धाम के नाम का अनाधिकार लाभ लेने हेतु अपना निजी बैनर धाम में मुख्य मन्दिर सहित कही भी लगा देते हैं। आपस में विवाद भी करते हैं। ऐसे में तय हुआ कि सरकारी, नगर पंचायत तथा प्रबन्ध संस्था के अलावा निजी व व्यवसायिक बैनर धाम परिसर में नही लगाए जायेगें। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में भी निर्णय हुए है। धार्मिक आयोजन के बैनर पूर्व निर्धारित स्थल पर लगेगें। नगर पंचायत तथा स्थानीय पुलिस चौकी के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं सुचारू संचालन किया जाना तय हुआ।

बैठक के अन्त में धाम से जुडे प्रमुख युवा कार्यकर्ता सूरज सिंह के आकस्मिक निधन तथा संरक्षक सेठ राजा राम अग्रहरि के निधन पर दुख प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा0 बीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष वित एवं लेखा राजीव नयन मिश्र डा0 अमर बहादुर सिंह अनिल मिश्र सोनू, डा0 बृजेश सिंह, गुरू ओम मिश्र, श्रवण सिंह, बुद्धि प्रकाश द्विवेदी, अरविन्द प्रताप सिंह, उमाकान्त पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, तेज बहादुर सिंह, शत्रुघन सिंह, यथार्थ शेखर व कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र नीरज आदि मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह से परेशान न करें -जिलाधिकारी

● जनपद में क्रय केन्द्रों पर 01 नवम्बर से धान की खरीद होगी प्रारम्भ

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान खरीद प्रशिक्षण/कार्यशाला सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में धान खरीद प्रशिक्षण/कार्यशाला सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 01 नवम्बर 2024 से धान की खरीद प्रारम्भ होगी जो 28 फरवरी 2025 तक खरीद की जायेगी। धान की खरीद प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक की जायेगी, धान क्रय केन्द्र शासकीय अवकाशों में भी खुले रहेगें। जनपद में 52 धान क्रय केन्द्र खोले गये है जिनमें खाद्य विभाग के 18, पी0सी0एफ0 के 20, पी0सी0यू0 के 13 व भारतीय खाद्य निगम के 01 सम्मिलित है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 2300 प्रति कुन्तल (कॉमन धान) एवं रूपये 2320 प्रति कुन्तल (ग्रेड ए) निर्धारित किया गया है। जनपद में धान क्रय का लक्ष्य 85000 मी0 टन निर्धारित की गयी है। दिनांक 28 अक्टूबर तक 1732 कृषकों द्वारा धान विक्रय हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा चुका है, 60 कृषकों का सत्यापन कार्य कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त धान क्रय केन्द्रों के प्रभारियों से जानकारी ली कि धान केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छनना, पंखा आदि सारे उपकरण है या नही तो बताया गया कि सभी उपकरण उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त धान क्रय केन्द्रो पर बैनर, वाल पेन्टिंग करायी जाये जिससे लोगों को धान खरीद की जानकारी मिल सके। सभी धान क्रय केन्द्रों पर बोरो की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था, किसानों हेतु पानी की उपलब्धता, बारिश से बचाव हेतु तिरपाल/पन्नी की व्यवस्था भी करा ली जाये।

केन्द्र पर धान खरीद आनलाइन टोकन व्यवस्था के अनुसार किया जाये। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि यदि क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह से परेशान किया जाता है या उन्हें लौटाया जाता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जितेन्द्र यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं धान क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# राम जन्म के साथ हुआ रामलीला का शुभारंभ

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा अंतर्गत फत्तनपुर बाजार में आदर्श रामलीला समिति द्वारा रामलीला का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन डॉक्टर के एन मिश्रा एवं कृष्णा तिवारी ने किया।रामलीला में भगवान श्रीराम जन्म का मंचन किया गया। सभी देवी-देवताओं का भगवान विष्णु के पास जाना और अपना दुख सुनाना,राजा दशरथ के दरबार में श्रृंगी ऋषि का आना,राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करना, राम, लक्ष्मण,भरत,शत्रुघ्न का जन्म होना,



सुबाहु मारीच द्वारा विश्वामित्र का यज्ञ भंग करने के दृश्य दिखाए गए। इससे पहले देवताओं ने क्षीर सागर में जाकर भगवान विष्णु से अवतरित होने की प्रार्थना की। जिसके पश्चात विश्वामित्र के कहने पर श्रृंगी ऋषि ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया और महाराजा दशरथ को पुत्र प्राप्ति का वरदान दिया। वरदान अनुसार राजा दशरथ की तीनों रानियां कौशल्या, कैकेई व सुमित्रा ने चार बच्चों को जन्म दिया। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। चारों भाइयों के जन्म पर अयोध्या में मंगल गीत और सोहर गाए गए। इस अवसर पर डॉक्टर के एन मिश्रा,अरुण सिंह, अध्यक्ष रामआसरे यादव, सामान संरक्षक सुरेश यादव, सुशील मिश्रा, रंगू तिवारी, शेखर त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# एम एम डी पब्लिक स्कूल के शिक्षकगणों का मैहर और चित्रकूट भ्रमण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** क्षेत्र के कोटिला अख्तियारी स्थित एम एम डी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकगणों ने हाल ही में एक अद्भुत और आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। इस यात्रा का उद्देश्य शिक्षकों को धार्मिक स्थलों का दर्शन कराकर उन्हें मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करना था।यात्रा की शुरुआत मध्य प्रदेश के मैहर में स्थित पवित्र माँ शारदा मंदिर से हुई। वहां सभी शिक्षकगणों ने माँ शारदा के दर्शन किया और उनके



आशीर्वाद से अपने जीवन और कर्तव्यों में समर्पण और प्रेरणा प्राप्त की। माँ शारदा की पवित्र छांव में शिक्षकगणों ने अपने मन को शांत करते हुए आत्मिक संतोष का अनुभव किया।इसके बाद सभी शिक्षक चित्रकूट पहुंचे, जहां उन्होंने कामता नाथ मंदिर में भगवान का दर्शन किया। चित्रकूट के इस पावन स्थल पर पहुंचकर सभी ने आस्था और भक्ति भाव में डूबे हुए कामता नाथ भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर का आध्यात्मिक वातावरण और चित्रकूट की प्राकृतिक सुंदरता ने सभी के मन में एक नई ऊर्जा का संचार किया।इस यात्रा से एकता, समर्पण और आध्यात्मिकता की भावना का विकास हुआ। यह यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक रही, जिससे वे अपने शिक्षकीय कार्यों को और अधिक समर्पण भाव से करने के लिए उत्साहित हुए।

# भदोही की टीम ने जीती स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल स्मारक हॉकी प्रतियोगिता

## ● खेल सर्वांगीण विकास के परिचायक - जिलाधिकारी





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के क्रीड़ा मैदान पर आयोजित स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण हाकी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन ने बाल हिट करके किया और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण एवं समापन अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल में भदोही ने पड़िलन प्रयागराज को दो-शून्य से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया जबकि बालिका वर्ग के फाइनल में भदोही ने अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ को पेनल्टी शूटआउट में तीन- एक से पराजित कर विजेता बनी। बालिका वर्ग में भदोही की खुशी राय एवं बालक वर्ग में आशीष बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुने गए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सभी टीमों के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और खेल भावना से मैच खेलें। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि किशोरों के शारीरिक, मानसिक एवं कौशल विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण हैं। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने कहा कि खेल व्यक्तिगत प्रतिभा निखारने के साथ ही टीम भावना के साथ खेला जाना चाहिए। खेल से सामाजिक समरसता एवं आपसी प्रेम बढ़ता है। जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने आयोजक निशांत शुक्ल एवं उनके सहयोगियों द्वारा आयोजित इस आयोजन की प्रशंसा की। समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल, एमडीपीजी के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे, प्रशांत देव शुक्ल, प्राची पांडे, ज्योति शुक्ला,हिमांशु शुक्ल, हरीश सिंह, आशुतोष मिश्र, शोएब अहमद, सूरज मिश्र,नीति शुक्ला आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खुर्शीद एवं जसीम ने निर्णायक की भूमिका निभाई।प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आयोजित की गई। बालकों के उद्घाटन मैच में भदोही ने पड़िलन प्रयागराज को दो- एक से पराजित किया। दूसरे मैच में अनवर हॉकी सोसाइटी ने जीआईसी प्रतापगढ़ को 3-0 से पराजित किया। तीसरा लीग मैच में पड़िलन प्रयागराज ने जीआईसी प्रतापगढ़ को 5-1 से शिकस्त दी। चौथे लीग मैच में भदोही ने अनवर हॉकी सोसाइटी को तीन-एक से पराजित किया। पांचवें लीग मैच में भदोही ने जीआईसी प्रतापगढ़ को पांच- शून्य से हराया। छठे लीग मैच में अनवर हॉकी सोसाइटी एवं पड़िलन प्रयागराज का मैच एक- एक से बराबर रहा।

# लूट के मामले में 2 वांछित अभियुक्त मोबाइल समेत गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लूट, छेड़खानी, मारपीट, धमकी देने के अभियोग में 02 वॉछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से लूट का 01 अदद मोबाइल फोन व 500रू-रूपये बरामद किया गया।थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत आरोपीगणों द्वारा वादी के पुत्री व पड़ोसी के साथ लूट, छेड़खानी, मारपीट, धमकी देने आदि आरोपों में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0- 593/24 धारा 75,115(2),309(4),351(2) बीएनएस बनाम 03 नामजद अभियुक्त व 01 अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध/अपराधियों क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह थाना कोतवाली नगर के नेतृत्व में दि0-27.10.2024 को उ0नि0 राजेश कुमार राय मय हमराह हे0का0 अजय कुमार, का0 रंजीत कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वॉछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0- 593/24 धारा 75,115(2),309(6),351(2) बीएनएस से संबंधित 02 वॉछित अभियुक्तगण 1- अनुज कुमार यादव पुत्र रामपाल यादव निवासी पूरे चकनतोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़, 2द् अनुपम ओझा पुत्र प्रेम शंकर ओझा निवासी चकनतोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को लूट के 01 अदद मोबाइल फोन व 500रू-रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(3) ठ्ठी की बढ़ोत्तरी की गयी है ।गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि साहब हम लोगों व हमारे अन्य साथियों द्वारा पूरे ओझा गांव के पास सुनसान जगह राहगीरों से मोबाइल फोन व पैसे छीने थे जो रूपये व मोबाइल फोन आज हमारे पास से मिले है। उसी घटना के है । बाकी के पैसे हमसे खर्च हो गये है ।

## बीमार पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

**कुंडा प्रतापगढ़।**समाजसेवी, रायल हाइज पब्लिक स्कूल के संस्थापक संजय जायसवाल की मां और कुशाहिलडीह ग्राम पंचायत की पूर्व प्रधान और समाज सेविका 70 वर्षीय रजवंती देवी जायसवाल काफी दिनों से बीमार थीं। लखनऊ में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी पर प्रबंधक और मृतका के बेटे रंजीत जायसवाल ने शोक में विद्यालय में अवकाश कर दिया।

# रंगोली प्रतियोगिता में सियाराम ग्रुप अव्वल



**प्रतापगढ़।** दुर्गा देवी हीरालाल डिग्री कॉलेज देल्हूपुर प् में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बीए तथा बीएससी वर्ग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर सियाराम ग्रुप द्वितीय स्थान पर मां लक्ष्मी ग्रुप तथा तीसरे स्थान पर राधे मां ग्रुप को विजेता घोषित किया गया। महाविद्यालय के तरफ से इस आयोजन पर विजेता टीम के लीडर नीति कुमार कविता विश्वकर्म और खुशी विश्वकर्मा को विजेता धनराशि तथा अन्य टीमों को सांत्वना धनराशि भी दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ प्रजापति वीरेंद्र प्रताप गुप्ता ( संस्थापक) शिक्षक एवं शिक्षिकाएं आदि लोग मौजूद रहे।

# आत्म हत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार,प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा महाराजपुर कालीदास का पुरवा में बीते रविवार को एक किशोरी की संदिग्ध दशा में फांसी के फंदे से लटकता हुई लाश के प्रकरण में अब दिन सोमवार को चले नाटकीय घटनाक्रम के पश्चात गांव के ही दो लोगों के खिलाफ किशोरी के पिता वंशीलाल सरोज की तहरीर कर बाघराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।बताते चलें कि मामले में घटना के दिन रविवार को प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रकाश में आया था,लेकिन रविवार को ही देर शाम मृत किशोरी के पिता ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ बाघराय पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि किशोरी का गांव के ही राजीव सरोज उर्फ सालू से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जोकि किशोरी से शादी करने का वादा करके लगातार एक वर्ष से उसके संपर्क में था। घटना दिन रविवार को समय लगभग 12,50 की है, प्रार्थी की पुत्री से राजीव सरोज उर्फ सालू ने शादी करने से मना कर दिया।तो प्रार्थी की पुत्री ने जान दे देने की बात कही। राजीव उर्फ सालू व उसका पिता मुकेश सरोज ने प्रार्थी की पुत्री को उकसाया, कि जाओ फांसी लगा लो मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।इन्ही दोनों के उकसाने पर प्रार्थी की पुत्री ने फांसी लगाकर जन दे दी।बताते चलें कि मृतक किशोरी के पिता वंशीलाल ने उक्त दो लोगों के विरुद्ध तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाबत बाघराय पुलिस ने प्राथी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पोस्टमार्टम से शव आने के बाद मामले में आया नाटकीय मोड़

रविवार को ही आत्महत्या के मामले ने उस वक्त नाटकीय मोड़ ले लिया जब उक्त मृत किशोरी का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। मौके पर उपस्थित भीड़ और मौजूद लोगों के बीच लड़की के परिजन भाई समेत लोग अंतिम संस्कार न करने की जिद करने लगे। उसी समय बाघराय इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौके पर दल बल के साथ पहुंचे और मृत किशोरी को समझाने का प्रयास करने लगे।लेकिन इस दौरान परिजन मानने को तैयार नजर नहीं आ रहे थे।हालांकि कुछ ही देर लगभग आधे घंटे तक चले इस नाटकीय घटना क्रम के बाद इंस्पेक्टर बाघराय प्रदीप कुमार के काफी समझाने पर उपजिलाधिकारी कुंडा को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन इंस्पेक्टर बाघराय को देने के बाद परिजन मान गए। साथ ही अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गए।मृत किशोरी के परिजनों द्वारा उपजिलाधिकारी कुंडा को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर बाघराय प्रदीप कुमार को दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री राहतकोष से पचास लाख रुपया,राजस्व टीम द्वारा कृषक बीमा सहयोग राशि रु. पांच लाख,एक शस्त्र लाइसेंस, व तत्काल स्तर से आवास योजना व अन्य सहायता राशि,की मां मांग की। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए मान गए।

# वृक्षारोपण एवं जल संचयन कार्यक्रम आयोजित



**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर गड़वारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता के तहत वृक्षारोपण एवं जल संचयन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख आशीष शुक्ल एवं डॉ. अनूप सिंह जिला पर्यावरण संयोजक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य शेषमणि ने अतिथियों को बैच लगाकर एवं श्री फल देकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ अनूप ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए हमें आगे आना होगा। उन्होंने जल ही जीवन है का संदेश देते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक लोगों को जल संरक्षण करना चाहिए।

# भन्ते सुगतानन्द जी की पुण्यतिथि आज

**प्रतापगढ़,।** जनपद में धम्म संस्थापक तत्वलीन भन्ते सुगतानन्द जी की पुण्यतिथि पर उनके तपोस्थली सुगतानन्द बुद्ध विहार में 29 अक्टूबर को शाम 4 बजे गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कनौजिया ने बताया कि पूज्य भंते सुगतानन्द जी के कृतित्व व व्यक्तित्व एवं उनके आध्यात्मिक उन्नयन में योगदान पर गोष्ठी सहित विशेष ध्यान साधना आनापानसति,बोधिपूजा का भी आयोजन किया जायेगा।जिसमें विभिन्न जनपदों से उनके श्रद्धावान शिष्य,अनुयायियों सहित जनपद के उपासक एवं उपासिकाये सहभागिता करेंगे।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय लालगंज प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शशिधर मिश्र आदि बनाम रूद्रधर मिश्र आदि
बनाम
1. रूद्रधर मिश्र उम्र 48 वर्ष 2. उमाधर मिश्र उम्र 35 वर्ष सुतगण इन्द्र नारायण मिश्र 3. राम सुमेर मिश्र उम्र 70 वर्ष सुत जनार्दन मृतक दौरान मुकदमा 3/1. शेषधर उम्र 55 वर्ष सुत राम सुमेर नि0 रामपुर कसिहा पर0 सदर तह0 लालगंज 4. बंशीधर उम्र 30 वर्ष सुत राम समुझ मिश्र नि0 रामपुर कसिहा पर0 सदर तह0 लालगंज 5. विद्याधर मृतक दौरान मुकदमा 5/1 संगीता देवी उम्र 50 पत्नी विद्याधर 5/6. हर्षित उम्र 22 वर्ष सुत विद्याधर 6. महीधर सुत राम समुझ निवासी गण रामपुर कसिहा पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 7. ग्राम प्रधान रामपुर कसिहा पर0 सदर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 01.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 01.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# गोष्ठी में अभिभावकों ने की सहभागिता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित राजाराम सरस्वती शिशुमंदिर/शिशु वाटिका/जूनियर हाई स्कूल नारायनपुर सुल्तान पुर में अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद दो यूनिट टेस्ट और अर्धवार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक के एवं विषयों के प्राप्तांक को आधार मानकर बालको का वर्गीकरण 40त्न तथा 40त्नसे 60त्न और 60त्न से ऊपर किया गया। फिर तीन चरणों में 40त्नसे कम प्राप्तांक वाले अभिभावकों को बुलाकर उन बालको को 60त्न तक पहुंचने के सुझाव और उपाय मांगे गए। इसी प्रकार 40त्नसे60त्न को 60त्नसे उन्नत करने के उपाय सुझाने का आग्रह किया गया। 60त्नसे ऊपर प्राप्तांक वालों का अनुकरण करने एवम उन अभिभावकों से अपने बच्चो को पढ़ाने की तरीके को सभी से शेयर करने का आग्रह किया।सभी अभिभावकों को अभिनंदन करते हुए प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने अपने प्रयास और डेटा को सभी अभिभावकों के समक्ष रखा।विद्यालय के प्रबंधक रबिंद्र सिंह (अधिवक्ता)ने अभिभावकों की सारी बातें ध्यान से सुनी और बालको के उच्चीकरण में विद्यालय की व्यवस्थाओं को और बाल सुलभ तथा संगणक आदि से सुसज्जित करने का आश्वासन भी दिया।अभिभावकों से वार्तालाप डायट के प्रशिक्षक डॉ अशोक वर्मा ने भी किया क्योंकि वो स्वयं भी एक अभिभावक है। वरिष्ठ आचार्य अशोक सिंह और शैलेंद्र पांडेय ने अभिभावकों से उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने में अभिभावक सहयोग की अपेक्षा की और दिए गए गृह कार्य को विधिवत निरीक्षण करने कमियों के लिए तत्काल प्रधानाचार्य जी को अवगत कराने का आग्रह किया। अन्त में आए हुए सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष नं0 14 महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 116/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शम्भू सिंह बनाम कुंवर बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. कुंवर बहादुर सिंह उम्र लगभग 77 वर्ष 2. घनश्याम सिंह उम्र लगभग 62 वर्ष सुतगण स्व0 सरजू प्रसाद सिंह निवासीगण ग्राम समोगरा पोस्ट पृथ्वीगंज तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 2024/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन लक्ष्मी नाराण पाण्डेय आदि बनाम हरखास आम आदि
बनाम
1. हरखास आम ग्राम साँड़ पोस्ट सिलौंधी पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 2. राममूरत पाण्डेय सुत कुंज बिहारी पाण्डेय निवासी ग्राम साँड़ पोस्ट सिलौंधी पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) (लापता लगभग सात वर्ष पूर्व)
तारीख पेशी 20.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 2090/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद शरीफ बनाम मोहम्मद वसीम आदि
बनाम
1. मोहम्मद वसीम उम्र 50 साल सुत अब्दुल मजीद 2. मोहम्मद बकरीदी सुत उम्र लगभग 52 साल सुत मोहम्मद आयूब साकिनान ग्राम मीरनपुर पर0 तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 3. गुलशेर अहमद उम्र लगभग 40 साल सुत मुख्तार अहमद निवासी ग्राम आलमपुर पोस्ट व पर0 व तह0 व जिला अमेठी 4. मोहम्मद सुहेल उम्र 25 साल सुत मोहम्मद वसीम निवासी ग्राम मीरनपुर 5. मोहम्मद वसीम पर0 व तह0 पट्टी पो0 ताला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# आरोग्य भारती द्वारा समारोह पूर्वक मनाई गई श्री धन्वंतरि जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषयक संगोष्ठी व नवम आयुर्वेद दिवस श्री धन्वंतरि जयंती समारोह का आयोजन आरोग्य भारती शाखा प्रतापगढ द्वारा जेल रोड स्थित आनन्द सदन में आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन व धन्वंतरि स्तवन से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष आरोग्य भारती डॉ रंगनाथ शुक्ला तथा सञ्चालन डॉक्टर अवनीश भूषण पाण्डेय जी ने किया। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ त्रिभुवन राम जी ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथि के रूप मेंपूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के शर्मा वविभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सौरभ पाण्डेय जी की गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि त्रिभुवन राम जी ने कहा कि धन्वंतरि पूजन व आयुर्वेद नवाचार के लिए कृतसंकल्प हम सभी आज यहां शपथ लें कि वैश्विक स्वास्थ्य के लिए हम सभी तन मन धन पूर्वक सतत कार्य करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ सौरभ पाण्डेय ने नास्ति मूलं नौषधम की चर्चा करते हुए कहा कि पत्ता पत्ता औषधि है। आज धन्वंतरि जयंती को सही मायने में समझ कर अपने जीवन क्रम में उतारने की आवश्यकता है। अध्यक्षीय भाषण करते हुए डॉ एस के शर्मा ने की बच्चे के जन्म से लेकर मृत्युपर्यंत चिकित्सा पद्धतियों की व्यक्ति के जीवन में महती भूमिका है। मनुष्य के जीवन में यदा कदा चिकित्सा पद्धतियों का उपयोग प्रयोग अवश्यंभावी है आवश्यकता है इन पद्धतियों को बारीकी से समझने की इन पद्धतियों में आयुर्वेद सबसे प्राचीन पद्धति है। जिसका उपयोग वैदिक काल से मिलता है। कार्यक्रम को पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी, अवनीश भूषण पाण्डेय डॉ भरत नायक डॉ सुधांशु उपाध्याय जी ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ त्रिभुवन राम आदर्श सिंह अजय क्रांतिकारी डॉ एस एस गुप्ता जी डॉ सौरभ पाण्डेय डॉ रंगनाथ शुक्ला का सारस्वत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती शाखा प्रतापगढ के पदाधिकारी व सदस्यगण के अलावा जनपद के कई गणमान्य चिकित्सक पत्रकार समाजसेवी कवि अधिवक्ता व व्यवसाई उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दो युवक घायल, गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के फूलमती गांव निवासी शत्रुघ्न सरोज का 23 वर्षीय बेटा राजमणि सरोज बाइक से जाते समय जैसे ही हाईवे पर पहुंचा, अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कालूराम का पुरवा गांव निवासी छोटेलाल का 21 वर्षीय बेटा आकाश बाइक से जाते समय वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भेजा, जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

# धान काटने की मशीन लाने गए किसान की चाकू से गोदकर हत्या

**कुंडा प्रतापगढ़-** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के दखवा पुर काशी पुर गांव न्यू आरती निवासी राम लखन उम्र 65 वर्ष पुत्र स्वर्गीय भूल्ली किसान था। इनके पास 7 बीघा खेती है। इनकी मुख्य आय कृषि है। इनके साथ बेटियां दो बेटे पत्नी अनारकली का भरण पोषण खेत के अनाज से होता है सोमवार को सुबह चाय पीकर 9ः00 बजे गांव के ही रहने वाले घर से 500 मीदूर कल्पनाथ तिवारी के पास धान कटाई की मशीन बुलाने गए थे। कल्पनाथ सुत रामसुंदर तिवारी के घर पर जब किसान पहुंचा तो मशीन खराब हुई थी। जिसे उनके बेटे रंजीत कुमार उम्र 35 वर्ष बना रहे थे। किसी बात को लेकर रंजीत कुमार राम लखन सरोज के पेट एवं गर्दन में वार



कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर परिजन भाग कर घर की तरफ दौड़े तब पता चला कि पिता को लेकर रंजीत अस्पताल गया हुआ है। इलाज के दौरान राम लखन की मौत हो गई। मौत की घटना सुनकर गांव वाले अचंभित हो गए। गांव में बवाल होने की आशंका को लेकर मौके पर थाना अध्यक्ष संग्रामगढ सत्येंद्र कुमार भदौरिया पहुंचे। सूचना पर कोतवाल लालगंज रामसूरत पहुंचे। एडिशनल एसपी संजय राय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने पहुंचकर मृतक के परिजनों से तहरीर लेकर परिजनों से बातचीत किया। पुलिस अधीक्षक ने परिवारजनों को न्याय का भरोसा दिलाया।

# साथी की मौत पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**कुंडा प्रतापगढ़।** सिविल बार एसोसिएशन कुंडा में संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। इसमें तहसील कुंडा के अधिवक्ता आलोक कुमार पटेल की मौत और प्रतापगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता अमर नाथ सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर महामंत्री घनश्याम शुक्ला, सत्यनारायण पाण्डेय, हनुमान पांडेय, दीपू श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, हरशू शरण मिश्र, शम्भूनाथ दूबे, शकील अहमद, सिद्धार्थ शुक्ल, मुकेश पाण्डेय, सदाशिव यादव, खुर्शीद आलम, रोहित, अंकित, भीम आदि मौजूद रहे।

## कुंए में गिरने से भैंस की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत हरिवंश मिश्रा के भाई रघुवंश मिश्रा के गोशाला के बगल एक कुंआ है। बीती रात रघुवंश मिश्रा की भैंस कुंए में गिर गई। जब तक लोगों को जानकारी होती और बाहर निकालने का प्रयास करते उसकी मौत हो चुकी थी। खबर मिलने पर पशु चिकित्सक ने भैंस का पोस्टमार्टम किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिवंश ने बताया कि कुंए के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक तक कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हरिवंश ने डीएम से मांग की है कि जनहित में पुराने मुंडा कुएं का निर्माण कराया जाए अथवा बंद करा दिया जाए नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जनसमस्याओं से पीड़ित है ऊँचाहार क्षेत्र की जनता-इं0 वीरेन्द्र यादव

▸▸ब्लाक दीनशाह गौरा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र के दीनशाह गौरा में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र में किसानों को डी0ए0पी0 खाद नहीं मिल रही साधन सहकारी समितियों से किसान निराश होकर लौट रहे हैं मनरेगा योजना में जाबकार्ड धारक मजदूरों को मजदूरी का भुगतान महीनों से नहीं हो पा रहा, क्षेत्र की अधिकांश सड़के क्षतिग्रस्त है, उपभोक्ताओं को बिजली के बिल बढ़ाकर दिये जा रहे है। क्षेत्र में अपराधों की भरमार है। क्षेत्र का आमजनमानस दुःखी एवं असहाय है। जिला उपाध्यक्ष डी0पी0 पाल एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी जनसमस्याओं की अनदेखी कर रहे है जनसरोकार से हटकर धन उगाही पर उतारू है। वरिष्ठ नेता ओ0पी0 यादव ने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि डा0 लोहिया ने कहा था ''जिन्दा कौमे पांच वर्ष इन्तजार नहीं करती'' उसी को चरितार्थ करते हुए क्षेत्र में बदलाव के लिए संघर्ष करना है।विधान सभा अध्यक्ष जगदेव यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ संगठन को सक्रिय कर मजबूती के साथ प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी को जिताने का हरसंभव प्रयास करना है। बैठक की अध्यक्षता जे0पी0 यादव ने किया। ब्लाक कार्यकर्ता सम्मेलन को जिला महासचिव मो0 अरशद खान, वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश पासी, मदन लाल, विन्देश्वरी पासी, वीरेन्द्र किसान, शिवनरायन प्रधान, शेर बहादुर पूर्व प्रधान, इन्द्रपाल गौतम, स्वामी महेशानन्द, महेश यादव प्रधान, राज कुमार मास्टर आदि ने सम्बोधित कर बूथ संगठन की मजबूती एवं जनसमस्याओं पर विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम में शिवेन्द्र यादव प्रधान, दिलीप कुमार प्रधान, रामशंकर प्रधान, दिनेश यादव पूर्व प्रधान, नीरज कुमार, भुल्लन यादव, जसवन्त बी0डी0सी0, जितेन्द्र नेता, गुड्डू सहित सैकडों कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2024 की आज 28.10.2024 को शुरूआत की गई। इस अवसर पर सतर्कता प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने नीतिपरक कार्य पद्धतियों को अपनाने, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देने तथा रिश्वत न लेने और न देने की नीति संहिताओं का अनुपालन करने के लिए शपथ दिलायी। इसी के साथ ही अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थल पर शपथ ग्रहण की। प्रशासनिक सभागार में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल ने ''गुणवत्ता में सुधार और सर्तकता पहलुओं '' पर एक प्रजेण्टेशन के माध्यम से समझाया कि हम किस प्रकार एक गुणवत्ता में सुधार के लिए एक लिखित योजना बना सकते हैं जिससे बड़ी आसानी से गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। इसी कड़ी में आज शॉपिंग कॉम्पलेक्स में ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।इस अवसर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र सहित उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में मिला अधेड़ का शव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेरवा मजरे मुरैनी में सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में उतराता हुआ 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। नाले में शव उतराने की सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह को दी जिसके बाद उनकी सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकल वाया गया।अधेड़ की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव कुशमहुरा के रहने वाले अंगनू पुत्र रामकिशुन के रूप में हुई।

बताते हैं कि अंगनू आज सोमवार की सुबह घर से मछली मारने की बात बता कर कटिया और झोला लेकर निकला हुआ था जिसके बाद दोपहर में उसका शव नाले में उतराते हुआ मिला आशंका जताई जा रही है, कि मछली पकड़ने के दौरान उसका पैर फिसला होगा और गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई।मामले में प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, प्रथमदृष्ट्या डूबने से अंगनू की मौत होना प्रतीत हो रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही वजह सामने आयेगी।

# डीएम ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की बैठक

## दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तकः डीईओ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त परीक्षण की गतिविधियों के संबंध में समय सारणी निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) को किया जायेगा तथा 29 अक्टूबर 2024 (मंगलवार) से 28 नवम्बर 2024 (बृहस्पतिवार) तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की अवधि निर्धारित की गई है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान की तिथियां 09 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार), 23 नवम्बर 2024 (शनिवार) एवं 24 नवम्बर 2024 (रविवार) को निर्धारित हैं। 24 दिसम्बर 2024 (मंगलवार) तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा।

विशेष अभियान की तिथि के अनुसार प्रत्येक मतदेय स्थल पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0 मतदाता सूची के साथ दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहेंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक समस्त मतदान केंद्रों पर देखने हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि समस्त मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर बी0एल0ए0 (बूथ लेवल एजेण्ट) को नियुक्त कर इसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय रायबरेली में तक उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दावे और आपत्तियों की निर्धारित सूची फॉर्म इत्यादि साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं जिसका किसी भी व्यक्ति द्वारा उनका अवलोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है तथा अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके भी मतदाता सेवाएं प्राप्त कर सकतें हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मा0 आयोग के निर्देशानुसार श्कोई भी मतदाता छूटे नाश् के क्रम में समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित ना बरती जाए।

# उज्जवला गैस योजना का उपभोक्ता उठाएं लाभ:डा.महेंद्र प्रताप सिंह




**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** भारत सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों के लिए चलाई गई निःशुल्क उज्जवला गैस योजना के तहत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक उज्जवला गैस उपभोक्ता को 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक एक गैस सिलेंडर निःशुल्क दिया जाएगा जबकि सिलेंडर लेते वक्त पहले पूरा पैसा देना होगा उसके बाद पुनः पूरी धनराशि उपभोक्ताओं के खाते में आ जाएगी। जिससे सरकार द्वारा संचालित की जा रही उज्जवला गैस योजना के लाभार्थी दीपावली के शुभ अवसर पर यह लाभ उठाएं तो वही महराजगंज स्थित अदिती इंडियन गैस एजेंसी के प्रबन्धक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को निःशुल्क एक गैस सिलेंडर सरकार द्वारा दिया जा रहा है तथा प्रत्येक उपभोक्ताओं को सूचित किया जा रहा है कि सिलेंडर लेते वक्त ई केवाईसी जरूर करवा ले जिससे कि उपभोक्ताओं को मिलने वाली धनराशि जल्द ही उनके खातों में जा सके। इस योजना का लाभ उपभोक्ता 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक उठा सकते हैं।

# आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता में आशीष और दीपिका ने मारी बाजी

## जनपद स्तरीय आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में विजयी रहे आशीष सिंह




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के 19 ब्लॉकों के दो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभगियों ने सात मिनट की समय सीमा में आईसीटी आधरित अपना प्रेजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बता दें, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) लखनऊ द्वारा प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षकों की नवाचारों को लेकर आईसीटी राज्य पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य जेपी सिंह ने कहा कि वर्तमान में सरकार का ध्यान सबसे अधिक नवाचारों और आई0सी0टी0 पर ही है और इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर शिक्षकों के साथ विभाग में भी हर्ष व्याप्त है रहता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक के शिक्षक इंटर कॉलेज के शिक्षकों के स्तर की गुणवत्ता और कौशल में दक्ष ही नहीं वरन पुरस्कार भी प्राप्त कर रहे।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर से भी दो प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में महराजगंज ब्लॉक के आशीष प्रताप सिंह और महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर जगतपुर ब्लॉक की दीपिका सिंह रही। आज जिला स्तर पर 19 ब्लॉकों और नगर क्षेत्र के आए शिक्षकों को मात देने वाले इन दोनों प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा।

# डीएवी राज्य स्तरीय बालिका खेल कूद टूर्नामेंट 2024 में तीसरे दिन भी खेलों का आयोजन रहा जारी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार में चल रहे दसवें डीएवी राज्य स्तरीय बालिका खेल कूद टूर्नामेंट 2024 के तीसरे दिन भी खेलों का आयोजन जारी रहा। मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भारतीय वॉलीबाल टीम के पूर्व कप्तान रणवीर सिंह, प्रथम महिला एनटीपीसी ऊंचाहार तरुणा छाबड़ा, फाउन्डर प्रिन्सिपल प्रताप विहार व मैनेजर आभा गंगल एवं कंचन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नॉलजी के डायरेक्टर अरुण शुक्ल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण में डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी.के. मिश्रा रणदीप सिंह के कार्यक्रम में उपस्थित होने और मार्गदर्शन करने लिए धन्यवाद दिया साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबका धन्यवाद किया और प्रधानाचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी.के. मिश्रा ने खेलो इंडिया के बारे में सबको जागरूक किया तथा बताया की 40 स्कूलों की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया हैं। तत्पश्यात विशिष्ट अतिथि की भूमिका में डीएवी प्रबंधक आभा गंगल ने स्वभाषण में सभी बालिकाओं को खेल के लिए प्रेरित किया और जीवन में खेल के महत्त्व को बताया।

जिसके बाद मुख्य अतिथि रणदीप सिंह ने अपने स्वभाषण में बताया की कोई खिलाड़ी दुनिया में ऐसा नहीं है जो कभी हारा न हो, हार जीत साथ चलेगी मगर हमको हार से घबराना नहीं हैं बल्कि हार से सबक सीखके दोबारा मेहनत करनी हैं और मंजिल को पाना है। रणदीप सिंह ने बेटा ओर बेटी के समान होने की सीख सबको सिखायी और सभी छात्राओं ओर साथ आए शिक्षकों का भी उत्साह वर्धन किया।

# प्रदेश सरकार की एण्टी भू-माफिया नीति से लाखों वास्तविक भू-मालिकों को मिला हक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भूमि प्रकृति की निःशुल्क देन है, यह सभी प्राणियों के लिए स्थानध्आवास प्रदान करती है। भूमि से सभी जीवों को भोजन मिलता है। यह लगातार पोषक तत्वों का चक्रण करती है। भूमि का उपयोग कृषि, वानिकी, खनन, यातायात के साधनों सड़कों, उद्योगों की स्थापना, सुरक्षा आदि के लिए किया जाता है। जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन, विभिन्न गैसों का उत्पादन उपभोग, जल संचयन आदि क्रियाएं भूमि पर ही होती है। इसी लिए भूमि की महत्ता सदियों से रही है।जमीन का विवाद सदियों से रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के खाने के लिए विभिन्न प्रकार के अन्न, पशुओं को चारा उत्पादन करती रही। सदियों से जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आँकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल मे रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। भूमि चाहे खेती की हो, बागवानी की हो या आवासी भूमि हो, आज भी सभी जमीन की आर्थिक महत्ता है। समाज मे हर तरह के लोग रहते है। गरीब मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे-बुरे लोग भी होते है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने पर कई दबंगों, गुण्डों, माफियाओं द्वारा गरीबों, वैधानिक भूमालिकों की जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायत आने लगी। गुण्डें भू-माफियाओं द्वारा गरीबों, कमजोर वर्गो, ग्राम समाज व सरकारी, शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों कमजोरों और ग्राम पंचायतों, शहरी जमीनों सामाजिक सम्पतियों आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में तहसील, जिलें, मण्डल एवं राज्य स्तर के चार स्तरीय एण्टी. भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी-भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में जुलाई, 2024 तक एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 3,87,195 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3,85,740 शिकायतें निस्तारित करते हुए वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया।प्रदेश में चलाए गए इस अभियान के अन्तर्गत कुल 66,040.91 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि को अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध 24,527 राजस्व वाद, 1,114 सिविल वाद व 4,727 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी हैं। प्रदेश मे 1,555 अतिक्रमण कर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमे वर्तमान में 212 भू-माफिया जेल में निरुद्ध हैं।इसके अतिरिक्त प्रदेश में 1110 अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है।

जिसमें 260 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 85 के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 323 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3,140 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।प्रदेश सरकार के एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन से लाखों वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा मिला और लोग सरकार की इस नीति से काफी खुश हैं।

# नवम्बर माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह नवम्बर 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।निर्धारित रोस्टर के अनुसार 01 नवम्बर 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड राही में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सलोन में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकासखंड शिवगढ़ में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।इसी प्रकार 08 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 लालगंज में, जिला विकास अधिकारी बछरावां में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डलमऊ में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सतांव में। 15 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 ऊँचाहार में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार सरेनी में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार हरचन्दपुर में। 22 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 डीह में, जिला विकास अधिकारी जगतपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार अमावां में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार छतोह में। 29 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 वि0ख0 दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी वि0ख0 शिवगढ़ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार वि0ख0 खीरों एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार वि0ख0 लालगंज में के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश सिंह और चंदन त्रिवेदी को मंडल अध्यक्ष ने बनाया सक्रिय सदस्य



**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह और मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी भी भारतीय जनता पार्टी जैसी विश्व की विशालतम संख्या वाली पार्टी के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। भाजपा नेताओं ने कार्यालय पहुंचकर मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल से सक्रिय सदस्यता ग्रहण की है। बताते चले कि चंदन त्रिवेदी और उमेश सिंह का परिवार कई पीढ़ियों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा है। समाज सेवा के क्षेत्र में दोनों भाजपा नेताओं का अपना एक स्थान है। उमेश सिंह खड़गपुर सौताना के प्रधान रह चुके हैं और समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं। वही चंदन त्रिवेदी भी ऐहार क्षेत्र में समाज सेवा और धार्मिक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।सक्रिय सदस्य बनने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाली पार्टी है। भाजपा के लिए सत्ता सुख के लिए नहीं सेवा का आधार है। दोनों भाजपा नेताओं के सक्रिय सदस्य बनने पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, अनुज अवस्थी, कीर्ति मनोहर शुक्ला, विकास तिवारी,अवनीश पांडे अभिषेक सिंह आदि खुशी जताई है।

# चंद्रशेखर मेमोरियल विद्यालय में संस्कृत ज्ञान परीक्षा हुई आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सोमवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।परीक्षा में कुल दो हजार चार सौ चौबीस छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।संपूर्ण जनपद में सबसे अधिक संख्या में इसी विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कुल चौबीस सौ चौबीस विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। श्री शुक्ल ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा युग निर्माण योजना का महत्वपूर्ण घटक है ।भावी पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति के प्रति आदर्श बनाना है! जिला परीक्षा पर्यवेक्षक शीतला गुप्ता, शिवाकांत गुप्ता, कृतंजय,हीरालाल,मोहन सिंह,अंबिका सिंह की देख रेख में परीक्षा संपन्न हुई। पर्यवेक्षक शीतला गुप्ता ने विद्यालय के बेहतर अनुशासन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करना है तथा प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी तैयार करना है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने के लिए परीक्षा की अगुवाई कर रहे गायत्री परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी और आभार ज्ञापित किया।परीक्षा सकुशल संपन्न कराने में विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं व सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेउट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान के शिकायतकर्ता मनोज कुमार निवासी ढेहराना, थाना कोतवाली देहात ने शिकायत किया कि हमारे पड़ोसी बब्लू, जितेन्द्र, रामशिरोमणि ने एक राय होकर चकमार्ग को कब्जा कर लिये है जिससे ग्रामवासियों को चकमार्ग से आने जाने में असुविधा होती है, जबकि चकमार्ग की तीन बार पैमाइश राजस्व अधिकारी द्वारा की गयी है फिर भी खाली नही कर रहे है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया है कि चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त करायें।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें।

## जनता दर्शन के दौरान भारी अव्यवस्था फैलाने व कार्य बाधित करने पर कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी को दी गयी नोटिस

**प्रतापगढ़।** आज दिनांक 28.10.2024 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी (एडवोकेट) के द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ ज्ञापन देने जनता दर्शन में घूस आये और टेबल के बगल में कई समर्थकों के साथ जनसुनवाई में व्यवधान उत्पन्न करने लगे,



जबकि इस दौरान पहले से 50 से अधिक शिकायतकर्ता और अधिकारीगण मौजूद थे। ज्ञापन के सम्बन्ध में पूर्व से कोई सूचना प्रशासन को नही दी गयी थी जबकि ज्ञापन निर्धारित स्थल पर नामित अधिकारी द्वारा लिया जाता है। इस प्रकरण पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को नोटिस निर्गत करते हुये जवाब मांगा गया है।

## कुएं में गिरी नीलगाय, फायर कर्मियों ने सकुशल बाहर निकाला



**पट्टी प्रतापगढ़।** क्षेत्र के लखीपुर कपसा गांव में अचानक एक नीलगाय गांव के ही एक व्यक्ति के कुएं में गिर गई। ग्रामीणों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन वह बाहर नहीं निकाल पाए। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने उसे सकुशल बाहर निकाला। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लखीपुर कप्सा गांव निवासी दिनेश सिंह पुत्र स्वर्गीय अखंड प्रताप सिंह के कुएं में सोमवार को दिन में 1रू00 बजे के आसपास अचानक एक नीलगाय गिर गई। ग्रामीणों ने उसे निकालने का घंटो प्रयास किया लेकिन वह नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने तुरंत ही मामले की सूचना फायर सर्विस यूनिट पट्टी को दी। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट पट्टी की टीम ने ट्रैक्टर की मदद से नीलगाय को सकुशल बाहर निकाल लिया।

# पिकप की टक्कर से अधेड़ घायल

**दिलीपपुर**-प्रतापगढ़ कोतवाली देहात थाना अन्तर्गत पृथ्वीगंज बाजार के समीप पीछे से आ रही पिक अप ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पड़ान बस्ती निवासी कमलेश पाण्डेय (52) पुत्र इन्द्र जीत किसी कार्य से रानीगंज गए थे। वहां से वापस घर आ रहे थे। रास्ते में पृथ्वीगंज बाजार के समीप तेज रफ्तार से पीछे आ रही पिकप ने जोर-दार टक्कर मार दिया। जिससे कमलेश बाइक समेत पलट गए।उनका दायां पैर टूट गया और शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं। सूचना पाकर परिजनों के साथ ही एम्बूलेंस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और फौरन जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया।

## ईपीएफओ खाताधारकों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

**प्रतापगढ़।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन प्रयागराज की ओर से सोमवार 28 अक्टूबर को निधि आपके निकट 2.ह शिविर का आयोजन न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटरा रोड में हुआ। इसमें ईपीएफओ खाताधारक जीवन प्रमाणपत्र का अपडेशन, केवाईसी और पीएफ दावों से जुड़ी जानकारी, पेंशन पोर्टल जागरूकता समेत अन्य समस्याओं का निस्तारण किया गया। यह आयोजन सहायक आयुक्त अक्षय भार्गव के निर्देश पर हुआ।प्रतापगढ़ जिले में स्थित यूपी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त बहुत सारे विद्यालयों की समस्याओं का समाधान प्रयागराज से आए प्रवर्तन अधिकारी बीआर पटेल तथा मणिकांत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का यह प्रयास कि उपभोक्ताओं को क्षेत्रीय कार्यालय बुलाने के बजाय स्वयं उनके घर पर जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार सोनी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा

**प्रतापगढ़** – जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए सुनील उर्फ टकलू निवासी सण्डौरा थाना रानीगंज को आजीवन कारावास तथा □20000 अर्थदंड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा तथा एडीजीसी विक्रम सिंह ने की। इसी मुकदमे में अन्य आरोपीगण राजेंद्र कुमार ,नंदलाल ,तथा अजय देवगन को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। वादी मुकदमा पुत्तू लाल निवासी सण्डौरा थाना रानीगंज के अनुसार उसके बड़े भाई फूलचंद विगत 27 जून 2020 को सुबह 6ः00 बजे अपनी टूटी हुई लैट्रिन की पाइप को बदल रहे थे। तभी पड़ोस के नंदलाल , रामकुमार और राजेंद्र सुतगण माताफेर व सुनील उर्फ टकलू तथा अजय ने एक राय होकर प्रार्थी के भाई को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से व लाठी डंडे से अचानक पीछे से हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी के बड़े भाई फूलचंद को गंभीर चोटे आई। उसे जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया तथा उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। सर में चोट होने के कारण उसके भाई को होश ही नहीं आ रहा था। सर में चोट गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। विगत 29 जून 2020 को दौरान इलाज उसकी मृत्यु हो गई। विवेचना के उपरांत विवेचक ने अभियुक्त नंदलाल राजेंद्र कुमार सुनील उर्फ टकलू तथा अजय देवगन के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया। राज्य की ओर से 10 गवाहों के माध्यम से 18 प्रदर्शों को साबित कराया गया।

## बाइक की डिग्गी तोड़कर तीन लाख रुपये की चोरी

**रखहा,** । बैंक से तीन लाख रुपये निकाल कर आ रहे युवक ने रखहा बाजार में बाइक खड़ी करके नाश्ता करने लगा, इसी दौरान चोरों ने बाइक की डिग्गी तोड़कर अंदर रखे तीन लाख रुपये निकाल लिये तथा फरार हो गये। पीड़ित नाश्ता करके जब बाइक के पास पहुंचा तो डिग्गी टूटी हुई थी तथा रुपया गायब था । मौके पर पहुंची पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से चोरों का पता लगाने में जुट गई । दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे बेनी रामपुर गांव का निवासी रामलाल पाल प्रतापगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक से तीन लाख रुपये निकाल कर बाइक की डिग्गी में रखकर आ रहा था । सोमवार की शाम करीब 5ः30 बजे वह कन्धई थाना क्षेत्र की रखहा बाजार में बाइक खड़ी करके नाश्ता करने लगा । इसी दौरान पीछे लगे चोरों ने बाइक की डिग्गी तोड़कर तीन लाख रुपये निकाल लिये तथा फरार हो गये । रामलाल पाल नाश्ता करने के बाद जब बाइक के पास पहुंचा तो डिग्गी टूटी हुई थी तथा रुपये गायब था यह देखकर उसका होश उड़ गया । घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से चोरों का पता लगाने में जुट गई ।

## वयोवृद्ध व्यापारी के निधन पर शोक की लहर

**बिहार/ प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के सुन्दरगंज बाजार बाघराय निवासी रामसजीवन पाल उम्र लगभग 80 वर्ष किराना व्यापारी व शिवमन्दिर के प्रमुख पुजारी का बीमारी के चलते प्रयाग हार्ट केयर प्रयागराज अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही बाघराय क्षेत्र के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई।इस बाबत क्षेत्र के लोगों व व्यापारियों ने गहरा दुख प्रकट किया। रामसजीवन पाल बेहद मृदुल स्वभाव व सभी लोगों के लिए लोकप्रिय थे। हमेशा समाजसेवा व धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों को सम्पन्न करवाने में बाघराय में महती भूमिका निभाते थे।घटना के बाबत उनके बड़े पुत्र दिलीप पाल ने बताया कि अंतिम संस्कार आज मंगलवार को दिन में साढ़े दस बजे के करीब श्रृंगवेरपुर घाट पर किया जाएगा।

# मिशन शक्ति में प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक बनी प्रशिक्षु ईशिता

● सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने को एक दिन के लिए चयन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**उत्तर प्रदेश मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालय, कांपा मधुपुर बाबा बेलखरनाथ धाम में सोमवार को मेधावी छात्रा एवं डी एल एड प्रशिक्षु को एक दिन के लिए सांकेतिक तौर पर प्रधानाध्यापक पद का दायित्व दिया गया। प्रशिक्षु शिक्षिका ईशिता मिश्रा पुत्री इन्द्राकर मिश्र, आचार्य सदाशिव शिक्षण संस्थान- खरहर, पृथ्वीगंज में डी0 एल0 एड0 छात्रा है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ, जिलाध्यक्ष डा0विनोद त्रिपाठी ने विधिवत ईशिता मिश्रा को मिशन शक्ति के तहत वनडे हेडमास्टर पर कार्यभार ग्रहण कराया तथा छात्रा यशी यादव ने बैज लगाकर



स्वागत किया। बता दे कि मेधावी छात्राओं को प्रशासनिक कार्यो और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए उन्हें एक दिन का अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में 100 छात्राओं को नियुक्त किये जाने का लक्ष्य है। इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए प्र0अ0 ईशिता ने कहा कि आप सभी रोचक ढंग से शिक्षण कार्य करें। जिससे निपुण असेसमेंट टेस्ट और नेशनल अचीवमेंट सर्वे में ब्लॉक का अच्छा स्थान रहे। छात्राओं ने माल्यार्पण करके ईशिता का स्वागत किया।

प्रभारी हेडमास्टर राजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बल देने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश की परिषदीय विद्यालयों एवं डी0 एल0 एड0 की छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है।

विघालय की छात्राओं में निपुण लक्ष्य हासिल चांदनी सरोज, खुशी, रिंकी यादव, वर्षा वर्मा, मानसी, आराध्या पाण्डेय, अनन्या, राधिका और परी मौर्य को पुरस्कार दिया गया।

# आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता में आशीष और दीपिका ने मारी बाजी

## जनपद स्तरीय आईसीटी पुरस्कार प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में विजयी रहे आशीष सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के 19 ब्लॉकों के दो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभगियों ने सात मिनट की समय सीमा में आईसीटी आधरित अपना प्रेजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बता दें, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) लखनऊ द्वारा प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट कॉलेज के शिक्षकों की नवाचारों को लेकर आईसीटी राज्य पुरस्कार के




लिए जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य जेपी सिंह ने कहा कि वर्तमान में सरकार का ध्यान सबसे अधिक नवाचारों और आई0सी0टी0 पर ही है और इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर शिक्षकों के साथ विभाग में भी हर्ष व्याप्त है रहता है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक के शिक्षक इंटर कॉलेज के शिक्षकों के स्तर की गुणवत्ता और कौशल में दक्ष ही नहीं वरन पुरस्कार भी प्राप्त कर रहे।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर से भी दो प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में महराजगंज ब्लॉक के आशीष प्रताप सिंह और महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर जगतपुर ब्लॉक की दीपिका सिंह रही। आज जिला स्तर पर 19 ब्लॉकों और नगर क्षेत्र के आए शिक्षकों को मात देने वाले इन दोनों प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा।

# डीएवी राज्य स्तरीय बालिका खेल कूद टूर्नामेंट 2024 में तीसरे दिन भी खेलों का आयोजन रहा जारी

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार में चल रहे दसवें डीएवी राज्य स्तरीय बालिका खेल कूद टूर्नामेंट 2024 के तीसरे दिन भी खेलों का आयोजन जारी रहा। मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भारतीय वॉलीबाल टीम के पूर्व कप्तान रणवीर सिंह, प्रथम महिला एनटीपीसी ऊंचाहार तरुणा छाबड़ा, फाउन्डर प्रिन्सिपल प्रताप विहार व मैनेजर आभा गंगल एवं कंचन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नॉलजी के डायरेक्टर अरुण शुक्ल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण में डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी ऊंचाहार विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी.के. मिश्रा रणदीप सिंह के कार्यक्रम में




उपस्थित होने और मार्गदर्शन करने लिए धन्यवाद दिया साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबका धन्यवाद किया और प्रधानाचार्य एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. डी.के. मिश्रा ने खेलों इंडिया के बारे में सबको जागरूक किया तथा बताया की 40 स्कूलों की छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया हैं। तत्पश्यात विशिष्ट अतिथि की भूमिका में डीएवी प्रबंधक आभा गंगल ने स्वभाषण में सभी बालिकाओं को खेल के लिए प्रेरित किया और जीवन में खेल के महत्त्व को बताया।

जिसके बाद मुख्य अतिथि रणदीप सिंह ने अपने स्वभाषण में बताया की कोई खिलाड़ी दुनिया में ऐसा नहीं है जो कभी हारा न हो, हार जीत साथ चलेगी मगर हमको हार से घबराना नहीं हैं बल्कि हार से सबक सीखके दोबारा मेहनत करनी हैं और मंजिल को पाना है। रणदीप सिंह ने बेटा ओर बेटी के समान होने की सीख सबको सिखायी और सभी छात्राओं ओर साथ आए शिक्षकों का भी उत्साह वर्धन किया।

# प्रदेश सरकार की एण्टी भू-माफिया नीति से लाखों वास्तविक भू-मालिकों को मिला हक

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भूमि प्रकृति की निःशुल्क देन है, यह सभी प्राणियों के लिए स्थानध्आवास प्रदान करती है। भूमि से सभी जीवों को भोजन मिलता है। यह लगातार पोषक तत्वों का चक्रण करती है। भूमि का उपयोग कृषि, वानिकी, खनन, यातायात के साधनों सड़कों, उद्योगों की स्थापना, सुरक्षा आदि के लिए किया जाता है। जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन, विभिन्न गैसों का उत्पादन उपभोग, जल संचयन आदि क्रियाएं भूमि पर ही होती है। इसी लिए भूमि की महत्ता सदियों से रही है।जमीन का विवाद सदियों से रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के खाने के लिए विभिन्न प्रकार के अन्न, पशुओं को चारा उत्पादन करती रही। सदियों से जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आँकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल मे रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। भूमि चाहे खेती की हो, बागवानी की हो या आवासी भूमि हो, आज भी सभी जमीन की आर्थिक महत्ता है। समाज मे हर तरह के लोग रहते है। गरीब मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे-बुरे लोग भी होते है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने पर कई दबंगों, गुण्डों, माफिआओं द्वारा गरीबों, वैधानिक भूमालिकों की जमीनों पर अवैध कब्जों की शिकायत आने लगी। गुण्डें भू-माफिआओं द्वारा गरीबों, कमजोर वर्गो, ग्राम समाज व सरकारी, शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारों एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों कमजोरों और ग्राम पंचायतों, शहरी जमीनों सामाजिक सम्पतियों आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में तहसील, जिलें, मण्डल एवं राज्य स्तर के चार स्तरीय एण्टी. भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी-भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में जुलाई, 2024 तक एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 3,87,195 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 3,85,740 शिकायतें निस्तारित करते हुए वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा दिलाया गया।प्रदेश में चलाए गए इस अभियान के अन्तर्गत कुल 66,040.91 हेक्टेयर क्षेत्रफल की भूमि को अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है। इस अभियान के अन्तर्गत अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध 24,527 राजस्व वाद, 1,114 सिविल वाद व 4,727 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी हैं। प्रदेश मे 1,555 अतिक्रमण कर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमे वर्तमान में 212 भू-माफिया जेल में निरुद्ध हैं।इसके अतिरिक्त प्रदेश में 1110 अतिक्रमण कर्ताओं के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत कार्रवाई की गई है। जिसमें 260 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 85 के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 323 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3,140 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।प्रदेश सरकार के एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स के गठन से लाखों वैधानिक भू-मालिकों को उनकी भूमि पर कब्जा मिला और लोग सरकार की इस नीति से काफी खुश हैं।

# नवम्बर माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह नवम्बर 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।निर्धारित रोस्टर के अनुसार 01 नवम्बर 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड राही में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड सलोन में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकासखंड शिवगढ़ में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।इसी प्रकार 08 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 लालगंज में, जिला विकास अधिकारी बछरावां में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डलमऊ में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सतांव में। 15 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 ऊँचाहार में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार सरेनी में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार हरचन्दपुर में। 22 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 डीह में, जिला विकास अधिकारी जगतपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार अमावां में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार छतोह में। 29 नवम्बर को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 वि0ख0 दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी वि0ख0 शिवगढ़ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार वि0ख0 खीरों एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार वि0ख0 लालगंज में के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश सिंह और चंदन त्रिवेदी को मंडल अध्यक्ष ने बनाया सक्रिय सदस्य



**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह और मंडल अध्यक्ष चंदन त्रिवेदी भी भारतीय जनता पार्टी जैसी विश्व की विशालतम संख्या वाली पार्टी के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। भाजपा नेताओं ने कार्यालय पहुंचकर मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल से सक्रिय सदस्यता ग्रहण की है। बताते चले कि चंदन त्रिवेदी और उमेश सिंह का परिवार कई पीढ़ियों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा है। समाज सेवा के क्षेत्र में दोनों भाजपा नेताओं का अपना एक स्थान है। उमेश सिंह खड़गपुर सौताना के प्रधान रह चुके हैं और समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं। वही चंदन त्रिवेदी भी ऐहार क्षेत्र में समाज सेवा और धार्मिक कार्यो के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।सक्रिय सदस्य बनने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाली पार्टी है। भाजपा के लिए सत्ता सुख के लिए नहीं सेवा का आधार है। दोनों भाजपा नेताओं के सक्रिय सदस्य बनने पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, अनुज अवस्थी, कीर्ति मनोहर शुक्ला, विकास तिवारी,अवनीश पांडे अभिषेक सिंह आदि खुशी जताई है।

# चंद्रशेखर मेमोरियल विद्यालय में संस्कृत ज्ञान परीक्षा हुई आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज रायबरेली।** सोमवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।परीक्षा में कुल दो हजार चार सौ चौबीस छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।संपूर्ण जनपद में सबसे अधिक संख्या में इसी विद्यालय के विद्यार्थियों ने परीक्षा



में प्रतिभाग किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कुल चौबीस सौ चौबीस विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। श्री शुक्ल ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा युग निर्माण योजना का महत्वपूर्ण घटक है ।भावी पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति के प्रति आदर्श बनाना है! जिला परीक्षा पर्यवेक्षक शीतला गुप्ता, शिवाकांत गुप्ता, कृतंजय,हीरालाल,मोहन सिंह,अंबिका सिंह की देख रेख में परीक्षा संपन्न हुई। पर्यवेक्षक शीतला गुप्ता ने विद्यालय के बेहतर अनुशासन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करना है तथा प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी तैयार करना है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीपप्रकाश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने के लिए परीक्षा की अगुवाई कर रहे गायत्री परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी और आभार ज्ञापित किया।परीक्षा सकुशल संपन्न कराने में विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं व सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

न्यूज डायरी

## दो अवैध कछुआ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 14 कछुआ बरामद, कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौपा

**नैनी ( प्रयागराज )।** छिवकी जीआरपी पुलिस टीम ने सोमवार को गस्त के दौरान हावड़ा इंड पर दो लोगों को संदिग्ध पकड़ लिया। उनके कब्जे से दुर्लभ प्रजाति के 14 अदद अवैध कछुआ बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए वन विभाग को सौंप दिया।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को जीआरपी छिवकी चौकी इंचार्ज राजीव कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ गस्त के दौरान हावड़ा इंड पर दो लोगों को संदिग्ध पकड़ लिया। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से चार बैग एवं एक झोले में रखें दुर्लभ प्रजाति के 14 अदद अवैध कछुआ बरामद किया गया। जिसकी कीमत तकरीबन 3 लाख 50 हजार रुपए बताया गया । पकड़े गए दोनों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम अच्छे पुत्र लखन और गोविंद पुत्र पवन निवासीगण ग्राम महेसुआ थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर बताया। पकड़े गए दोनों ने अपने बयान में बताया, कि वह लोग गंगा नदी से कछुआ को पकड़कर रेलवे स्टेशनों व चलती ट्रेनों में बैठकर कोलकाता ले जाकर महंगे दामों में बेच दिया जाता है। उससे प्राप्त पैसों से अपने ऐशो आराम व नशा पत्ती का शौक पूरा करते हैं। जीआरपी पुलिस ने पकड़े गए दोनों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए वन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर सौंप दिया।राजकीय औद्योगिक

## प्रशिक्षण संस्थान नैनी में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**नैनी ( प्रयागराज )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय पार्षद दिलीप कुमार जायसवाल ने अपनी गरिमामई उपस्थित देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया। संस्थान के प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया, कि संस्थान में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिए जाते हैं और उन प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा मे सम्मिलित कराया जाता है। उत्तीर्ण हुए ऐसे लगभग सौ प्रशिक्षार्थियों को प्रसस्ति पत्र प्राप्त हुए और अन्य प्रशिक्षार्थियों को प्रेरणा भी देते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य अतिथि पीयूष रंजन निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की उपयोगिता का बखान किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटरा के प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की अनुदेशिका श्रीमती ज्योति पांडेय ने किया। इस अवसर पर मुस्तफ़ीज़ सिद्दीकी ,अशोक पटेल, राकेश शर्मा ,अजय कुमार , अमृत लाल गुप्ता, फूलप्रकाश ,श्रीमती नगीना सिंह, श्रीमती आकांशा जायसवाल , श्रीमती सुशीला एवं संस्थान के समस्त कर्मचारी एकजुट होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया।

## ट्रेन की टक्कर लगने से युवक की मौत

**नैनी ( प्रयागराज )।** दुबराजपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रविवार की रात ट्रेन की टक्कर लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी छिवकी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।
मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात में तकरीबन 10~30 बजे दुबराजपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन की टक्कर लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। परिजनों के द्वारा मृतक की पहिचान अविनाश चंद्र गौड़ (55) वर्षीय पुत्र स्वर्गीय फूल चंद्र निवासी कुखुड़ी थाना कौंधियारा के रूप में की गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची छिवकी जीआरपी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्वाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

## कांग्रेस ने बागी प्रत्याशी को छह साल के लिए किया बाहर

**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के खिलाफ पर्चा दाखिल करने के मामले में कांग्रेस ने पार्टी के गंगापार अध्यक्ष सुरेशचंद्र यादव को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। सुरेश को तीन दिन पहले पदमुक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उनसे 25 अक्तूबर तक जवाब मांगा गया था। निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद जवाब न मिलने पर कांग्रेस अनुशासन समिति ने सुरेश को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।
उप चुनाव में फूलपुर विधानसभा की सीट समझौते के तहत सपा के खाते में गई है। सपा ने यहां से पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी को प्रत्याशी बनाया है। मुज्तबा ने अपना पर्चा भी दाखिल कर दिया है। इसके विपरीत पार्टी से बगावत करते हुए सुरेश ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी पर्चा दाखिल कर दिया है। साथ ही मीडिया के सामने कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ बयानबाजी की और कांग्रेस को गिरवी रखने का बयान दिया।

## रोशनी से जगमगा उठा नॉर्दन फुटबॉल अकादमी



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के झलवा शाखा विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा में दिवाली मैदान पूजा का भव्य आयोजन किया गया।अकादमी के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने फुटबॉल मैदान पर 1300 मोमबत्तियों से मैदान को सजाया एवं प्रज्वलित किया।
अकादमी की मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार मैदान पूजा में गणेश लक्ष्मी जी की पूजा एवं फुटबॉल मैदान पर 1300 मोमबत्तियों से मैदान को सजाया जायेगा।वनॉर्दन फुटबॉल अकादमी की स्थापना जनवरी 2015 में हुई और तब से अब तक प्रत्येक वर्ष अकादमी के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकगण दिवाली पर मैदान पूजा करते आ रहे है।

## प्रयागराज छिवकी में यात्री सुविधाओं एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** आज वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग, हिमांशु शुक्ला ने महाकुंभ-2025 एवं त्योहार के सीजन के दृष्टिगत अतिरिक्त यात्री सुविधाओं एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं, रेल यात्रियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रयागराज मण्डल की टीम के साथ प्रयागराज छिवकी स्टेशन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक, दिनेश कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, अनिल कुमार गुप्ता एवं निरीक्षक, पर्यवेक्षक भी उनके साथ रहे। निरीक्षण दौरान उन्होंने दिवाली, छठ एवं कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत यात्रियों के सुगम यात्रा के लिए विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिए। यात्रियों की सुगम यात्रा और समस्याओं के त्वरित निदान व निगरानी के लिए प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अधिकारियों एवं वाणिज्य निरीक्षकों की आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अतिरिक्त बुकिंग पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे त्योहार के दौरान यात्रियों की भीड़ का आकलन करें। भीड़ पर सतर्क निगरानी रखें तथा भीड़ होने पर तुरंत त्वरित रूप से अतिरिक्त काउंटर खुलवाकर भीड़ को नियंत्रित करें।

# कोशिश हो कि प्रत्येक घर में दीप जले-रुचि तिवारी

### शिवसेना प्रदेश सचिव ने गरीब बस्तियों में बांटी मिठाई और उपहार, कहा, जनसेवा की यह मुहिम आगे भी रहेगी जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों की गरीब बस्तियों में दीपावली पर्व के लिए मिठाई,पटाखे व उपहार बांटकर उनकी खुशियां बढ़ाई हैं।उंन्होने कहा कि हमारी दीपावली तब होगी जब हर हिन्दू के घर दीप जलेंगे और बच्चे पटाखे बजाकर विजय पर्व खुशी मनाएंगे।
शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि किसी पर्व पर मुसहर, आदिवासी बस्तियों में स्वयं जाकर मन को असीम खुशी मिलती है। यह खुशी तब और बढ़ जाती है जब बस्ती के बच्चे पटाखे व मिठाई पाकर खुशी से झूमने लगते हैं। उन्होंने कहा कि



विभिन्न पर्वों पर हम गरीबों के बीच, यह पहली बार नही आए है।यह संकल्प वर्षों पूर्व मैंने उस वक्त लिया था,जब मैं जेवनियाँ ग्राम पंचायत की प्रधान थी।प्रधान के रूप में हमने गांव के मुसहर बस्ती में दीपोत्सव पर पर मिठाई व अन्य सामान के साथ उपहार का जो सिलसिला शुरू किया था ,वह अनवरत जारी है। उनकी खुशी मेरे जेहन में मौजूद है। मेरा मानना है कि मेरी दीपावली तभी शुभ होगी जब गरीबों के घर भी रोशन होंगे और उनके बच्चे भी पटाखे बजाकर खुशी से तालियां बजाएंगे।
श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी सोमवार को क्षेत्र के
तेंदुआ कला, गेदुराही, कोहडार सहित कई पंचायतों में जाकर गरीबों के बीच दीपावली के उपहार व पटाखे वितरित किया है। उन्होंने संदेश दिया कि सक्षम लोग गरीब परिवारों की दीपावली मनाने में सहयोग करें। इससे हिंदुत्व की भावना बढ़ेगी।
शिवसेना टीम में संतोष जैन महाजन, जिला प्रमुख शिवसेना सोनू सेठ, प्रेम नाथ मिश्र, ॐ नमः शिवाय तिवारी, जिला प्रमुख युवा शिवसेना शशिकांत भारतीया, रामकांत पांडेय, शिवाकांत दुबे, रोहित शुक्ला, विनय तिवारी, राजू दुबे, कुलदीप तिवारी, अनुपम पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दीपावली के पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**लेड़ियारी ( प्रयागराज )।** सोमवार को शिवजियावन इंटर कालेज की छात्राएं दीपावली के पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 11 की छात्रा प्रियांशी केशरी प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर पलक, मुस्कान तथा अनुष्का तीसरे स्थान पर और खुशी केशरी चौथे नंबर पर रही। जानकारी के मुताबिक प्रति वर्ष की भांति अर्द्धवार्षिक परीक्षा समाप्त होने के बाद दीपावली के पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।
जबकि इस प्रतियोगिता में दर्जनों छात्राएं प्रतिभाग करती है। वहीं विजेता प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित किया जाता है। जबकि अन्य को पुरस्कृत किया गया।

## रामलीला में राम वनवास का हुआ मंचन

### रामलीला देखने उमड़ी भीड़, पूरा वातावरण भक्ति में डूबा



**कोरांव(प्रयागराज)।** नवयुवक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में पूरादत्तू में रामलीला हो रहा है। कलाकार प्रतिदिन विभिन्न लीलाओं का मंचन कर रहे हैं। रामलीला के तहत रविवार की देर रात तक दशरथ-कैकेयी संवाद व राम वनवास लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान दशरथ-कैकेयी संवाद के दौरान कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन किया। मंचन में दशरथ-कैकेयी संवाद के दौरान दासी मंथरा रानी कैकेयी को समझाती है कि अगर राम को राज्य मिला तो भरत का क्या होगा। कैकेयी कोप भवन में चली जाती हैं। इसके बाद राजा दशरथ वहां पहुंचते हैं और कैकेयी से कारण पूछते हैं तो रानी कैकेयी ने राजा दशरथ को दो वरदानों की याद दिलाते हुए राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजपाठ मांगा। कैकेयी के वचनों को सुनकर राजा दशरथ व्यथित हो जाते हैं। वे कैकेयी को समझाते हैं, लेकिन कैकेयी समझने को तैयार नहीं होती हैं। आखिरकार रघुकुल की रीति का पालन करते हुए राजा दशरथ कैकेयी को वरदान दे देते। इसके बाद राम वनवास का मंचन किया गया। दूसरी ओर उसी समय कैकेयी की ओर से राम को वनवास और भरत को राज्य के वचन मांगने पर अयोध्या में शोक छा गया। रामलीला के दौरान जमकर जय श्री राम के नारे लगे। पूरा वातावरण भक्ति में डूबा रहा।
दर्शक के रूप में उपस्थित समाजसेवी रिशु पण्डित ने कमेटी के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया और कलाकारों को उनके अभिनय के लिए सराहना की।
राम लीला में प्रमुख रूप से कमेटी के अध्यक्ष प्रधान प्रत्याशी उमेश कुमार द्विवेदी एडश्, कोषाध्यक्ष रजनीश द्विवेदी मुखिया गुरु, सुशील कुमार मिश्र बबऊ, सचिव नरेन्द्र कुमार द्विवेदी के साथ साथ समाजसेवी श्याम नारायण उर्फ रिशु पण्डित, कलट्टर मिश्रा, छोटकऊ राल्ही आदि उपस्थित रहे।

## बीएसए के औचक निरीक्षण में बंद मिले विद्यालय, मचा हडकंप



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण कुमार तिवारी ने आज विकास खण्ड कोराँव के परिषदीय विद्यालयों में औचक निरीक्षण किया जिसमें कई विद्यालय बंद मिले। सर्वप्रथम संवि0 वि0 देवघाट में सुबह 9~01बजे पर पहुंचने पर एक अनुदेशक तथा एक परिचारक के अलावा कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। स्कूल में ताला बंद था विद्यालय के कुल 10 स्टाफ का एक दिन का वेतन काटते हुए समस्त स्टाफ से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया इसके बाद प्राथमिक विद्यालय जमुआ पहुंचे। विद्यालय 9~10 बजे बंद मिला। समस्त स्टाफ का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। इसके बाद संवि0वि0 बंशीपुर पहुंचे जहां परिसर में गंदगी, कक्षा कक्ष में अस्त-व्यस्त माहौल, खिड़की तथा व्हाइट बोर्ड टूटा हुआ,शौचालय-मूत्रालय तथा कक्षा-कक्ष क्षतिग्रस्त देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त कार्मिकों के ऊपर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सेवई में अतिरिक्त कक्षा-कक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे, नये कक्षा-कक्ष में मिली खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पुराने कक्षा -कक्ष, शौचालय, रसोईघर को क्षतिग्रस्त हालत में देखकर भड़क उठे। नामांकन के सापेक्ष अत्यंत न्यून छात्र उपस्थित देखकर समस्त स्टाफ के ऊपर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उसके बाद पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धाव पहुंचकर नये कक्षा-कक्षा का निरीक्षण किया, जिसमें मिली मूलभूत कमी के कारण भवन प्रभारी के ऊपर काफी नाराज हुए।मध्यान्ह भोजन में जांच करने पर उपस्थित छात्र संख्या तथा लाभार्थी बच्चों में काफी अंतर मिलने,शासनादेश के विपरीत प्रत्येक वर्ष रंगाई-पुताई कराने के कारण इंचार्ज प्रधानाध्यापक के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया अंत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां सब कुछ सही मिलने पर समस्त स्टाफ की सराहना भी किया।

## दबंगो ने दलित युवती से की मार-पीट

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के धमौर निवासी अनिल कुमार गौतम ने सरायगनी गांव के दो दबंगों पर आरोप लगाया है कि मेरी छोटी लड़की जो बहरिया के एक निजी विद्यालय में पढ़ती हैं जिसको लेने 25 अक्टूबर को मेरी बड़ी लड़की विद्यालय गई थी विद्यालय से वापस आते समय बैंगन तोड़ने को लेकर विवाद हो गया जिसमें उक्त दबंगों ने मेरी लड़की के साथ मार पीट करते हुये छेड़खानी करने लगे और जब मेरी लड़की घर आकर बतायी तो । मेरा भाई शिकायत करने के लिये उक्त दबंगों के पास गया तो उक्त लोगों ने मेरे भाई को मारने पीटने लगे और जाति सूचक गालियां देने लगे और जान से मारने की नियत से कट्टा निकल धमकी देते हुये भगा दिया । अनिल कुमार ने बहरिया थाने पर लिखित तहरीर दी । किन्तु थानाध्यक्ष बहरिया ने कोई कार्रवाई नहीं किया तथा हल्का दारोगा तीन दिनों तक लगातार बुलाता रहा और मेरी कोई सुनवाई नही की। जिसकी लिखित शिकायत अनिल कुमार गौतम ने सोमवार को डीसीपी गंगानगर की और न्याय की गुहार लगाई है । वही इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने बताया कि लगाया गया सारा आरोप वेबुनियाद है । दोनों लोगो का आपस में बैगन तोड़ने को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें कार्यवाही करते हुये सोमवार को एक आरोपी विजय मौर्या को शान्ति भंग में चालान किया गया है तथा दूसरे आरोपी संजय मौर्य की तलाश की जा रही हैं।

## गंगा स्नान करने गए दो बच्चे गंगा में समाये, परिजनों में मचा है कोहराम

### पुलिस और गोताखोर की मदद से एक शव मिला दूसरे की तलाश जारी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अमिलौटी गांव में गंगा स्नान करने गए एक ही परिवार के दो बच्चे गंगा में समा गये द्य घटना की आस पास के लोगो ने परिजनों को सूचना दिया तो परिजन गंगा घाट पर पहुंचे तो बच्चो के कपड़े और साइकिल देख और पहंचान कर दहाड़े मार कर रोने लगे।जिससे मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई द्य ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल हंडिया पुलिस को दी द्य सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर डूबे बच्चों की खोजबीन किया जिसके बाद एक बच्चे को कड़ी मशक्कत के बाद खोजने में सफल रहे। लेकिन दूसरे बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका द्य गाँव के पियुष पांडेय 14 पुत्र राजेश पांडेय और उत्कर्ष पांडेय 12 पुत्र राकेश पांडेय दोनों बच्चें खेलते हुए गंगा स्नान करने लगे।नहाते नहाते अचानक वह गहरे पानी में चले गए द्य जिससे दोनों गंगा में समा गये।बच्चों के डूबने की सूचना पर ग्रामीणों की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। लोगो ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी द्य घटना की सूचन मिलते ही मौके पर हंडिया पुलिस पहुँच कर गोताखोरों के मदद से काफी खोजबीन किया जिसके बाद एक बच्चे को कड़ी मशक्कत के



बाद खोजने में सफल रही। लेकिन दूसरे बच्चे का कुछ पता नहीं चल सका है द्य फिलहाल पुलिस और गोताखोर दूसरे बच्चे की लगातार खोज करने में जुटे हुए हैं द्य पीड़ित परिवार की हालत और दहाड़े मार कर रोता देख ग्रामीणों की भी आंसू छलक पड़े। सुबह हंसता खेलता जिगर के टुकड़े पल भर में सदैव के लिए खो गये।

## मिशन शक्ति फेस 5 के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक

### उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी (प्रयागराज)।** आगामी त्यौहार को लेकर प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश भर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सुविधा के तहत मुख्य बाजार,भीड़ वाली जगह,विद्यालय आदि जगहों पर एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति फेस 5 टीम के तहत चेकिंग और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला संबंधी योजनाओं एवं वूमेन हेल्प लोन नंबरों की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में खीरी थाना अंतर्गत एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति फेस 5 टीम प्रमुख उप निरीक्षक प्रियंका रावत एवं उनके टीम द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरा एवं खीरी बाजार आदि स्थानों में भ्रमण कर मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से बनाए गए हेल्पलाइन नंबर के बारे में विधिपूर्वक समझाया गया। साथ ही यह भी बतलाया गया कि आपकी सुरक्षा में उत्तर प्रदेश पुलिस सदैव तत्पर है तनिक भी दिक्कत या असहज महसूस होने पर तत्काल सूचित करे साथ ही शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं को बतलाया गया कि आपको विद्यालय आने जाने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या असहजता महसूस हो रही है तो डरे नहीं बल्कि सूचित करे। आपका नाम गोपनीय रक्खा जाएगा सरकार द्वारा संचालित वूमेन हेल्प लाइन नंबर 1090,1098,112,1930 आदि नंबरों के बारे में विधिवत बतलाया टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक धीरज सिंह एवं उपनिरीक्षक कविता देवी उपस्थित रही।

## खेल कूद कार्यक्रम में महिला प्रतिभागियों ने भी दिखाया दम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** आज प्रयाग विधि महाविद्यालय, मवैया, नैनी परिसर में प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु खेल-कूद कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य नागेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में अंतर महा विद्यालयीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 विनीता यादव परीक्षा नियन्त्रक राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी संस्थाध्यक्ष प्रयाग विधि, इंजी0 आशीष त्रिपाठी निदेशक प्रयाग विधि, डॉ. सुनिता बी. जॉन सचिव ग्रैपलिंग एसोसिएशन ऑफ प्रयागराज, विपिन कुमार सिंह (केंद्रीय रेफरी) और श्रेया (निर्णायक) उपस्थित रहे।पुरुष वर्ग में प्रयाग विधि महाविद्यालय के प्रवीण कुमार त्रिपाठी (94 किलोग्राम), अमन (85 किलोग्राम), प्रियांशु (84 किलोग्राम) आकाश सोनकर (56 किलोग्राम) रहे, वहीं बेनी माधव सिंह पी0जी0 महाविद्यालय से धर्मेंद्र कुमार पटेल ने (62 किलोग्राम) एवं उपरदहा डिग्री कॉलेज से राहुल प्रसाद (69 किलोग्राम) वर्ग में गोल्ड विजेता रहे। महिला वर्ग में प्रयाग विधि महाविद्यालय की साक्षी सिंह ने (70 किलोग्राम) वर्ग में और बबीता ने (49 किलोग्राम) वर्ग में समस्त प्रतिद्वंदि महाविद्यालयों को पराजित करके जीत हासिल की जो कि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।कार्यक्रम के अन्त में खेल प्रभारी राम बाबू तिवारी ने समस्त अतिथियों और प्रतिभागियों को सफल संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भाजपा नेता द्वारा फीता काटकर किया गया वालीबाल खेल का शुभारम्भ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**उतराव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मंडौर गांव स्थित ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आजाद क्रीड़ा स्थल पर रविवार शाम एक दिवसीय कैशमनी जिला स्तरीय पुरुष वॉलीबाल खेल का शुभारंभ भाजपा नेता काशी क्षेत्रीय मंत्री सैफुल अब्बास ने फीता काटकर किया। वही इस अवसर पर भाजपा नेता खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा मैं तहे दिल से शुक्रगुजार हूं। कि यहा के ग्राम प्रधान पति बेलाल अहमद और गांव की जनता ने बहुत ही सराहनीय कार्य कर खेल का मैदान बनाकर गांव का नाम रोशन किया है। जिला वॉलीबाल



संघ,प्रयागराज से संबद्ध एवं मान्यता प्राप्त है। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम और स्पोर्टिंग क्लब सराय ममरेज फूलपुर के बीच खेला गया। जिसमें मदन मोहन मालवीय स्टेडियम ने सराय ममरेज फूलपुर को 25 -19 और 25 -17 अंकों से हराकर प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, विकास बाल्मीकि, राजू पाल, मो.उबैद, विनोद यादव आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। आयोजन समिति के अध्यक्ष हसीब अहमद ने मुख्य अतिथि कों माला स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं कमेंट्री मो.जैक सेख(आजमगढ़) एवं अजय यादव ने किया। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष आजम खां ने विशिष्ट अतिथि महोदय को बैच लगाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मो.यूसुफ खां, हरिकेश विश्वकर्मा, मो.यूनुस, बबलू भाई, नदीम, मो.महफूज, मो.अब्दुल्ला, मो.कैफू, संजय यादव, बच्चे मियां, मो.दाऊद, मोनू खां आदि गणमान्य व्यक्ति व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## आई टी वी पी जवान की डेंगू से मौत घर में कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** क्षेत्र के कुसूगुर गांव निवासी सुबोध कुमार यादव जो आइटीबीपी छत्तीसगढ़ के 44 बटालियन मे सिपाही के पद पर कार्यरत था ड्यूटी के समय ही बुखार से पीड़ित होने पर 18 अक्टूबर 2024 को छुट्टी लेकर इलाज के लिए घर पहुंच कर प्रयागराज शहर के विभिन्न नर्सिंग होम में इलाज के बाद लखनऊ मेदांता अस्पताल में भर्ती थे, इलाज के दौरान बीती रात जवान सुबोध कुमार यादव की डेंगू व मलेरिया बुखार मे मौत हो गई जवान का शव कुसुगुर गांव में सोमवार दोपहर बाद जवान का शव पहुंचा तो कोहराम मच गया । मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का है पत्नी अनुमा यादव बेटी आयशा तीन वर्ष बेटा अयाश 9 माह का है । बड़े भाई संदीप यादव ने बताया कि परिवार के पालन पोषण के लिए मात्र यही एक सहारा था जवान की मौत की सूचना पाकर समाजवादी पार्टी सोरांव विधायक गीता पासी सहित तमाम समाजवादी नेता मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किए मृतक केशव का अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर परंपरागत तरीके से किया गया ।

# वडोदरा में सी-295 का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है - प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के वडोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन संबंधों और %मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड% मिशन को मजबूत करेगी।इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैकटरी न केवल भारत और स्पेन के संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि %मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड% के मिशन को भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी।प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा का इस महीने की शुरुआत में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷कुछ समय पहले, हमने देश के बेटे रतन टाटा को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते, तो उन्हें बहुत खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी।÷

उन्होंने कहा कि यह कारखाना नए भारत की कार्य संस्कृति को दर्शाता है। यह दिखाता है कि भारत किस गति से काम कर रहा है। कारखाने का काम दो साल पहले अक्टूबर में शुरू हुआ था, और अब इसका उद्घाटन हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में अनावश्यक देरी नहीं होने पर जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान हमेशा योजना और निष्पादन के समय को कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री को रिकार्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। यहां बने विमान को दूसरे देशों को भी भेजा जाएगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयां छू रहा है। 10 साल पहले अगर हमने ठोस कदम नहीं उठाए होते, तो आज इस मंजिल पर पहुंचना असंभव ही था। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए डिफेंस स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करते हैं। आज हम देश में स्किल और जॉब क्रिएशन पर फोकस कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्टरी से हजारों जॉब्स पैदा होंगे।उन्होंने कहा कि किसी भी सम्भावना को समृद्धि में बदलने के लिए सही योजना और सही साझेदारी जरूरी है। भारत के रक्षा क्षेत्र का कायाकल्प इसका उदाहरण है। बीते दशक में देश ने अनेक ऐसे फैसले लिए जिससे भारत में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वे आज के कार्यक्रम को परिवहन विमान के निर्माण से कहीं आगे तक देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि और परिवर्तन देखा गया है। हम पहले से ही भारत को विमानन केंद्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र भविष्य में मेड इन इंडिया नागरिक विमानों का मार्ग प्रशस्त करेगा। विभिन्न भारतीय एयरलाइन ने 1200 नए विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं। यह कारखाना भारत और दुनिया की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए नागरिक विमानों के डिजाइन और निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाएगा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्पेन में योग भी बहुत लोकप्रिय है। स्पेन का फुटबॉल भी भारत में बहुत पसंद किया जाता है। मोदी ने खुशी जताई कि भारत और स्पेन ने 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई के वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देगी और अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नए दरवाजे खोलेगी। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि कैसे दो कंपनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके विजन की भी जीत है। भारत को एक औद्योगिक महाशक्ति और निवेश तथा व्यापार से व्यापार सहयोग के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाने की आपकी दूरदृष्टि की जीत है।

## बीएसएफ महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा चुस्त रखने के दिए निर्देश, तैयारियों का लिया जायजा



**कोलकाता,(हि.स.)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने दक्षिण बंगाल का दौरा किया। यहां उन्होंने सीमा सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सीमा पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी प्रगति को तेज करना था।बीएसएफ की ओर से सोमवार दोपहर को जारी बयान में बताया गया है कि महानिदेशक चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आईसीपी पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल के उद्घाटन में हिस्सा लिया और इस मौके पर सीमा पर सुरक्षा को और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। अमित शाह के दिल्ली लौट जाने के बाद उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमा पर बाड़, चौकियों और सड़कों के निर्माण के लिए जरूरी भूमि अधिग्रहण पर चर्चा हुई।राजरहाट स्थित बीएसएफ मुख्यालय में महानिदेशक चौधरी ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने आईजी साउथ बंगाल से ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी ली और जवानों से मुलाकात कर उनके कल्याण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जवानों के स्वास्थ्य, भोजन और रहने की सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष निर्देश जारी किए, ताकि उनका मनोबल ऊंचा रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दू पलायन नहीं, पराक्रम के साथ खड़ा है - सुरेंद्र जैन

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** बांग्लादेश में हिन्दू समाज बहुसंख्यक था, आज दयनीय स्थिति में है। हालांकि, अत्याचारों के बावजूद हिन्दू रो नहीं रहा है, संकल्प लिया है, पलायन नहीं पराक्रम के साथ खड़ा है। जहां हिन्दू घटेगा वहां क्या होगा, इसको बांग्लादेश को देखकर समझा जा सकता है। आज हिन्दू निशाने पर है। ये बातें सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने गुवाहाटी के उलुबारी, बरठाकुर मिल रोड स्थित विहिप मुख्यालय पांचजन्य भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुई कही।सुरेंद्र जैन ने कहा कि बांग्लादेश के हिन्दू संगठनों के आह्वान पर हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। अगर वहां पर हिन्दू समाज परेशानी में होता है तो सूचना मिलते ही हम भारत सरकार के साथ कोआर्डिनेट कर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएंगे।

उन्होंने बांग्लादेश में जेहादी मानसिकता पर हमला बोलते हुए कहा कि जेहादी मानसिकता वाले संविधान में विश्वास नहीं करते हैं। हाल ही में उन्होंने न्यायपालिका का घेराव कर न्यायधीश को बदलावा दिया, अब राष्ट्रपति को हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे किसी भी बात को नहीं मानते हैं। इससे भारत को सीखने की जरूरत है।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लोकल फार वोकल के लिए समाज को संकल्प लेना होगा। अकेले सरकार के भरोसे नहीं होगा। पूर्वोत्तर में काफी प्रतिभा है, सभी को अपनी वस्तुओं को खरीदने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान हो हम प्रभु श्रीराम से यह कामना करते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली दिवाली है, इसलिए यह खास है।

# ऐसा लगा जैसे वायनाड में मेरी माँ है- प्रियंका गांधी



**वायनाड, एजेंसियॉ।**केरल के वायनाड में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने मदर टेरेसा से जुड़ी एक दिल को छू लेने वाली कहानी साझा की। उन्होंने एक चुनावी सभा में बताया कि दिवंगत मदर टेरेसा उनके पिता राजीव गांधी की हत्या के महीनों बाद उनके घर आई थीं और उनसे बेसहारा लोगों के लिए काम करने को कहा था। गांधी ने कहा कि मैं कहना चाहती हूँ कि यहाँ मुझे जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए मैं कितना आभारी हूँ। कुछ दिन पहले, मैं नामांकन पत्र दाखिल करने आयी थी।

जब मैं पहुँची, तो मैंने लोगों से बात की, उनमें से एक सेना से थे... उसने कहा कि उसकी माँ मुझसे मिलना चाहती थी, लेकिन वह चल नहीं सकती थी, इसलिए मैं उसके घर चली गयी... उसने मुझे ऐसे गले लगाया जैसे मैं उनकी बच्ची हूँ। प्रियंका ने आगे कहा कि मैं सच कह सकती हूँ कि मुझे अपनी माँ और उनमें कोई अंतर महसूस नहीं हुआ... मुझे लगा जैसे यहाँ वायनाड में मेरी माँ है। आपने मुझे ऐसा महसूस कराया। प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्होंने मदर टेरेसा से प्रेरित होकर उनके संगठन के साथ काम किया था। इसके बाद प्रियंका ने कहा कि जब उन्होंने मुझे एक माला दी (मेरी माँ को देने के लिए), तो मुझे वैसा ही महसूस हुआ जैसा मैं 19 साल की उम्र में महसूस करती थी। मेरे पिता की मृत्यु अभी-अभी हुई थी, 6-7 महीने बाद, मदर टेरेसा मेरी माँ से मिलने मेरे घर आई। मुझे बुखार था, इसलिए मैं कमरे से बाहर नहीं गई। वह कमरे में आई और अपना हाथ मेरे सिर पर रखा। उन्होंने मेरा हाथ लिया और मेरे हाथ में इस तरह एक माला रख दी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उन्होंने मुझे उनके साथ काम करने के लिए कहा। 5-6 साल बाद, मैं उनकी बहनों के साथ काम करने लगी। मेरा काम बच्चों को पढ़ाना था... हम बाथरूम साफ करते थे, और खाना पकाते थे। मैं उनके दर्द को समझने लगी, सेवा का क्या मतलब है, और एक समुदाय कैसे उनका समर्थन कर सकता है। मैंने देखा कि कैसे वायनाड में भूस्खलन के दौरान समुदाय ने एक-दूसरे की मदद की। आप में से हर एक ने मदद की... इससे मुझे गर्व हुआ, आप साहसी लोग हैं।






# ट्रायल कोर्ट शरजील इमाम के खिलाफ आरोप तय करने के लिए स्वतंत्र - दिल्ली हाई कोर्ट



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने साफ किया है कि 2019 में जामिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में आरोपित शरजील इमाम के खिलाफ दायर चार्जशीट में राजद्रोह और धर्म के आधार पर लोगों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने के आरोपों को शामिल करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने कहा कि ट्रायल कोर्ट शरजील इमाम के खिलाफ आरोप तय करने के लिए स्वतंत्र है।दरअसल, सोमवार को दिल्ली पुलिस की ओर से पेश होने वाले स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर उपलब्ध नहीं थे, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दी। सुनवाई के दौरान शरजील इमाम की ओर से पेश वकील ने कहा कि ट्रायल कोर्ट आरोप तय कर रहा है। तब कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट आरोप तय करेगा तो करने दीजिए। तब शरजील के वकील ने कहा कि हमने इन्हीं आरोपों को चुनौती दी है। तब कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट को आरोप तय करने पर कोई रोक नहीं है। ट्रायल कोर्ट को कार्रवाई आगे बढ़ाने दीजिए।हाई कोर्ट ने 2 जून 2023 को शरजील इमाम की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। शरजील इमाम का कहना है कि दिल्ली पुलिस की चार्जशीट में जिन दो धाराओं को जोड़ा गया है। एक अन्य मामले में उन धाराओं में पहले से ही जांच की जा रही है। ऐसे में इन धाराओं में दोबारा कार्यवाही कानून के खिलाफ है। 2019 के जामिया हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट में देशद्रोह और धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने की धाराओं को शामिल किया गया है। इन धाराओं को शामिल करने के खिलाफ शरजील इमाम ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।शरजील इमाम को 25 अगस्त 2020 को बिहार से गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस ने शरजील इमाम के खिलाफ यूएपीए के तहत दाखिल चार्जशीट में कहा है कि शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को अखिल भारतीय स्तर पर ले जाने के लिए बेताब था और ऐसा करने की जी तोड़ कोशिश कर रहा था।

## नीरा आर्य को लेकर फिल्म निर्माताओं की लड़ाई पहुंची बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई, (हि.स.)।** आजाद हिन्द फौज की अमर सेनानी नीरा आर्य के उत्तराधिकार, विरासत और फिल्म निर्माण की लड़ाई बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गई है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 24 नवंबर निर्धारित की है।वीरांगना नीरा आर्य के जीवन पर दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रूपा अय्यर ने एक फिल्म का निर्माण किया है, जो रिलीज होने के लिए तैयार है।

दो साल पहले उनके खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के अधीन तेजपाल सिंह धामा, मधु धामा और बंधु फिल्म्स ने दिल्ली के कड़कड़ूमा कोर्ट में केस दर्ज किया था, जो दो साल से विचाराधीन है।इस बीच मटरगश्ती फिल्म्स के निर्माता विशाल त्यागी ने भी बॉम्बे हाई कोर्ट में नीरा आर्य के जीवन पर बनाई गई रूपा अय्यर की फिल्म रिलीज होने से रोकने के लिए केस दर्ज किया है, जिसकी सुनवाई 25 अक्टूबर को हुई और बॉम्बे हाई कोर्ट ने अगली तिथि 24 नवंबर निर्धारित की है। इस बीच नीरा आर्य के परिवार से संबंध रखने वाले वर्तमान में मथुरा रह रहे आलोक ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है कि नीरा आर्य के जीवन पर जितनी भी फिल्म बन रही है, उसमें उनके परिवार की छवि खराब की जा रही है, जिसे रोका जाए।दरअसल, नीरा आर्य ने 1966 में अपनी आत्मकथा लिखी थी, जिस पर आपातकाल के दौरान बैन लगा दिया गया था, लेकिन अब यह आत्मकथा तेलुगु, तमिल, मराठी, बंगाली और हिन्दी में प्रकाशित हो रही है। इसी पुस्तक के कॉपीराइट मटरगश्ती फिल्म्स के निर्माता विशाल त्यागी ने खरीदे थे और वे चाणक्य फेम चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में नीरा आर्य के जीवन पर एक भव्य फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।फिल्म निर्देशक चंद्रप्रकाश द्विवेदी और निर्माता विशाल त्यागी की ओर से बॉम्बे हाई की वरिष्ठ अधिवक्ता इवा बंसल का कहना है कि रूपा अय्यर कापीराइट एक्ट का उल्लंघन करके फिल्म का निर्माण रही हैं, उन्हें नीरा आर्य के जीवन पर आधिकारिक रूप से फिल्म बनाने का अधिकार नहीं है। हाई कोर्ट में इसी उत्तराधिकार को लेकर अगली सुनवाई होनी है।

## दिल्ली में दीपावली की तैयारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, पुलिस हाई अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दीपावली नजदीक आने के साथ ही दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। राजधानी के बाजारों में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर मार्केट, जो कि शहर का एक प्रमुख और पुराना बाजार है, यहां सुरक्षा उपायों को अत्यधिक सख्त किया गया है। इस मार्केट में रोजाना हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं, और ऐसे में पुलिस की सजगता आवश्यक हो गई है।मार्केट के मेन गेट पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मचान बनाया गया है, जहां हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं।


























## दीपावली पर्व पर अभियान के नाम पर खुदरा व छोटे दुकानदारों का उत्पीड़न बन्द हो

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** दीपावली पर प्रदेश के व्यापारियों के सरकार के विभिन्न विभागीय उत्पीड़न के विरुद्ध आज समाजवादी पार्टी की व्यापारियों की प्रकोष्ठ समाजवादी व्यापार सभा उ0प्र0 ने वर्चुअल बैठक कर व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने और व्यापारियों को न्याय दिलवाने की हुंकार भरी। बैठक की अध्यक्षता वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने की और संचालन प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने किया। बैठक में प्रदेश के कई जिलों के प्रदेश पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने हिस्सा लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष अभियान के अन्तर्गत सघन जांच के नाम पर जीएसटी, बांट माप, खाद्य सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा आदि द्वारा विभागों द्वारा दुकानदारों के उत्पीड़न की बात कही। व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समस्त जिलों में सरकारी विभागों द्वारा विशेष अभियान चलाकर चेकिंग के नाम पर, खुदरा, फुटकर, रेहड़ी, पटरी, गुमटी, खोमचा एवं छोटे दुकानदारों का चेकिंग के नाम शोषण एवं उत्पीड़न तत्काल बन्द हो। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने यह भी बताया कि व्यापार और कारोबार की दृष्टिकोण से व्यापारियों के लिए दीपावली पर्व बहुत महत्वपूर्ण होता है, इस पर्व पर छोटे-बड़े सभी व्यापारी अपने व्यापार में ज्यादा व्यापार कर अधिक मुनाफा कमाते हैं और अपने बच्चों को कपड़ा, जूता, और मिठाई खरीदकर त्यौहार धूमधाम से मनाते हैं।किन्तु वर्तमान में विगत 15 दिनों से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पत्र जारी कर जीएसटी, खाद्य व सुरक्षा, बांट माप, अग्नि सुरक्षा आदि सभी विभागों में विशेष अभियान चलाकर चेकिंग के साथ कार्यवाही करने को कहा गया है। ऑनलाइन मार्केटिंग के दौर में हमारा खुदरा व्यापारी पहले से परेशान है और दुकानदारों पर अधिकारियों द्वारा विभागीय उत्पीड़न कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। कानपुर से संचालन कर रहे प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि उक्त विभागों के कुछ मन-बढ़ अधिकारी अपनी टीम और पुलिस के साथ किसी भी मिठाई, फुटवियर, रेडीमेड गारमेंट्स एवं इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की दुकानों पर चढ़ जा रहे हैं और जांच के नाम पर दुकान और गोदाम के स्टॉक भी सीज कर दे रहे हैं, जिससे प्रदेश का सभी व्यापारी डरा और सहमा हुआ है।

# भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ

लोक मित्र संवाद

**कुरुक्षेत्र।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा। योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष %परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम% को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि



जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला है अभ्युदय का और दूसरा निःश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं। इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा। धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे। विकास के लिए सही लोग चुनने होंगे। अच्छे लोगों को चुनेंगे तो परिणाम भी अच्छा आएगा। हरियाणा के लोगों ने अच्छा फैसला किया है। ये भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग की धरा है। जिन लोगों ने बुरा किया उनका परिणाम भी बुरा ही होगा। दूसरा हेतु है निःश्रेयस का। एक योगी या सद्गृहस्थ अपने अभ्युदय को विस्मृत करके कभी निःश्रेयस की प्राप्ति नहीं कर सकता। जब सांसारिक उत्कर्ष के लिए निष्काम भाव से काम करेंगे तो परिणाम हमें इसी रूप में देखने को मिलेगा। ये इस लोक में विकास के साथ लोकमंगल की कामनाओं की सिद्धि का आधार तो तय करेगा ही, इसके बाद वह हमारी मुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यही धर्म की दो कामनाएं हैं। इन्हीं कामनाओं को लेकर प्राचीन काल से संतों का समागम होते रहे हैं। समय समय पर इस धरा धाम को उपकृत करने वाले दैवीय महापुरुषों के माध्यम से जो विशिष्ट घटनाएं घटित हुईं वही हमारे पर्व और त्यौहार बन गये।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये आयोजन मां सरस्वती के तट पर हो रहा है। सरस्वती नदी को पुनर्जीवन देने का कार्य हरियाणा की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। अब संतों और आम जन की भी जिम्मेदारी है कि सभी इसके लिए सामूहिक प्रयास करें। जल की एक-एक बूंद को बचाने, जल की शुद्धि, वृक्षारोपण का कार्य, प्राकृतिक और गौ आधारित खेती इस नदी को पुनर्जीवन देने का आधार होगा। भारत की नदियों के प्रति हमें अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब पलायन नहीं होता। किसी योगेश्वर ने पलायन का नाम धर्म नहीं कहा। केरल में जन्म लेने वाले संन्यासी आदि शंकराचार्य ने देश के चार कोनों में जनजागरण और शास्त्रार्थ के माध्यम से चार पीठों की स्थापना का कार्य किया।

### पेहोवा में चमन लेकर आए हैं महंत शेरनाथ जी महाराज

उन्होंने अपना संस्मरण सुनाते हुए जूनागढ़ में गुरुगोरखनाथ आश्रम के पूज्य गुरू श्रीत्रिलोकनाथ बाबू जी के भजन का उल्लेख करते हुए कहा कि संत हैं सुहागी, रहते सदा मगन, जाते हैं जिस लोक में करते सदा चमन। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पेहोवा के इस स्थल से अवतारी योगी सत्यनाथ जी की परंपरा को पूरे देश में विस्तार मिला। मगर पिछली चार पीढ़ियों से यहां की स्थिति ठीक नहीं थी। मगर ये प्रसन्नता का विषय है कि महंत शेरनाथ जी ने न केवल पेहोवा, बल्कि मुजफ्फरनगर और शामली के उजड़े हुए पवित्र स्थानों में चमन लाकर और सिद्धों की भावनाओं को मूर्तरूप देकर भक्तों के मन में नया विश्वास जागृत किया है। चार पीढ़ी से पतन की ओर जा रही ये पावन धरा एक योगी के आने के बाद उत्थान की ओर अग्रसर हुई है। यह नाथ संप्रदाय के एक सुप्रसिद्ध सिद्ध योगी गरीबनाथ जी की पावनधरा है।

## मोहित पांडे के परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

लखनऊ पुलिस कस्टडी में युवक की मौत मामला

लोक मित्र संवाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में यवुक की मौत का मामला काफी चर्चा में है। सोमवार को मृतक युवक मोहित पांडे के परिवार ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। सीएम योगी ने पीड़ित परिवार से घटना के बारे में जानकारी ली और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

वहीं सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को इस मामले में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफकार्रवाई किए जाने का भी भरोसा दिलाया। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने मृतक मोहित पांडे के परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक मोहित पांडे का परिवार लखनऊ की बख्शी तालाब सीट से भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के साथ सुबह लगभग 10 बजे सीएम योगी के सरकारी आवास पहुंचे। जहां उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

इस दौरान सीएम योगी ने परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की वहीं हरसंभव मदद का भी आश्वासन दिया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार मृतक के बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाएगी और इस मामले में किसी भी दोषी को बख्सा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि राजधानी लखनऊ में पुलिस ने शुक्रवार रात दो सगे भाइयों को घर से उठाया था। शनिवार की सुबह हिरासत में एक की मौत हो गई। हवालात में साथ बंद दूसरे भाई ने हकीकत बताई। कहा कि भाई प्यासा था। वह पानी मांग रहा था। लेकिन, किसी उसे पानी तक नहीं पिलाया। उसे टॉर्चर किया गया।

## दोषी अफसरों को बचाने वाले जांच अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार भ्रष्टाचार पर शिकंजा कस रही है। साथ ही, कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त एक्शन ले रही है।

इसी के तहत योगी सरकार ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जांच अधिकाारियों को जांच के दायरे में आने वाले अधिकारी और कर्मचारी की रिपोर्ट को स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित शब्द का उल्लेख न करने के निर्देश दिये हैं। सीएम ने जांच रिपोर्ट में आरोप सही या निराधार पाया गया जैसे स्पष्ट शब्दों का प्रयोग करने के निर्देश दिए ताकि दोषी अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। सीएम ने ऐसा न करने वाले नामित जांच अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में सिंचाई एवं जल विभाग की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने विभागीय लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई को नामित जांच अधिकारी द्वारा संस्थित किये जाने वाली रिपोर्ट के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में नामित अधिकारी द्वारा आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित शब्द का प्रयोग किये जाने की बात बतायी। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को बताया कि जांच रिपोर्ट में स्पष्ट आरोप न होने की वजह से कार्रवाई करने में अक्सर परेशानी आती है। सीएम ने इस जांच रिपोर्ट के नामित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट में आंशिक रूप से आरोप प्रमाणित शब्द का प्रयोग न करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नामित जांच अधिकारी इस शब्द का प्रयोग कर कहीं न कहीं दोषी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, विभागीय नियमावली में भी ऐसे किसी शब्द का उल्लेख नहीं है।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मोहित के परिजनों से मिले, कड़े एक्शन का भरोसा

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस हिरासत में मरे मोहित पांडेय के परिजनों से मिलने यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक उनके घर पहुंचे हैं। ब्रजेश पाठक ने इस दौरान मोहित की मां और पत्नी से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया। कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। मीडिया से बात करते हुए ब्रजेश पाठक ने घटना को अति निंदनीय भी कहा। बोले कि सभी पुलिस अधिकारियों के इस बारे में गाइडलाइन जारी की गई है। इससे पहले मोहित का परिवार सीएम योगी से भी मिलने पहुंचा था। सीएम योगी ने परिवार को आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाओं का भरोसा दिलाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी पीड़ित परिवार से स्टेट गेस्ट हाउस में मुलाकात की।



गौतलब है कि जैनाबाद निवासी मोहित कुमार पांडेय (30) को पुलिस ने शनिवार को एक मामले में हिरासत में लिया था। इसके बाद उसी दिन हिरासत में ही तबीयत खराब हो गयी और अस्पताल में इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई। इसे लेकर सपा और कांग्रेस के साथ ही बसपा चीफ मायावती ने यूपी सरकार को घेरना शुरू कर दिया था। उपचुनाव के बीच विपक्ष को मिले मुद्दे के बाद सीएम योगी ने बड़ा एक्शन लेते हुए थाने के इस्पेक्टर को निलंबित करने के साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। मोहित के परिजनों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात भी की। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और सरकार की योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया। इस मुलाकात के दौरान बख्शी का तालाब क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक योगेश कुमार शुक्ल, पार्षद शैलेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे।

## बोर्ड का बुनियादी उद्देश्य इस्लामी शरीअत की हिफाजत है: खालिद सैफ

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल लखनऊ में ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में शहर के अहम् व्यक्तियों के साथ एक सुझावी बैठक हुई।

जिसमें उलमा, अधिवक्ता, माहिरीने तालीम और समाजी कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस अवसर पर नदवतुल उलमा लखनऊ के सचिव मौलाना जाफर मसऊद हसनी नदवी, इस्लामिक सेन्टर के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के साथ मुईद अहमद, मोहम्मद खालिद, डा0 अजीज़ खॉ, शेख सऊद रईस एडवोकेट, मो0 असलम एडवोकेट, डा0 फैज वारसी, मौलाना सुफ्यान निजामी ने बोर्ड के कामों के सिलसिले में अपने अपने सुझाव दिये। बोर्ड के अध्यक्ष ने सबके सुझाव को गौर से सुना और हाजिरीन को सम्बोधित करते हुए कहा कि शरीअत की हिफाजत में उलमा-ए-फरंगी महल की बहुत अहम् सेवायें रही हैं। जिनको न केवल यह कि देश बल्कि पूरी दुनिया के उलमा मानते हैं। उन्होने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का लखनऊ शहर से बहुत गहरा सम्बन्ध रहा है। यह सिलसिला आज भी कायम है। मौलाना रहमानी ने बोर्ड के मकसद और उद्देश्यों पर राशनी डालते हुए कहा कि बोर्ड की स्थापना का मकसद शरीअत की हिफाजत और इत्तिहादे उम्मत है। उन्होने कहा कि इन मकसद के हुसूल में बोर्ड के तमाम जिम्मेदार सरगरम अमल हैं। उन्होने कहा कि बोर्ड का सबसे बड़ा कार्यनामा यह है कि इस में तमाम मसलक और मुसलमानों की तमाम अहम् संस्थानों व संगठनों का पूरा पूरा सहयोग प्राप्त है। बैठक को सम्बोधित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड अपने मकसद को पाने के लिए दारूल कजा कमेटी, इस्लाह-ए-मुआशरा कमेटी, तफ़्हीम-ए-शरीअत कमेटी और लीगल सेली कायम है।

# उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में इतनी अधिक मौतें पुलिस निरंकुशता का दुष्परिणाम: दारापुरी

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस हिरासत में हो रही इतनी अधिक मौतें योगी राज में पुलिस निरंकुशता का दुष्परिणाम है। यह बात आज एस आर दारापुरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट ने प्रेस को जारी बयान में कही है।

उन्होंने आगे कहा है कि संविधान की शपथ लेकर मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ ने संविधानिक उसूलों का मखौल बना दिया है। ठोक दो- कुचल दो की राजनीतिक संस्कृति में पुलिस का मनोबल गैरसंवैधानिक कार्य करने में बढ़ा हुआ है। प्रदेश में डंडे और गोली का लोकतंत्र चल रहा है। प्रदेश पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में कई वर्षों से देश में प्रथम स्थान पर चल रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-21 में जहां देश



भर में पुलिस हिरासत में 1940 मौतें हुई थीं वहीं अकेले उत्तर प्रदेश में 451 अर्थात 23 प्रतिशत मौतें हुई थीं और इस वर्ष में उत्तर प्रदेश का पूरे देश में प्रथम स्थान था।

इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में पूरे देश में पुलिस हिरासत में हुई 2544 मौतों में से 501 अर्थात लगभग 20 प्रतिशत मौतें अकेले उत्तर प्रदेश में हुई थीं तथा इसका पूरे देश में प्रथम स्थान था। हाल में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ही चालू माह अक्तूबर में पुलिस हिरासत में दो मौतें हो चुकी हैं। पुलिस का यह व्यवहार कानून के राज के लिए खतरा है। पुलिस हिरासत में हुई मौतों के संबंध में एक यह बात भी नोट करने वाली है इनमें लगभग सभी मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण ज्ञात न होना और विसरा सुरक्षित रखा जाना अंकित किया जाता है जबकि मृतक के परिवार द्वारा लिखाई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में मृतक के साथ पुलिस द्वारा मारपीट करने का स्पष्ट आरोप लगाया जाता है तथा उसके फलस्वरूप मौत होने की बात कही जाती है जिससे मृत्यु का कारण स्पष्ट तौर पर ज्ञात हो जाना चाहिए। इस प्रकार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से एक भ्रामक स्थिति पैदा हो जाती है जिसका लाभ आरोपी पुलिस कर्मचारियों को ही मिलता है। इसलिए यह बेहतर होगा कि यदि पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण ज्ञात न होना अंकित किया जाता है तो उसका एक बोर्ड द्वारा पुनः पोस्टमार्टम किए जाने की मांग की जानी चाहिए ताकि मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सके। इससे पुलिस वालों को मृत्यु का कारण ज्ञात न होने से मिलने वाले लाभ पर भी रोक लगेगी और दोषियों को सजा भी मिलेगी जो पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों को रोकने में सहायक होगी।

पुलिस हिरासत में मौत के मामले में केवल संबंधित थाना के कर्मचारियों को ही नहीं बल्कि निगरानी करने वाले उच्च अधिकारियों को भी दंडित किया जाना चाहिए क्योंकि थाने पर गैर कानूनी ढंग से लाए/रखे गए व्यक्तियों को चेक करना तथा उनके साथ मारपीट करने को रोकना भी उनका प्रमुख कर्तव्य है। जब तक ऐसा नहीं किया जाएगा तब तक हिरासत में मौतों को रोकना संभव नहीं होगा।

## हर साल आठ से दस निर्दोष लोगों की पुलिस हिरासत में मौत चिंताजनक

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने यूपी की राजधानी लखनऊ में पुलिस हिरासत में व्यापारी की मौत की घटना को भाजपा राज में क्रूरता की पराकाष्ठा कहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में एक युवा व्यापारी की हुई मौत सीधे तौर पर पुलिस प्रताड़ना के तहत हत्या है। मृतक व्यापारी मोहित पाण्डेय की पीएम रिपोर्ट में उसके सिर समेत चार जगह चोट के निशान पाये गये हैं। थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने मृतक व्यापारी के साथ अपराधियों की तरह भयावह बर्ताव कर निरंकुशता की हदें पार कर दी। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि यूपी में इधर हालिया वर्षों में हर साल आठ से दस निर्दोष लोगों की पुलिस हिरासत में मौत की चिंताजनक घटनाएं हुई हैं। उन्होनें कहा कि इस वर्ष भी लखनऊ की इस घटना के साथ पुलिस हिरासत में मरने वालों की संख्या चार तक आ पहुंचना



बेहद चिंताजनक है। उत्तर प्रदेशए पुलिस हिरासत में मौत के आंकड़ो में देश में सर्वाधिक घटनाओं का केंद्र बन गया है। उन्होनें कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध के बीच पुलिस हिरासत में मौत की इस प्रकार की घटनाएं आम आदमी में सुरक्षा तथा न्याय की उम्मीद पर गहरा कुठाराघात है। वहीं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल में रोहगिंया घुसपैठ को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर तगड़ा पलटवार किया है।

## कांग्रेस ने योगी सरकार पर उठाए सवाल

कहा, मोहित पांडेय की मौत की हो सीबीआई जांच

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस कस्टडी में मोहित पांडेय की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर अब कांग्रेस ने योगी सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मोहित पांडेय की मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।



कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आठ साल में योगी आदित्यनाथ की सरकार में 900 से अधिक ब्राह्मणों की हत्याएं हुई हैं। इस सरकार ने हर बार अपराधियों को बचाया है। चाहे वह पुलिस की वर्दी में घूम रहे अपराधी हों, या फिर खुलेआम घूम रहे अपराधी हों। अंशू अवस्थी ने कहा, प्रदेश का ब्राह्मण समाज सरकार से सवाल कर रहा है। उन्होंने तो सुरक्षा के नाम पर वोट दिया था, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद जंगलराज बढ़ गया। ये सीधे तौर पर निर्देश है कि अगर आप ब्राह्मणों पर अत्याचार करेंगे, तो सरकार आप पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी।उन्होंने कहा, कानपुर की बुलडोजर घटना में प्रमिला दीक्षित और उनकी बेटी की जान चली गई। सरोजिनी नगर हो या मैनपुरी में बेटी के साथ हुई घटना या फिर रायबरेली में पांच ब्राह्मणों को जलाने की वारदात। इन सबके बाद अब लखनऊ में मोहित पांडेय की मौत ने सवाल उठाए हैं।

आखिर क्यों सरकार दुर्भावना के साथ काम क्यों कर रही है। प्रदेश की जनता इसे देख रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मांग किया कि मोहित पांडेय की पुलिस अभिरक्षा में मौत की सीबीआई जांच हो, यदि सरकार इससे पीछे हटती है, तो यह साफहै कि वह अपराधियों को बचा रही हो।

सरकार तो सबके लिए होती, लेकिन जिस तरीके की अत्याचार व्यवस्था भाजपा सरकार में चल रही है, उससे साफ है जाति और धर्म देखकर कार्रवाई हो रही है।

## पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल उठेंगे: वीरेन्द्र सिंह

संजय निषाद, ओपी राजभर पीडीए के साथी- सपा

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उपचुनाव का बिगुल तो बज ही चुका हैं। पोस्टर वार भी लगातार चल रहा हैं।कोई श्बटेंगे तो काटेंगेश् के पोस्टर लगा रहा हैं तो कोई न बंटेंगे न कटेंगे, 2027 में नफरत वाले हटेंगेष् पोस्टर लगा रहा हैं। राजनीति गलियारों में एक के बाद एक नेताओं के बड़े बयान सामने आ रहे हैं। चंदौली से सपा सांसद वीरेंद्र सिंह का बड़ा बयान सामने आया हैं। उन्होंने पुलिस कस्टडी में मौत पर कहा कि पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल जरूर उठेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर पीडीए के साथी हैं।सत्ता के कारण अभी बाहर हैं। संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर



पीडीए के अंग बनेंगे तो हमे अच्छा लगेगा। बंटेंगे तो कटेंगे के नारे को कहा, अगर पीडीए के साथी बंटेंगे तो सत्ता में बैठे लोग आरक्षण छीन लेंगे, हिस्सेदारी छीन लेंगे। पुलिस कस्टडी में मोहित पाण्डेय की मौत को लेकर कहा कि पुलिस कस्टडी में पिछले दिनों कई मौतें हुई हैं। मजिस्ट्रेट जांच पुलिस की करतूतों को ढकने का तरीका है।पुलिस सत्ता के टूल के तौर पर काम करेगी तो सवाल उठेंगे। पुलिस की कार्यप्रणाली पर अब बहुत सवाल उठने लगे हैं लेकिन हुकूमत बेपरवाह है।

## सपा सिर्फ परिवारवादी पार्टी: अनुजेश

बीजेपी प्रशासन के दम पर जीतना चाहती है चुनाव- सपा

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा उप चुनावों को लेकर सियासत चरम पर है। करहल में चुनाव प्रचार करने पहुंची सपा नेता डिंपल यादव और शिवपाल यादव ने बीजेपी पर जमकर तंज कसे। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अनुजेश यादव के बारे में कहा कि अब उनके कोई रिश्ता नहीं है। समाजवादी पार्टी में भी उनके लिए कोई जगह नहीं है।

उनके बयान पर करहल से बीजेपी प्रत्याशी अनुजेश यादव ने पलटवार किया है।उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया है।करहल पहुंचे शिवपाल यादव और डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है।बीजेपी प्रशासन के दम पर चुनाव जीतना चाहती है। वह लोगों से वोट मांगने नहीं आती है। अनुजेश यादव



पर हमलावर होते हुए कहा कि उनके अब कोई रिश्तेदारी नहीं है। भगोड़ों के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है न ही उनसे कोई रिश्ता है।

रास्ते रिश्ते खत्म हो गए।शिवपाल और डिंपल यादव के इस बयान पर अनुजेश ने पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पीडीए की बात करती है मगर पीडीए नहीं समाजवादी पार्टी परिवारवादी पार्टी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा, समाजवादी पार्टी में कभी मैं था तो मैंने ईमानदारी से काम किया,जहां मुझे सम्मान नहीं मिला। भाजपा में आने के बाद भाजपा ने मुझे सम्मान दिया।समाजवादी पार्टी परिवार वादी पार्टी है।

समाजवादी पार्टी सरकार में गुंडागर्दी भ्रष्टाचार लूटपाट सारे गलत काम होते थे। भाजपा सरकार के आते ही सारे काम बंद हो गए हैं।भाजपा प्रत्याशी ने कहा मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं और भाजपा में ही हमेशा रहूंगा।

# बाजारों में सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की करें तैनाती

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** धनतेरस, दिवाली, भैया दूज और छठ पूजा को लेकर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने कहा है कि, बाजारों में भीड़ को देखते हुए सभी एसपी सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों को तैनात करें। सर्राफा बाजार में पर्याप्त पुलिस बल तैनात हो। इसके अलावा बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल व भीड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय रखा जाये = धनतेरस, दीपावली आदि के अवसर पर सर्राफा बाजारों तथा अन्य बाजारों में काफी भीड़ होती है। महिलायें एवं पुरूष काफी अधिक संख्या में खरीदारी करने निकलते हैं। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। साथ ही सादे वस्त्रों में भी पुरूष/महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। बाजारों में एंटी



रोमियो स्क्वाड को भी सक्रिय रखा जाये। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पुलिस/पीएसी बल के साथ सघन फुट पेट्रोलिंग की जाए। पूर्व में घटित घटनाओं के दृष्टिगत हॉट स्पाट चिन्हित कर गश्त/पिकेट ड्यूटी और यूपी - 112 के वाहनो का प्रभावी व्यवस्थापन सुनिश्चित किया जाये।

**महत्वपूर्ण नम्बरों का किया जाए प्रचार-प्रसार:** डीजीपी ने निर्देश दिए हैं रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजार, मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदि स्थानों पर सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध किया जाए तथा पुलिस थानों, अधिकारियों तथा अन्य महत्वपूर्ण नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया जाए।

### अधिकारियों के साथ की जाए चेकिंग

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि छोटी से छोटी सूचनाओं को अत्यन्त गम्भीरता से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा स्वयं मौके पर पहुंचकर विवाद को हल करने व संवेदनशीलता को समाप्त करने के लिए कड़े प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। आवश्यकतानुसार सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भी सम्मिलित किया जाए। जिलों में रिजर्व पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर उन्हें क्यूआरटी के रूप में रखा जाए व उनके साथ सभी दंगा नियंत्रित उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि विस्फोटक पदार्थ/पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस धारकों की सूची थानावार तैयार कर ली जाए। विस्फोटक पदार्थों के निर्माण स्थलों की आकस्मिक व प्रभावशाली चेकिंग उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी व अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ की जाए। विस्फोटक पदार्थ एवं पटाखों का भंडारण और विक्रय आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखा जाये एवं पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। अग्निशमन विभाग के कार्मिकों को 24X7 सजग/सतर्क रखा जाए।

विभिन्न शहरों, कस्बों व मोहल्लों में पूर्व में गठित शान्ति समितियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा धर्मगुरूओं के साथ जिला/थाना स्तर पर गोष्ठी आयोजित कर ली जाये और सम्भ्रान्त नागरिकों, शान्ति समितियों के सदस्यों व डिजिटल वालंटियर्स आदि का सक्रिय सहयोग लिया जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्योहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाए। किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाए।

**शरारती तत्वों पर रखी जाए नजर:** डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि असामाजिक/अवांछनीय तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकतानुसार ऐसे तत्वों के विरूद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। भीड़/दंगा नियंत्रण से सम्बन्धित उपकरणों को तैयारी की हालत में रखा जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका तुरन्त उपयोग किया जा सके। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि जिलों के समस्त धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रातः कालीन पोस्टर चेकिंग पार्टी निकाल कर सघन चेकिंग की जाए। इस दौरान शरारती/असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सतर्क नजर रखी जाए। जिलों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को थानावार सूचीबद्ध कर उनकी क्रियाशीलता का परीक्षण कर लिया जाए। महत्वपूर्ण हॉटस्पाट व संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करायी जाए।

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि जिलों अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एक्सेस कंट्रोल की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए व विभिन्न श्रोतों से प्राप्त होने वाली सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जाए। जिले अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटलों, ढाबों सराय आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा संदिग्ध व्यक्तियों/स्थानों की सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए।

### कार्यक्रम स्थल की कराई जाए चेकिंग

डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि दीपोत्सव के दौरान अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण स्थल एवं समस्त कार्यक्रम स्थल की चेकिंग करा ली जाए। महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा मानक के अनुसार सुनिश्चित की जाए। भैयादूज, गोवर्धन पूजा आदि के अवसर पर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं भीड़ वाले अन्य स्थानों के साथ-साथ नदियों व घाटों पर समुचित पुलिस प्रबन्ध करते हुए विशेष सतर्क दृष्टि रखी जाए। नदियों व घाटों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाए तथा स्थानीय गोताखोरों/जल पुलिस/बाढ़ राहत पीएसी की व्यवस्था की जाए तथा फ्लड लाइट व अल्टरनेट प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सघन मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्टों का तत्काल खंडन करते हुये दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकनिक स्पॉट जंगल में तेंदुए की सूचना

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पिकनिक स्पॉट जंगल में तेंदुआ दिखने की सूचना से हड़कंप मच गया है। न्यू नर्सरी के पास तेंदुए को देखे जाने की खबर के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। हालांकि, अभी तक तेंदुए की मौजूदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। डिप्टी रेंजर कुकरैल, लखनऊ अरिजीत जोशी ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान रात तीन बजे पुलिस की पीआरवी ने देखा है। ऐसी इन्फॉर्मेशन मिली है। जिसके बाद उन्होंने वन विभाग को सूचना दी है। वन विभाग की टीम को लगाया गया है। तेंदुआ की जानकारी मिलने पर तलाश की जा रही है। एहतियात के तौर पर अधिकारियों ने लोगों को जंगल में न जाने की हिदायत दी है। वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में जुटी है और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है।

### होटल को उड़ाने की धमकी के बाद प्रशासन अलर्ट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को बम निरोधक दस्ता ने गोमती नगर के होटलों में निरीक्षण किया। ये अभियान रविवार को होटलों को बम उड़ाने की धमकी देने के बाद चलाया गया। होटल ताज, रेनी सेंस और सिलवेट में निरीक्षण किया गया। इस दौरान डॉग स्क्वाड मौजूद रहा है।बता दें लखनऊ के गोमतीनगर स्थित ताज होटल, रेन्सांस और हजरतगंज स्थित सिलवट में भी अभियान चलाया गया। रविवार को बम से उड़ाने की सूचना के बाद सोमवार को भी अभियान जारी रहा। हालांकि इस दौरान लोगों के बीच एक बार फिर बम की सूचना फैल गई। एसीपी गोमतीनगर विकास जयसवाल ने बताया कि अभियान के तहत चलाया जा रहा है।

### निशुल्क हृदय रोग हेल्थ कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** फैजाबाद रोड स्थित चंदन हॉस्पिटल में अलीगढ़ ओल्ड बॉयज एलुमनाई एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से आज एक निशुल्क हृदय रोग जांच संबंधी निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। चंदन हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ. दानिश हसन काजमी और कालीकट केरला से आए डॉ मिर्जा मोहम्मद कामरान ने इस हृदय रोग शिविर में लगभग डेढ़ सौ से अधिक लोगों का इसीजी, इको और उनके वाईटल्स की जांच की. इनमें से लगभग 50 बच्चे भी थे जो बहुत छोटी उम्र से हृदय रोगों से संबंधित समस्याओं से पीड़ित हैं। डॉक्टर दानिश हसन ने कहा कि आज के शिविर में चेकअप स्क्रीनिंग के बाद यह तय होगा कि किसको किस तरह के इलाज की या सर्जरी की भविष्य के लिए आवश्यकता है। कम संसाधन वाले मरीजों के लिए भी पैसे के अभाव में इलाज ना रुके, इस हेतु हम लोग सामाजिक संस्थाओं की भी मदद लेते हैं। अलीगढ़ ओल्ड बॉयज एलुमनाई एसोसिएशन के लखनऊ यूनिट के प्रेसिडेंट सैयद मोहम्मद शोएब ने कहा कि समाज से जो हमने लिया है उसको आगे चलकर के समाज में बांटना भी हमारी जिम्मेदारियों में शुमार है। अपने मिशन को पूरा करने के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं हमेशा आगे बढ़कर समाज के जरुरतमंदों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर एएमयू ओल्ड बॉय एलुमनाई एसोसिएशन की लखनऊ यूनिट की सेक्रेटरी शाहिला हक और कोऑर्डिनेटर शारिक अहमद भी उपस्थित थे।

### पढ़ाई के साथ कैसे करें कामई, छात्रों को टीचर्स कर रहे हैं ट्रेन



**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के उद्यम सुविधा केंद्र ने उद्यम उड़ानः पढ़ाई से कमाई तक कार्यशाला और पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को औद्योगिक विकास संस्थान के सहयोग द्वारा किया गया। बदलती आर्थिक स्थिति और भारत सरकार की उच्च शिक्षा संस्थानों को स्किल इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया की दिशा में आगे बढ़ाने की पहल को ध्यान में रखते हुए छात्रों को ट्रेन किया जा रहा है। इसके लिए कॉलेज तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवाचार के महत्व पर जोर दिया। डॉ. अमित सिन्हा, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट हेड, द्धद्धष्ठ ने अगले दस वर्षों में बाजार में बढ़ते अवसरों पर जोर दिया। प्रो. ज्योति भार्गव, वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष ने प्लेसमेंट और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास के महत्व को दोहराया।

### निशुल्क मासिक चिकित्सा शिविर



**लखनऊ।** सत्यवादी हरिश्चंद्र स्वास्थ्य परीक्षण समिति द्वारा संचालित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज रस्तोगी,मेडिकल कॉलेज की रेस्पिरेटरी विभाग से डॉक्टर मंजीत सिंह व उनके सहयोगी ने चेस्ट के मरीजों का परीक्षण किया। पीएफटी मशीन के द्वारा मरीजों की जांच भी की गई। इस दौरान डॉक्टर सृष्टि शर्मा स्त्री, रोग विशेषज्ञ के तौर पर उपस्थित रहीं व मरीजों का परीक्षण किया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुमित रस्तोगी भी उपस्थित रहे। प्रवक्ता धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी ने बतलाया कि सभी चिकित्सकों ने 80 मरीजों का परीक्षण किया। थायरोकेयर के द्वारा थायराइड की टीएसएच जांच निःशुल्क की गई। जिसमें 60 मरीजों ने लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि परामर्श केंद्र की ओपीडी भी दिनभर चली जिसमें लगभग 200 मरीज देखे गए। शिविर के उद्घाटन सत्र में लखनऊ रोटरी क्लब की महिला विंग इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ बारादरी की तीन पदाधिकारी विभा रस्तोगी पूर्व उपाध्यक्षा रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र, नूपुर रस्तोगी एवं डॉक्टर मीतू रस्तोगी उपस्थित रहीं। जिनका सम्मान स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान उपाध्यक्षा नेहा रस्तोगी ने किया।

### उद्योग बंधु की बैठक में नहीं आए विभागों के बड़े अधिकारी

**लखनऊ।** डीएम की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधु की बैठक में कई विभागों के बड़े अधिकारी नहीं आए। कहीं से इंजीनियर आए तो कहीं से जोनल अधिकारी। नगर निगम का कोई बड़ा अफसर नहीं आया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता पहुंचे, लेकिन कुछ देर बाद शासन में दूसरी मीटिंग ऐसे में चले गए। एलडीए, लेसा और लोक निर्माण विभाग के भी बड़े अफसर नहीं रहे। डीएम ने इस पर नाराजगी जताई। सभी विभागों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि समस्त विभाग अपने-अपने यहां एक नोडल अधिकारी तथा एक सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। नोडल अधिकारी को यदि किसी कार्यवश स्टेशन लीव पर जाना पड़े तो नोडल अधिकारी लिखित तौर पर अपने सहायक नोडल अधिकारी को चार्ज हस्तगत करा देंगे, जिससे पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का निस्तारण सहायक नोडल अधिकारी द्वारा देख जाएगा।

## स्कूलों के पास तम्बाकू उत्पादों की बिक्री होगी बंद

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** जिला प्रशासन नशे पर अंकुश लगाने के लिए सख्ती करने जा रहा है। स्कूल, कॉलेजों और कोचिंग सेंटर के आस-पास 10 मीटर के दायरे में आने वाली तम्बाकू व इसके उत्पादों की दूकानें बंद कराई जाएंगी। सोमवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने इस सम्बंध में विभागों के साथ बैठक की। साथ अफसरों को इसे रोकने के सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, अपर आयुक्त प्रशासन राधेश्याम, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी नशीले पदार्थ हैं वह शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लोग नशे के लिए कई दवाओं का भी सेवन करते हैं। नशे के



लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां मानसिक एवं गंभीर शारीरिक बीमारियां पैदा करती हैं। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तम्बाकू एवं तम्बाकू से निर्मित अन्य उत्पादों का प्रदर्शन सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम के प्राविधानों के तहत अनुमन्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों व मार्गों पर गुमटियों, दुकानों में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री झालर के रूप में प्रदर्शित करते हुए जहां कहीं भी विक्रय की जा रही है उसे तत्काल बन्द कराया जाय।

## मारुति कार सवार जालसाजों ने पति-पत्नी के लाखों रुपए के जेवरात किये तड़ीपार

लोक मित्र संवाद

**बंथरा।** मारुति कार सवार जालसाजों ने पति-पत्नी के साथ धोखाधड़ी करते हुए लाखों रुपए के जेवरात के साथ हजारों रुपए की नगदी ले उड़े। इसकी जैसे ही जानकारी हुई दंपति परेशान हो उठे और जालसाजों को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन जब उनका कहीं पता नहीं चला तो थाने पर मुकदमा दर्ज करया है। बीते रविवार को बंथरा थाना क्षेत्र में मारुति वैन से अपने मायके जा रही एक महिला के बैग से महिला के जेवर सहित नगदी चोरी करके महिला को सड़क पर ही उतारकर मारुती सवार रफू चक्कर हो गए। शक होने पर जब महिला ने बैग खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए, इसके बाद महिला ने अपने पति के साथ मारुती की खोजबीन की किंतु उसका कहीं पता न चलने पर महिला द्वारा स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कमलापुर बिजनौर निवासी विनीता राठौर अपने पति नरेंद्र सिंह चौहान के साथ रविवार को अपने मायके शुक्लागंज उन्नाव जाने के लिए स्कूटर इंडिया से मारुति वैन इको स्लेटी कलर की गाड़ी पर बैठी थी। विनीता राठौर के अनुसार मारुति वैन में आगे की सीट पर दो आदमी बीच में दो महिला व पीछे तीन आदमी बैठे थे जिनकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच में थी। विनीता बीच वाली सीट पर बैठी थी और उनके तीन बैग सीट के नीचे रखे थे। विनीता ने बताया कि जब वो बंथरा थाने के आगे पीएनबी बैंक के सामने पहुंची तो ड्राइवर ने कहा कि आगे गाड़ी चेक हो रही है आप यही उतर जाओ और वह 2 मिनट में वापस आ रहे हैं और उनको वहीं उतार दिया शक होने पर विनीता के द्वारा जब बैग देखा गया तो बैग फेवीक्विक से चिपका हुआ था किसी प्रकार बैग खोलकर जब देखा गया तो बैग के अंदर से गले का सेट, झुमकी, तीन अंगूठी, एक चैन, कमर पेटी, दो पायल, मांग टीका, कान की नथ के साथ 20000 रुपए नगदी गायब थे। चोरी की जानकारी होते ही पति-पत्नी के होश उड़ गए, उन लोगों द्वारा मारुति वैन का पता लगाने का प्रयास किया गया किंतु मारुति वैन सवार भाग निकले।

### औद्योगिक क्षेत्रों में निकाय नहीं वसूलेंगे किसी तरह का टैक्स

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने औद्योगिक क्षेत्रों को नगर निकाय और जिला पंचायत क्षेत्र से बाहर कर दिया है। इसके बाद निकाय अब औद्योगिक क्षेत्रों में किसी तरह का टैक्स नहीं वसूलेंगे और न ही विकास कराएंगे। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) अब इन क्षेत्रों में विकास कराएंगे और टैक्स भी वसूलेगा। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि यूपीसीडा द्वारा अब औद्योगिक क्षेत्रों में समुचित रख-रखाव और म्यूनिसिपल सर्विसेस प्रदान किया जाएगा। इसके लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद में संशोधन किया गया है। इसके आधार पर औद्योगिक क्षेत्रों का नाम और उसकी सीमा व भू-मानचित्र का चिन्हांकन कराते हुए उसका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। इन क्षेत्रों में सफाई, कूड़ा उठान, उसका निस्तारण, जल निकासी, सीवेज निस्तारण, रख-रखाव आदि आधारभूति सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्रों से बाहर नगर विकास विभाग द्वारा पूर्व की तरह सुविधाएं दी जाती रहेंगी। यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के आवंटियों से नियमानुसार टैक्स आदि लेते हुए स्वयं वित्तीय पोषण के आधार पर रख-रखाव किया जाएगा।

## नगर निगम के संविदाकर्मियों की बल्ले-बल्ले, होंगे परमानेंट

- नगर पंचायत और नगर पालिकाओं से भी मांगा ब्योरा

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर निगमों में काम कर रहेद संविदाकर्मी परमानेंट होंगे। स्थानीय निकाय निदेशालय ने प्रदेश के सभी नगर निगमों से उनके यहां कार्यरत संविदाकर्मियों का ब्योरा मांगा है। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने संविदाकर्मियों को विनियमित करने के लिए नगर आयुक्तों को पत्र भेजा है। निदेशक ने नगर निगमों में 31 दिसंबर 2001 या उससे पहले से कार्यरत संविदाकर्मियों का ब्योरा देने के लिए कहा है। पत्र के साथ नगर निगमों को फॉर्मेट भेजा गया है, जिसमें ब्योरा देना है। इसमें 12 सितंबर 2016 को कार्मिक अनुभाग-2 की ओर से दैनिक कार्मिकों के विनियमितीकरण नियमावली-2016 की अधिसूचना का भी जिक्र है, जिसपर वित्त विभाग ने आपत्ति लगाई थी।नगर निगम के एक अधिकारी के मुताबिक आपत्ति की बाधा अब नहीं है। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने शासन से वार्ता में संविदाकर्मियों को स्थायी करने का भी प्रस्ताव रखा था।

25 अक्तूबर को जारी किए गए पत्र के आधार पर नगर निगम को तीन दिन में ब्योरा भेजना है।नगर पंचायत और नगर पालिका के संविदा और दैनिक कर्मियों को भी स्थायी किया जाएगा। नगर पंचायत और नगर पालिकाओं में 31 दिसंबर 2001 या इससे पहले कार्यरत संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का ब्योरा भी मांगा गया है। नगर पंचायत और नगर पालिकाओं को भी नगर निगमों की तरह निदेशालय को ब्योरा भेजना होगा।

## 19 जिलों के आउट सोर्सिंग बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दीपावली से पहले बिजली कर्मचारियों का आंदोलन शुरू हो गया है। सोमवार को गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यालय के बाहर 19 जिलों से आए करीब 1 हजार कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान बिजली कर्मचारी नेता देवेंद्र पांडेय ने कहा निगम हर जिला कार्यालय में 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी कर रहा है। इसके लिए लिस्ट लगा दी गई है। करीब 25 हजार कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। देवेंद्र पांडेय ने बताया कि आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। हम रोजी-रोटी पर हमला किसी भी स्थिति में



बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज होगा। देवेंद्र पांडेय ने कहा- जरूरत पड़ी तो ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ तक से मुलाकात करेंगे। संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन वैसे भी काफी कम है। नौकरी से निकाले जाने से उनकी आर्थिक स्थित और खराब हो जाएगी। धरने में शामिल एक कर्मचारी नेता ने बताया कि 50 प्रतिशत छंटनी के आदेश है। कार्यालयों पर निकाले जाने वाले कर्मचारियों की लिस्ट लगा दी गई है। हम सब ने छंटनी रोकने सहित 12 सूत्रीय मांग को लेकर एक ज्ञापन निगम अधिकारियों को सौंपा है। मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में काम बंद करने की चेतावनी दी है।

## दीपावली मेला में दिखती है भारतीय संस्कृति की झलक



लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ में दीपावली के अवसर पर, धनतेरस के पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के निर्देशन में एवं महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के संयोजकत्व में दिवाली मेला आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेविका नम्रता पाठक ने फीता काट कर किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्य प्रो. मंजुला यादव, प्रो. सीमा सरकार, डा. सीमा पांडे, डा. अपूर्वा अवस्थी, डा. क्षितिज शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

छात्राओं द्वारा पारंपरिक रूप से तिलक लगा कर अतिथि वंदन किया गया। मुख्य अतिथि नम्रता पाठक को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय द्वारा पौध, स्मृति चिन्ह, और महाविद्यालय की श्रीमती ललिता पांडे द्वारा बनाई गई मधुबनी पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया।महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रो. सीमा सरकार की शोधच्छात्रा शुभांगी सोनी द्वारा विष्णु स्त्रोत पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । जिसमें छात्राओं ने दीपोत्सव की सुंदर रंगोलियां बनाते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तथा हरित दीवाली मनाये वातावरण बचाने का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक सदस्या अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा प्रोफेसर शर्मिता नंदी, समाजशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ विनीता सिंह, संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वन्दना द्विवेदी रहीं।

## छेने की मिठाई से उठ रही थी दुर्गंध, एफएसडीए ने छापा मार पकड़ा

लोक मित्र संवाद

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने सोमवार को भी शहर के कई इलाकों में छापा मारकर मिलावटी सामान पकड़ा। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। आलमबाग में एक प्रतिष्ठान में खराब हो चुकी छेने की मिलावटी मिठाई बेची जा रही है। इसे नष्ट करा दिया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विजय प्रताप सिंह ने बताया कि राजधानी में सोमवार को भी प्रतिष्ठानों में छापे डालकर 23 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इसमें खुशी डेरी पटेल नगर आलमबाग के यहां 25 किग्रा छेना मिठाई मिली। जिसकी कीमत 10 हजार रुपये है। मिठाई खराब हो गयी थी। मिलावट भी की गयी थी। इसके बावजूद इसे बेचा जा रहा था। मानव उपभोग के लिए यह खतरनाक होने की वजह से इसे नष्ट करा दिया गया। इसके अलावा लखनऊ डेरी आदर्श नगर से खोये, अभिषेक सिंह चौहान रामनगर से किसमिश, यादव दूध डेरी एंड स्वीट विवेक खण्ड गोमती नगर से पनीर, खोवा, दही, अजय स्वीट्स भिठौली क्रासिंग से छेना मिठाई, जय मां लक्ष्मी दूध डेरी कोटवा रोड बीकेटी से पनीर, न्यू जय मां गायत्री दूध एवं मिष्ठान भण्डार राजाजीपुरम से छेना मिठाई, गनेश मिष्ठान भण्डार राजाजीपुरम से डोडा बरफी, संस्कृति स्वीट्स राजाजीपुरम से मेवा लड्डू, ठाकुरगंज खोया मंडी से खोया, स्टार बेकरी अंधे चौकी के पास से गुलाब जामुन, नारियल बर्फी, रिफाइंड पामोलिन ऑयल, नादिका डेयरी एंड एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड भावाखेड़ा निगोहा मोहनलालगंज से पनीर, फुल क्रीम मिल्क, दूध, दही, गुप्ता जनरल स्टोर खरगापुर गोमती नगर से बेसन, मुबीन जनरल स्टोर मौलवीगंज से सन फ्लावर आयल, श्री प्रकाश स्वीट्स महानगर सिविल हास्पिटल के पास से खोये का नमूना लिया गया।

## 124 स्थानों पर लगवाई सोलर लाइट

लोक मित्र संवाद

**सरोजनीनगर लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देकर मॉडल सिटी के रूप में विकसित कर रहे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं को दीवाली का विशेष उपहार देते हुए 124 सोलर लाइटें लगवाई हैं। सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए डॉ. सिंह ने यह जानकारी स्वयं दी हैं।यह सभी लाइटें सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों के भाजपा बूथ अध्यक्षों के सुझाव पर उनके द्वारा बताये गए स्थान पर लगवाई गयीं है।

इस पहल से डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आम जनता के समग्र विकास और अन्त्योदय के लक्ष्य को पूरा करने में बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को सम्मिलित कर संगठन को विशेष महत्व दिया है। डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी विधानसभा क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ. सिंह ने विभिन्न योजनाओं और निधि के माध्यम से अपनी विधानसभा क्षेत्र में 1,000 से अधिक सोलर लाइटें स्थापित कराई, विभिन्न पार्कों में सोलर ट्री लगवाए और जनजागृति अभियान संचालित कर क्षेत्रवासियों को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। विधायक ने अपने कार्यालय पर सोलर हेल्प डेस्क भी स्थापित कराई जिसका परिणाम ये रहा है कि सोलर सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ शहर में अब तक सृजित 100 मेगावाट



सोलर ऊर्जा में से 40 मेगावाट अकेले सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सृजित की गयी है। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा ग्रीन एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थापित कराये गए 135 ताराशक्ति केन्द्रों पर इको फ्रेंडली बैग्स भी बनवाये जा रहे है। विभिन्न ताराशक्ति केन्द्रों पर अब तक 20,000 से अधिक बैग्स बनवाये गए जिनमें 13,000 से अधिक बैग्स प्राइमरी स्कूल के बच्चों में वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया गया और प्लास्टिक बैग्स का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया है। विधायक डॉ. सिंह द्वारा निरंतर वृक्षारोपण अभियान भी संचालित किया जा रहा है, इस बार सावन महीने में विधायक द्वारा 200 से अधिक रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे गए हैं।

# मल्टीलेवल पार्किंग का अब तक न हो सका संचालन



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** शहर की जिस महत्वाकांक्षी परियोजना का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सात महीने पहले कराया गया, उसकी सुविधा आज तक शहरवासियों को नहीं मिल सकी है। मल्टीलेवल कार पार्किंग शुरू होने का इंतजार बढ़ता जा रहा है।12 मार्च को लखनऊ में प्रदेश की नगर विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया गया था। गाजियाबाद नगर निगम से जुड़ी करीब 40.34 करोड़ रुपये लागत की तीन परियोजनाएं लोकार्पण का हिस्सा रहीं, जिसमें बस अड्डे के पीछे बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग भी शामिल थी। उम्मीद जताई जा रही थी कि लोकार्पण के एक-दो दिन बाद पार्किंग की सुविधा लोगों को मिलने लगेगी, लेकिन सात महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी यह सुविधा जनता को नहीं मिली है। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा का कहना कि जिस फर्म के साथ पार्किंग के संचालन का अनुबंध हुआ है, उससे अनुबंध होना बाकी है। अनुबंध होने के साथ ही पार्किंग की सुविधा शुरू हो जाएगी।बता दें कि, राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 38.83 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया गया है। जल निगम की कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) ने इसे बनाया है। इस पार्किंग में 200 कारें और लगभग 600 दोपहिया एक साथ खड़े हो सकेंगे।

# मिशन शक्तिः सच को छुपाना नहीं है और झूठ को लिखाना नहीं है

» पारिवारिक विवाद एंव पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर आपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ने की प्रवृत्ति



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/कासगंज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में दिनांक 28.10.24 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों, कस्बों, स्कूलों, कालेजों, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल का आयोजन कर जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर बताया गया कि अक्सर पारिवारिक विवाद पारस्परिक भूमि विवाद का यथोचित समाधान नहीं दिखने पर अपराधिक घटनाओं में महिला सम्बन्धी अपराधों को जोड़ने की प्रवृत्ति भी सामाजिक रूप से देखने को मिल रही है। संक्षेप में कई अन्य प्रकरणों में ऐसी घटनायें दर्ज करा दी जाती हैं, जिनको बाद में महिला एवं बालिकाओं संबन्धी अपराधों की श्रेणी में परिवर्तित कर दिया जाता है।

जबकि मूलतः यह पारिवारिक और भूमि विवाद संबन्धी होती है। दूसरी ओर वास्तविक रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध जो अपराध होते हैं, उनमें दुष्कर्म, शीलभंग जैसे संगीन मामलों में प्रताड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की मनोस्थिति काफी हद तक प्रभावित होती है और पीड़िता के जीवन में उस घटना का ट्रॉमा और भय सदैव के लिए बस जाता है। उक्त मानसिक आघात से उभरने के लिए पीड़िता को मनोवैज्ञानिक परामर्श (काउंसलिंग) की भी आवश्यकता होती है। एक अन्य प्रकार का ट्रेंड जो सामने आ रहा है, उसमें नाबालिग बालिकाएं लव अफेयर, इलोपमेंट, लिव इन रिलेशनशिप जैसे सेनेरियो में फँस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनको समझौता करना पड़ता है।

कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है। साथ ही साथ बदनामी के भय से ऐसा संत्रास झेलना पड़ता है, जिसके कारण वह ऐसी स्थिति से निकलने में अपने आपको अक्षम महसूस करती है। परिवार में आपसी संवादहीनता और अभिभावकों से डर के कारण बालिकाए अपनी बात कह नहीं पाती है। इसके अतिरिक्त आज तकनीक के दुरूपयोग के चलते महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे है।

इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षड़यंत्रों का शिकार न बने भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्बाद न करें, यदि उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको परामर्श/सहयोग और पुनर्वास का मौका मिल सके। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ रिलेशनसिप, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन न करने के संबंध में जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया साथ ही शासन को जानकारी दी गयी।

## लुटेरे पीछे लगने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से आभूषण उतरवा ले गईं युवतियां

**गाजियाबाद।** विजयनगर के साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर लौट रही बुजुर्ग महिला से आभूषण ठगने की घटना सामने आई है। दो युवतियों ने लुटेरे पीछे लगने का झांसा देकर इस घटना को अंजाम दिया। मामले में महिला के बेटे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता शिवरतन ने बताया कि उनकी मां हेमलता साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने गई थीं।

वह काफी देर तक नहीं लौटीं तो वह उनको देखने के लिए गए। रास्ते में आते हुए उनकी मां ने उनको बताया कि उनको दो युवतियां मिली थीं। उन्होंने कहा कि उनके पीछे लुटेरे लगे हैं और उनकी निगाह उनके गले में पड़ी सोने की चेन और अंगूठियों पर है। उनके कहने पर उन्होंने आभूषण उतारकर रूमाल में रख लिए। तभी वह झांसा देकर उनके गहने ले गईं और फरार हो गईं। उनके जाने के बाद उनको ठगी का पता चला। इस बारे में एसीपी रितेश त्रिपाठी का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# मोटर साइकिल चोर को किया गिरफ्तार, मोटर साइकिल बरामद



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा/कासगंज।** अपराध नियन्त्रण की दिशा में कासगंज पुलिस की कार्यवाही जारी, थाना पटियाली पुलिस द्वारा 01 मोटर साइकिल चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद । पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में हो रही दो पहिया वाहन चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए पटियाली क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी पटियाली राजकुमार पाण्डेय के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को ग्राम रतनपुरी से हुई मोटर साईकिल चोरी की घटना का अनावरण किया जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना पटियाली पुलिस द्वारा अलीगंज तिराहा बाईपास थाना क्षेत्र पटियाली से 01 अभियुक्त इकेन्द्र पुत्र रधुवर दयाल निवासी ग्राम रतनपुर थाना पटियाली जनपद कासगंज को मय 01 चोरी की मोटर साइकिल के गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । उक्त मोटर साइकिल ग्राम रतनपुरी थाना पटियाली से चोरी हुई थी जिसके सम्बन्ध में थाना पटियाली पर मु0अ0सं0-376/2024 धारा 303(2) बी.एन.एस पंजीकृत है एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

## जीडीए में अब शिकायतों का निस्तारण एई से नीचे के अधिकारी नहीं करेंगे




लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली यानी आईजीआरएस पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों का निस्तारण अब सहायक अभियंता से नीचे स्तर के अधिकारी नहीं कर सकेंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शासन के आदेश के बाद इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इसी के साथ ही समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश भी दिए गए हैं। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी। 22 अक्तूबर से ई-ऑफिस प्रणाली शुरू हो चुकी है। नई व्यवस्था से पांच दिनों में करीब 500 फाइलों का निस्तारण कर दिया गया है।

## स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल एटा के प्रांगण में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर इंद्रजीत सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विपिन कुमार,जिला दिव्यांगजन अधिकारी अजीत कुमार, प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज शिवानी यादव, पराविधिक स्वयंसेवक्, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रिचा यादव, प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कॉलेज एटा विजय मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि छात्रों को अपनी क्षमता एवं रुचि के अनुसार कक्षा 10 के बाद कैरियर संबंधी विषयों का चुनाव करना चाहिए। अभिभावकों को विषय चयन के लिए अपने बच्चों पर दबाव नहीं बनना चाहिए क्योंकि क्षमता एवं रुचि के अनुसार विषय चयन न कर पाने के कारण छात्र अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं जिससे छात्र एवं अभिभावक दोनों ही तनाव ग्रस्त रहते हैं। बहुत से छात्र तो अपेक्षित सफलता न मिलने पर पढ़ाई भी छोड़ देते हैं जिससे भविष्य चौपट हो जाता है।छात्रों को अन्य का अनुकरण करते हुए विषय का चयन नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्ञान के क्षेत्र में भिन्न-भिन्न विषय हैं , सभी का अपना-अपना महत्व है जिनके आधार पर योग्यता प्राप्त करके छात्र नौकरी अथवा स्वरोजगार करने की योग्यता प्राप्त कर सकते हैं। समाज को भिन्न-भिन्न विधाओं में पारंगत व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने कक्षा 12 के बाद कैरियर संबंधी कोचिंग प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। शिवानी यादव ने कहा कि हम आप आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा प्राप्त करते हैं। हम जीविकोपार्जन के लिए धन कमाने की योग्यता पाने के लिए शिक्षा ग्रहण करते हैं । शिक्षा ग्रहण करने के बाद हम अपने जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा समाज के लिए बिताते हैं। इसलिए हमें सावधानी पूर्वक अपने एप्टीट्यूड पर ध्यान देना चाहिए ,उसे पहचान कर उसका अच्छे प्रकार से समाज हित में प्रदर्शन भी करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं व्यक्तित्व विकास प्रमुख गोयल, डॉक्टर लवली शर्माआदि की उपस्थिति रही।


## महिला के सामने भागे चोर, सीसीटीवी में दिखे, पुलिस पहचान करवा रही

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा के थाना जगदीशपुरा के बोदला क्षेत्र में चोरी की वारदात का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दो बदमाशों को घर के अंदर घुसते और महिलाओं के लौटने पर उनके सामने ही फरार होते देखा जा सकता है। महिलाओं का आरोप है कि बदमाशों ने उन पर तमंचे तान दिए थे और कीमती सामान लेकर भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घर की मालकिन मेहरुनिसा ने बताया कि 27 अक्टूबर को उनके परिवार में शादी थी, जिसके लिए 700 मीटर दूर स्थित मैरिज होम बुक किया गया था। पूरा परिवार शादी में व्यस्त था, पर पिछले अनुभव के कारण कुछ सदस्य बीच-बीच में घर की निगरानी कर रहे थे। रात में घर से कुछ दूर जाकर भी सभी घर की सुरक्षा का ध्यान रख रहे थे।सुबह करीब 4 बजे मेहरुनिसा अपनी बहनों के साथ घर पहुंची तो उन्होंने पाया कि ताला टूटा हुआ है, जबकि चाबी उनके पास थी। अंदर जाते ही बिखरा हुआ सामान देख वे दंग रह गईं और समझ गईं कि घर में चोरी हो चुकी है। तभी अचानक दो-तीन बदमाश उनके सामने आ गए और तमंचा तानकर धमकाने लगे कि अगर शोर मचाया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। घटना के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में देखा गया कि सुबह 3.45 बजे दो बदमाश गली में टहलते नजर आ रहे हैं। एक बदमाश घर के दरवाजे से झांकता है, जबकि दूसरा कुछ सामान निकालता है। दोनों ने मिलकर ताला तोड़ा और घर में घुस गए। इसके ठीक 15 मिनट बाद 4 बजे महिलाएं घर पहुंचीं और 4.03 बजे के करीब चोर उनके सामने ही घर से निकलकर भागते नजर आए। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# छठ पूजा समिति के कुछ लोगों द्वारा सेक्टर 71 में छठ पूजा को रोकने की तमाम कोशिशें जारी

देव मणि शुक्ल


॥ ॐ सूर्याय नमः ॥

शिव शक्ति छठ पूजा समिति

डी-3/11, शिव शक्ति अपार्टमेंट, सैक्टर-71, नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

(अध्यक्ष) मो0 8448199971 · (कार्यकारी अध्यक्ष) मो0 9213380380 · (महासचिव) मो0 9015609730 · (कोषाध्यक्ष) मो0 987124042

प्रेस विज्ञप्ति

श्री सहयोग छठ पूजा समिति के कुछ लोगों द्वारा सेक्टर 71 में छठ पूजा को रोकने की तमाम कोशिशें जारी।

शिव शक्ति छठ पूजा समिति सेक्टर 71 के अध्यक्ष व समस्त कार्यकारिणी के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि श्री सहयोग छठ पूजा समिति के कुछ सदस्यों के द्वारा लगातार पूजा के नाम पर राजनीति व भ्रष्टाचार

**नोएडा।** शिव शक्ति छठ पूजा समिति सेक्टर 71 के अध्यक्ष व समस्त कार्यकारिणी के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि श्री सहयोग छठ पूजा समिति के कुछ सदस्यों के द्वारा लगातार पूजा के नाम पर राजनीति व भ्रष्टाचार किया जा रहा है ।वह नोएडा प्राधिकरण वह मीडिया में गलत प्रचार किया जा रहा है। शिव शक्ति अपार्टमेंट नोएडा सेक्टर 71 में विगत 20 वर्षों से छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा था लेकिन पिछले दो वर्षों में पूजा के स्थान पर हॉस्पिटल का निर्माण हो गया उसके बाद शिव शक्ति अपार्टमेंट से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे पेट्रोल पंप के निकट पूजा का आयोजन हो रहा है।

दूरी की वजह से सेक्टर में रहने वाले कुछ बुजुर्ग महिलाएं वह चलने फिरने में असमर्थ कुछ लोग पूजा पाठ में भाग नहीं ले पा रहे थे। इसलिए शिव शक्ति छठ पूजा समिति सेक्टर 71 इस बार सेक्टर के अंदर ही छठ पूजा करवाने का निर्णय लिया।

उसके बाद सारी प्रशासनिक कार्रवाई इस समिति के द्वारा पुरी की गई। उसके बाद श्री सहयोग छठ पूजा समिति के कुछ सदस्यों द्वारा लगातार भ्रम फैलाने का काम लोगों को डराने धमकाने का काम मीडिया व प्राधिकरण में गलत प्रचार करके पूजा को रोकने का अथक प्रयास किया जा रहा है। जो की घोर निंदनीय है।

शिव शक्ति छठ पूजा समिति सेक्टर 71 के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि वह अपना पूजा करें हम लोग अपना पूजा करेंगे इसमें गलत क्या है लेकिन श्री सहयोग छठ पूजा समिति के कुछ सदस्यों का यह प्रयास है, कि हम तो पूजा करेंगे लेकिन आपको पूजा करने नहीं देंगे.... शिव शक्ति छठ पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि श्री सहयोग छठ पूजा समिति के द्वारा लगातार मनमानी किया जा रहा था उनके द्वारा स्वयं ही बिना चुनाव के ही कार्यकारिणी का घोषणा करना।

छठ पूजा के नाम पर राजनीति व भ्रष्टाचार करना जो की घोर निंदनीय है। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण वह प्रशासन से उनके हिसाब किताब के जांच की भी मांग की है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सहयोग छठ पूजा समिति के कार्यकारिणी के लोगों को ऐसा क्या लोभ है कि यह अपना पद नहीं छोड़ना चाहते हैं। और जबरदस्ती अपने पद पर 4 साल से बने हुए है जबकि कार्यकाल केवल 2 साल का है,इसका मतलब है कि ये लोग राजनीति व भ्रष्टाचार में लिप्त है। इसकी जांच के उपरांत सच्चाई समाज के सामने आनी चाहिए।

## छठ पूजा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



देव मणि शुक्ल

**नोएडा।** पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति की बैठक सेक्टर 31 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में हुई। बैठक में छठ पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर समित के महासचिव राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 7 नवम्बर को सूर्य उपासना का महापर्व सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 7 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रतियों द्वारा अर्घ्य दिया जाएगा वहीं 8 नवम्बर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था का सही प्रबंधन हो इसकी बैठक में चर्चा की गई। छठ व्रतियों को कोई असुविधा ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। घाट का निर्माण जल्द शुरू कर दिया जाएगा जिससे समय रहते सारी तैयारियां पूरी हो सकें। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक अर्जुन प्रजापति, गजेंद्र सिंह, अविनाश सिंह, सुधीर राय सहित तमाम आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रास्ते की जमीनों पर धड़ल्ले से हो रहा हैं पीएम आवासों का निर्माण कार्य

» सीएम पोर्टल,डीएम व समाधान दिवस में शिकायत के बाबजूद नही हुई कोई कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** जलेसर अन्दर चुंगी की शत्रु संपत्तियों और रास्ते की जमीनों पर अपात्रों के प्रधानमंत्री शहरी योजना के तहत धड़ल्ले से अवैध आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है। तहसील, जिला प्रशासन, समाधान दिवसों एवं सीएम पोर्टल पर कई गयी शिकायतों के बाबजूद अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है।परिणामस्वरूप नगर में शत्रु भूमि पर सरकारी पीएम आवासों का निर्माण रातदिन हो रहा है। सीएम पोर्टल एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी को सौंपे गये शिकायती पत्रों में नगर के मोहल्ला नई वस्ती निवासी भाजपा कार्यकर्ता प्रेमपाल सिंह आदि शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया है कि जलेसर अन्दर चुंगी के गाटा संख्या 3035 की जमीन शत्रु संपत्तियों के अंतर्गत आती है। इस जमीन पर नगर के मोहल्ला किला निवासी सद्दीक पुत्र मजीद खां द्वारा पीएम शहरी आवास योजना के अंतर्गत चार आवासों का निर्माण कराया जा रहा है।

जो कि अकरम पुत्र सद्दीक,शाहरुख पुत्र सद्दीक,सगीर पुत्र सद्दीक तथा अहाना पुत्री सद्दीक नाम से नगर पालिका परिषद द्वारा फर्जीवाड़ा कर स्वीकृत कराये गये हैं। बताया गया है कि सद्दीक द्वारा इसी गाटा संख्या 3045 में 30 वर्ग फीट जमीन का फर्जी बैनामा सब्बीर पुत्र मजीद निवासी मोहल्ला अकबरपुर हवेली के नाम से अपनी पत्नी नूरजहाँ के नाम कराया जाना बताया गया है। इन सभी चारो पीएम आवासों का निर्माण 30 वर्ग फीट की जगह आस पास की शत्रु सम्पत्ति पर कराया जा रहा है।

पालिका की नजूल भूमि पर फर्जीवाड़ा कर एक साथ एक ही परिवार के चार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराकर कर निर्माण कराये जाने के इस गम्भीर प्रकरण में पालिका कर्मचारियों एवं कुछ सभासदो की संलिप्तता बतायी गयी है। शिकायती पत्र के अनुसार क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भी गाटा संख्या 3045 शत्रु संपत्ति व 3044- रास्ता का नम्बर सरकारी घोषित किया गया है। जिसकी आख्या लेखपाल द्वारा एसडीएम जलेसर को भी भेज दी गयी है।

जिस पर अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जबकि नगर पालिका परिषद द्वारा इस सम्बंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग को भी नोटिस दे भेजा जा चुका है। जबकि यह शत्रु संपत्ति पुलिस कोतवाली एवं नगर पालिका परिषद कार्यालय सटी हुई है।

**पालिका पटल प्रभारी को मिल रही हैं धमकियां:** बताया गया है कि पूर्व में नजूल की भूमि पर पीएम आवास बनाने पर नोटिस देने वाले कर्मचारी को सभासदो के दबाब में नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था। उच्च न्यायालय में मामला पहुंचने के उपरांत नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा पुनः उसी कर्मचारी को इस पटल की जिम्मेदारी दे दी गयी। शिकायतकर्ताओ के अनुसार उक्त पालिका पटल प्रभारी द्वारा आरोपियों को फिर नोटिस दे दिया गया है। उसके बावजूद भी आजतक निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। साथ ही कुछ पालिका कर्मियों एवं सभासदो की शह पर भूमाफियाओं द्वारा उक्त पालिका कर्मचारी को पटल से हट जाने की धमकी भी दी जा रही है।

**एक ही परिवार के हैं चारो पीएम आवास लाभान्वितः** जहां एक ओर आवासहीन पात्र व्यक्ति पीएम शहरी आवास बनबाने के लिए तरस रहे हैं। वही जलेसर नगर पालिका परिषद में बढ़ते भृष्टाचार के चलते अपात्रों के आवास न सिर्फ स्वीकृत हो रहे हैं अपितु शत्रु संपत्तियों व नजूल भूमि पर धड़ल्ले बन भी रहे हैं। नगर पालिका परिषद की नाक के नीचे मोहल्ला किला में शत्रु संपत्ति और रास्ते मे जो चार पीएम आवास बन रहे हैं।

## राज नगर एक्सटेंशन में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद, राजनगर एक्सटेंशन इकाई ने सहायक पुलिस कमिश्नर महोदया, सिहानीगेट थाना, गाजियाबाद और आयुक्त नगर निगम, गाजियाबाद को एक पत्र लिखकर आशियाना पाम कोर्ट, आशियाना चौराहा, आशियाना सोसायटी के सामने शिव मंदिर, वी वी आई पी एसेट्स, संस्कार किड्स के आसपास की सड़कों पर अतिक्रमण और गंदगी की समस्या की ओर ध्यान दिलाया है।इस पत्र में कहा गया है कि उक्त सड़कों पर टेंपो वालों का जमावड़ा, खोमचे, ठेलों और दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण, सड़कों पर गाड़ियों का बेतरतीब ढंग से खड़ा किया जाना सुरक्षित यातायात पर बड़ा प्रश्न चिन्ह है। इस कारण बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और विद्यालय की छुट्टी के समय में अभिभावकों के साथ कभी भी किसी तरह की आकस्मिक खतरा हो सकता है।

इसके अलावा, इन सब के कारण चारों तरफ बदबू से भरा कूड़ा करकट भी फैला हुआ देखा जा सकता है और पेड़ पौधे जो रोड डिवाइडर के बीच में लगाए गए हैं वे भी असुरक्षित हो रहे हैं।

फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद, राजनगर एक्सटेंशन इकाई के अध्यक्ष राज कुमार त्यागी एवं महामंत्री कैप्टन गोपाल सिंह ने संयुक्त पत्र में सहायक पुलिस कमिश्नर महोदया श्रीमती पूनम मिश्रा जी, सिहानीगेट थाना स्थित कार्यालय में भेट के दौरान अनुरोध किया है कि वे इस समस्या का समाधान करें और सुरक्षित यातायात की व्यवस्था करें। एसीपी श्रीमती पूनम मिश्रा जी ने फ्लैट ओनर्स फेडरेशन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्होंने नन्द ग्राम थाने को कार्यवाही के लिए आदेशित कर दिया। एसीपी श्रीमती पूनम मिश्रा से मिलने वालों में अध्यक्ष राज कुमार त्यागी, महामंत्री गोपाल सिंह, वरिष्ठ प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शरद सिंघल , महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा॰ नीतिका शुक्ला, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार अग्रवाल, मीडिया सह प्रभारी सत्यप्रकाश भटनागर, संस्कार किड्स की संयोजिका अनुकृति गर्ग आदि प्रमुख थे।

## संक्षिप्त खबरें

### खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी जारी

**अमेठी।** सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदया के निर्देशन में जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा दीपावली पर्व के दृष्टिगत मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बाजारशुकुल में एक प्रतिष्ठान पर लखनऊ से सप्लाई किया जा रहे तीन अलग-अलग ब्रांड के राइस ब्रान आयल का नमूना लेकर लगभग रुपए 141000 मूल्य का 1284 लीटर तेल सीज करते हुए जांच रिपोर्ट आने तक विक्रय पर रोक लगा दी है इसके बाद जगदीशपुर में एक प्राइवेट बस द्वारा सप्लाई किये जा रहे छेने के रसगुल्ले के दो अलग-अलग मिठाई दुकानों से नमूने लिए और मिल्क का भी एक नमूना लिया गया। आज की कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित प्रकाश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी युगल किशोर, श्रीकिशुन चौहान, जावेद अख्तर और रमाशंकर पटेल शामिल रहे। सहायक आयुक्त खाद्य राजेश द्विवेदी ने अपील किया है कि मिलावट रोकने में जनता भी खाद्य सुरक्षा विभाग का सहयोग करें और यदि उसे कहीं मिलावट खोरी से संबंधित कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो मोबाइल नंबर 9044086790 अथवा 8172830056 पर सूचित कर सकते हैं। इसके बावजूद भी जनपद में मिलावट खोरी जोरों पर है चाहे वह खाद्य पदार्थ हो अथवा किराने की दुकान मिठाइयों की दुकानों पर नहीं लगे अभी तक बोर्ड किस पदार्थ से बनाई जा रही मिठाई , शासनादेश के अनुसार पता नहीं जनता को शासन के आदेश को ठेका दिखाते नजर आ रहे हैं रेस्टोरेंट एवं होटलों के व्यापारी, कौन सा पदार्थ किस चीज से तैयार किया गया इसका बोर्ड लगाने को राजी नहीं है दुकानदार, मिलावट खोरी मिठाइयों के दुकान पर बदस्तूर जारी है द्य

### 63 प्रशिक्षार्थियों को दीक्षान्त समारोह में किया गया सम्मानित

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में सोमवार को दीक्षान्त समारोह का आयोजन निदेशालय के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद के सभी 06 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 63 प्रशिक्षार्थियों को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में इन शिल्पकार के हाथों से ही विकसित भारत सम्भव है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, प्रधानाचार्य विवेक कुमार, कार्यदेशक अजय कुमार सिंह, रहता रजा, देवेश शर्मा, दिवाकर मिश्र, संजय प्रकाश, गिरीश पटेल सहित समस्त कर्मचारी व प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

### कलयुगी पुत्र बना पिता की मौत का कारण

**अमेठी,** जिले के शुकुल बाजार क्षेत्र में अपने पुत्र के साथ हुई मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत हो गयी। पुलिस की मानें तो सोमवार को शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के महोना पश्चिम के रहने वाले 70 वर्षीय रामनाथ का शनिवार रात अपने बेटे मनोज कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान हुई मारपीट में लाठी से रामनाथ को गंभीर चोटें आयीं। परिजन उसे शुकुल बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये, जहां इलाज के दौरान रामनाथ की मौत हो गई। सूत्रों कि माने तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्यारोपी बेटे की तलाश की जा रही है। इस विषय पर कई क्षेत्र वासियों से बात की गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जनपद में पुलिस का खौफ अपराधियों को अब नहीं है क्योंकि जनपद के थानों पर बगैर पैसे के कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है कोई अपनी जायज शिकायत लेकर भी जाए फिर भी उसे हरजाना दिए बगैर न्याय मिलना असंभव नजर आ रहा है।



### लोहे के गेट में दौड़ रहे करेन्ट की चपेट में आकर चार वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

**बांगरमऊ,उन्नाव।** घर में लगे लोहे के गेट में दौड रहे करेन्ट की चपेट मे आकर एक चार वर्षीय अबोध बालक की दर्दनाक मौत हो गई।बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी रामू के मकान में लगे लोहे के गेट के ऊपर से बिजली का तार निकला है। केबिल कटा होने के कारण गेट में करंट दौड़ रहा था। गृहस्वामी रामू के बेटे ब्रजेश 04क वर्ष ने आज़ सुबह खेलते- खेलते लोहे के गेट को पकड़ लिया। गेट छूते ही बच्चा तेज करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित करते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बच्चे की अचानक मौत से मां मीरा देवी बिलख-बिलख कर रोने लगी। अब रामू का एक 6 माह का बेटा ही बचा है।



### गैस सिलेण्डर लीक होने से महिला झुलसी

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरधर पुर निवासी रामपाल की पत्नी माधुरी 30 वर्ष आज सुबह अपने घर में रसोई गैस से खाना पका रही थी। तभी अचानक गैस सिलेंडर लीक कर गया और सिलेंडर ने आग पकड़ ली। आग की लपटें इतनी तेज उठी कि माधुरी चपेट में गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चारा काटते समय उंगलियाँ कटी

**बाँगरमऊ,उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम सीताराम खेड़ा निवासी वसीम 32 वर्ष पुत्र रहीश आज सुबह मशीन से जानवरों के लिए चारा काट रहा था। तभी चारा लगाते समय उसका हाथ मशीन के अंदर चला गया। हादसे में उसके एक हाथ की उंगलियां काट गईं। परिजन आनन-फानन उसे लहूलुहान हालत में बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में हुई मौत एक घायल

**हसनगंज, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र हसनगंज निवासी ग्राम फखरुद्दीन मऊ लालता पुत्र राम अवतार उम्र लगभग 36 वर्ष पिकअप डाला से जा रहा था आगरा एक्सप्रेसवे पर हरदोई बेहटा मुजावर के पास से जा रहा पिकअप अनियंत्रित होकर पलटने पर पीछे से आ रही तेज बस ने ठोकर मारी जिसमे चालक और युवक की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया है। मृतक युवक लालता के एक 12 वर्ष की पुत्री रूही मौर्या पुत्र अक्षत मौर्या उम्र 10 वर्ष पत्नी आशा मौर्या का रो रो कर बुरा हाल है युवक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था दुर्घटना की सूचना थाने पर होने पर शव विच्छेदन हेतु पंचनामा कर भेजा गया शेष आगे की कार्यवाही की जा रही है।



# धनतेरस आज, सोने एवं बर्तन की दुकाने सजी



लोक मित्र संवाद

**सफीपुर, उन्नाव।** पांच दिनों तक चलने वाला त्यौहार दीपावली के प्रथम दिवस पर धनतेरस के लिए बाजार सज गए हैं। सफीपुर कस्बे के मोटेश्वर मंदिर के करीब , तहसील गेट के आस पास , एवं क्षेत्र के बाजार एवं दुकानों के बाहर पटरी पर भी खील-खिलौने, बताशे, दीये समेत विभिन्न वस्तुओं की दुकानें सजी हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ देख दुकानदारों के चेहरे भी खिले हैं। कोई आर्टिफिशियल झालरें खरीदने में लगा था तो कोई एलईडी झालरें खरीदता दिखाई दिया। रेडीमेड दुकानदारों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए छूट के बोर्ड लगाए हैं। दीपावली पर्व पर भगवान लक्ष्मी गणेश का पूजन करने के लिए मूर्तियों की दुकानें भी बाजार में बड़ी संख्या में लगी हैं लोग अपने बजट के अनुसार मूर्तियां खरीद रहे हैं।

#### बर्तन बाजार में एक दिन में लाखों का कारोबार

मंगलवार को धनतेरस है इसको लेकर सोमवार को बर्तन की दुकानें सजाने में दुकानदारों ने सुबह से ही लगे थे इस दिन ज्यादातर अत्याधुनिक बर्तनों की डिमांड ज्यादा होती है । ग्राहकों की डिमांड को देखते हुए इस बार स्पेशल तांबे के बर्तन दुकानों पर देखें जा सकते हैं। वहीं पूजन के लिए कुबेर भगवान की मूर्ति 50 रुपये से लेकर 400 रुपये तक की बिक रही है।

बाजार में चीनी के खिलौने और खील , लैया एवं चूरा की दुकानें देखी जा सकती हैं । खील और खिलौने 60 रुपये किलो बेचे जा रहे हैं।

मिट्टी के दीये 10 रुपये के 12

मोमबत्ती का पैकेट 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक

आर्टिफिशियल झालर 20 रुपये से लेकर 1500 रुपये तक

धनतेरस के लिए सराफा दुकानदारों ने भी तैयारी की है। अत्यधिक लोग सोने-चांदी की खरीदारी करते दिख सकते हैं ।

#### धनतेरस पर खूब बिकती है झाड़ू

दीवावली कर दो दिन पहले होने वाले त्यौहार धनतेरस पर अब झाड़ू के बिकने का नया चलन आया है, जहाँ एक वर्ष पूर्व भी झाड़ू खूब बिकी थी जहाँ जगह जगह झाड़ू के अलग-अलग स्टाल व झाड़ू की दुकान लगाई गई थी जहां लगभग प्रत्येक व्यक्ति ने खूब खरीदारी की थी

# धनतेरस आज सज गयी दुकानें, फीकी लग रही दीपावली

लोकमित्र संवाद

**अमेठी गौरीगंज।** धनतेरस को लेकर बर्तन कारोबारी में उत्साह है ।उन्होंने स्टील के अलावा तांबा व पीतल के बर्तनों का भंडार भी कर लिया है कारोबारी का कहना है कि अब ग्राहकों का रुझान स्टील से अधिक तांबा पीतल और फूलों के बर्तन पर है ज्यादातर ग्राहक इन बर्तनों को खरीदना पसंद करते हैं सोने के कारोबारी के मुताबिक सोने के भाव अधिक होने के कारण दुकानों पर कम ग्राहक दिखाई दे रहे हैं,अमेठी कारोबारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र में डेढ़ सौ दुकानें बर्तन की हैं। धनतेरस दीपावली को लेकर बाजार पूरी तरह तैयारी में है ।इस बार तांबे के गिलास जग और केतली के अलावा फूल की कटोरी व थाली खास आइटम भंडार में है दुकानदारों का कहना है कि स्टील सस्ती होने के कारण लोग खरीदते हैं लेकिन अब स्वास्थ्य को देखते हुए ग्राहक तांबा और फूल का उपयोग अधिक कर रहे हैं। धातुओं में फुल इन दिनों 1350 रुपए प्रति किलो और तांबा 850 रुपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है। इसके बाद भी ग्राहकों की पसंद बनी हुई है शहर में खुले माल पर भी नान स्टील कड़ाई तवा फ्राइपिन आदि बर्तनों के साथ क्रकरी की खरीद हो रही है ।दुकानदार रामू सोनार ने बताया कि बाजार में अब ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है क्वही मोनू अग्रहरि ने बताया कि स्टील के अलावा तांबा और पीतल के बर्तन लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसलिए इन धातुओं के बर्तनों का भी भंडार उपलब्ध है बर्तन कारोबार पर मंदी होने के बाद भी त्योहार पर लोग नए बर्तन खरीदते हैं मंदी होने के कारण भी नवरात्र से दुकानों और बाजारों में रौनक आने लगी है। उम्मीद है कि धनतेरस पर काफी अच्छी बिक्री होगी जिसमें लोगों को विशेष छूट भी दी जाएगी,इसके बावजूद भी व्यापारियों ने कहा की वर्तमान समय में महंगाई की मार लोगों पर साफ नजर आ रही है लोग पिछले वर्षों की अपेक्षा कम खरीदारी करते नजर आ रहे हैं, फिर भी नसीब अपना अपना के सहारे लोग जीवन यापन करने को तैयार है यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है,द्य

# शादी का झांसा देकर युवक ने बनाए शारीरिक सम्बन्ध

लोक मित्र संवाद

**पाटन , उन्नाव।** शादी का झांसा देकर जबरिया शारीरिक संबंध बनाए जाने एवं शादी से इनकार करने पर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है । बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पानकुंवर खेड़ा मजरा भदेउरा निवासी रीना देवी ने अपने रिश्तेदार सचिन उर्फ लल्लू पुत्र उमाशंकर निवासी महखेड़ा थाना लालगंज जनपद रायबरेली आरोप लगाया कि वह मेरे घर आता जाता था । उसने मुझे शादी का झांसा देकर नौकरी दिलाने के बहाने लगभग एक माह पूर्व दिल्ली ले गया था । जहां मेरी मरजी के बगैर जबरिया शारीरिक संबंध बनाता रहा । मैं शादी करने के लिए दबाव बनाया तो वह अपने घरवालों से पूंछ कर शादी की करने की बात कह कर टाल देता । जब मैने ज्यादा दबाव बनाया तो 10 अक्टूबर को मुझे मेरे गांव भेज दिया। रीना ने बताया कि मेरे माता-पिता ने सचिन के माता-पिता से शादी की बात की तो उन लोगों ने शादी करने से इंकार कर दिया और गली गलौज कर भगा दिया । पीड़िता ने बताया कि अंगूठी और कान का झाला भी झांसा देकर ले लिया । घटना की शिकायत पीड़िता ने सोमवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई किये जाने की गुहार लगाई है । इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



# मनु शर्मा ने साहित्य की हर विधा में अपनी कलम चलाई गोप

- स्मृति व्याख्यान में वक्ताओं ने रखे विचार, कहा-पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं हेमंत शर्मा
- 50वें जन्मदिवस पर डॉ विवेक सिंह वर्मा को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए मिला अभिनंदन पत्र

लोकमित्र संवाद


**बाराबंकी।** महाभारत के पात्रों की आत्मकथा लेखन के लिए विख्यात और पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार स्व. मनु शर्मा की 96वीं जन्म जयंती पर सोमवार को गांधी भवन में मनु शर्मा स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ विवेक सिंह वर्मा के 50वें जन्मदिवस पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्हें अभिनंदन पत्र, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नेत्र सर्जन डॉ विवेक सिंह वर्मा और गांधीवादी चिंतक राजनाथ ने स्व. मनु शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सांसारिक जीवन और साहित्यिक विधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि साहित्यकार मनु शर्मा ने साहित्य की हर विधा में लिखा है। उनकी रचनाएं देश की धरोहर हैं। उन्होंने अपनी कलम से पौराणिक उपन्यासों को आधुनिक संदर्भ दिया है। भारतीय भाषाओं में उनकी कृति कृष्ण की आत्मकथा एक कालजयी साहित्य है। समाजवादी सरकार में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने मनु शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार के सर्वोच्च सम्मान यश भारती से सम्मानित किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि साहित्यकार मनु शर्मा बेहद सरल और सादगी पसंद व्यक्ति थे। उनकी सहजता के सभी कायल थे। उन्होंने आपातकाल के विरोध में कई कालजयी कविताएं लिखी, जो आज भी उन स्मृतियों को ताजा करती हैं। श्री शर्मा ने कहा कि मनु शर्मा की साहित्यिक परंपरा को सहेजने और आगे बढ़ाने का काम उनके बेटे हेमंत शर्मा कर रहे हैं। उनकी लेखन शैली के मनु शर्मा के वैचारिकी की झलक दिखाई पड़ती है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विवेक सिंह वर्मा ने कहा कि मनु शर्मा ने अपनी कलम से सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ रत्नों में से एक थे। सभा का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर सलाहउद्दीन किदवई, सत्यवान वर्मा, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, वीरेंद्र प्रधान, अजय वर्मा बबलू, डॉ कुलदीप सिंह, अशोक जायसवाल, के.पी सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, अजय शर्मा, विजय कुमार सिंह मुन्ना, भूपेंद्र सिंह बबलू, राजेश मौर्य, सोनू यादव, राघवेंद्र सिंह, बब्बू अरोड़ा, शकील सिद्दीकी, ज्ञान सिंह यादव, सौरभ द्विवेदी, हसमत अली गुड्डू, अरविंद वर्मा, नीरज दुबे, बराती वर्मा आदि ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।




# कटखन्ने बंदरों से क्षेत्र में दहशत का माहौल

लोक मित्र संवाद

**सफीपुर,उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के लंगूरी बंदरो के आतंक से कई गांवों के लोगो में दहशत का माहौल व्याप्त है। लंगूरी बंदर करीब दो दर्जन से अधिक लोगो को काटकर घायल कर चुका है।क्षेत्र के नैनीखेड़ा,ओसियां, पीखी,आदि गांवों में इन दिनों लंगूरी कटखन्ने बंदर के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।बंदर ने नैनीखेड़ा गांव निवासी शिवराम,दयाशंकर,आशाराम, पप्पू,रानी,मुन्नीदेवी, सुम्मी देवी,रामरतन,कमला सुरेश,सुभाष,कमलू रामू आदि लोगो को काटकर घायल कर चुका है।खेतो में काम करते समय अचानक लंगूरी बंदर लोगो पर हमला करके घायल कर देता है।यही नहीं घरों की छत पर मौजूद कई लोगो पर हमलाकर घायल कर चुका है। कटखन्ने बंदर के आतंक को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।लोग बच्चों को विद्यालय व खेतो में काम करने जाने को लेकर भय व्याप्त है।सभी लोगो ने स्थानीय सीएचसी सफीपुर में उपचार कराया है।



# टायर फटने से पलटी डीसीएम में घुसी तेज रफ्तार बस, दो मरे तीन घायल

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आज तड़के अचानक टायर फट जाने से लकड़ी लदा तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक पलट गया। डीसीएम पर सवार चालक सहित अन्य तीन लोग किसी तरह बाहर निकल कर पलटी डीसीएम को देखने लगे। तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक निजी बस चारों लोगों को रौंदते हुए पलटे डीसीएम से जा टकराई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और डीसीएम चालक तथा लकड़ी व्यापारी की मौत दर्दनाक हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर आवागमन बहाल कराया। घटनाक्रम के अनुसार जनपद लखनऊ के थाना काकोरी अंतर्गत ग्राम टिकैत गंज निवासी शाहरुख 26 वर्ष पुत्र इलियास डीसीएम ट्रक में महुआ की लकड़ी लादकर हसनगंज उन्नाव से कन्नौज जा रहा था। रास्ते में आज सोमवार को तड़के करीब 4 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम जोगीकोट के सामने तेज रफ्तार डीसीएम का अगला टायर अचानक फट गया। टायर फटते ही डीसीएम ट्रक पलट गया। तब चालक और व्यापारी तथा दो अन्य साथी किसी तरह बाहर निकल कर पलटी डीसीएम को देखने लगे। इसी बीच पीछे से तेज गति से विहार प्रांत से दिल्ली जा रही एक निजी टूरिस्ट बस चारों लोगों को रौंदते हुए पलटे डीसीएम से जा टकराई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक शाहरुख सहित डीसीएम पर सवार लकड़ी व्यापारी लालता प्रसाद 40 वर्ष पुत्र राम औतार निवासी ग्राम फ़ख़रुद्दीन मऊ तथा साथी कौशलेंद्र 55 वर्ष पुत्र राधाकृष्ण निवासी ग्राम हरौनी व विनय 35 वर्ष पुत्र इंद्रपाल निवासी ग्राम रसूलपुर बकिया थाना हसनगंज उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बस पर सवार चालक सहित सभी यात्री बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम सभी चारों घायलों को एंबुलेंस के जरिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई।



# मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**बाँगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई मार्ग पर स्थित चंद्रलोक शीतागलय में एक मजदूर की अचानक मौत हो गई। परिजनों की आशंका पर पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जिला कानपुर नगर के थाना अरौल अंतर्गत ग्राम धौरारा निवासी मुनेंद्र सिंह पुत्र घसीटे राम कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर स्थित चंद्रलोक शीतागलय में मजदूरी करता था।

आज रविवार को अचानक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर यहां आए परिजनों ने पुलिस से मौत का कारण संदिग्ध बताया। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मजदूर की मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान हुआ आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष दीपावली का मुख्य पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा व दीपावली पर्व पर प्रत्येक परिवार में दीप प्रज्ज्वलित कर तथा आतिशबाजी कर हर्षोल्लास से खुशियों से मनाया जाता है तथा ऐसे शुभ अवसर के समय थोड़ी सी लापरवाही माहौल को गम में परिवर्तित कर सकती है।

उन्होंने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अग्निशमन एवं आपात सेवा केन्द्र अमेठी द्वारा अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान चलाया गया तथा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी अमेठी शिवदरस प्रसाद द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ जनपद के रणवीर रणन्जय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन प्रथम, देवीपाटर इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय, शिव प्रताप इण्टर कालेज में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं स्टाफ को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए घरों एवं रसोईघरों में अग्निसुरक्षा, एलपीजी से बचाव एवं सावधानियों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण देकर जागरुक किया।



उन्होंने बताया कि दीया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर सजायें, बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अतिरिक्त भार न दें तथा शार्ट सर्किट होने से आग लगने की ओर विशेष रूप से सतर्क रहें व झुग्गी, झोपड़ी, आरा मशीन, भूसे के ढेर से दूर पटाखों को छुड़ायें, दीपावली पर मोटे और चुस्त कपड़े पहनें तथा ढीले और लहरदार सिन्थेटिक कपड़ों को न पहनें, अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरन्त निपटने हेतु 2 बाल्टी पानी भर कर तैयार रखें तथा पटाखों को जलाने के लिए मोमबत्ती को डन्डे में बांधकर प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि जलते हुए पटाखों से उचित दूरी रखें, पटाखे छोड़ते समय चुस्त और मोटे सूती कपड़े पहनें, पटाखों को सुरक्षित स्थान पर आग के स्रोत एवं ज्वलनशील पदार्थों को दूर रखें, पूजन अर्चन हेतु प्रयोग में लाये गये अगरबत्ती धूपबत्ती तथा मोमबत्ती को जलते हुए नहीं छोड़ना चाहिए,

इस दौरान जागरूकता अभियान में रणवीर रणन्जय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन प्रथम, देवीपाटर इण्टर कालेज, प्राथमिक विद्यालय देवीपाटन द्वितीय, शिव प्रताप इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया तथा अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र अमेठी के प्रशिक्षक फायर सर्विस चालक राजेन्द्र प्रसाद दूबे, फायरमैन अमित कुमार, अरविन्द कुमार, योगेश प्रताप सिंह, सौरभ व रणजीत यादव ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# शराबियों के झगड़े में बीचबचाव करना राजमिस्त्री को पड़ा मंहगा

- शराबी ने सिर पर ईंट मारकर की हत्या

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ, उन्नाव।** चार नशेडी युवक आपस में झगड़ा कर रहे थे। तभी काम पर से लौट रहे राजमिस्त्री ने बीच-बचाव करने लगा।

इसी बात से नाराज़ होकर नशेड़ी ने राजमिस्त्री के सिर पर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर जा पहुंचे। उन्हें देखते ही नशेड़ी भाग निकला। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव तकिया निगोही निवासी मुंशीलाल 45 वर्ष पुत्र बाबूलाल राजमिस्त्री का काम करता था। प्रतिदिन की भांति वह आज रविवार को काम समाप्त करने के बाद शाम को अपने घर वापस लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही पप्पू आदि चार लोग शराब के नशे में धुत होकर झगड़ा करने लगे। बीच-बचाव करने पर पप्पू ने मुंशीलाल के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। हमले से राजमिस्त्री बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल राजमिस्त्री को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। परिवार के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से उसकी पत्नी गुड्डी, बेटा सूरज व सुमित ,बेटी राधा व रानी रो-रोकर बेहाल है।

संक्षिप्त खबरें

## 29 से शुरू होगा 3 दिवसीय दीपोत्सव

**आगरा।** आगरा नगर निगम का 3 दिवसीय दीपोत्सव 29 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। यमुना आरती स्थल पर होने वाला यह आयोजन 31 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन यानि 29 अक्टूबर को 21 हजार दीये जलाए जाएंगे। इसका उद्देश्य आगरा शहर के जनमानस को यमुना नदी से जोड़ना और अतीत की मेला-तमाशे की परंपरा को पुनर्जीवित करना है। यमुना किनारा स्थित यमुना आरती स्थल पर व्यंजन मेला भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले लोग यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। तीनों यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से होगा। धनतेरस के अवसर से दिवाली तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक छटा बिखरेगी। सहायक नगर आयुक्त अशोक गौतम ने बताया कि इस दीपोत्सव का उद्देश्य आपसी सौहार्द को बढ़ाना है। इसके साथ ही नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश देना है। यमुना किनारा रोड पर यमुना आरती स्थल विकिसत किया गया है। यहां समय-समय पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इस दौरान लोगों को नदियों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## हाईवे पर हादसा, महिला की मौत

**आगरा।** आगरा में सोमवार सुबह आगरा-दिल्ली हाईवे पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार टाटा 407 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि युवक घायल हो गया। हादसे के बाद जाम लगा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। थाना हरीपर्वत प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि भगवान टॉकीज फ्लाई ओवर से अबुल उलाह दरगाह की ओर हाईवे पर सुबह करीब 9 बजे टाटा 407 ने एक बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक पर महिला बैठी थी। उसका भांजा बाइक चल रहा था। टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई। महिला टाटा 407 के नीचे आ गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की शिनाख्त किशन देवी निवासी ताजगंज के रूप में हुई है। बाइक चालक ख्याली राम को भी चोट लगी हैं। हादसे के बाद हाइवे पर जाम लगा गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम खुलवाया।

## ग्रीन जोन में पहुंची जीएसटी कम करने की मांग

**आगरा,।** आगरा के शू व्यवसायियों ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से लखनऊ में मुलाकात की। जानकारी दी गई कि जीएसटी को 12 से 5 परसेंट करने की मांग का संज्ञान ले लिया गया है। इस मांग को ग्रीन जोन में रखा गया है। दीपावली से पहली इस खुशखबरी का भी जूता व्यवसायियों ने आभार व्यक्त किया। द आगरा शू फैक्टर्स एसोसिएशन और यूनाइटेड फुटवियर फ्रंट के 34 सदस्यों ने मंत्री सुरेश खन्ना से लखनऊ में मुलाकात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सामा ने बताया कि लंबे समय से जीएसटी को 12 से 5 परसेंट करने की मांग की जा रही थी। धरना भी दिया था, प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद 25 अक्टूबर को इस मांग को ग्रीन जोन में कर दिया गया है। ग्रीन जोन का मतलब है कि यह मांग पूरी की जाएगी। दीपावली से पहले मिली इस खुशी पर जूता व्यवसायियों ने हर्ष जाहिर किया। लखनऊ में ही मंत्री सुरेश खन्ना से टोकन व्यवस्था का भी शुभारंभ कराया गया। विजय सामा ने बताया कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अधिकारियों को सूचित कराएंगे कि फेडरेशन के जिस व्यापारी के बिल पर टोकन होगा। वो जीएसटी रजिस्टर्ड इनवायस है, उसके माल को न रोका जाए। फेडरेशन के लीगर एडवाइजर अजय महाजन, नरेंद्र पुरसनानी, वासु पुरसनानी, घनश्याम लालवानी, हितेश, राकेश महाजन, प्रमोद जैन, रमेश मुंजाल, राजेश लालवानी, पप्पू भाई आदि।

## धान की फसल पर हल्दिया रोग का कहर

**बस्ती।** जिले में इस बार अच्छी बारिश से धान की फसलें खेतों में लहलहा रही थीं। लेकिन अब हल्दिया रोग (कंडुआ) का प्रकोप किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। कंडुआ रोग का असर धान की बालियों में दिखने लगा है, जिससे दाने खराब हो रहे हैं और उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। किसानों ने इस रोग से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया है। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। हर्रैया विकास क्षेत्र के चोरखरी, धुसवा, मधवापुर पांडेय, भीटी मिश्र और अन्य गांवों के किसानों की फसलें इस रोग से प्रभावित हो चुकी हैं। धान की बालियों में पीले रंग के गांठदार दाने बन रहे हैं, और बालियों को झाड़ने पर हल्दी जैसे पाउडर का उड़ना देखा जा रहा है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। फसल की कटाई में देरी के कारण उपज को और नुकसान झेलना पड़ सकता है। किसान अभय वर्मा ने बताया कि फसल तो अच्छी हुई है, लेकिन रोग ने उपज को प्रभावित कर दिया है, मजबूर कीट नाशक का प्रयोग करना पड़ा, इसके बावजूद भी स्थिति अच्छी नहीं है। रवि कुमार कहते हैं कि रोग से बचाव के लिए कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए। किसान राम प्रताप व कैलाश सिंह का कहना है कि वैज्ञानिकों को इस रोग से बचाव के लिए कोई प्रभावी कदम उठाना चाहिए। हर्रैया कृषि बीज गोदाम के प्रभारी धीरज मौर्या ने किसानों को सलाह दी है कि वे बिना देरी किए समय पर दवाओं का छिड़काव करें, ताकि रोग को नियंत्रित किया जा सके।

## मार्केट में फिर हावी हो गई विदेशी लाइटें

**बस्ती।** इस बार की दीपावली में स्वदेशी अपनाओ का नारा कहीं खोता नजर आ रहा है। बाजारों में विदेशी लाइटों की भरमार हो चुकी है, जिससे रंग-बिरंगी लाइटों की चमक के आगे स्वदेशी लाइटें फीकी पड़ती जा रही हैं। ऐसा लगता है कि स्वदेशी लाइटों की उपेक्षा के चलते एक बार फिर विदेशी लाइटें मार्केट पर हावी हो गई हैं, और स्वदेशी कारीगरों को करारा झटका लगा है। पड़ताल में सामने आया कि इलेक्ट्रिक की दुकानों पर विदेशी लाइटें सस्ती होने के बावजूद टिकाऊ नहीं हैं। दुकानदारों का कहना है कि रंग-बिरंगी चकाचौध के कारण लोग इनकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। वहीं, स्वदेशी लाइटें टिकाऊ होती हैं, लेकिन उनमें वह चमक नहीं है जो विदेशी लाइटों में होती है। इसीलिए, स्वदेशी लाइटें उपेक्षित हो रही हैं और ग्राहक उन्हें पसंद नहीं कर रहे। एक दशक पहले दीपावली से पूर्व झालर और अन्य तरह की लाइटें बनाने वाले स्वदेशी कारीगरों की काफी डिमांड होती थी। लेकिन अब विदेशी लाइटों ने उनके काम को लगभग समाप्त कर दिया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है। गांधीनगर में इलेक्ट्रिक की दुकान करने वाले रियाज अहमद बताते हैं, विदेशी लाइटें टिकाऊ नहीं होती, लेकिन फिर भी लोग उन्हें ही पसंद करते हैं। उनकी फिनिशिंग और मॉडल बहुत आकर्षक होते हैं।ष एपीएन पीजी कॉलेज के समीप स्थित इलेक्ट्रिक सामान के विक्रेता सुबोध पांडेय का कहना है, मार्केट में देशी लाइटें हैं ही नहीं। पूरी तरह से विदेशी लाइटें हावी हैं। दीपावली पर स्वदेशी कारीगरों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की भी चिंता बढ़ती जा रही है, जब लोग विदेशी चमक-दमक को प्राथमिकता देने लगे हैं।

## लाखों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन गया कूड़ा घर

**बहराइच।** ग्राम पंचायत बडख़डिय़ा में लाखों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झाड़ झंखाड़ में तब्दील हो गया है। गांव के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र को कूड़ा घर बना दिया है। इस स्वास्थ्य केंद्र में कोई स्वास्थ्य कर्मी भी नहीं आता है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडख़डिय़ा में दो दशक पूर्व लाखों की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ था। जिस पर लोगों को बेहतर इलाज की उम्मीद जागी थी, लेकिन लाखों की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई कर्मचारी ही नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं मोतीपुर सीएचसी के अधीक्षक या मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से इस स्वास्थ्य केंद्र की देखरेख भी नहीं की जा रही है। जिसके चलते गांव के लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ही कूड़ा घर बना लिया। इतना ही नहीं चारों तरफ का गंदा पानी इस अस्पताल परिसर में एकत्र हो रहा है। देखरेख के अभाव में अस्पताल का भवन तो जर्जर हो ही गया है। साथ ही सरकार का लाखों रूपये भी बर्बाद हो गया है। अस्पताल के जर्जर होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए अधिक दूरी तय कर सीएचसी मोतीपुर या पीएचसी सुजौली का रुख करना पड़ता है। गांव के लोगों ने बताया कि कई बार पत्र लिखकर पीएचसी के निर्माण और रख रखवा बेहतर करने की मांग की गई। लेकिन किसी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया। पीएचसी में डॉक्टर के साथ स्टॉफ नर्स और वार्ड बॉय की तैनाती होती है।

# विद्यालय के बच्चों ने दिया पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश

▸ डीएम की पहल: संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली

लोकमित्र ब्यूरो




**लखीमपुर-खीरी।** जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में पटाखा मुक्त दिवाली मनाने की मुहिम शुरू हुई। डीएम की पहल पर बीएसए प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में जिले के परिषदीय विद्यालयों के लाखों बच्चों ने सोमवार को प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की शपथ ली। मंगलवार को सभी परिषदीय विद्यालयों में दीवाली पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिले के 3106 परिषदीय विद्यालयों (संविलियन, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक) और 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकित छात्र-छात्राओं ने अपने अध्यापकों की नेतृत्व, अगुवाई में जागरूकता रैली निकालकर इस बार पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। गांव-गांव में प्रदूषण मुक्त दीपावली का संदेश देती तख्तियां लिए। परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों ने लोगों से पटाखों के कारण होने वाले प्रदूषण की जागरूकता की और पटाखा मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया। शिक्षकों ने बच्चों को दीपों के त्योहार दीपावली को पटाखामुक्त मनाने की शपथ भी दिलाई। विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पटाखे के धुएं से बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में होने वाली समस्याओं, आंखों में जलन, ऑक्सीजन की कमी, पक्षियों के लिए हो रही मुश्किल आदि समस्याओं से अवगत करवाया। उन्हें प्रेरित किया गया कि वह दीया जला कर, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पौधा लगाकर प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाएं। आज आयोजित होगी प्रतियोगिताएं बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि मंगलवार को डीएम की पहल संकल्प लें मनाएं पटाखा रहित दीपावली के तहत जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पटाखा रहित दीपावली मनाने के विषय पर निबंध, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# बीएचयू में छात्रों ने किया प्रदर्शन विरोध में कुलपति का पुतला फूंका

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अनियमितता को लेकर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों के एक दल ने स्वतंत्रता भवन के बाहर पहुंचकर शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देने का प्रयास किया लेकिन पुलिस और प्राक्टोरियल बोर्ड की टीम ने उन्हें बाहर ही रोक दिया। इसके बाद छात्रों ने शिक्षा मंत्री के नाम लिखित पत्र आईआईटी डिप्टी चीफ प्राक्टर को सौंपा। वहीं दूसरी तरफ एक छात्रों के दल ने केन्द्रीय कार्यालय के बाहर कुलपपति का पुतला फूंक कर जमकर नारेबाजी की। पीएचडी प्रवेश की नयी नियमावली से सम्बंधित अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर छात्र संघर्ष समिति के बैनर तले छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार की सुबह परीक्षा नियंत्रक से वार्ता करने कन्ट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन ऑफिस पहुची जहां लगभग दो घण्टे तक परीक्षा नियन्ता प्रो. एन के मिश्र से छात्रो की वार्ता हुई इस दरम्यान कई बार छात्रों और परीक्षा नियन्ता के बीच बहसबाजी भी हुई।नाराज छात्र कुलपति से मिलने केंद्रीय कार्यालय पहुचें जहां कुलपति की अनुपस्थिति से छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया और उन्होंने केन्द्रीय कार्यालय पर ही कुलपति का पुतला फूंक दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि वर्तमान कुलपति छात्र विरोधी हैं इसलिए छात्रों के पीएचडी प्रवेश की व्यवस्था को दिन प्रतिदिन और जटिल बनाया जा रहा है। जिसके बाद छात्र केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मिलने निकले लेकिन उनको रोक दिया गया। बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आईआईटी बीएचयू दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों का एक दल पहुंच गया उनके हाथ में मांग पत्र था छात्रों का कहना था कि शिक्षा मंत्री से मुलाकात करने दिया जाए लेकिन वहां मौजूद प्राक्टोरियल बोर्ड की टीम और पुलिस प्रशासन के लोगों ने छात्रों को रोक दिया। छात्रों ने अंदर जाने की जिद्दी की इसके बाद मौके पर पहुंचे बीएचयू डिप्टी चीफ प्राक्टर ने छात्रों से ज्ञापन लेकर पत्र शिक्षा मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## आने वाला 100 साल भारत का अमृत काल होगा: प्रधान

**वाराणसी,।** आईआईटी बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहुंच गए। उनका मंगलाचरण श्लोक के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। फिर महामना मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह के दौरान छात्राओं ने बीएचयू का कुलगीत गाया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आप सौभाग्यशाली हो कि आपको ऐसे शहर में रहने का मौका मिला। नई शिक्षा नीति 2020 और 2024 यानी आप लोग पहले ब्याज हैं। उन्होंने कहा आने वाले 100 सालों में भारत अमृत काल में रहेगा। धर्मेंद्र प्रधान ने पूछा हम जॉब सीकर या जॉब क्रिएटर बनेंगे। छात्रों ने कहा कि क्रिएटर। 25 साल बाद हम दुनिया के एक नंबर इकोनॉमी होंगे। यदि जॉब सीकर बनेंगे तो ये कैसे पूरा होगा। दीक्षांत समारोह में शिक्षामंत्री मेधावियों को स्वर्ण पदक से नवाजा।

## जुए में हारने के बाद झगड़ा,लाठी-रॉड से पीटकर युवक की हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** वाराणसी के चौबेपुर में जुए में हारने के बाद झगड़ा हुआ। फिर साथियों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके सिर पर रॉड और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। शव को गंगा के किनारे झाड़ियों में छिपा दिया। देर रात से लेकर सुबह तक घर वाले तलाश में जुटे रहे। सोमवार सुबह गंगा किनारे पहुंचे ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान होने पर परिजनों को पुलिस ने मौके पर बुलाया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। चौबेपुर के मोलनापुर दुबान बस्ती निवासी सरोज उर्फ बबलू पासी (35) रविवार शाम को 6 बजे घर से बाहर गया था। परिवार वालों के मुताबिक, पत्नी मीरा सरोज ने बताया कल शाम 6 बजे घर से आलू लेकर आने की बात कह कर चले गए थे। बाद में पता चला की गंगा किनारे मुक्ति धाम के चबूतरे पर ताश खेल रहे हैं। देर रात तक नहीं आए तो हम लोगों ने ढूंढा उनके साथ वाले लोगों से पूछा लेकिन कोई पता नहीं चला। परिवार को शक है कि जुए में हारने पर साथियों से उसका झगड़ा हुआ। इसके बाद साथियों ने ही उसकी हत्या की है। पुलिस के अनुसार, बबलू का दोस्त केशव मौके पर साथ था। उसने पुलिस को हत्या की सूचना दी। जब उसका फोन दोबारा लगाया गया तो स्विच ऑफ था। हत्या के बाद से केशव फरार है। उसके परिजन भी उसके बारे में कुछ नहीं जान रहे हैं। चौबेपुर थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा ने मौके पर पहुंचकर शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाया। अधिकारियों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया-मृतक बबलू सरोज मजदूरी करता था और पूरे परिवार का खर्चा संभालता था। परिवार में उसकी पत्नी मीरा सरोज, बड़ा बेटा 17 साल का शुभम और छोटा बेटा 15 साल का शिवम है। हत्या की सूचना पर डीसीपी वरुणा चंद्रकांत मीणा, एडीसीपी वरुणा सरवणन टी, एसीपी सारनाथ डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

# संयुक्त टीम की कार्यवाही से शराब माफियाओं में मचा हड़कंप

▸ दीपावली पर्व को देखते हुए एसडीएम राजीव निगम व आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव की कार्यवाही से शराब माफियाओं की टूटी कमर



लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** दीपावली त्योहार को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष घड़पकड़ अभियान के तहत भारी मात्रा में लहन व अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी साथ ही प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को भी तहस नहस किया गया आबकारी निरीक्षक व एसडीएम राजीव निगम की संयुक्त टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कच्ची शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया हैं।

आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव व एसडीएम राजीव निगम ने पुरैना क्षेत्र में दीपावली पर चलाएं जा रहे ताबड़तोड़ विशेष अभियान के तहत संयुक्त टीम ने अचानक दबिश देकर ग्राम पुरैना, लुधौरी, रानीगंज, खैरटिया, इंदरनगर आदि गांवों के किनारे स्थित नदी पोखरों तालाबों आदि के ठिकानों पर बनाई जा रही दर्जनों चढ़ी भट्टियों सहित करीब दो हजार लीटर लहन व इसमें प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को तहस नहस करते हुए। मौके पर से करीब चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की साथ ही अवैध कच्ची शराब बनाने व बेचनें वालों को किसी भी कीमत पर आबकारी निरीक्षक बख्शनें वाले नहीं हैं उधर आबकारी निरीक्षक व एसडीएम की कार्यवाही शराब बनाने व बेचनें वाले माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हैं

# एबीवीपी की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

▸ श्रवण कुमार नगर अध्यक्ष, जीत त्रिवेदी बने नगरमंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

**केवलपुरवा-खीरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की केवल पुरवा नगर इकाई का सोमवार को गठन किया गया।

इस दौरान प्रान्त से प्रवासी के रूप मे आई कुसुम कनौजिया राष्ट्रीय कला मंच प्रान्त संयोजका की उपस्थिति केवलपुरवा नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष, नगर मंत्री, नगर सह मंत्री, नगर संयोजक, खेल गतिविधि संयोजक के पदों पर नियुक्त कर संगठन को विस्तार देने की जिम्मेदारी सौंपी गई ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई खमरिया का गठन सोमवार को प्रान्त की प्रवासी कुसुम प्रखर जिला संयोजक अजय पांडेय की उपस्थिति में केवलपुरवा के जवाहर लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया गया

नगर इकाई में नगर अध्यक्ष श्रवण कुमार , नगर उपाध्यक्ष अनिरुद्ध, नगर उपाध्यक्ष अरविन्द नगर मंत्री के रूप में जीत त्रिवेदी, नगर सह मंत्री शिवम् वर्मा, प्राणू सिंह, अंकित ठाकुर, नगर ह्यद्धस्र संयोजक नारायण मिश्रा, ह्यद्धह्य संयोजक हर्षवर्धन ह्यरूसंयोजक शुभम् वर्मा खेल गतिविधि संयोजक रमन राज, सोशल मीडिया संयोजक धीरज यादव,सिद्धांर्थ वर्मा को नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया, को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन विस्तार के लिये शुभकामनाएं दी गयी ।

# तेज लपटों में जलने लगी सोने की लंका

लोकमित्र ब्यूरो



**तिकुनिया-खीरी।** श्री जनता रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मेला में दुकानें खूब सज गई हैं, मेले में दर्शकों की भीड़ उमड पड़ी है, मेले में चल रही रामलीला मेला में आठवें दिन लंका दहन का मंचन किया गया। हनुमान जी द्वारा रावण की सोने की लंका में आग लगा दी गई और लंका धू-धू कर जल गई, इस अवसर पर दर्शकों ने सावधानीपूर्वक खूब तालिया बजायी

कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू गुप्ता, महामंत्री अजय गर्ग टीटू, पदम अग्रवाल, उमेश, जगदीश, सोनू सहित अन्य पदाधिकारी लोग दर्शकों की सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

हनुमान जी सीता माता की खोज में लंका पहुंचते हैं सीता माता की अशोक वाटिका में खोज और मुलाकात करके माताजी से हनुमान जी कहते हैं माता भूख बहुत लगी है इस वाटिका में बहुत सुन्दर सुन्दर फल भी लगे हैं माताजी कहती है हनुमत अपना ख्याल रखना और जाओ फल खा लो। हनुमान जी फल खाते हैं इसी समय रावण की बाग क़ी रक्षा कर रहे असुर फल खाने से मना करते हैं तो हनुमान जी रावण की बाग को उखाड़ देते हैं और राक्षसों को मारकर भगा देते हैं। राक्षसों ने रावण को यह घटना बताई तो रावण अपने बेटे अक्षय कुमार को वानर को पकड़ कर लाने को कहते है। हनुमान जी अक्षय कुमार का वध कर देते हैं इसके बाद रावण का सबसे बहादुर पुत्र मेघनाथ हनुमान जी को पकड़ने जाता है और ब्रह्म शक्ति के द्वारा हनुमान जी को पकड़ लाता है सजा के तौर पर हनुमान जी की पूछ में आग लगा दी जाती हनुमान जी पूछ बड़ी करके लंका को जलाकर राख कर देते हैं।

## तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को रौंदा

**वाराणसी।** वाराणसी के जैतपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार सडक़ पर जा गिरा, सिर के बल गिरने से उसको गहरी चोट लगी और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास जुटे लोगों ने घेरकर पिकअप को रोक लिया और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने वाहन और चालक को कब्जे में ले लिया। वहीं युवक की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देकर बुलाया। मृतक के पिता की तहरीर पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सारनाथ निवासी सत्यम मौर्या सोमवार सुबह किसी काम से स्कूटी लेकर घर से निकला था। सारनाथ क्रासिंग के रास्ते जैतपुर क्षेत्र से होकर चौकाघाट की ओर आ रहा था। अलईपुर स्थित दीपक टायर हाउस के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी।

# आयोजित की गयी कृषक गोष्ठी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा के परिक्षेत्र के ग्राम लठिया में शरदकालीन गन्ना बुवाई के सम्बन्ध में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषक प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहॉपुर के सहायक निदेशक डा0 परवीन कुमार कपिल, चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) राज सिंह, उप प्रबन्धक (गन्ना) कमल कुमार, सहायक अधिकारी अनूप कुमार अवस्थी सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व संचालक गन्ना समिति लखीमपुर विजय ब्रहम सिंह द्वारा की गयी।

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर से आये डा0 परवीन कुमार द्वारा प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु कृषकों से प्रजाति का सही चुनाव, गन्ने की लाइन से लाइन दूरी कम से कम 4 फिट रखने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी तथा वैज्ञानिक तकनीकी अपनाने पर जोर दिया इसके अतिरिक्त कृषकों को गन्ने की फसल पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। किसानों को गन्ने की स्वीकृत किस्मों, बीज का उपचार (थायोफिनिट मिथाइल द्वारा) एवं भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), गन्ना उत्पादन तकनीक, सिंगल बड तकनीक द्वारा गन्ना पौध तैयार करने, शरदकालीन गन्ना बुवाई, ट्रेंच विधि, कार्बनिक खाद, रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, गन्ना खेती के साथ सहफसली खेती से लाभ, पेड़ी गन्ना प्रबन्धन आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

चीनी मिल खम्भारखेड़ा के महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि किसी भी दशा में प्रतिबन्धित प्रजातियों अथवा अस्वीकृत एवं अन्य राज्यों की विकसित प्रतिबन्धित प्रजातियों की बुवाई कदापि ना करें।

## हाईवे पर ट्रक से गिरकर खलासी की मौत

**वाराणसी।** वाराणसी प्रयागराज हाईवे पर सोमवार को ट्रक का त्रिपाल सुधारने चढ़े खलासी की गिरकर मौत हो गई। भीगे त्रिपाल की रस्सी खींचते ही खलासी का संतुलन बिगड़ गया और वह 13 फिट की ऊंचाई से सिर के बल सडक़ पर जा गिरा। सिर में गहरी चोट लगने से उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया और चालक की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी। चालक की तहरीर पर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुल्तानपुर जनपद के पाकड़पुर कादीपुर निवासी बबलू यादव अंबेडकर नगर के एक ट्रक पर खलासी था, उस ट्रक पर जौनपुर सरपतहा निवासी महेंद्र यादव चालक था। सोमवार को दोनों आलू के बोरे लादकर बाराबंकी से सासाराम जा रहे थे। चालक ने बताया कि बारिश में त्रिपाल ठीक नहीं था और भीगने से आलू खराब होने की संभावना था।

# आरुषि रंजन ने योगिक फ्लाइंग मे दूसरा स्थान हासिल किया




देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** सेक्टर 82 पाकेट 7 के निवासी आरूष रंजन ने महर्षि नेशनल कल्चरल सेलिब्रेशन (भोपाल) में योगिक फ्लाइंग में दूसरा स्थान लाकर विद्यालय ही नहीं बल्कि अपने सेक्टर एवं गांव का नाम भी रोशन किया। होनहार बिरवान के होत चीकने पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए आरुष रंजन ने विद्यालय का नाम रोशन किया जिसके चलते महर्षि संस्थान ने मेडल देकर सम्मानित किया।

संक्षिप्त खबरें

## 11000 दीपों के संग विद्यालय में भव्य दीपोत्सव का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** बारुन बाजार स्थित ओ एन एकेडमी में दीपोत्सव के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष असेंबली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश प्रस्तुत किया गया। भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की मनमोहक झांकी ने भारतीय संस्कृति की गहराई को जीवंत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ वरिष्ठ समाजसेवी रामानुज सिंह रामा, प्रधानाचार्य प्रतिमा पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य अंजलि पाण्डेय, विद्यालय संरक्षक रामगोपाल पाण्डेय और युवा समाजसेवी रविंद्र पाण्डेय ने किया। सांध्यकाल में 11,000 दीपों की लौ ने विद्यालय प्रांगण को जगमगा दिया और एक आध्यात्मिक माहौल का निर्माण किया।बाल कलाकारों ने राम, सीता और शबरी के किरदार निभाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षिकाओं शकुंतला, पल्लवी, और शालू द्वारा किया गया। जी डी इंटर कॉलेज के प्राचार्य रोहित मिश्रा ने बच्चों को मिष्ठान वितरित किया, जिससे बच्चों में उल्लास का संचार हुआ।मुख्य अतिथि रामानुज सिंह ने इस पहले भव्य दीपोत्सव के लिए विद्यालय प्रबंधक धर्मपाल पाण्डेय की सराहना की, जिसने छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था और सम्मान की भावना को जागृत किया।

## आधार संशोधन हेतु जनसेवा केंद्रों को जिम्मेदारी सौंपने की मांग

**गोसाईगंज (अयोध्या)।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जयसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आधार कार्ड त्रुटि संशोधन की समस्याओं के समाधान हेतु जनसेवा केंद्रों को जिम्मेदारी दिए जाने का आग्रह किया।उन्होंने पत्र में बताया कि वर्तमान में आधार संशोधन का कार्य डाक विभाग और कुछ बैंकों द्वारा किया जा रहा है, जहां भीड़ के कारण लोगों को लंबी कतारों में खड़े होना पड़ता है। प्रतिदिन आधार संशोधन के लिए 200 से 300 लोग इन केंद्रों पर पहुंचते हैं, जबकि केवल 50 से 100 लोगों का ही काम हो पाता है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है और कई लोग बिना सेवा के लौट जाते हैं।आरती जयसवाल ने कहा कि आधार संशोधन की प्रक्रिया को सहज और सुलभ बनाया जाए ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने जनसेवा केंद्रों को इस कार्य की अनुमति देने की मांग की।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद का सम्मान व सदस्यता अभियान संपन्न

**अयोध्या।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद का सम्मान और सदस्यता ग्रहण अभियान पूरा बाजार क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणजीत सिंह रहे, जिनका स्वागत माला पहनाकर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम और महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके की गई। रणजीत सिंह ने सभी उपस्थित बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर सनातन संस्कृति की रक्षा करनी है और समाज को आगे बढ़ाना है।राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कल्याण परिषद हमेशा जरूरतमंदों की मदद करता है। जिलाध्यक्ष अम्बरीश सिंह ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से परिषद की सदस्यता लेने की अपील की, जबकि महिला जिलाध्यक्ष प्रसूनलता सिंह ने संगठन में महिलाओं की सक्रियता और सम्मान पर जोर दिया।कार्यक्रम में 50 नए सदस्यों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की, और कई बुजुर्गों का भी सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय महासचिव उग्रसेन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, और महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रसूनलता सिंह शामिल थीं।कार्यक्रम में अन्य उपस्थित लोग- पूरा ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, ब्लाक महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, और क्षत्रिय समाज के कई नेता शामिल रहे।

## एक शाम प्रकृति के नाम- संगीत संध्या का आयोजन

**अयोध्या।** अयोध्या शहर की प्रतिष्ठित होटल तिरुपति में ÷एक शाम प्रकृति के नाम÷ शीर्षक से संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. विजय बहादुर तिवारी ने भारतीय संस्कृति का पारंपरिक गीत ÷सोहर÷ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उनके गीत ÷छोटे-छोटे चरन सरोज अंगुरिया सोहै छोटी-छोटी हो रामा÷ को सुनकर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियाँ बजाई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएन पांडे ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर रघुवंश मंडली के गायक अवध नरेश सिंह ने ÷तेरी मर्जी का मैं हूं गुलाम मेरे अलबेले राम÷ भजन प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रोतागण झूमने लगे।संगीत संध्या से पूर्व, आयोजक सूरज और श्वेता मिश्रा ने अपनी पुत्री प्रकृति के पहले वर्षगांठ पर नीलम मिश्रा, सौम्या मिश्रा, और रमेश कुमार मिश्रा के साथ मिलकर कनक भवन सरकार का दर्शन पूजन किया और मां गायत्री के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया।मुख्य अतिथि और डॉ. विजय बहादुर तिवारी का स्वागत राम नाम अंकित अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रदीप गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, कमलेश कुमार, शशि किरन तिवारी, मुकेश मिश्रा, और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## प्रतिभा व शिक्षा का समायोजन है विद्या मंदिर- कौशल विकास प्रभारी

**अयोध्या।** सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर में आयोजित कौशल विकास प्रतिभा सम्मान समारोह में अयोध्या कौशल विकास प्रभारी पुष्पलता शुक्ल ने कहा, ÷प्रतिभा किसी व्यक्ति को चमकाने का कार्य करती है और भारत में विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार की प्रतिभाएं पाई जाती हैं। विद्या भारती इस समायोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।÷समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विक्रम प्रसाद पाण्डेय (महानगर संघ चालक), डॉ. आभा सिंह (सदस्य विद्यालय), और बिंदु वाल्मीकि (सदस्य अभिभावक गोष्ठी) शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर साकेत निलयम में आयोजित %रंगोली% और %मेहंदी प्रतियोगिता% में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। डॉ. पाण्डेय ने विद्यार्थियों को अपने कौशल में निरंतर विकास की प्रेरणा दी, जबकि प्रधानाचार्य ने कौशल विकास के लाभ के बारे में बताया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीपार्चन और पुष्पार्चन से हुई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संयोजक सरिता पाण्डेय, आचार्य बंधु, और अन्य विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन विश्वनाथ जी द्वारा कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

## पूराबाजार में सामाजिक समरसता की मिसाल

**पूराबाजार, अयोध्या।** पूराबाजार में विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच की सामाजिक एकता और समरसता की चर्चा करते हुए वरिष्ठ क्षत्रिय नेता जंग बहादुर सिंह ने कहा कि यहां सभी समुदाय मिलकर त्योहार मनाते हैं।भाजपा नेता भगवान बक्श सिंह ने भी दोनों समुदायों के बीच की भाईचारे की मिसालें पेश कीं। समाजसेवी रणविजय सिंह ने बताया कि पूराबाजार में जाति, धर्म और वर्ण से ऊपर उठकर लोग एक-दूसरे की सहायता करते हैं।

# लाइव टेलीकास्ट के जरिए पूरी दुनिया देखेगी अयोध्या की भव्यता

### एलईडी वैन और एलईडी वॉल के जरिए नगरवासी भी देख सकेंगे भव्य दीपोत्सव का नजारा

**▸▸ नगर के 20 स्थान में एलईडी वाल, 15 जगह मौजूद रहेंगी एलईडी वैन**



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** आठवें दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राम की पैड़ी पर दीप बिछाने का काम तकरीबन पूरा किया जा चुका है। अब अयोध्या सहित पूरी दुनिया को इंतजार है तो सिर्फ 30 अक्टूबर की शाम का। उस दिन सबके आराध्य भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या एक और कीर्तिमान रचने जा रही है। इस अद्भुत और अलौकिक पल के साक्षी पूरी दुनिया में बैठे लोग भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा इस पूरे महा आयोजन के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई है। नगर के कोने-कोने में होने वाले दीपोत्सव की आभा दिखाने के लिए एलईडी वाल और एलईडी वैन लगवाई जा रही है। इसके अलावा मीडिया को कवरेज के लिए सेन्टर की स्थापना करा दी गई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस बार दीपोत्सव को और भी भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। शहर के मार्गों को फूलों की लड़ियों और आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है। दीपोत्सव के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को दूरदर्शन व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया जाएगा। नगर के सभी लोग इस भव्य आयोजन का, जो जहां रहे वहीं से आनन्द ले सके इसके लिए एलईडी स्क्रीन्स की व्यवस्था कराई गई है।

### 20 जगह पर एलईडी वाल, 15 स्थान पर मौजूद रहेगी एलईडी वैन

जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी ने बताया कि दीपोत्सव के आयोजन की भव्यता को अयोध्या सहित पूरी दुनिया देखे इसके लिए नगर में 20 जगहों पर एलईडी वाल और एलईडी वैन की व्यवस्था कराई जा रही है। इनमें अयोध्या कोतवाली, हनुमानगढ़ी, वाल्मीकि भवन, पोस्ट आफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, मीडिया सेन्टर, टेढ़ी बाजार चौराहा, रेलवे स्टेशन, विद्या कुंड, साकेत पेट्रोल पंप, दीनबन्धु नेत्रालय कार्यशाला, हनुमान गुफा के पास एलईडी वाल लग चुकी हैं। इसके अलावा बस स्टैंड, सहादतगंज, नाका, देवकाली बाईपास, साकेत, उदया सहित अन्य स्थानों पर एलईडी वैन को खड़ा कराया जाएगा।

### 10 हजार स्कायर फीट में मीडिया सेंटर

उन्होंने बताया कि अयोध्या में देश और दुनिया से आने वाले पत्रकारों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए रामकथा संग्रहालय परिसर में सूचना विभाग द्वारा 10 हजार स्क्वायर फीट में मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है। ये मीडिया सेंटर एक्टिवेट कर दिया गया है। इसमें करीब 500 मीडिया बंधुओं के बैठने की क्षमता रहेगी। यहीं पर मीडिया के अल्पाहार के लिए कैफेटेरिया भी संचालित रहेगा। मीडिया सेंटर में इंटरनेट-वाईफाई के साथ ही चार बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगेंगी, जिसकी सहायता से प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधुओं को इस ऐतिहासिक और वृहद आयोजन के लिए सूचनाएं संकलित करने में मदद मिलेगी।

## दीपावली- अपने से कम को देकर उसका जीवन श्रेष्ठ बनाने का पर्व - हिन्दू महासभा

**अयोध्या-** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने देशवासियों को दीपावली, भैया दूज, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व सुख, समृद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने इसे ÷अपने से कम को देकर उसके जीवन को श्रेष्ठ बनाने का पर्व÷ बताया।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि दीपावली का पर्व भारत की जातीय और सांस्कृतिक विविधता को एकता के सूत्र में बांधता है। उन्होंने इसे अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताया।अधिवक्ता मिश्र ने दीपावली के इतिहास का भी उल्लेख किया, जिसमें भगवान श्रीराम के 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने पर इस पर्व का आरंभ होना शामिल है।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि महासभा दीपावली के दिन से ÷राजनीति का हिंदूकरण और हिंदुओं का सैनिकीकरण÷ का अभियान शुरू करने जा रही है। उन्होंने सभी हिन्दुओं से ÷एक हाथ में शस्त्र, दूसरे हाथ में शास्त्र÷ का संकल्प लेने की अपील की, जिससे हिन्दू समाज को सशक्त बनाया जा सके।

## भरत कुंड महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रबंध समिति ने आयोजित की बैठक

**अयोध्या।** भरत महाराज की तपोस्थली भरतकुंड पर भरत कुंड महोत्सव की तैयारी को लेकर श्री भरत इंटरमीडिएट कॉलेज मे प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। भरतकुंड महोत्सव के संस्थापक सचिव अंबरीश पाण्डेय ने बताया कि रविवार को महोत्सव की तैयारी को लेकर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर महोत्सव के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई ।भरतकुंड महोत्सव में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में दुरदुरिया गरबा डांडिया आल्हा आदि कार्यक्रमो को आयोजित आयोजित करने के लिए तैयारी बैठक की गई। संस्थापक सचिव श्री पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग संस्कृतिक विभाग दूरदर्शन का सहयोग हमारे संगठन को मिल रहा है।महोत्सव की तैयारी बैठक में रामकृष्ण पांडेय डॉ. अंजनी पांडेय अध्यक्ष, मांडवी मंच की प्रबंधक रीता तिवारी विजेंद्र कुमार दुबे ग्राम प्रधान राम जियावन अजय तिवारी सत्य प्रकाश दुबे हरिप्रसाद निषाद संदीप गुप्ता आदि को भरत मिलाप यात्रा आयोजित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में दुरदुरिया कार्यक्रम आयोजन की प्रभारी प्रियंका शर्मा, अनीता सिंह, रश्मि सिंह ,प्रतिभा यादव, मौजूद रही।

## दीपोत्सव की तैयारियों का डीएम व विधायक ने किया निरीक्षण



**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह और विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता ने अष्टम दीपोत्सव के आयोजन की तैयारी के लिए दीपोत्सव मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल और रामकथा पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थलों का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्थलों की सफाई सुनिश्चित की जाए और इसके लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए। उन्होंने अष्टम दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए प्रस्तावित ड्रोन शो के स्थल का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सरयू आरती स्थल का भी निरीक्षण किया गया, जहां 1100 लोगों द्वारा एक साथ आरती कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना है। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त बागीश शुक्ला, उप निदेशक पर्यटन राजेन्द्र प्रसाद यादव, और यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर भी उपस्थित रहे।

## भाकियू की पंचायत- किसानों ने अपनी जमीन के अधिकार की मांगी सुरक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव के नेतृत्व में हजारों प्रभावित किसानों ने तिकुनिया पार्क में पंचायत लगाई। यह पंचायत आवास विकास परिषद द्वारा किसानों की जमीन पर कब्जा करने के खिलाफ थी।पंचायत में अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर किसानों ने उग्र होकर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। पंचायत की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र वर्मा ने की।

जमीन के मुद्दे पर बोलते हुए, अरविंद यादव ने कहा कि किसानों ने पहले ही अपनी आधी जमीन आवास विकास को दे दी है, और बची हुई जमीन केवल उनके जीवन यापन के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं देंगे।पंचायत में बताया गया कि 2017 से सर्किल रेट नहीं बढ़ा है, जबकि मार्केट रेट कई गुना बढ़ गया है। मंडल अध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया कि अगर परिषद ने जबरदस्ती की, तो वे पूरे अयोध्या मंडल के किसानों के साथ मिलकर लखनऊ में विरोध करेंगे। वहीं वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने किसानों की आवाज मजबूती से उठाया कहा सोहावल तहसील में आसपास किसानों के जमीन का मार्केट रेट कई सौ गुना ज्यादा हो गया है मार्केट रेट को देखते हुए जिला प्रशासन सर्किल रेट जल्द घोषित करें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी देवनारायन सिंह ने किसानों को अस्वस्थ किया कि आपकी जमीन आवास विकास परिषद द्वारा मुक्त नहीं किया गया तो राष्ट्रीय पंचायत अयोध्या में लगाकर आवास विकास परिषद को मुंहतोड़ जवाब देंगे पंचायत में राजू तिवारी गगन श्रीवास्तव कन्हैया यादव राम अवतार यादव राजमान यादव महिला जिला अध्यक्ष साविता मौर्य महिला जिला महासचिव आसमा जवाहर राकेश वर्मा राजू निषाद रामप्यारी धुरिया जेपी किसान राम सुरेश गौतम बृजेश चौधरी जितेंद्र यादव गुड्डू दिनेश समाजसेवी दिलीप यादव मंजीत यादव रामबचन मौर्य क्षेत्रम यादव गगन जैसवाल कन्हैया लाल यादव सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री से मिलकर सौंपा नंदीग्राम उत्सव का आमंत्रण



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** भरत की तपोभूमि भरतकुंड में 22 अक्टूबर से शुरू हुए नंदीग्राम महोत्सव का 30 अक्टूबर को समापन है। कार्यकम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्मिलित होने के आमंत्रण के लिए महंत कमलनयन दास के नेतृत्व में एक दल मुख्यमंत्री से मिला। जिसमें कार्यकम में सम्मिलित होने के साथ और भी कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। मणिराम दास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दस ने बताया कि नंदीग्राम महोत्सव के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई जिसमें उन्होंने अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारी के बारे में भी जाना, साथ ही भरत कुंड के बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई।

और कराए गए विकास कार्यों के बारे में भी विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चर्चा में कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। भव्य दीपोत्सव में सभी की सहभागिता की भी अपील की।

इस दौरान भारत कुंड के महंत परमात्मा दास, समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल, समाजसेवी संतोष सिंह मौजूद रहे।

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन की ऑनलाइन परीक्षा विद्यालय स्तर पर सम्पन्न

**मया - बाज़ार (अयोध्या)-** बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में आज विद्यार्थी विज्ञान मंथन की ऑनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह परीक्षा प्रभारी प्रधानाचार्य (परीक्षा कोऑर्डिनेटर) एम.ए. इदरीशी की देखरेख में संपन्न हुई।प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा का परिणाम 15 नवम्बर को घोषित किया जाएगा। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का चयन स्टेट लेवल पर ऑनलाइन परीक्षा के लिए किया जाएगा, इसके बाद नैशनल लेवल पर भी परीक्षा होगी। नैशनल लेवल पर उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को अगले कक्षा में पढ़ाई के लिए 24,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।यह परीक्षा कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। विद्यालय के शिक्षक राहत अली सलमानी, रुख्सार बानो उपस्थित रहे।

## जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने इच्छाराम सिंह महाविद्यालय में स्मार्टफोन किया वितरित



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने इच्छाराम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोभियारा, शाहगंज में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए।आलोक सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पंजाब प्रांत के प्रांत प्रचारक श्रीराम गोपाल, पूर्व विधान परिषद सदस्य मनोज सिंह गुड्डू, भाजपा जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज मिश्रा, विनय रावत, श्रीमती ममता सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित जन और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम रोज़गार सेवक सहित मनरेगा कर्मचारियों को मानदेय न मिलने के कारण दीपावली त्यौहार हुआ फीका

**▸▸ ग्राम रोज़गार सेवकों ने सभी ब्लांक मुख्यालय पर प्रदर्शन कर दिया 5 सूत्रीय ज्ञापन**



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या ।** ग्राम रोज़गार सेवक संघ ने आज मानदेय भुगतान ने होने के कारण सभी ब्लांक मुख्यालय पर ब्लाक अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड़ के नेतृत्व में ज़िला मुख्यालय पर पर जिला कार्यकारिणी के साथ जिलाधिकारी,सीडीओ,श्रम उपायुक्त मनरेगा को 5 सूत्रीय ज्ञापन देकर दीपावली के पूर्व मानदेय का भुगतान कराने की गुहार लगाई । जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड ने बताया की अयोध्या में एक तरफ़ रामराज्य की परिकल्पना करने वाली मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना मे कार्यरत ग्राम रोज़गार सेवकों व मनरेगा कार्मिको ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से मनरेगा सहित शासन के द्वारा दिये गये कार्य जैसे बीएलओ ,ईएलओ सर्वे, वीडियोग्राफी का निर्वहन करते आ रहे हैं ।परन्तु खेद है कि अपने 16-18 बर्ष बाद भी ग्राम पंचायत से लेकर शासन स्तर पर उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण इनकी स्थिति दयनीय बनी हुई है । ग्राम रोज़गार सेवक संघ इस ज्ञापन के माध्यम से आप से निम्नलिखित माँग करता है ग्राम रोज़गार सेवकों का 4-11 माह का बकाया मानदेय का भुगतान कराया जाये ।ग्राम रोज़गार सेवकों के मानदेय से अप्रैल 2015 से लागू ई पी एफ हेतु कि जा रही कटौती की धनराशि यूएएन खाते में शीघ्र जमा कराया जाये।14/15वां वित्त,राज वित्त को शासन से जारी कई शासनादेश को लागू करते हुए डबटेलिंग कराया जाए जिससे ज़िले का मनरेगा का लक्ष्य पूर्ण किया जा सके।ईएलओ सर्वे,विधान सभा एवं लोक सभा सहित चुनाव में बीड़ियों ग्राफी का पारिश्रमिक का भुगतान कराया जाए।जनपद की बिलीन ग्राम पंचायतें जो नगर निगम,नगर पालिका में हुई है वहाँ के ग्राम रोज़गार सेवकों को अन्य ग्राम पंचायतों में समायोजित किया जाए।कार्यक्रम मे जिला महामंत्री सोनू आज़ाद,उपाध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी,ज़िला संयोजक रामू निषाद,बिपिन पाण्डेय सहित ब्लाक अध्यक्ष क्रमशः मया बाज़ार बीरेन्द्र कुमार, पूराबाजार अनूप सिंह,सोहावल अभय त्यागी, तारून मनोज सिंह, मसौधा दुर्गा प्रसाद, बीकापुर बब्लू प्रसाद, मिल्कीपुर मुकेश कुमार,हरिग्टनगंज रामसूरत, अमानीगंज पंकज मिश्रा, रूदौली सुशील बर्मा, मवई आशाराम पाल ने ब्लाक के रोज़गार सेवकों के साथ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन ।


# आदर्श कंपोजिट स्कूल की बेटियों ने बनाई मनमोहक रंगोली





**बलरामपुर।** नगर शिक्षा क्षेत्र के आदर्श कंपोजिट विद्यालय में रंगोली एवं दिया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यालय के पांचवी से आठवीं तक की छात्राओं ने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर अपने हुनर को प्रदर्शित किया है साथ ही साथ कक्षा 2 से 4 तक के छात्रों में दिया को कलर करके सजा कर अपनी कलाकारी को प्रदर्शित किया है। विद्यालय प्रधानाध्यापिका सलमा खान की अध्यक्षता में रंगोली एवं दिया सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई विद्यालय की छात्र मोना चौधरी सोनी शर्मा डाली शर्मा ने चाक से फर्श पर पहले रंगोली बनाकर उसमें विभिन्न रंगों को भरकर सुंदर कलाकृति बनाई है वही दिया सजावट में रुबीना मुस्कान सिंह आरती मौर्य इकरा अंसारी सोनी शर्मा ने मिट्टी के दीयों को कलर करते हुए मनमोहन कलाकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है विद्यालय की अनुदेशक शिल्पी श्रीवास्तव ने बच्चों के इस कार्य में विशेष सहयोग दिया है विद्यालय प्रधानाध्यापिका सलमा खान ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधि का विकास होना जरूरी है इसी के तहत विद्यालय में रंगोली एवं दिया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यालय के सफल बच्चों की घोषणा के साथ आगामी वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षामित्र अखिलेश तिवारी एवं अन्य शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे हैं।





# एचआइवी, एड्स रोग पर गोष्ठी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**




**सुल्तानपुर।** एचआईवी व एड्स रोग की रोकथाम के लिए जिला चिकित्सालय सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.जेसी सरोज,मुख्य चिकित्साधिक्षक जिला चिकित्सालय डॉ.एसके गोयल, महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके यादव, वरि.एनेस्थेटिक्स डॉ.आरके मिश्रा, डीटीओ डॉ.आरके कन्नौजिया, नोडल डॉ.राम धीरेंन्द्र, डॉ.अबसार अहमद, संतोष सिंह, बलराम पाल, अर्चना सिंह, पायल सोनी, अर्चना मिश्रा, सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी व समाजिक संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे। गोष्ठी में आए हुए एचआईवी व एड्स रोग से ग्रसित मरीजों को सामान्य जीवन जीने के लिए क्या करना है, इसपर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सीएमएस डॉ.एसके गोयल ने अपने संबोधन में कहाकि ऐसे रोगियों के लिए मेडिकल कॉलेज में एक अलग विभाग बनाकर एक्सपर्ट डाक्टरो सहित टीम बनाई गई है, साथ ही समाजिक संस्थाए भी इस क्षेत्र में काम कर रही है, वही डॉ.आरके मिश्रा ने कहाकि एचआईवी से ग्रसित मरीजों की भी समाज में बड़ी जिम्मेदारियां है, रोग को बढ़ने से रोकना लोगो को जागरूक करना, जिससे समाज में जो भय बना है उसके बारे में लोग जाने और नियमित व संयमित रहें। सीएमएस महिला चिकित्सालय डॉ.आरके यादव ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहाकि पॉजिटिव लोग यदि डाक्टरों के परामर्श पर चले तो उनके लिए समस्याएं कम रहेगी। अंत में नोडल डॉ.राम धीरेंद्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहाकि एड्स से बचाव के लिए जानकारी बहुत आवश्यक है, जागरुकता की चेन टूटनी नही चाहिए,हमसब की जिम्मेदारी है की इससे बचाव के लिए अभियान को गति देते रहें।

# नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की से गूंजा कथा पंडाल



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर गांव चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या से पधारे परम पूज्य गजानंद जी महराज ने कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान कन्हैया का जन्मोत्सव में नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की भजन से श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ मंडप गुंजायमान हो गया। जब भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान कृष्ण के भजन से श्रद्धालु झूमने लगे। पुष्प की वर्षा की गई। भगवान कृष्ण की झांकी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, यज्ञ मंडप गोकुल बन गया था और कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु गोकुल वासी थे। श्रद्धालुओं ने भगवान बाल कृष्ण की पूजा की और आशीर्वाद लिया। गजानंद महाराज ने बताया कि जब भगवान कृष्ण के जन्म का समय आया, तब आकाश में सभी देवी-देवता भगवान की स्तुति करने लगे। कंस के पहरेदार सो गए। महाराज वासुदेव की सभी बेड़ियां खुल गई। जेल के दरवाजे खुल गए और महाराज वासुदेव ने एक टोकरी में भगवान कृष्ण को रखा और उस टोकरी को सिर पर रखकर नंद बाबा के घर की ओर चले। घनघोर अंधेरी रात थी। यमुना नदी में काफी तेज बहाव था। महाराज वासुदेव ने टोकरी को पूरा ऊपर उठा दिया, जिससे बाल कृष्ण तक पानी न पहुंचे। भगवान शेषनाग ने अपने फन को फैलाकर छतरी बना दी। इस तरह महाराज वासुदेव नंद बाबा के घर पहुंचे। वहां बाल कृष्ण को यशोदा मैया के पास रखा और कन्या को लेकर लौट आए। शास्त्री जी ने कहा कि भगवान के जन्म के साथ ही जिस तरह बेड़ियां खुल गई और सारे बंधन टूट गए, उसी तरह भगवान की भक्ति से सारे भव बंधन खत्म हो जाते हैं।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री विकास शुक्ला,संदीप मिश्रा, चन्दन सिंह, माता प्रसाद पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे, अनिल मिश्र, यदुनंदन मिश्र, लल्लन मिश्र जी ने सभी आगंतुको का भव्य स्वागत किया। लोगों ने श्री महराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर।** बैठक में जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं को निर्देशित किया कि लोन लेने में कोई कठिनाई हो तो अवगत कराए और अधिक से अधिक लोन लेकर व्यवसाय करना शुरू करे। जनपद की सीडी रेशियो को 60 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। सीड़ा में लोन मेला आयोजित करने के निर्देश दिए गए। ओ0डी0ओ0पी0 एम0डी0ए0 को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी निवेशको को आश्वस्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागाध्यक्षो को प्राथमिकता के आधार पर निवेशको की समस्याओ का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये है।

# शिक्षकों के लिए जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सुल्तानपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय शिक्षकों हेतु आई.सी.टी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता सोमवार को जनपद अमेठी एवं सुल्तानपुर के परिषदीय तथा माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सफलता पूर्वक डायट के सभागार मे संपन्न हुई। आई.सी.टी प्रतियोगिता का शुभारम्भ डायट प्राचार्य डॉक्टर पारसनाथ ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। सरस्वती वंदना प्रशिक्षु शिवानी वर्मा, कोमल और ज्योति ने तथा स्वागत गीत प्रज्ञा सिंह एवं निशा सिंह ने प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सुल्तानपुर और अमेठी जिले के सभी विकास खंडो से माध्यमिक, उच्च प्राथमिक, प्राथमिक विद्यालयों के प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री, पीपीटी, प्रासंगिक चित्रों, वीडियो एवं नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। आई.सी.टी प्रतियोगिता का अवलोकन डाइट के प्रवक्ताओं तथा डी.एल.एड प्रशिक्षुओं द्वारा भी किया गया। आई.सी.टी प्रतियोगिता में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत पी.पी.टी एवं आई.सी.टी से संबंधित बेस्ट प्रैक्टिसेज का मूल्यांकन त्रिसदस्यीय समिति द्वारा किया गया, जिसमें प्रोफेसर अवधेश कुमार, के. एन. आई. टी कंप्यूटर साइंस, अमित कुमार शुक्ला जी, प्रोग्रामर के. एन. आई. टी तथा सत्यम प्रकाश प्रवक्ता, इलेक्ट्रिकल, पॉलिटेक्निक, केनौरा सुलतानपुर , शामिल रहे। कार्यक्रम का समन्वयन श्री शशांक शेखर सिंह, श्री शरद चतुर्वेदी तथा श्री दिलीप कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डायट के प्रवक्ता सुनील कुमार बरनवाल ने किया। कार्यक्रम के संचालन में पटल प्रभारी मनीष तिवारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अजय कुमार सरोज , डॉक्टर दिव्या रानी, विजय कुमार, डॉक्टर नरेन्द्र सिंह, राजीव सिंह प्रवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक शशांक शेखर सिंह ने बताया इस प्रतियोगिता में जो प्रतिभागी जनपद स्तर पर विजयी होगा वह राज्य स्तर पर जनपद का प्रतिनिधित्व करेगा।

# 360 किलो ग्राम पनीर को जब्त कर नष्ट किया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत डीएम के निर्देश के क्रम में फूड सेफ्टी एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, सुलतानपुर के सहायक आयुक्त अजीत कुमार एवं उनकी टीम द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की सूचना पर पिछली रात्रि को एक चार पहिया दुग्ध वाहन यूपी 36 टी 9768 को पकड़ा गया, जिसमें 210 किलो ग्राम खराब गुणवत्ता कि पनीर (जिसमें से दुर्गंध आ रही थी) को पकड़ा गया। साथ ही साथ पुलिस की मदद् से आर्डरकर्ता रिजवान के घर से 150 किलो ग्राम खराब गुणवत्ता की पनीर बरामद की गयी। फूड सेफ्टी टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर उक्त वाहन को जब्त किया गया। उक्त वाहन सत्यम डेयरी अमेठी से जनपद सुलतानपुर के आर्डरकर्ता रिजवान के यहां आपूर्ति हेतु आ रहा था। सहायक आयुक्त अजीत कुमार एवं उनकी टीम द्वारा खराब गुणवत्ता के बने पनीर के दो नमूनें एकत्र किये गये, एक वाहन से दूसरा रिजवान के घर से, उक्त जब्त वाहन को कोतवाली देहात परिसर लाया गया, जिसे उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, सीओ सिटी प्रशान्त सिंह के सहयोग से अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा उपलब्ध करायी जे.सी.बी. मशीन से गडढ़ा खोदकर पर्यावरण पार्क के बगल हथियानाला के पास जमीन में नष्ट कर दिया गया तथा आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिन्हा, फूड सेफ्टी ऑफिसर संदीप यादव, दीपक पटेल आदि उपस्थित रहे।

# रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से बेटियों ने दिखाया हुनर

## मदरलैंड पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता संपन्न



**बलरामपुर।** सोमवार को शंकरपुर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 5, 6, 7 व 8 की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता व कक्षा एक से लेकर 8 तक के छात्रों के बीच क्लास डेकोरेशन कंपटीशन कराया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्राओं को प्रथम स्थान कक्षा 7 व 6 की छात्राओं को द्वितीय स्थान , कक्षा 5 की छात्राओं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्लास डेकोरेशन कंपटीशन में कक्षा 7 व 8 के बालक टीम को प्रथम स्थान कक्षा 2 के बालकों को द्वितीय स्थान व कक्षा 6 के बालकों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अतुल गौरव, रूद्र बहादुर सिंह, कल्पना कश्यप, आराधना मिश्रा, पूजा साहू, कोमल मौर्य, स्मिता सिंह मंजू सोनकर आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# हंसी खुशी मनाएं त्योहार, पुलिस सुरक्षा को तैयार



**सुल्तानपुर।** दुर्गापूजा महोत्सव आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में सफल देहात कोतवाली पुलिस अब धनतेरस, दीपावली व छठ का पर्व सफलतापूर्वक निपटाने के लिए जुट गयी है। सोमवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी लंभुआ मृदुल मयंक की अध्यक्षता और पुलिस क्षेत्राधिकारी लंभुआ अब्दुस्सलाम खान की मौजूदगी में सुरक्षा को लेकर संभ्रांतजनो के साथ बैठक हुई।

लोगों को संबोधित करते हुए सीओ श्री खान ने कहा कि सभी लोग त्योहार हंसी खुशी के साथ मनाएं। व्यापारी अपना व्यवसाय निर्भीक और निडर होकर करें। पुलिस पब्लिक सुरक्षा के लिए तैयार है। कहीं भी किसी को कोई दिक्कत महसूस होती हैं तो तत्काल पुलिस को सूचना दे, हर संभव उसे राहत मिलेगी। उन्होंने देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह को निर्देश दिया कि बीट सिपाहियों के जरिए हुड़दंगी किस्म के लोगों पर नजर रखी जाय। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कोई मुरौवत न की जाय, उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। उपजिलाधिकारी ने भी जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, कांस्टेबल संतोष यादव, अपराध निरोधक समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव राम केवल वर्मा, आशीष वर्मा, जेएन वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा कार्यालय परिसर में जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़।
वाद सं. 498/2022
नाम फरीकेन - सन्तोष कुमर वर्मा बनाम मनीषा वर्मा
बनाम- मनीषा वर्मा आयु 23 साल पुत्री स्व. रामदेव पत्नी संतोष कुमार वर्मा निवासी डेवड़सा मजरे पूरे मुहीबशाह पर.तह.अमेठी पो. बड़गांव थाना संग्रामगढ़ जिला अमेठी।
अं.धारा 13 हि.वि.अधि.
तारीख पेशी 06.12.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.12.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
प्रधान न्यायाधीश द्वितीय प्रतापगढ़

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बेसिक शिक्षा कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रत्येक ब्लॉक से क्विज प्रतियोगिता में चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों- परियोजना निदेशक(डी0आर0डी0ए0) अशोक सिंह, उपजिलाधिकारी प्रवीन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, सह-जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दूबेपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत की गयी एवं स्वागत गीत प्रा0 विद्यालय करौंदिया के बच्चों द्वारा किया गया। उक्त जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सभी ब्लाकों से चयनित 5-5 बच्चों द्वारा विज्ञान विषय पर मॉडल तैयार किया गया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल का अवलोकन व मूल्यांकन निर्णायक समिति के सदस्य उप जिलाधिकारी (अतिरिक्त) प्रवीण कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर से पंकज सिंह, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुलतानपुर की विज्ञान प्रवक्ता ज्योति मिश्रा, डायट सुलतानपुर के विज्ञान प्रवक्ता शैलेष मौय की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निर्णायक समिति के सदस्यों ने बच्चों से उनके बनाए गए मॉडल की मौलिकता, सृजनात्मकता व इससे होने वाले लाभ आदि पर प्रश्न-उत्तर करते हुए सूक्ष्म रूप से मूल्यांकन किया। उक्त क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, करौंदीकला, द्वितीय स्थान दूबेपुर व तृतीय स्थान कादीपुर ने प्राप्त किया। क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिया उपाध्याय, हर्षित साहू, अंजली, आकांक्षा पाण्डेय व श्रेया गुप्ता को स्मृति चिह्न, मेडल, बैग, साइंस किट, स्टेशनरी आदि प्रदान करके सम्मानित किया गया। शेष सभी बच्चों को भी बैग, स्टेशनरी, मेडल, प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सम्राट, अरकान अहमद, रेषम, आयुष यादव, मुशिर अहमद के मॉडल को निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा सर्वश्रेष्ठ मॉडल के रूप में चयन किया गया।

इन सभी बच्चों को टैबलेट, बैग, स्टेशनरी, स्मृति चिह्न, मेडल, प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी 75 बच्चों को प्रमाण पत्र, बैग, स्मृति चिन्ह, स्टेशनरी, मेडल आदि देकर प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत आयोजित इस विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता में सभी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए परियोजना निदेशक अशोक सिंह ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास करने के लिए उन्हें मॉडल तैयार करने व करके सीखने का अवसर देना जरुरी है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को विज्ञान का ज्ञान देकर उनमें वैज्ञानिक सोंच का विकास करें। विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता के संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जनपद के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की क्विज प्रतियोगिता आयोजित करते हुए सर्वश्रेष्ठ तीन बच्चों का चयन करते हुए ब्लाक स्तर बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चयनित सभी बच्चों के द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। जनपद के सभी विकास खंडों से बच्चों ने अपने-अपने स्टॉल पर विज्ञान के मॉडल का प्रदर्शन किया बच्चों ने अधिकारियों के समक्ष अपने मॉडल के बेसिक सिद्धान्तों को अपने शब्दों में व्यक्त भी किया। उन्होंने बच्चों की तैयारी और उनका सहयोग करने वाले शिक्षकों उनके अभिभावकों की प्रशंसा भी की। उपजिलाधिकारी (अतिरिक्त) प्रवीन कुमार ने कहा कि सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं बल्कि सपने वो होते हैं जो हमें नींद ही न आने दें।

# अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद एवं वरिष्ठ सपा नेता हसीब खान का मुंबई में हुआ भव्य स्वागत

## शिवाजी नगर विधानसभा सीट को लेकर सांसद एवं सपा नेता नामांकन रैली में हुई शामिल





**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद व बलरामपुर की उतरौला विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी हसीब खान मुंबई पार्टी कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद एवं सपा नेता महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी के शिवाजी नगर विधानसभा सीट से नामांकन रैली में शामिल होकर जनता से समाजवादी पार्टी के पक्ष में जन समर्थन की अपील की है ।मुंबई एयरपोर्ट पर सांसद अवधेश प्रसाद व वरिष्ठ सपा नेता हसीब खान का महाराष्ट्र के सपाइयों ने भव्य स्वागत फूल माला पहनकर किया है। ,इस मौके पर हसीब खान के मुंबई में रहने वाले उतरौला विधानसभा के तमाम समर्थक भी मौजूद रहे, हसीब खान ने शिवाजीनगर विधानसभा में रह रहे बलरामपुर जिले के समर्थकों से आने वाले 20 नवंबर को सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है , हसीब खान ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश मैं लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भारी जल समर्थन हासिल किया इस तरह इस बार महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी इतिहास लिखेगी वहां की जनता सपा की नीतियों पर जन समर्थन करेगी।

इस मौके पर उतरौला के रहने वाले मदत अली सेठ, खालिक अली, अब्दुल वहीद, सद्दाम, गुड्डु, इरशाद, सिराज खान,शाहिद रमवापुरी , अरुण सिंह, आरिफ खान,अनवर खान, जमाल खान, वारिस अली, फिरोज खान, हुसैन अली,सलामत अली, जमील, इरशाद अहमद, सोनू चौधरी, वहाद, सलामत अली, नसीब अली, अरुण कुमार सिंह,आकाश सिंह, पंकज सिंह, रोहित सिंह, रामसेवक यादव, शिवम सिंह, नानबाबू, उत्कर्ष, अजय विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, तुफैल, इरफ़ान खान, डॉक्टर गुलफाम, सैफ खान, शहीद खान, सैफ, इमरान खान, रफीक चौधरी, इमरान खान,समीर, करीम, तुफैल, आरिफ खान, शाहिद खान आदि तमाम सगे संबंधी एवं साफा कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए हैं। वरिष्ठ नेता हसीब खान ने महाराष्ट्र में शिव नगर विधानसभा चुनाव में लोगों से मिलकर भव्य स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

# खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खराब गुणवत्ता की बनी 360 किलो ग्राम पनीर को जब्त कर किया गया नष्ट

**सुलतानपुर।** आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में फूड सेफ्टी एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग, सुलतानपुर के सहायक आयुक्त(खाद्य-द्वितीय) अजीत कुमार एवं उनकी टीम द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की सूचना पर पिछली रात्रि को एक चार पहिया दुग्ध वाहन यूपी 36 टी 9768 को पकड़ा गया, जिसमें 210 किलो ग्राम खराब गुणवत्ता कि पनीर (जिसमें से दुर्गंध आ रही थी) को पकड़ा गया। साथ ही साथ पुलिस की मदद् से आर्डरकर्ता रिजवान के घर से 150 किलो ग्राम खराब गुणवत्ता की पनीर बरामत की गयी।

फूड सेफ्टी टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर उक्त वाहन को जब्त किया गया। उक्त वाहन सत्यम डेयरी अमेठी से जनपद सुलतानपुर के आर्डरकर्ता रिजवान के यहां आपूर्ति हेतु आ रहा था। सहायक आयुक्त(खाद्य-द्वितीय) अजीत कुमार एवं उनकी टीम द्वारा खराब गुणवत्ता के बने पनीर के दो नमूनें एकत्र किये गये, एक वाहन से दूसरा रिजवान के घर से, उक्त जब्त वाहन को कोतवाली देहात परिसर लाया गया, जिसे उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, सीओ सिटी प्रशान्त सिंह के सहयोग से अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा उपलब्ध करायी जे.सी.बी. मशीन से गडढ़ा खोदकर पर्यावरण पार्क के बगल हथियानाला के पास जमीन में नष्ट कर दिया गया तथा आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिन्हा, फूड सेफ्टी ऑफिसर संदीप यादव, दीपक पटेल आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**चिल्ला।** मिशन शक्ति के तहत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन करते छात्राओं और महिलाओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। चिल्ला क्षेत्र में कंपोजिट विद्यालय चकला में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चिल्ला थाना की उपनिरीक्षक एवं मिशन शक्ति प्रभारी ज्योत्सना नायक ने छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स मान के महत्व को समझाया। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाओं जैसे 112, 1090, 102, और 1098 के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक धीरेंद्र गुप्ताऔर शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। दूसरी ओर चिल्ला थाना की महिला सिपाही प्रियंका कुशवाहा स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को आपातकालीन स्थितियों में उपयोग होने वाले निशुल्क हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मौके पर स्कूल के शिक्षका दीपिका सिंह आरक्षी मुकेश सिंह, रविन्द्र मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अखंडता के रूप में मनाया जाएगा पटेल का जन्म दिन

**बांदा।** डीएम नगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मु य सचिव एकीकरण अनुभाग से मिले निर्देश के अनुसार मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सुबह आठ बजे से सभी प्राइमरी विद्यालयों के छात्रों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रभात फेरी का आयोजन और माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की रैली का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति, चित्र पर माल्यार्पण व राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ ग्रहण कार्यक्रम और दोपहर 12 जिला संयुक्त चिकित्सालय में जिलाधिकारी मरीजों को फल का वितरण करेंगे। 12 बजकर 30 मिनट पर जिला कारागार में राष्ट्रीय एकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित होंगे। एक बजे दोपहर वृद्ध और कुष्ठ आश्रम में सीडीओ भोजन वितरण करेंगे। दो बजे दोपहर सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसी तरह चार बजे शाम को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## डेंगू से बचाव के लिए करें दवा का छिड़काव और फागिंग

**बांदा।** दीपावली व छठ पूजा के त्योहार को शांतिपूर्णढंग से मनाए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार एसपी अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी सहित जनपद स्तरीय समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने त्यौहारो के अवसर पर नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई एवं डेंगू से बचाव के लिए फागिंग और दवा छिड़काव के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा त्यौहार के अवसर पर विद्युत कटौती एवं जलापूर्ति सुचारू रूप से बनाई रखी जाए।

उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की बिक्री पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग टीम बराकर बराबर निरीक्षण करते रहें ताकि मिलावटी खाद्य सामग्री कतई ना बिक सके। उन्होंने कहा कि पटाखे की दुकानों को नियमानुसार तीन-तीन मीटर की दूरी पर स्थापित किया जाए तथा पटाखे की दुकानों पर एवं आसपास बीड़ी सिगरेट एवं माचिस आदि को दूर रखा जाए तथा बीड़ी सिगरेट पीना पटाखे की दुकानों के पास प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी सुविधा आप लोगों को पूर्व में दी जाती रही है वह उपलब्ध कराई जाएगी जीआईसी मैदान तथा पंडित जे एन डिग्री कॉलेज में पटाखे की दुकान स्थापित की जाएगी। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सभी नागरिक इस त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं और नियमों का प्रत्येक दशा में पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का वाहन चालक ध्यान दें तथा ट्रैफिक नियमों का प्रत्येक दशा में पालन अवश्य करें। पटाखों का भंडारण संबंधित दुकानों में ही किया जाए, घरों में किसी तरह का भंडारण न किया जाए। उन्होंने अंत में सभी उपस्थित समिति के सदस्यों तथा अधिकारियों को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परंपरागत और शांतिपूर्वक ढंग से त्यौहार मनाया जाए। बैठक में शोभाराम कश्यप, व्यापारी अमित सेठ भोलू, सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, विद्युत, जल संस्थान और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चाचा को जिंदा जलाने वाले को आजीवन कैद

**बादा।** चाचा को पेट्रोल छिड़ककर जिंदा फूंकने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम की अदालत ने सोमवार को दोषी पाते हुए आजीवन कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मालूम हो कि फतेहगंज थाना क्षेत्र के जबरापुर गांव में रहने वाले रामभरोसा ने 28 अक्टूबर 2020 को अपने चाचा बिंदा प्रसाद को पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया था, इससे चाचा की मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र शिवपूजन ने फतेहगंज थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले पर आरोपी को 30 अक्टूबर 2020 को पुलिस ने गिर तार कर जेल भेज दिया था। पांच दिसंबर 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायलय प्रथम पल्लवी प्रकाश ने सोमवार को की। अदालत ने दोषी पाते हुए अभियुक्त रामभरोसा को उम्र कैद की सजा सुनाई। 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## जमरेहीधाम में जलाए जाएंगे 31 हजार दीये

**कमासिन।** प्रतिवर्ष की तरह अबकी बार भी प्रकाश पर्व दीपावली के बादभैया दूज यानी 2 नवंबर को श्री जम रेही नाथ धाम में शाम को 31000 दीपों को प्रज्वलित किया जाएगा इस दीपोत्सव में जनपद स्तर के जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे दीपोत्सव समिति के अध्यक्ष धीरज मिश्रा ने बताया है कि गठित कमेटी द्वारा अभी से तैयारी में जुट गया है। बैठक के दौरान समिति के उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा सुधीर बेलौहा संदीप द्विवेदी ललित मिश्रा तथा कई सदस्य मौजूद रहे।

## नवाचार पर आधारित कार्यक्रम का होगा आयोजन

**बांदा।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप शासन के निर्देश पर डीएम की अध्यक्षता में नवम आयुर्वेद दिवस के मौके पर मंगलवार को वैश्विक स्वास्थ्य के लिये नवाचार पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। नवम आयुर्वेद दिवस को हर्षोल्लास से मनाते हुये कलेक्ट्रेट सभागार में आयुर्वेद की दैनिक जीवन में उपयोगिता से स बन्धित गोष्ठी व व्या यान कराये जाने के साथ ही कलेक्ट्रेट में आयुर्वेद, यूनानी एवं योग विधा से स बन्धित निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जायेगा। पूर्व में आयोजित बैठक में डीएम, सीडीओ, सीएमओ, ईओ, जिला सूचना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला हो योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# धनतेरस आज, ग्राहकों के इस्तकबाल को तैयार बाजार

## सर्राफा बाजार में भी नजर आ रहा उत्साह, बर्तन, एसी और वाशिंग मशीनें बुक





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** धनतेरस पर्व पर लोग परंपरा को को निभाते हुए कुछ न कुछ जरूर खरीदते हैं। मंगलवार को धनतेरस पर्व को लेकर बाजार में जहां चहल-पहल नजर आ रही है, वहीं दोपहिया वाहन एजेंसियों में भी खरीददारों की भीड़ है। बाइकों में युवाओं की पहली पसंद अपाचे मोटरसाइकिल बनी हुई है, वहीं महिलाओं को स्कूटी खूब लुभा रही है। एजेंसियों में आधा सैकड़ा स्कूटियां बुक कराई गई हैं। इसके अलावा बाइक शौकीनों ने भी बुकिंग कराई है।

धनतेरस पर्व को मद्देनजर रखते हुए बाजार में जहां चहल-पहल नजर आ रही है, वहीं दोपहिया वाहन बाजार भी गर्म नजर आ रहा है। कई कंपनियों की बाइकें बाजार में हैं। लेकिन युवाओं की पहली पसंद अपाचे मोटरसाइकिल बनी हुई है। जबकि महिलाओं को स्कूटी लुभा रही है। एजेंसी में मौजूद कर्मचारी धर्मेन्द्र तिवारी ने बताया कि अपाचे मोटरसइाकिल 1 लाख 60 हजार तक और राइडर बाइक 1 लाख 30 हजार रुपये तक मिल रही है। उन्होंने बताया कि आठ स्कूटी खरीददारों ने पहले से ही बुक कर ली हैं। मंगलवार को धनतेरस पर्व के मौके पर खरीददार स्कूटी और बाइकें अपने घर ले जाएंगे। महाराणा प्रताप चौक के समीप स्थित बाइक एजेंसी में खरीददारों की भीड़ लगी रही। इसी तरह तिंदवारी रोड में स्थित बाइक एजेंसियों में भी खरीदारों ने बाइकें बुक कराने के साथ ही स्कूटी बुक कराई हैं।

### 1300 और 1100 का मिलेगा चांदी का सिक्का

**बांदा।** धनतेरस पर्व को लेकर सर्राफा बाजार में भी खरीददारों की भीड़ नजर आ रही है। कैथी बाजार के समीप स्थित सरिता ज्वैलर्स के प्रोपराइटर संजय सोनी ने बताया कि धनतेरस पर्व के मौके पर मध्यम वर्गीय लोग चांदी का सिक्का जरूर खरीदते हैं। बताया कि पुराना सिक्का जिसे कलदार कहा जाता है, उसकी कीमत 1300 रुपये और लक्ष्मी गणेश का 10 ग्राम चांदी का सिक्का 1100 रुपये का मिलेगा। इसी तरह सोने की गिन्नी की कीमत 63500 रुपये है। श्री सोनी ने बताया कि बाजार में लोग अपनी पाकेट मनी के हिसाब से खरीददारी कर रहे हैं। जेवरात भी खरीदे जाते हैं। धनतेरस के मौके पर चांदी के सिक्के की लोग जमकर खरीददारी करते हैं।

### बर्तन बाजार भी चमक रहा

बांदा। धनतेरस पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह से सजी-धजी नजर आ रही है। कैथी बाजार में आबाद बर्तन बाजार में बेहतरीन डिलाइन वाली थाली सेट, गिलासा, लोटा, च मच, कटोरी सेट के अलावा अन्य बड़े बर्तन भी बिक्री के लिए सजे हुए हैं। दुकानदार रामकुमार, बसंता, राजू आदि का कहना है कि स्टील के बर्तन लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसके साथ ही पीतल और तांबा के बर्तन भी खरीदे जा रहे हैं। धनतेरस पर्व के मौके पर लोग घर के जरूरत के बर्तनों की खरीददारी करने से परहेज नहीं करते हैं। इसके अलावा पाकेट मनी का विशेष ध्यान रखते हुए ग्राहक खरीददारी करते हैं।

## अभियान चलाकर मतदाता सूची के प्रति करें जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** डीएम नगेंद्र प्रताप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मु य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के अभियान में मतदाता सूची में नाम देखने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जन सामान्य को जागरूक करने के निर्देश दिये गये हैं। मतदाता सूचियों का आले य प्रकाशन 29 अक्टूबर को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया जायेगा। प्रत्येक कार्य दिवस में मतदेय स्थलों, मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों द्वारा उक्त फार्मों को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक प्राप्त किया जायेगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के आले य प्रकाशन 29 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच चार विशेष अभियान की तिथियों 09 नवंबर (शनिवार) व 10 नवंबर (रविवार), और 23 नवंबर (शनिवार) व 25 नवंबर (रविवार) निर्धारित है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भावी मतदाताओं के साथ-साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का पूर्ण लाभ वर्तमान मतदाताओं को प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि मतदाता मतदाता, मतदाता सूची में ससमय अपना नाम चेक कर लें। इस संबंध में वर्तमान में मतदाताओं को जागरूक करते हुए व व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए मैं हूँ ना, अभियान का संचालन किया गया है। वर्तमान मतदाताओं द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिए आयोग द्वारा नि न व्यवस्था की गई है। मतदाता सूची आले य प्रकाशन 29 अक्टूबर से 28 नवंबर के बीच सभी मतदान केंद्रों पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी।

## शांति से मनाएं त्योहार, खुले स्थान पर दागें पटाखे

### थाना परिसर में सोमवार को आयोजित हुई शांति समिति की बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिंदवारी।** दीपावली महापर्व को लेकर सोमवार उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला और सीओ सदर अजय सिंह समेत थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत की उपस्थिति में थाना परिसर पर शांत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय व्यापारी, गणमान्य नागरिक पत्रकार, व्यापिरयों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला ने लोगों से हर पर्व की तरह इस पर्व को भी शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में स पन्न कराने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकार अजय सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान सतर्कता बरतें, आतिशबाजी करते समय सावधानी बरतें तथा खुले स्थान में पटाखे आदि जला सकते हैं व आग बुझाने के पर्याप्त साधन रखने की अपील की। स्थानीय व्यापारियों से चर्चा कर पटाखा दुकानों को एक स्थान पर लगाने कहा गया। उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकार ने ने व्यापारियों के साथ जाकर दुकानों के लिए जगह भी देखा।

वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि दीपावली पर रात तक दुकाने खुली रहती हैं। लोगों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग की जाएगी। थाना प्रभारी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने व्यापारियों से सहयोग माँगा। अधिकारियों ने सभी को दीपावली की बधाई दी। इस मौके पर व्यापार संघ नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष बृजेश सिंह, अकरम, इमरान ,उत्तम रमेश चंद ,संतोष, रामबाबू सोनी, कैलाश शिवहरे , रज्जन सिंह, उपनिरीक्षक हरभजन सिंह ,पारस नाथ,शिवचंद मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही स्वस्थ मस्तिष्क का मूल आधार

### प्राथमिक विद्यालय नांदादेव में आयोजित हुआ स्वच्छता कार्यक्रम




**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** सोमवार को जसपुरा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नाँदादेव में बच्चो और शिक्षकों द्वारा स्वच्छता मेला आयोजित किया गया। जिसमें महात्मा गांधी जी के स्वच्छता प्रयासों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन और बढ़ते प्रदूषण को कम करने के उपायों पर स यक चर्चा हुई। शिक्षक कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का मूल आधार है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इसलिए हमें बेहतर नागरिक बनने के लिए स्वच्छता नियमों का पालन करना चाहिए। हाइजीन किट हर घर में होनी चाहिए । अपने परिवेश को साफ रखना हम सबकी नैतिक जि मेदारी है। महेंद्र सर ने बच्चो को प्राथमिक स्वास्थ्य किट के उपयोग और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को बताया। देश की धरती करे पुकार। स्वच्छ रखो अपने घर द्वार, की थीम पर बच्चो को अपने परिवेश को साफ रखने की शपथ भी दिलाई गई।उच्च प्राथमिक की छात्राओं ने प्राथमिक के छात्र छात्रों को स्वच्छता किट दिखाते हुए उनके स्वच्छता संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए।

साबुन, डिटर्जेंट, हार्पिक, सफाई उपकरण, सेनेटाइजर, क्लोरीन, पोटैशियम परमैगनेट, डस्ट बिनऔर डिटॉल के प्रयोग विस्तार से बताए। मास्क लगाकर धूल से बचने की अपील की गई। संचारी रोगों के लक्षण , हानिया और रोकथाम के उपाय बताए गए। इस मेले पर समस्त छात्र- छात्रों के साथ प्रधानाआध्यापक दीनदयाल अवस्थी,शिक्षक महेंद्र कुमार, कुलदीप त्रिपाठी, विवेक सिंह, अशोक कुमार, नेहा परवीन बृजेश जी, आनंदी जी और भोजन माताए उपस्थित रही।

## दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, युवक की मौत

### नरैनी क्षेत्र में सलहाई पहड़िया के पास हुई दुर्घटना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** दो बाइको की आमने सामने भिडंत में एक युवक की मौत हो गई। पीछे बैठे दो अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के करतल गांव निवासी 32 वर्षीय नरेश उर्फ मुंगी पुत्र इंद्रपाल अपने 35 वर्षीय बड़े भाई शिवनिरंजन और पड़ोसी 35 वर्षीय राकेश के साथ पनहाई गांव गए थे। रविवार की दोपहर वापस बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सलहाई पहड़िया के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें नरेश उसका बड़ा भाई शिवरंजन राकेश घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान नरेश की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया । मृतक के बड़े भाई मनोज ने बताया कि नरेश छह भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी नही हुई थी। पिता के पास 21 बीघा जमीन है, वह किसानी करता था। अचानक हुई इस घटना से मां रामकली समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बैंकों को किया गया चेक, संदिग्धों को पुलिस ने टोका

- एसपी के निर्देश पर चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान
- सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों को किया गया चेक





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पुलिस ने सोमवार को सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बैंकों में सुरक्षा उपकरण और कैमरों को चेक किया गया। इसके साथ ही बैंकों के आसपास मौजूद संदिग्ध लोगों से पुलिस ने पूछतांछ की और स त हिदायत दी। सर्राफा दुकानों और अन्य स्थानों पर भी संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने चेक किया।

त्योहारों के दृष्टिगत बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए सोमवार को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। एएसपी शिवराज द्वारा स्टेट बैंक अलीगंज शाखा, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कालूकुआं, बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पदमाकर चौराहा, यूनियन बैंक शाखा छावनी तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा छावनी को चेक किया गया। अभियान के तहत समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम, बैंक शाखाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया।

कुछ एक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खराब पाये गये, जिन्हे ठीक कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैंक कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हे बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डो को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो, ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान एटीएम, बैंकों के आसपास टहल रहे संदिग्ध व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहनों की भी चेकिंग करते हुए चेतावनी दी गई।

धनतेरस एवं दीपावली त्योंहारों के दृष्टिगत सर्राफा दुकानों तथा मु य बाजार के आस-पास चेकिंग की गई।

## सर्पदंश से महिला की मौत, परिजनों में मातम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बारी में सब्जी तोड़ रही महिला को सर्प ने डस लिया। उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गांव निवासी 40 वर्षीय शिवप्यारी पत्नी रामसनेही रविवार की दोपहर घर के पीछे बनी बारी में सब्जी तोड़ने गई थी। तभी सर्प ने हाथ में डस लिया हालत खराब होने पर परिजनों को पता चला। तत्काल ओझाओं को बुलाकर उसकी झाड़ फूक करवाई। इसकेअलावा उसे एक देवस्थान ले जाया गया। इसके बावजूद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उसे सीएचसी बिसंडा ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका अपने पीछे चार पुत्र दो पुत्रिया छोड़ गई है।

# गंगा पर नया रेलवे ब्रिज बनकर तैयार

## 495 करोड़ की लागत से तैयार डबल ट्रैक वाले रेल पुल पर दिसंबर से रेल परिवहन हो जाएगा शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का का अनुमान है। प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र सरकार भी इस आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आवागमन के लिए दिन रात तैयारियां कर रही हैं। रेल मार्ग से वाराणसी से प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गंगा नदी पर बनकर तैयार हो रहा नया रेलवे सेतु आगंतुकों का सफर आसान करेगा।

महाकुंभ 2025 में सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के सड़क परिवहन से कुंभ नगरी पहुंचने का अनुमान है। सड़क परिवहन के बाद सबसे अधिक लोग रेल मार्ग से ही प्रयागराज पहुचेंगे। इस बार लगभग 10 करोड़ लोगों के ट्रेन के जरिये महाकुंभ पहुचंने का अनुमान है। रेलवे की तरफ से भी इसे लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं।



एक तरफ जहां रेलवे स्टेशनों और ट्रेन की संख्या बढ़ाई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ रेल मार्ग में सेतुओं का निर्माण कर भीड़ का दबाव कम करने का प्रयास हो रहा है। वाराणसी से प्रयागराज के बीच रेलमार्ग को सुगम बनाने के लिए दारागंज से झूंसी के बीच नए रेल पुल का निर्माण पूरा हो चुका है। बस पुल में रेलवे ट्रैक बिछाने और गिट्टी डालने का कार्य शेष है। रेल विकास निगम लिमिटेड इसका निर्माण कर रहा है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनय अग्रवाल के मुताबिक 495 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण हुआ है जो दिसम्बर तक रेल परिवहन के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रयागराज रामबाग- वाराणसी रेल मार्ग में गंगा नदी पर अभी तक केवल एक ही रेल पुल था जिसमें सिंगल ट्रैक होने की वजह से झूंसी और राम बाग रेलवे स्टेशन में ट्रेन को देर तक रोकना पड़ता था। लेकिन अब इस 2700 मीटर लंबे नए रेल पुल के बन जाने से रेल यात्रियों को इंतजार नहीं करना होगा क्योंकि यह डबल ट्रैक वाला रेल पुल है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनय अग्रवाल बताते हैं कि कुंभ के प्रमुख पर्वों के दौरान वाराणसी मार्ग से आने वाले रेल यात्रियों को झूंसी स्टेशन में ही उतारकर कुंभ क्षेत्र ले जाने की योजना पर राज्य सरकार से विचार चल रहा है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन में होल्डिंग एरिया का भी निर्माण हो रहा है। लेकिन गैर पर्व के दिनों में ट्रेनों के अप एंड डाउन में इस नए रेल पुल का बड़ा योगदान होगा। इससे स्टेशनों पर यात्रियों का दबाव कम होगा और समय की बचत होगी।

**➪कुंभ क्षेत्र में झूंसी - दारागंज के बीच गंगा नदी पर बनकर तैयार हुआ है 2700 मीटर लंबा रेल सेतु**

## अतीक गैंग की कमान अब शाइस्ता नहीं अली के हाथों में

**प्रयागराज।** इंटर स्टेट गैंग आईएस-227 की कमान अब माफिया अतीक के दूसरे नंबर के बेटे अली के हाथों में पहुंच गई है। पहले तो पुलिस ही यही रट लगाए रही कि अतीक की पत्नी 5 लाख की इनामी शाइस्ता परवीन गैंग संचालित कर रही है। गैंग मेंबरों को मदद पहुंचाने, रुपए की वसूली करने के साक्ष्य भी पुलिस पेश करती रही लेकिन लंबे वक्त से फरार शाइस्ता की गिरफ्तारी में फेल पुलिस ने अब सीधे तौर गैंग संचालन में अतीक के बेटे अली को गैंग लीडर घोषित कर दिया है। अतीक के बेटे अली, बड़े बेटे उमर समेत 15 गैंग मेंबरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जो चार्ट जारी किया उसमें अली को गैंग लीडर बताया है। मतलब साफ है कि नैनी सेंट्रल जेल में बंद अली अब अतीक गैंग ऑपरेट कर रहा है। ऐसा इसलिए भी है कि जेल से भी अली कि दबंगइ के कई मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही पुलिस का मानना है कि ज्यादातर गैंग मेंबरों के संपर्क में अली ही है। पुलिस ने अतीक गैंग के दो वकीलों को गैंग का सक्रिय मेंबर माना है।

## ट्रक ड्राइवर को बदमाशों ने तमंचे की बट से मार कर किया घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**थरवई ।** थाना क्षेत्र के लखरावा गांव के सामने नेशनल हाईवे पर बीती रात बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर को तमंचे की बट से मार कर सिर फोड़ दिया और बैग व पंद्रह हज़ार रु लूट कर बदमाश भाग निकले ट्रक ड्राइवर संदीप कुमार उम्र 36 वर्ष व खलासी श्याम राज 25 वर्ष निवासी अकबरपुर थाना अकबरपुर जिला कानपुर देहात के रहने वाले हैं खलासी को मामूली चोटे हैं ट्रक मे हरियाणा से समान लाद कर रांची जा रहे थे रविवार की देर रात 11:30 बजे ट्रक का एक्सल टूट जाने से ट्रक हाईवे पर ही खड़ी कर ट्रक ड्राइवर खलासी ट्रक के अंदर ही सो रहे थे सोमवार भोर 3:30 बजे दो बदमाश पैदल ही ट्रक के समीप पहुंचकर गेट खोलने के लिए ड्राइवर से कई बार कहा ड्राइवर द्वारा गेट न खोलने पर बदमाशों ने ट्रक का शीशा तोड़कर ट्रक मे अंदर घुसकर ड्राइवर को तमंचे की बट से मारकर सिर फोड़ दिया और बैग मे रखा पंद्रह हज़ार रु0 लेकर मारपीट के बाद धमकी देते हुए मौके से भाग निकले । घटना की सूचना पीड़ित ट्रक ड्राइवर ने डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी थरवई पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल ड्राइवर का इलाज कराया ।

इस घटना के बारे में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम का कहना है कि ट्रक खराब होने से ड्राइवर खलासी अंदर ही सो रहे थे दो लोगों से कहा सुनी के बाद हल्की-फुल्की मारपीट हुई है लूट व तमंचे की बट से मारपीट का मामला उनके संज्ञान में नही है उन्होंने कहा कि ट्रक ड्राइवर की ओर से किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है ।

## बड़े हनुमानजी मंदिर में मेधा दक्षिणामूर्ति महायज्ञ शुरू

**प्रयागराज।** श्रीहनुमत अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में बंधवा के बड़े हनुमानजी मंदिर में आज स् तीन दिवसीय वैदिक अनुष्ठान शुरू हो गया। पहले दिन सुबह से मेधा दक्षिणामूर्ति महायज्ञ की शुरुआत हुई है। श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के श्रीमहंत बलवीर गिरि की मौजूदगी में ब्राह्मण यहां पर अनुष्ठान करा रहे हैं।

29 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से हनुमान मूल मंत्र होगा इसके बाद शाम 5 बजे विधि विधान से कलश स्थापना की जाएगी। तीसरे दिन 30 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से कला तत्व और अधिवास हवनब्रह्म कलशाभिषेक महापूजन का आयोजन होगा।श्रीमहंत बलवीर गिरि सभी श्रद्धालुओं का आह्वान किया है कि वह इस अनुष्ठान में शामिल होकर बड़े हनुमान जी महराज का आशीर्वाद प्राप्त करें। हनुमानजी महराज की मंगला आरती भोर में 4 बजे होगी। ब्रह्म कलश महाअभिषेक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। श्री हनुमान जी महराज की भव्य श्रृंगार आरती शाम 4:30 बजे, छप्पन भोग के आरती दर्शन शाम 6 बजे होगी। इसके अलावा श्री बड़े हनुमान जी महराज की विशेष आरती रात 8 बजे होगी।



## प्राथमिक विद्यालय याकूबपुर के हेड मास्टर पर ग्रामीणों ने लगाया वित्तीय अनियमितता का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के याकूबपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर बैजनाथ बिंद पर ग्रामीणों ने वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। जिसकी ग्रामीणों ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। आपको बताते चलें कि सैदाबाद ब्लॉक के जलालपुर कस्बा गांव निवासी बैजनाथ बिंद अपने घर के पास प्राथमिक विद्यालय याकूबपुर में विभागीय अधिकारियों के आशीर्वाद से कई वर्षों से एक ही विद्यालय मे डटे हुए हैं। जिसकी वजह से विद्यालय में रहकर

गवई राजनीति करने के साथ वित्तीय अनियमितता करने से नहीं चूक रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हेड मास्टर बैजनाथ बिंद के द्वारा 17 अगस्त 2021 को 3338 रुपये 17 सितंबर 2021 को 63 हजार रुपये का अपने खुद के नाम चेक काटा गया तथा 23 सितंबर 2021 को हेडमास्टर के द्वारा शिक्षामित्र अनीता विश्वकर्मा को 928 रुपए का चेक का भुगतान किया गया। जो मानक के विपरीत कार्य है। वित्तीय अनियमितता को देखते हुए ग्रामीणों ने अफसरों से शिकायत कर हेड मास्टर खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह भी बताते चलें कि हेड मास्टर द्वारा गवई राजनीति करने की वजह से विद्यालय में अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को दाखिला कराने से परहेज किया जा रहा है । वही हेड मास्टर बैजनाथ बिंद से पूछने पर उपरोक्त पैसों का खर्च का सही जवाब नहीं दिया गया।

## चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' फाइनल में

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब %ए% ने मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग (सत्र 2023-24) के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

केपी कॉलेज मैदान पर सोमवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब %ए% ने 15.5 ओवर में 70 रन (अतुल यादव 12, धर्मराज पटेल 5/45, अखिल यादव 2/01, अभिनंदन 2/06) बनाए। जवाब में साई क्लब ने जिस समय 12.2 ओवर में 5 विकेट पर 54 रन (अभिनंदन 15 नाबाद, शोभित केसरवानी 15, हर्षित मिश्रा 12, विराट सिंह 3/23, आदित्य पाठक 2/13) बनाए थे तभी बारिश शुरू हो गई और मैच आगे खेला जाना संभव नहीं हो सका। इसके बाद अंपायरों ने मैच के निर्णय के लिए टॉस कराया जिसमें चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब %ए% विजेता बनी। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## अधिवक्ता के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर जनपद के सभी अधिवक्ता संघ करेंगे आंदोलन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** फूलपुर में अधिवक्ता पर जानलेवा हमले किए जाने के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तथा महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ने को लेकर एफआईआर दर्ज न किए जाने के मामले में जिला अधिवक्ता संघ ने कड़ा विरोध जताया है।

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 24 घंटे में अधिवक्ता के हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो जनपद के सभी अधिवक्ता संघ विरोध प्रदर्शन व आंदोलन को बाध्य होंगे। साथ ही आगामी उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार का विरोध करने पर भी विचार कर सकते हैं।

बता दें कि सोमवार को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा रज्जू तथा मंत्री दिनेश चंद पांडे ने विधि संवाददाताओं संघ एक बैठक कर कहा कि भाजपा के सांसद एवं मंत्री के विशेष प्रभाव एवं दबाव के कारण थाना फूलपुर की



पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। 22अक्टूबर 24 की सुबह कूड़ा फेंकने से मना करने पर अधिवक्ता शिवम पांडे को जान से मारने की नीयत से एक राय होकर अनिल, गंगा प्रसाद, आदित्य, गौरव और गोल्डी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी, डंडा , सरिया व चापड़ से मारा पीटा। जब शिवम का भाई शुभम, विनीत और राहुल बीज बचाओ करने गए तो उनको भी मारा पीटा। चार व्यक्ति जीवन मृत्यु के बीच अस्पताल में थे।अध्यक्ष व मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि प्रभारी निरीक्षक फूलपुर द्वारा भाजपा नेताओं के आदेश से प्रभावित होकर घायल वकील सहित पीड़ितों के ही खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। वहीं घायलों की रिपोर्ट दर्ज करने में बहाने बाजी करने लगे।

वकीलों के प्रयास से शिवम पांडे एडवोकेट की ओर से मुकदमा तो दर्ज किया गया पर किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई। एक अन्य मामले का ज़िक्र करते हुए अध्यक्ष व मंत्री ने बताया कि अधिवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह की पुत्री मुस्कान सिंह एडवोकेट के साथ भाजपा युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष बचवन गुप्ता आदि द्वारा मारपीट की गई। बेइज्जत कर उनके कपड़े फाड़े और अश्लील हरकत की गई। प्रार्थना पत्र देने पर प्रभारी कोतवाली द्वारा भाजपा नेताओं के दबाव में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।अंत में संघ के अध्यक्ष व मंत्री ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों से भारतीय जनता पार्टी की अधिवक्ता विरोधी मानसिकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। बीजेपी के स्थानीय नेताओं की विचारधारा अधिवक्ता विरोधी है, जैसा कि उपरोक्त घटनाओं से स्पष्ट है। अधिवक्ता शिवम पांडे के हमलावरों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी न होने तथा महिला अधिवक्ता मुस्कान सिंह के साथ घटित घटना की रिपोर्ट दर्ज न होने पर जनपद के सभी अधिवक्ता संघ विरोध प्रदर्शन व आंदोलन करने को बाध्य होंगे। साथ ही आगामी उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार का विरोध करने पर भी विचार कर सकते हैं।

## मुस्ताफ़ीज़ ने फ्रेंड्स क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने फोर्ड स्कूल क्रिकेट सीरीज में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर सीरीज में अजय बढ़त हासिल किए हैं। इस जीत में मुस्ताफ़ीज़ के बहुमुखी खेल ( 15 रन नाबाद और 4 - 1 - 10 - 3 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है। फोर्ड स्कूल क्लब के अवह्वान तिवारी ने सटीक गेंदबाजी ( 6 - 1 - 28 - 5 ) की लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। सोमवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 18.4 ओवर में महज 64 रन पर बिखर गई। जवाब में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने 13.3 ओवर में सात विकेट पर 65 रन बना लिए।



## रामअवध पाल उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक के रूप में हुए सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** हंडिया तहसील के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रतापपुर में खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय रामपुर देवली के प्रधानाध्यापक राम अवध पाल को उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक के रूप में सम्मानित किया है। खंड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर विश्वनाथ प्रजापति ने सोमवार को बीआरसी सभागार प्रतापपुर में बीईओ और एच एम की मासिक बैठक में प्रधानाध्यापक राम अवध पाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। राम अवध पाल मुख्य रूप से सैदाबाद ब्लॉक के चतुर्भुजपुर गांव सभा के निवासी हैं वे बेहद ही सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति हैं। समाज सेवा और सामाजिक कार्य में भी चढ़ बढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## सफाई कर्मियों को किया सम्मानित, दिया दिवाली गिफ्ट

### रोटरी प्लैटिनम और सिविल लाइंस व्यापार मंडल ने नगर निगम के सफाई कर्मियों संग मनाई दीवाली

**प्रयागराज।** रोटरी क्लब प्रयागराज प्लैटिनम ने इस वर्ष दीपावली का पर्व नगर निगम के सफाई कर्मियों के साथ बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर गणेश केसरवानी और रोटरी प्लैटिनम के अध्यक्ष रोटेरियन शशांक जैन ने 30 सफाई कर्मियों को स्टील के बर्तन सेट भेंट स्वरूप प्रदान किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मियों के कठिन परिश्रम और योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना था।मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि सिविल लाइंस व्यापार मंडल और नगर निगम प्रयागराज के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में, रोटेरियन डॉक्टर सुभाष यादव के विशेष सहयोग से दीपोत्सव का आयोजन किया गया। महापौर गणेश केसरवानी के साथ व्यापार



मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा, महामंत्री शिव शंकर सिंह, रोटरी प्लैटिनम के चार्टर अध्यक्ष रितेश सिंह, आशीष अरोड़ा और रोटेरियन संदीप कात्याल की उपस्थिति में सिविल लाइंस क्षेत्र के सभी सफाई कर्मियों को बर्तन सेट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस मौके पर विशेष रूप से पार्षद अमित सिंह बबलू, रणवीर सिंह, सुधीर पोद्दार और सिकंदर जैसे गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने नगर निगम और समाज के बीच सामंजस्य और सहयोग को प्रोत्साहित किया और सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम को सराहा।

## विनीत के शतक से फोर फ्रेंड्स क्लब जीता

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** विनीत पाल के शतक (172 रन, 107 गेंद, 22 चौके, सात छक्के) और आदित्य पांडेय की उम्दा गेंदबाजी (8-4-08-4) के दम पर फोर फ्रेंड्स क्लब ने दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 240 रन से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। एक अन्य मैच में भानु प्रताप क्लब ने डीएसए %ए% को आठ विकेट से हराया।

दौलत हुसैन मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर फोर फ्रेंड्स क्लब ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 337 रन (विनीत पाल 172, संत लाल 52, आशीष कुमार 51, मोहम्मद हम्माद 2/67, मोहम्मद बिलाल व अनंत वैभव एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की टीम



32.2 ओवर में 97 रन (मोहम्मद आमिल 22, मोहम्मद हम्माद 20, आदित्य पांडेय 4/08, करण कुमार 3/14) पर सिमट गई। दौलत हुसैन कॉलेज के कोच मोहम्मद रिज़वान ने फोर फ्रेंड्स क्लब के तीन खिलाड़ियों के विरुद्ध अधिक आयु होने का प्रोटेस्ट दर्ज कराया। मैच में अजय कुमार व मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर डीएसए क्लब %ए% ने 37.3 ओवर में 109 रन (शिवांश केसरवानी 44, आर्यमन ओझा 19, आदित्य यादव 3/37, संस्कार 2/08, सनातन राय 2/09) बनाये। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 113 रन (शिवम भारती 49 नाबाद, प्रियांश 22, तनिष्क ओझा 2/18) बना लिए। मैच में रामचंद्र यादव व धीरज सिंह अंपायर और मोहम्मद आरिफ स्कोरर रहे।

## आशुतोष मेमोरियल स्कूल में दीपावली की धूम

लोकमित्र ब्यूरो

**हनुमानगंज ।** धनैचा-मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में दीपावली की पावन बेला पर भव्य दीपोत्सव एवं रंगोली का आयोजन किया गया। आकाश (ब्लू) हाउस, वायु (रेड) हाउस, पृथ्वी (ग्रीन) हाउस और अग्नि (येलो) हाउस के बच्चों ने अलग-अलग अत्यन्त मनोहारी रंगोली बनाई जिनकी सुन्दरता देखते ही बनती थी। इन मनोरम रंगोली की रचना ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रवृत्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया।

इसके साथ ही लंका विजय के पश्चात अयोध्या आगमन की झाँकी भी प्रस्तुत की गई जिसमें प्रभु श्री राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, आंजनेय हनुमान तथा गुरूदेव वशिष्ठ के रूप में सज्जित विद्यार्थियों की रूप सज्जा देखकर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों मन आहलाद से भर गया। विद्यालय



के चेयरमैन प्रोफेसर जेश पीश एनश मिश्रा ने श्रीराम सीता समेत लक्ष्मण और हनुमान जी एवं गुरूदेव वशिष्ठ का तिलक किया और फिर उनकी आरती उतारी।

बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाये जाने वाला दीपावली का पर्व बच्चों में हर्ष और उल्लास तो भाता ही है साथ में सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। आशुतोष मेमोरियल स्कूल की शिक्षा देने के लिए सदैव तत्पर रहा है इसीलिए इस प्रकार के पावन अवसरों के उल्लास में बच्चों को सम्मिलित किया जाता है। बच्चें इसतरह के कार्यक्रमों से आनन्दित तो होते ही हैं उन्हें बहुत कुछ सीखने का सुअवसर भी मिलता है।

## जीआरपी ने छिवकी रेलवे स्टेशन पर 14 कछुए के साथ दो तस्करों को पकड़ा

**प्रयागराज।** प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो बैग मिले हैं जिनसे 14 कछुआ बरामद किया गया है। जीआरपी ने तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें वन विभाग करछना को सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जीआरपी चौकी प्रभारी छिवकी जंक्शन रेलवे स्टेशन राजीव कुमार सिंह आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्टेशन के प्लेटफार्म पर हमराहियों एवं आरपीएफ जवानों के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या दो, हावड़ा एंड पर दो आदमी चार बैग और एक झोला के साथ बैठे दिखे। पास जाने पर बैग में उन्हें



हल्की सी हलचल महसूस हुई। इस पर उन्होंने बैग खुलवाकर देखा तो उसमें कछुआ दिखा। इस पर उन्होंने दोनों व्यक्तियों को जीआरपी चौकी पर ले आए और सभी बैग को देखा तो उसमें 14 कछुए मिले। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अच्छे पुत्र लखन एवं गोविन्द पुत्र पवन निवासी महेसुआ, थाना हनुमानगंज, जिला सुल्तानपुर बताया। इस पर वन विभाग करछना को सूचित कर बुलाया गया। वन दरोगा आशीष कुमार चौबे को सभी कछुए और दोनों युवकों को सुपुर्द कर दिया गया।

## बहरिया पुलिस ने एक वारन्टी को किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के सराय मोहद्दी गांव निवासी कल्लू उर्फ राजपति जो जिला न्यायालय चल रहे एक मुकदमे में वांछित चल रहा था । जिस पर न्यायालय ने वांछित के खिलाफ गैर जमानती वारन्ट जारी किया था । बहरिया पुलिस ने सोमवार को कल्लू सरायमोहद्दी नहर की पुलिस से गिरफ्तार करते हुये न्यायालय भेज दिया । गिरफ्तार करने वाले टीम में एसआई उमेश यादव व प्रशिउनि अमित मिश्रा आदि लोग रहे।

## होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने ली बढ़त

**प्रयागराज।** होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने सेंट पीटर्स क्लब को 67 रन से हराकर तीन मैचों की सद्भावना सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए मैच में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने 20 ओवर में 120 रन (रोनित 40, आदित्य वर्मा 13, ओम राय व दिव्यांश कुमार 11-11, अनुराग 4/14, संचित 2/17, इस्माइल 2/22) बनाए। जवाब में सेंट पीटर्स क्लब की टीम 12.3 ओवर में 53 रन (आरव 12, अंश मिश्रा 10, अभिनंदन 4/02, यशपाल 2/03, शार्दुल त्रिपाठी 2/14) पर सिमट गई।

## ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**प्रयागराज।** नैनी के दुबराजपुर क्रॉसिंग के पास रविवार रात ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे रेलवे स्टेशन प्रयागराज छिवकी के पास गेट सं0 34 ए दुबराजपुर क्रासिंग पर अविनाश चन्द्र गौड़ पुत्र स्व0 फूलचन्द्र निवासी कुखुड़ी थाना कौधियारा ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जीआरपी ने औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के।लिए भेज दिया।

## जुवारी खेलते धराएं मालफंड से नगदी बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के होमगार्ड तिराहा नई झूंसी से छः जुवारी को जीवा खेलते झूंसी पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले आई और उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की। बताया गया कि सोमवार को नई झूंसी स्थित होमगार्ड तिराहे पर जुवारी बैठ कर जुवा खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने घेरा बंदी कर कुल छह जुवारी को धर दबोचा। जिसमे मौके तलाशी में कुल 2600 सौ रुपए बरामद किया और सभी को पकड़ कर थाने ले आयी और अग्रिम कार्रवाई की।पकड़े गए जुवारी चंद्रभान निषाद पुत्र गोरेलाल, शैलेन्द्र निषाद पुत्र राजा राम,गोलू निषाद पुत्र नरेंद्र निषाद, संजय निषाद पुत्र लालचंद्र,बाबी निषाद पुत्र स्व प्रकाश, संदीप निषाद पुत्र मदन लाल, को 52 अदद ताश के पत्ते मौके से बरामद हुआ था।

## नादिया, आयशा, जैनब, अलीजा और फातमा रहीं प्रथम

**प्रयागराज।** जीआईसी में आयोजित जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 में हमीदिया गर्ल्स इन्टर कालेज की सीनियर एवं जूनियर संवर्ग की 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रकार के माडल प्रस्तुत कर जनपद में नाम रौशन किया।

सीनियर वर्ग में शाबिका खातून, फातमा अंसारी, दानिया फातमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त एवं अलीना फातमा



को तृतीय स्थान मिला जूनियर वर्ग में नादिया अंसारी, आयशा कैस, जैनब बानो, अलीजा इसरार और फातमा अरशद को प्रथम, जिकरा हैदरी को द्वितीय तथा अरफा यासमीन और जियाना चाँद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्रों के प्रदर्शन पर खुशी का इजहार करते हुए कालेज की प्रधानाचार्या हमीदा बानो, साइंस की इंचार्ज शीरीन आसिफ एवं खुशनूदा फारूकी, फरहा उस्मानी, रूखसाना बेगम सहित अन्य क्षिकाओं ने भी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं संग बधाईयां दीं।

## कौशल्यानंद गिरि बनी किन्नर अखाड़ा की महाकुंभ प्रभारी



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने तीर्थराज प्रयागराज में जनवरी -2025 में लगने वाले महाकुंभ की तैयारियों के लिए किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष और उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना) मां को प्रभारी मनोनीत किया है, जो तीर्थराज प्रयागराज में जनवरी - फरवरी में होने वाले महाकुंभ में अखाड़ा का सभी कार्य संभालेंगी।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत छात्राओं को पढ़ाया गया सुरक्षा का पाठ

## महिलाओं को भी दी गई हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी







**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम धमशेरा व ग्राम चरवा पश्चिम मे, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा मंझनपुर में, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा ग्राम कनैली में तिलक इन्टर कॉलेज में, थाना संदीपन घाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम काजीपुर में, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा कौशांबी डिग्री कॉलेज तिल्हापुर मोड में, थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक स्कूल मे, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय में भ्रमणशील रहते, चौपाल लगाकर व स्कूल में जाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, महिलाओं, छात्राओ को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## पिता-पुत्र ने उधारी का पैसा वापस मांगने पर युवक को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के महगांव पूरब में सोमवार की सुबह उधारी का पैसा वापस मांगने पर पिता-पुत्र ने गाली गलौज कर युवक को जमकर पीटा दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

महगांव पूरब निवासी अशोक कुमार सरोज पुत्र बंशीलाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके मुताबिक एक साल पहले उसने गांव के ही एक युवक को 18 हजार रुपये उधार दिया था।उसने एक माह बाद पैसे वापस करने को कहा था। एक माह बाद उसने कई बार युवक से अपने बकाया रुपयों की मांग की। लेकिन युवक पैसा देने में आनाकनी करता रहा। सोमवार की सुबह अशोक अपने रुपयों की मांग करने उसके घर गया। आरोप है कि दबंग पिता-पुत्र ने पैसे देने से इंकार कर दिया और गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी

। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।घायल ने थाने जाकर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## राज्य कर कार्यालय में ज्वाइंट कमिश्नर कार्य पालक और अधिवक्ता व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** राज्य कर कार्यालय कौशाम्बी के भरवारी स्थित कार्यालय में प्रयागराज संभाग के ज्वाइंट कमिश्नर कार्य पालक राज्य कर अच्छे लाल विश्वकर्मा ने कर अधिवक्ता संघ और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

ज्वाइंट कमिश्नर द्वारा बताया गया कि त्योहारी सीजन में ,मिठाई नमकीन ,पटाखा ड्राई फ्रूट गिफ्ट हैंपर,इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की खरीद करते समय सभी उपभोक्ता ग्राहक, विक्रेता व्यापारी से बिक्री बिल प्राप्त करे।इसमें क्रेता का नाम और मोबाइल नंबर अंकित रहे।ऐसे प्राप्त बिलों को विभाग द्वारा जारी व्हाट्स नंबर पर वाट्सअप कर दे। ऐसे प्राप्त बिलों पर विभाग द्वारा लक्की ड्रा योजना में सम्मिलित करते हुए निर्गत पुरस्कार दिया जाएगा। कर अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष आर पी मिश्रा एडवोकेट और उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवेश केसरवानी ने अवगत कराया कि,इस समय विभाग द्वारा पुराने वाणिज्य कर के बकाए को लेकर व्यापारियों के विरुद्ध उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की जा रही है, व्यापारियों के बैंक खाते सीज किए जा रहे है, खाते से विभाग पैसा रिकवर कर रहा है।ऐसे में व्यापारियों को व्यापार करने में कठिनाई हो रही है। पुराने बकाया को जमा करने में मूल से अधिक ब्याज बनती है। अतः मांग की गई कि शासन स्तर से पुराने बकाया पर अविलंब ब्याज माफी योजना घोषित कराई जाए, जिससे व्यापारी शत प्रतिशत पुराना बकाया जमा कर सके। इससे विभाग की भी सरदर्दी कम हो जाएगी। बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर ने अधिवक्ता ,व्यापारियों की विभागीय समस्या जानी और बहुत अच्छे माहौल में उनके निराकरण का आश्वाशन दिया। बैठक में डिप्टी कमिश्नर राजेश कुमार मौर्य, वीरेंद्र केसरी, अखिलेश सोनी राजकुमार केसरवानी विवेक केसरवानी मनु रस्तोगी, अरुण केसरवानी एडवोकेट, हेमंत नायडू एडवोकेट उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क गैस सिलेंडर के लिए कराए ई-केवाईसी और बेसिक सेफ्टी चेक- योगेश्वर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को इस वित्तीय वर्ष में भी 2 निःशुल्क गैस सिलेण्डर का वितरण दो चरणों में किया जायेगा। इसके लिये योजना के लाभार्थियों को अपने गैस एजेन्सी जाकर ई-केवाईसी और बेसिक सेफ्टी चेक कराना आवश्यक है।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी को शासन की ओर से पूर्व में निःशुल्क गैस सिलेण्डर का लाभ दिया गया था। अजुहा कस्बे में स्थित शिव शंकर गैस एजेंसी के प्रोपराइटर योगेश्वर सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर तक एक रसोई गैस सिलेण्डर तथा द्वितीय चरण जनवरी 2025 से मार्च तक एक गैस सिलेण्डर का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के अन्तर्गत निःशुल्क गैस सिलेण्डर का वितरण लाभार्थियों में किया जा रहा है। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण व ई-केवाईसी हो चुका है वह लोग अपने संबंधित गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर गैस का मूल्य नकद भुगतान कर गैस सिलेण्डर प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि भुगतान किये गये रूपये की प्रतिपूर्ति उनके लिंक खाते में एक सप्ताह के अन्दर राज्य सरकार द्वारा भेज दिया जायेगा। इसी प्रकार जिन लाभार्थियों का ई-केवाईसी अब तक नहीं हुआ है, वह लोग भी जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी व बेसिक सेफ्टिक चेक कराकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## उदहिन बुजुर्ग रामलीला में अहिल्या उद्धार की लीला का हुआ मंचन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** श्री सीताराम दशहरा मेला एवं रामलीला कमेटी के तत्वावधान में सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग में चल रही रामलीला के तीसरे दिन अहिल्या उद्धार की लीला हुई। भगवान श्रीराम के द्वारा ताड़का वध करने के बाद मुनि विश्वामित्र द्वारा आयोजित यज्ञ सफल हुआ। यज्ञ सफल होने के बाद मुनि विश्वामित्र जी सीता स्वयंवर में शामिल होने हेतु श्रीराम एवं लक्ष्मण को लेकर जनकपुर चले। रास्ते में उन्हें एक शिलापट दिखा। मुनि विश्वामित्र ने बताया कि यह सिलापट नारी अहिल्या का है जो श्रापवश सिलापट बनी हुई है। मुनि विश्वामित्र के कहने पर भगवान श्रीराम ने सिलापट को चरण स्पर्श किया। भगवान श्रीराम के चरण स्पर्श करते ही सिलापट से नारी अहिल्या प्रकट हुई और भगवान की स्तुति करने लगी। भगवान श्रीराम ने उसे श्रापमुक्त कर सद्गति प्रदान किया। इसी के साथ रामलीला देख रहे भक्तों ने भगवान की जय जयकार किया। इसके बाद भगवान श्रीराम लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र जनकपुर पहुंचे। तीसरे दिन की रामलीला देखने पहुंचे लोगों में कमेटी अध्यक्ष अजय सोनी, डॉ राजेंद्र प्रसाद उर्फ नेहा डॉक्टर, विनीत केसरवानी, राजू केसरवानी, घनश्याम केसरवानी, श्याम लाल केसरवानी, राजेश खन्ना केसरवानी, शिवम सोनी, विकास मिश्रा जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।

# करारी के मेले में उमड़ी भीड़, श्री राम ने रावण का किया वध



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी की रामलीला में सोमवार को सेतु निर्माण के साथ रावण वध की लीला का मंचन किया गया। सेतु निर्माण के साथ रावण का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। लक्ष्मण शक्ति एवं रावण वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। उत्तर भारत के कोने-कोने से आए कलाकारों का सुंदर अभिनय देख दर्शक भावविभोर हो गए। वहीं, दिन के वक्त लगे मेले में पहुंचे मेलार्थियों ने जमकर खरीदारी भी की।

सीता का पता लगाने के बाद बीर हनुमान वापस भगवान श्री राम को जानकारी देते है। इसके बाद भगवान राम सेना सहित समुद्र तट पर पहुंचते है। युद्ध टालने के लिए अंगद को शांति दूत बनाकर रावण को समझाने को लंका भेजा गया। जब रावण ने किसी भी तरह से समझौता नहीं किया, तो युद्ध की घोषणा के साथ अंगद वापस आ गए। इसके बाद राम की सेना में शामिल नल-नील सेतु निर्माण का कार्य शुरू करते है इसी दरम्यान व्यास दोहा पढ़ते हैं..सेतु बंध भइ भीर अति कपि नभ पंथ उड़ाहिं..अपर जलचरन्हि ऊपर चढ़ि चढ़ि पारहि जाहिं..। के साथ राम-रावण की सेना के बीच युद्ध शुरू होता है। बंधु-बांधवों का वध होने के बाद लंकापति रावण खुद युद्ध के मैदान में कूद पड़ता है। फिर व्यास ने कहा ..काटे सिर भुज बार बहु मरत न भट लंकेस..प्रभु क्रीड़त सुर सिद्ध मुनि ब्याकुल देखि कलेस..। इसके बाद विभीषण ने श्री राम को रावण के अंत का तरीका समझाया। कहा कि रावण की नाभि में अमृत है। जब तक नाभि में बाण नहीं लगेगा, तब तक रावण और उसके अत्याचार का अंत नहीं होगा। इस पर श्री राम ने दशानन की नाभि में बाण मारकर अमृत सुखा दिया। जिससे रावण का अंत हो गया। रावण वध होते ही जय श्री राम के जयकारे से रामलीला मैदान गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर ट्रस्टी रमेश शर्मा, अध्यक्ष संजय जायसवाल, बच्चा, ज्ञानू शर्मा, अशोक वर्मा, राकेश जायसवाल, संजीत मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

## दशहरा मेला देखने को उमड़ा जन सैलाब

**करारी, कौशाम्बी।** करारी के तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन सोमवार को मेला देखने के लिए महिलाओं के साथ युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मेले में पहुंची महिलाओं ने घरेलू सामानों के साथ श्रृंगार प्रसाधन की खरीदारी की। बच्चों ने झूला-सर्कस आदि का लुफ्त उठाया। मेले में टाउन एरिया की ओर से सफाई व पेयजल की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस भी अलर्ट रही।

## भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के कर्मचारियों को दिवाली से पहले महंगाई भत्ता एवं बोनस देने की घोषणा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के निदेशक संदीप सक्सेना एवं ट्रेजर प्रशांत अग्रवाल ने प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र की उपस्थिति में दिवाली से पहले शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की मीटिंग लेते हुए महंगाई भत्ता एवं बोनस देने की घोषणा करते हुए मिठाई देकर दीवाली का तोहफा दिया। प्रधानाचार्य ने निदेशकएवं ट्रेजरर के दिवाली से पहले कर्मचारियों को बोनस देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समस्त कर्मचारियों ने निदेशक एवं ट्रेजरर को महंगाई भत्ता को बढ़ाने एवं बोनस देने के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## गुमसुदा बच्चें को सकुशल किया गया बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** रक्सराई थाना सरायअकिल अलीगढ़ हाल निवासी संतोष निवासी जनपद का 06 वर्षीय पुत्र जो रक्सराई थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी में अपनी नानी के पास रहता है, अपनी नानी से नाराज होकर घर से चला गया था। थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा बच्चे को बरामद कर उसकी नानी को सकुशल सुपुर्द किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## अयोध्या लौटे श्रीराम, हुआ राजतिलक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** पुरानी बाजार की ऐतिहासिक रामलीला मंचन में आखिरी दिन सोमवार को हनुमंत निकेतन मंदिर प्रांगण में चल रहे रामलीला मंचन में भरत मिलाप, अयोध्या पहुंचे व राम राज्याभिषेक की लीला का मंचन के साथ रामलीला महोत्सव का समापन हुआ। इस दौरान रामलीला समिति द्वारा मंचन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया।अहंकारी रावण का वध कर चौदह वर्ष के वनवास के बाद प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व सीता अयोध्या लौटते है जहां अयोध्यावासियों ने उनका गाजे बाजे के बीच स्वागत किया। श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर अयोध्या नगरी जश्न में डूबी रही। भ्राता राम के आने की खबर सुनकर भरत दौड़े चले आते है और प्रभु राम से लिपट जाते है। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का अयोध्यानगरी पहुंचने पर राजतिलक किया गया। राजतिलक होते ही अयोध्या में खुशियां मनाई जाने लगी। इस अवसर पर रामलीला समिति पदाधिकारियों द्वारा सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, पालिका प्रशासन के अलावा लीला मंचन कलाकारों को सम्मानित किया गया।

## संस्कृति माध्यमिक विद्यालयों और संस्कृति महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी के उदयन सभागार परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के महत्वपूर्ण बिंदुओं में शामिल संस्कृति माध्यमिक विद्यालयों और संस्कृति महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण समारोह जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में छात्रवृति वितरण समारोह सम्पन्न किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने 17 विद्यार्थियों को सांकेतिक चेक वितरण किया। आपको बता दें कि जनपद में माध्यमिक संस्कृति विद्यालय/महाविद्यालयों में अध्ययनरत 2255 पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 1355 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति वितरण ऑनलाइन व्यवस्था गतिशील है।

## योग से शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहते हैं - सत्य प्रकाश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया में बच्चों को योग सिखाया गया और उसके महत्व के बारे में बताया गया। प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश ने स्वयं योग करते हुए बताया कि योग के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है जिसके कारण मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। जब देश के विद्यार्थियों का मस्तिष्क स्वस्थ रहेगा, तो आने वाले समय में एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। योग शिक्षा में एक बेहतर कैरियर भी बनाया जा सकता है। एक विद्यार्थी के लिए योग बहुत जरूरी होता है। योग करने से कोई बीमारी नहीं आती है और शरीर हमेशा चौतन्य रहता है। बच्चों के बढ़ते शरीर को मजबूत बनाने और उनके लचीलेपन को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे चोट लगने की संभावना कम हो सकती है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे अपने छोटे-बड़े भाई-बहन व घर के अन्य सदस्यों को भी इन सीखे हुए योग के बारे में बताएंगे। योगासन खाली पेट या थोड़ा-बहुत खाना खाने के बाद करना चाहिए। योगासन करने से पहले मल-मूत्र त्याग कर लेना चाहिए। योग करने के बाद लगभग 30 मिनट तक कुछ खाना पीना नहीं चाहिए और न ही स्नान करना चाहिए। योग अनुशासन सिखाता है। त्रिकोणासन, नटराजन आसन, हलासन, गौमुख आसान, पश्चिमोत्तासन, गरुड़ासन, चक्रासन आदि योगा कराया गया। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि कराया गया।

## पशु मित्र एवं मैत्रियों को दिया जाए नियमित मानदेय- दिलीप चौधरी

### पशुपालन विभाग के पैरावेटरनरी मैत्री कर्मी संघ ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पशुपालन विभाग के पैरावेटनरी मैत्री कर्मी संघ ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को विभिन्न मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने मांग किया है कि पशुपालन विभाग में शासन के निर्देश पर विगत 25 वर्ष से पशु मित्र मैत्री के पद पर कार्य कर रहे हैं। कृत्रिम गर्भाधान टीकाकरण, बधिया करण एवं पशु गणना, प्राथमिक उपचार सहित अन्य सेवाएं नियमित गौशाला पर भी देख रहे हैं। जिसके आवाज में सरकार द्वारा हमें नियमित मानदेय नहीं दिया जाता है साथ ही हमारे समक्ष अन्य विभागों में कार्यरत शिक्षामित्र पंचायत मित्र पंचायत सहायक आशा बहू आदि को नियमित मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि समस्त पशु मित्र एवं मैत्रियों को नियमित मान दे दिया जाए विभाग में खाली पड़े पद पशुधन प्रसार अधिकारी एवं ड्रेसर चतुर्थ श्रेणी के पद पर योग्यता के अनुसार समायोजित किया जाए हम लोगों की सेवा नियमावली बनाई जाए यह जोखिम भरा कार्य है विभाग द्वारा हम लोगों का दुर्घटना बीमा कराया जाए ताकि हमारा वह परिवार का भविष्य सुरक्षित रह सके पशु मित्र एवं मैत्रियों का जो कंटेनर खराब है यथाशीघ्र नए दिलाया जाए पशु मित्र एवं मैत्रियों का पूर्ण टीकाकरण कृत्रिम गर्भाधान का मानदेय भुगतान कराया जाए से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, संरक्षक अवधेश मिश्रा, नरेंद्र राकेश चौधरी, दिलीप विश्वकर्मा आदि मौजूद रहें।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई जयंती

**कौशाम्बी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह कृष्णा गार्डेन राजापुर प्रयागराज में रविवार को आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर पूर्व सांसद फूलपुर धर्मराज पटेल ने राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ0 राम नेवाज सिंह को सरदार पटेल का चित्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अनिल चामड़िया अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश लाल बहादुर सिंह ने किया। यह समारोह सरदार पटेल संघ के बैनर तले आयोजित किया गया। जिसमें प्रबुद्ध लोगों ने सरदार पटेल व डॉ0 अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन के बारे में प्रकाश डालें उनके द्वारा किये गए राष्ट्रीय एकीकरण के कार्य एवं देश हित के कार्यों को सभी ने याद किया

## सिराथू अधिवक्ता संघ के दूसरी बार अध्यक्ष बने बालेंद्र धर, विप्र कुमार महामंत्री

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** तहसील एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन सिराथू के चुनाव में बालेंद्र धर द्विवेदी 17 वोट से अध्यक्ष पद के लिए दूसरी बार निर्वाचित हुए , विप्र कुमार पांडेय ने 50 मतों से महामंत्री का चुनाव जीता। निर्वाचन प्रक्रिया एल्डर कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई। अधिवक्ताओं ने फूलमाला पहनकर नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत किया। सिराथू तहसील परिसर में सोमवार को एक वर्षीय एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन सिराथू का चुनाव एल्डर कमेटी प्रदीप रस्तोगी , बसंत सिंह चंद्रशेखर सिंह , शिव सिंह व गुलाब सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। जिसमें 124 वोटरों ने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए बालेंद्र घर द्विवेदी को 70 व प्रतिद्वंदी हेमंत जौहरी को 23 वोट मिले 35 वोट अवैध रहे। महामंत्री के




लिए विप्र कुमार को 87 और दीपक कुमार पांडे को 37 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए संजीव मिश्रा को 65 व अतुल कुमार श्रीवास्तव को 54 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष में अंसार अहमद को 62 व कमलेश कुमार को 61 वोट मिला। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए गोपाल जी त्रिपाठी व संयुक्त मंत्री के लिए अमित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए दीपक कुमार आय व्यय निरीक्षक के लिए रविंद्र कुमार श्रीवास्तव और इंद्र कुमार ,मोहम्मद असलम, राकेश कुमार शुक्ला, रवि साहू, सुमित कुमार सेन ,ज्ञानचंद को कार्यकारिणी सदस्य के लिए मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को साथी अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर बधाई दी।

## महिला अधिवक्ता ने एडीओ पंचायत पर लगाया अभद्रता का आरोप

**लोकामित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के एडीओ पंचायत पर जलालपुर टेंगाई गांव की महिला अधिवक्ता ने परिवार रजिस्टर में नाम संशोधन के लिए रिश्वत न देने पर कमरे में अभद्रता करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है । विकास खंड सिराथू के जलालपुर टेंगाई गांव की नेहा राजपूत का आरोप है कि परिवार रजिस्टर में उसका नाम फूल दुलारी दर्ज है जिसके संशोधन के लिए उसने कई बार प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन नाम संशोधन नहीं हुआ ऐसे में मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर डीएम के आदेश पर आठ माह पूर्व ग्राम पंचायत की खुली बैठक में नाम परिवर्तन का प्रस्ताव किया गया था। लेकिन इसके बाद भी अब तक रजिस्टर में नाम नहीं बदला गया है। जिस पर चार माह पहले उसने मामले को एसडीएम सिराथू के न्यायालय में दाखिल किया था जिस पर उपजिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत को कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा था। इसके बाद भी ब्लॉक के अधिकारी मामले में कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। सोमवार की दोपहर एडीओ पंचायत के दफ्तर पहुंची जहां पर एडीओ पंचायत नाम संशोधन के लिए बीस हजार की मांग करने लगे न देने पर कमरे में गाली गलौज कर अभद्रता करने लगे। एडीओ पंचायत विश्व बंधु का कहना है महिला द्वारा लगाए गए आरोप गलत है महिला शादीशुदा है ऐसे में परिवार रजिस्टर में नाम नहीं दर्ज हो सकता है।